RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 35
लखनऊ, सोमवार, 23 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी को तैयार हूं: रोहित
स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

# केंद्र ने यूपी, हिमाचल और पंजाब भेजी टीम

- उच्चस्तरीय दल कोविड-19 के प्रबंधन और उपचार में करेगा मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** के खिलाफ लड़ाई और प्रबंधन में मदद देने के लिए उच्च स्तरीय केंद्रीय दलों को उत्तर प्रदेश, पंजाब और हिमाचल प्रदेश भेजा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इन राज्यों में या तो इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़ रही है या संक्रमण के नए मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। इससे पहले केंद्रीय दलों को हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मणिपुर और छत्तीसगढ़ भेजा गया था।

मंत्रालय ने बताया कि तीन सदस्यों वाले दल उन जिलों का दौरा करेंगे जहां कोविड-19 के मामले ज्यादा है और वे वहां इसके रोकथाम, निगरानी, जांच और इलाज के संबंध में प्रभावी प्रबंधन में राज्यों की मदद करेंगे। देश में अब 4,40,962 मरीजों का इलाज चल रहा है जो कि कुल मामलों का 4.85 फीसदी है और स्वस्थ होने की दर में भी सुधार हुआ और यह अब 93.69 फीसदी है। पिछले 24 घंटे में देश में 43,493 लोग स्वस्थ हुए और कोरोना वायरस संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 85,21,617 हो गई। मंत्रालय ने बताया कि 26 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या 20,000 से कम है। मौजूदा तारीख में सात राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 20,000 से 50,000 के बीच लोगों का उपचार चल रहा है जबकि महाराष्ट्र और केरल में यह 50,000 से ज्यादा है। संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले नोएडा और गाजियाबाद में शादी समारोहों में भाग लेने वालों की संख्या घटाकर 200 से 100 कर दी थी। अब यह पाबंदी पूरे प्रदेश में लागू कर दी गई है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह फैसला कोरोना मामलों में तेज इजाफा होने के मद्देनजर किया गया है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में रात का कर्फ्यू और धारा-144 जैसी पाबंदियां फिर लागू कर दी गई है। अशोक गहलोत सरकार ने जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, उदयपुर, अजमेर, अलवर और भीलवाड़ा में रात का कर्फ्यू लगा दिया है। समाचार एजेंसियों के मुताबिक राजस्थान के कुछ शहरों में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी को बाहर आने की इजाजत नहीं है। मास्क न पहनने पर जुर्माना 200 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। दिल्ली में फेस मास्क न पहनने पर जुर्माना 500 से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा तंबाकू का सेवन, सार्वजनिक स्थानों पर थूकने, क्वारंटाइन नियमों का उल्लंघन करने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने पर भी इतने ही रुपये का जुर्माना होगा। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शहर में कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर शादियों में मेहमानों की संख्या में फिर कटौती करते हुए 50 पर सीमित कर दिया है। केजरीवाल सरकार ने कहा कि लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा लेकिन कोविड-19 के हॉट स्पॉट के रूप में उभर रहे बाजारों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी। मध्य प्रदेश सरकार ने भी पांच जिलों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रतलाम तथा विदिशा में शनिवार से रात का कर्फ्यू लगा दिया है। शुक्रवार को यहां पर 1500 मामले आए थे, जो राज्य में पिछले 40 दिनों में सबसे ज्यादा थे।

कर्फ्यू रात 10 बजे से अगले दिन सुबह छह बजे तक रहेगा। राज्य सरकार ने कक्षा आठ तक स्कूलों को 31 दिसंबर तक बंद रखने का फैसला किया है। गुजरात मे, जहां केंद्रीय टीम कोरोना वायरस मामलों में बढ़ोतरी का आकलन कर रही है. ने राज्य के तीन शहरों अहमदाबाद, सूरत और राजकोट में शनिवार से रात 9 से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। हिमाचल प्रदेश एक और राज्य है जो कोरोना की दूसरी लहर के चपेट में हैं। शिमला में प्रशासन के अगले आदेश तक रविवार से बाजार और दुकान बंद कर दिए गए हैं। सब्जी, दूध, फल, मीट, दवाई और रेस्टोरेंट को इस आदेश से मुक्त रखा गया है। पड़ोसी हरियाणा में भी स्कूल नवंबर के अंत तक बंद कर दिए गए हैं।

## कोरोना पर काबू पाने की जद्दोजहद



नई दिल्ली में रविवार को इंडिया गेट के पास एक महिला की कोरोना जांच करता स्वास्थ्यकर्मी

# कोरोना काल में भी यूपी ने दी विकास को रफ्तार: प्रधानमंत्री

- मोदी ने सोनभद्र में वर्चुअल माध्यम से हर घर नल योजना का किया शुभारंभ
- विंध्य क्षेत्र के लिए बड़े उत्सव का दिन: योगी






**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/सोनभद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूपी सरकार ने कोरोना काल में भी विकास कार्यों की रफ्तार धीमी नहीं होने दी, यह खुद में बहुत बड़ी बात है। लाखों प्रवासियों को घर पहुंचाने के साथ-साथ उनको रोजगार उपलब्ध कराया। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम को बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात रविवार को सोनभद्र में वर्चुअल माध्यम से हर घर नल योजना के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन एक महत्वाकांक्षी योजना है। इससे जल प्रबंधन और रखरखाव बढ़ेगा। मीरजापुर सौर ऊर्जा का केंद्र बन रहा है। यहां की जल समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने जो कदम उठाए हैं, उससे साफ पता चलता है कि सरकार सिर्फ लोगों की परेशानियों को समझती ही नहीं, बल्कि उसे दूर करने का काम भी करती है। उन्होंने कोरोना काल में यूपी सरकार के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की और कहा कि 5555 करोड़ रुपए की हर घर नल योजना से तीन हजार गांवों के 41 लाख लोगों को सीधे नल से पानी मिलेगा, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। सोन, गंगा, बेलन, कर्मनाशा और शिप्रा जैसी नदियां होने के बाद भी बुंदेलखंड सूखा प्रभावित रहा है।

पानी की कमी के चलते यहां से पलायन भी हुआ। सरकार ने बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के हर घर तक नल से पानी पहुंचाने का काम शुरू किया है, वह बहुत ही सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इंसेफेलाइटिस पर जो काबू पाया है, वह बहुत ही सराहनीय है। विशेषज्ञ भी सरकार की प्रयासों की तारीफ कर रहे हैं। सरकार को मासूम बच्चों के परिवारीजनों से जो आशीर्वाद मिल रहा है, उसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है।

इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के 70-72 वर्षों में विंध्य क्षेत्र के महज 398 गांवों में ही पेयजल की सुविधा मिल सकी है। आज एक साथ करीब 3,000 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए काम शुरू हो रहा है, यह ऐतिहासिक है। आज का दिन विंध्य क्षेत्र के लिए किसी दीपावली, विजयादशमी और छठ जैसे पर्व से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल का अर्थ है, बीमारियों से मुक्ति और आज सोनभद्र और मिर्जापुर जनपद के 3,000 गांवों के लोगों को बीमारियों से मुक्ति देने का शिलान्यास हो रहा है। अगले डेढ़-दो वर्ष में (शेष पेज 9)

# कोवैक्सीन 60 फीसदी तक होगी असरदार




- कोविड टीके के आपात इस्तेमाल को अधिकृत करने के तौर तरीकों पर विचार कर रही सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देशी** कोरोना वायरस वैक्सीन निर्माता कंपनी भारत बायोटेक ने रविवार को कहा है कि उसका टीका कोवाक्सीन कम से कम 60 प्रतिशत प्रभावी होगा। दवा कंपनी ने वैक्सीन के ट्रायल आंकड़ों के आधार पर यह दावा किया है।

दवा कंपनी ने कहा कि वास्तव में कोवैक्सीन की प्रभावकारिता का लक्ष्य 60 प्रतिशत रखा गया था, लेकिन यह इससे अधिक भी हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार किसी भी वैक्सीन का प्रभाव जनसंख्या के आधार पर आदर्श रूप से 50 प्रतिशत न्यूनतम मानदंड होना चाहिए।

संगठन ने यह भी कहा कि प्रभावकारिता का (शेष पेज 9)

## देश में 45,209 नए मामले, 501 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोविड-19 के 45,209 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद रविवार को कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 90.95 लाख हो गई। वहीं स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 85,21,617 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों में बताया गया कि संक्रमण से 501 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 1,33,227 हो गई। कुल संक्रमितों की (शेष पेज 9)

## दिल्ली से उप्र आने वाले हर व्यक्ति की होगी कोरोना जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव आरके तिवारी ने कहा कि दिल्ली से उत्तर प्रदेश आने वालों का कोरोना टेस्ट किया जाएगा। लखनऊ में एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए तिवारी ने बताया कि दिल्ली से ट्रेन, फ्लाइट और बस से आने वाले सभी लोगों का कोरोना टेस्ट किया जाएगा। दिल्ली में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुए यूपी सरकार ने यह फैसला लिया है। मुख्य सचिव ने कहा कि हम शादी और अन्य समारोह में शामिल होने वाले लोगों की संख्या पर भी चर्चा कर रहे हैं। माना जा रहा है कि यूपी सरकार शादी और अन्य भीड़भाड़ वाले कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लोगों की संख्या में कमी ला सकती है। फिलहाल 200 लोगों को शादियों में शामिल होने की इजाजत है लेकिन बढ़ते कोरोना मामलों को देखते हुए सरकार संख्या को कम कर 100 पर ला सकती है। गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और आगरा के जिला अधिकारियों ने अपने स्तर (शेष पेज 9)


# कोविड-19 का डर दिखा चांदी काट रहीं कंपनियां

- गुमराह करने वाले और झूठे विज्ञापन देकर अपना माल बेचने में जुटीं
- एएससीआई ने दी चेतावनी, भ्रामक विज्ञापन वापस लें या इनमें सुधार करें

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**बाजार** आम लोगों के दिल में बैठे कोरोना वायरस के डर को भुनाने में जुट गया है। कई कंपनियां अपना सामान बेचने के लिए गुमराह करने वाले भ्रामक विज्ञापनों का सहारा ले रही हैं। विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) के अनुसार संकट की इस स्थिति में भी झूठे विज्ञापनों को बढ़ावा दे रही हैं।

एक कपड़ा कंपनी दावा कर रही है कि इसका फैब्रिक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिहाज से बहुत कारगर है, जो कोरोना वायरस के खिलाफ 99.94 प्रतिशत प्रभावी है। एक मिठाई कन्फेक्शनरी ने भी दावा किया कि



इसकी मिठाई कोविड-19 से लड़ने में कारगर है और इससे इम्यून सिस्टम भी सुधरता है। इसी तरह एक ग्रॉसरी कंपनी का कहना है कि यदि इसके स्टोर से खरीदारी करने के 24 घंटों के भीतर ग्राहक को कोरोना हो गया तो वह पूरा बिल वापस कर देगी।

एएससीआई ने इन विज्ञापनों को भ्रामक बताया है और विज्ञापनदाताओं से स्पष्ट कहा है कि वे या तो ऐसे दावे करने से बचें या फिर अपने विज्ञापन वापस लें। एएससीआई के अनुसार, जिस समय देश में कोरोनो वायरस महामारी की दूसरी लहर फैल रही है, ऐसे में कई कंपनियां उपभोक्ताओं के भय और असुरक्षा के भाव को भुनाते हुए उन्हें भ्रामक विज्ञापनों के जाल में फंसकर अपने उत्पाद की खरीदारी करने का लालच दे रही हैं। एक कपड़ा कंपनी ने दावा किया कि उनका कपड़ा एचईआईक्यू विरोब्लॉक स्विस टेक्नोलॉजी-2 से बना है जो कोविड-19 वायरस का 99 प्रतिशत खात्मा कर देता है। विज्ञापनदाता कंपनी ने दावा किया कि एचईआईक्यू विरोब्लॉक एनपीजे03 एक खास स्विस टेक्सटाइल तकनीक है जिसे कपड़ा बनाने की प्रक्रिया के अंतिम चरण में इस्तेमाल किया जाता है। यह पीटर डोहर्टी इंस्टीट्यूट फार इंफेक्शन एंड इम्यूनिटी के साथ एचईआईक्यू द्वारा टेस्ट किया गया है।

कंपनी ने यह भी दावा किया कि उनके एंटीवायरल शर्ट पहनने से उपभोक्ता को सुरक्षा मिलेगी, क्योंकि कोविड-19 सहित अन्य वायरस इस कपड़े के संपर्क में आते ही मर जाते हैं और वे कपड़ा पहनने वाले व्यक्ति के शरीर तक नहीं पहुंच पाते। एएससीआई ने कहा कि इस तरह के दावे भ्रामक है। कपड़े के उपयोग पर दावा की गई एंटीवायरल गतिविधि को सत्यापित करने के लिए कोई जांच रिपोर्ट या दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इसी तरह एक पेंट बनाने वाली कंपनी ने अपने विज्ञापन में दावा किया है कि इसका पेंट वायरस से सुरक्षा प्रदान करता है। एएससीआई ने कहा कि इस तरह के दावे अतिशयोक्ति पूर्ण हैं और इनसे उपभोक्ताओं के मन में व्यापक निराशा पैदा करने की संभावना है। एएससीआई (शेष पेज 9)

# जम्मू के सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मिली सुरंग

- जैश आतंकियों के भारत में घुसने के लिए इसी सुरंग का इस्तेमाल किए जाने का संदेह

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रविवार को बीएसएफ ने 150 मीटर लंबी भूमिगत सुरंग का पता लगाया है। ऐसा संदेह है कि इसका इस्तेमाल आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ के लिए किया जाता था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने यह जानकारी दी।

सिंह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिरीक्षक, जम्मू सीमांत, एनएस जमवाल और पुलिस महानिरीक्षक, जम्मू क्षेत्र, मुकेश सिंह के साथ मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगरोटा के पास हाल ही में मुठभेड़ की जांच के बाद सुरंग का पता लगा है। पुलिस महानिदेशक ने पत्रकारों को बताया, 'पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से मिली कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों को बीएसएफ के साथ साझा किया था जिसने काफी प्रयासों के बाद सुरंग का पता लगा लिया।'

बता दें कि सुरक्षाबलों ने सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक भूमिगत सुरंग का पता लगाने के लिए बड़ा अभियान चलाया। उन्हें संदेह था कि पाकिस्तान से जैश-ए-मोहम्मद के (शेष पेज 9)



जम्मू के सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मिली सुरंग।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,882 | |
| निफ्टी | 12,859 | |
| सोना | 49,551 | /10g |
| चांदी | 61,232 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक के पूर्व मंत्री रोशन बेग पोंजी घोटाले में गिरफ्तार

बेंगलुरू। सीबीआई ने करोड़ों रुपए के आई-मॉनेटरी एडवायजरी (आईएमए) पोंजी घोटाला मामले मे रविवार को यहां कर्नाटक के पूर्व मंत्री आर रोशन बेग को गिरफ्तार कर लिया। बेग को रविवार सुबह सीबीआई कार्यालय मे पेश होने के लिए कहा गया था और ठोस सबूतों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बेग कांग्रेस विधायक थे, जिन्हें अयोग्य करार दिया गया था। शिवाजी नगर से पूर्व विधायक बेग को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कर्नाटक स्थित आईएमए और इसके समूह की कंपनियों द्वारा चलाई जा रही करोड़ों रुपए की पोंजी स्कीम मे कथित रूप से निवेश के इस्लामिक तरीके का इस्तेमाल कर ऊंचे रिटर्न देने का वादा करके लाखों लोगों को ठगा गया था।

# भारती सिंह पति के साथ चार दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मुंबई** की एक अदालत ने कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया को चार दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने घर से गांजा बरामद होने पर दोनों को गिरफ्तार किया है। अदालत इनकी जमानत याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगी। एनसीबी ने शनिवार को भारती को गिरफ्तार किया था और रविवार सुबह इनके पति की गिरफ्तारी हुई। इसके बाद रविवार दोपहर में दंपति को यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। एनसीबी के अभियोजक अतुल सारपांडे ने बताया, अदालत ने दोनों आरोपियों को चार दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के शीघ्र बाद दंपति ने वकील अयाज खान के जरिए जमानत याचिकाएं दायर की।



कोर्ट में पेशी के दौरान पति के साथ भारती

मजिस्ट्रेट की अदालत सोमवार 23 नवंबर को इन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने पहले बताया था कि एक गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को एनसीबी ने मनोरंजन जगत में कथित नशीले पदार्थ के सेवन की जांच के सिलसिले में सिंह के घर और कार्यालय की तलाशी ली और इस दौरान उनके घर से 86.5 ग्राम गांजा बरामद हुआ। एनसीबी की एक विज्ञप्ति में (शेष पेज 9)

# आरबीआई के ट्विटर हैंडल का विश्व रिकॉर्ड


- फालोअर्स दस लाख के पार पहुंचे
- माइक्रो ब्लॉगिंग साइट सबसे लोकप्रिय बैंक बना, अमेरिका के फेडरल रिजर्व व यूरोप के यूसीबी को छोड़ा पीछे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक के ट्विटर पर फालोअर्स की संख्या 10 लाख को पार कर गई है। रिजर्व बैंक यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का पहला केंद्रीय बैंक है।

माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर 10 लाख फालोअर्स के साथ रिजर्व बैंक ने अमेरिका के फेडरल रिजर्व तथा यूरोपीय केंद्रीय बैंक (यूसीबी) को



पीछे छोड़ दिया है। रिजर्व बैंक के ट्विटर हैंडल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार उसके फालोअर्स की संख्या 27 सितंबर, 2020 को 9.66 लाख थी, जो अब 10 लाख हो गई है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने रविवार को ट्वीट किया, रिजर्व बैंक के ट्विटर खाते पर आज फालोअर्स की संख्या 10 लाख हो गई है। इसके लिए रिजर्व बैंक में मेरे सभी सहयोगियों को बधाई। दुनिया के सबसे शक्तिशाली केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ट्विटर पर फालोअर्स की संख्या सिर्फ 6.67 लाख है। वहीं यूरोपीय केंद्रीय बैंक के फालोअर्स की संख्या 5.91 लाख है। अमेरिका का केंद्रीय बैंक मार्च, 2009 में ट्विटर से जुड़ा था। वहीं ईसीबी अक्टूबर, 2009 से ट्विटर से जुड़ा है। 85 साल पुराने रिजर्व बैंक का ट्विटर खाता जनवरी, 2012 में शुरू हुआ था।

गवर्नर दास का अलग ट्विटर हैंडल है, जिसपर फालोअर्स की संख्या 1.35 लाख है। मार्च, 2019 में ट्विटर पर रिजर्व बैंक के फालोअर्स की संख्या 3,42,000 थी, जो मार्च, 2020 में दोगुना से अधिक होकर 7,50,000 हो (शेष पेज 9)

# उत्तर भारत के अधिकतर हिस्सों में बढ़ने लगी ठंड

- मुजफ्फरनगर रहा प्रदेश में सबसे ठंडा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर** भारत के अधिकतर हिस्सों में रविवार को न्यूनतम तापमान गिर गया जहां श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, वहीं दिल्ली के कुछ हिस्सों में शीत लहर के बीच रविवार को न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 2003 के बाद से नवंबर में सबसे कम तापमान है।

उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर में सबसे कम तापमान दर्ज किया गया जहां न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा गोरखपुर, वाराणसी, इलाहाबाद और कानपुर संभागों में भी मौसम सर्द रहा। राजस्थान में सर्दी लगातार बढ़ती जा रही है, जहां माउंट आबू में रात का न्यूनतम तापमान लगातार दूसरे दिन भी एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बीती शनिवार रात में राज्य के एक मात्र पर्वतीय पर्यटक स्थल माउंट आबू में न्यूनतम तापमान सबसे कम 1.0 डिग्री सेल्सियस रहा।

विभाग ने राज्य में आगामी 24 घंटे के दौरान रात के तापमान में और गिरावट होने की संभावना जताई है। हरियाणा और पंजाब में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य सीमाओं से नीचे दर्ज किया गया। दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 7.5 (शेष पेज 9)

# गो सेवा के साथ कुपोषित को सुपोषित भी बना रहे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/मीरजापुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में हमने कुपोषित परिवारों के लिए एक विशेष योजना लागू की है। गाय माता के कारण पुण्य भी अर्जित हो रहा है, गो सेवा भी हो रही है और कुपोषित को सुपोषित बनाने की प्रक्रिया का एक हिस्सा भी इसके साथ जोड़ा जा रहा है। हम सभी को इस परंपरा के साथ जुड़ना चाहिए। सीएम योगी रविवार को मीरजापुर जिले के टांडा फॉल गो आश्रय स्थल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुपोषित 11 परिवारों को निराश्रित गो आश्रय स्थल से एक एक गाय उपलब्ध कराई गई है। यह समाज और राष्ट्र के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। बच्चा किसी एक परिवार का हिस्सा होगा, लेकिन हम यह न मानें कि वही परिवार उसके लिए जिम्मेदार है। समाज और राष्ट्र को भी इसकी जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए खड़ा होना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी मिशन को पूरे देश में लागू किया है।

### बड़े पैमाने पर चल रहा किसानों को गाय देने का कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि हमने यह भी व्यवस्था बनाई है कि जितने भी निराश्रित गाये हैं, हम उन्हें गो आश्रय स्थलों पर लाएंगे और उनको अगर कोई किसान रखने को तैयार होगा, तो नौ सौ रुपए प्रति गाय, प्रति माह देंगे। बशर्ते, उस गाय की सेवा करे और प्रति माह हम उसकी समीक्षा करेंगे। वृहद पैमाने पर यह भी कार्यक्रम चल रहा है। उन्होंने कहा कि निराश्रित गो आश्रय स्थलों में अब तक हमारे पास साढ़े पांच लाख से अधिक गाय हैं और किसानों को भी 65 हजार से अधिक गाय दी हैं। कई हजार कुपोषित परिवारों को भी दुधारू गाय हम देने में सफल हो चुके हैं। इस बड़े अभियान के कारण मुझे लगता है कि गो माता की रक्षा होगी। गोपाष्टमी का यह पर्व हम सबको इस बात के लिए प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विंध्य क्षेत्र की सदियों पुरानी मांग को पूरा करने में अपना योगदान दिया है। मैं आप सभी को बधाई देता हूं, आज 2995 गांवों को 5555 करोड़ से अधिक की लागत से घर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाने की परियोजना का प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास किया है। ये पवित्र कार्य गोपाष्टमी के अवसर पर हुआ।

### महिलाओं ने ड्रेस बनाने में बहुत बड़ा काम किया

उन्होंने कहा कि यहां की ग्रामीण आजीविका से जुड़ी बहनों, स्वयं सेवी समूहों ने ड्रेस बनाने में बहुत बड़ा काम किया है। अब उनकी ओर से पोषण वाला राशन, पंजीरी के भी घर-घर वितरण में योगदान दिया जा रहा है। साथ ही हमने बहुत जगहों पर कोटे के राशन की सुविधा भी उनके माध्यम से देना शुरू किया है। बहुत से जगहों पर मास्क और अन्य रचनात्मक कार्यों के साथ स्वयं सेवी समूहों से भी जुड़ी हुई हैं। हमारा यह मानना है कि अगर महिलाएं स्वावलंबी होंगी, तो पूरा परिवार और पूरा समाज स्वावलंबन का जीवन गुजर बसर करने में सक्षम हो जाएगा।

### कुपोषित बच्चों के परिवारों को सीएम ने भेंट की गाय


सीएम ने मीरजापुर जिले के 11 कुपोषित बच्चों के परिवारों को गाय भेंट की। इसमें नगर ब्लॉक की समीक्षा, हलिया ब्लॉक की शिल्पा, गुड़िया, पायल, पहाड़ी ब्लॉक के अनिल, सत्यम, रागिनी, सौरभ और मड़िहान ब्लाक के दिव्यांश, चंद्रिका और अनिकेत शामिल हैं।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को उनके सरकारी आवास पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भेंट की

# बुंदेलखंड को कांग्रेस, सपा व बसपा ने सिर्फ लूटा: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी के** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने मिर्जापुर व सोनभद्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के शुभारंभ के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा सहित समूचे विपक्ष ने बुंदेलखंड व विंध्य के संसाधनों को हमेशा लूटने व उसे सोखने में रूचि दिखाई लेकिन अब नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार इस क्षेत्र को विकास से सींच रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने बुंदेलखंड पैकेज के नाम पर लूट की तो उसके बड़े नेताओं ने सोनभद्र व मीरजापुर में आदिवासियों की जमीनें हथिया लीं। वही सपा-बसपा सरकार में बैठे खनन माफियाओं ने बुंदेलखंड व विंध्य को खंडहर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन अब जब सत्ता में मोदी-योगी हैं तो जनता को लूटने वाले इन भ्रष्टाचारियों की भी जवाबदेही तय की जा रही है और इन क्षेत्रों का संपूर्ण विकास भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा इस योजना से विंध्य क्षेत्र के 42 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में मोदी-योगी सरकार ने लोगों को शुद्ध पेयजल पहुंचाने का महाभियान शुरू किया है। भाजपा सरकार पूरे प्रदेश में हर घर नल योजना पहुंचाने को कटिबद्ध है। इस योजना से न केवल लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा बल्कि उनको उत्तम स्वास्थ्य का भी लाभ मिलेगा। पूर्वांचल में इंसेफेलाइटिस के खिलाफ तीन दशक से चली आ रही जंग को जीत कर योगी सरकार ने यह सिद्ध भी किया है।

# संगठन की मजबूती के लिए काम करें पार्टी कार्यकर्ता: मुलायम

- पार्टी मुख्यालय समेत प्रदेश भर में मनाया गया सपा संस्थापक का जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** की ओर से रविवार को पूर्व रक्षामंत्री एवं सांसद मुलायम सिंह यादव का 81वां जन्मदिवस राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों तथा उत्तराखण्ड सहित अन्य राज्यों में भी समारोह पूर्वक मनाया गया। गरीबों में फल एवं भोजन बांटा गया। रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शहर में कई स्थानों पर केक काटकर तथा लड्डू बांटकर जन्मदिन मनाया गया। समाजवादी पार्टी मुख्यालय, लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की उपस्थिति में पण्डित द्वारा स्वस्ति वाचन के उपरांत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुलायम सिंह यादव के दीर्घजीवन एवं स्वास्थ्य की शुभकामना की।



समाजवादी पार्टी कार्यालय में प्रात: से ही कार्यकर्ताओं तथा नेताओं का हुजूम जुटना शुरू हो गया था। अपने प्रिय नेता के अभिनंदन में तमाम लोग पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं अन्य उपहार लाए थे। पार्टी कार्यालय के बाहर बैण्ड की टीम बधाई गीत बजा रही थी तो संपेरे बीन की धुन निकाल रहे थे। भांगड़ा के साथ ढोल भी बज रहे थे। चारों और उल्लास का वातारण था। मुलायम सिंह यादव ने अपना जन्मदिन मनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया और आशीर्वाद दिया। उन्होंने दीपपर्व की भी बधाई दी और आग्रह किया कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए काम करें। उदय प्रताप सिंह, अहमद हसन तथा माता प्रसाद पाण्डेय तथा नरेश उत्तम पटेल ने श्री यादव के शतायु होने की कामना की। अखिलेश यादव ने अपने पिता मुलायम सिंह यादव को शाल ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा लखनऊ में पार्टी कार्यालय समेत जहां भी मुलायम सिंह यादव के चाहने वाले हैं, जन्मदिन मना रहे हैं, दीर्घायु की कामना कर रहे हैं उन सबको बधाई। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने संघर्ष का तथा गांधी जी, डॉ लोहिया, डॉ अम्बेडर के सिद्धांतो का जो रास्ता दिखाया है उसी से समाज में तरक्की खुशहाली आएगी। समाजवादी पार्टी उन्हीं के रास्ते पर चल रही है। हम सब उसके लिए कृतसंकल्प है।

अखिलेश यादव ने मुलायम के स्वास्थ्य एवं दीर्घजीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहे। उन्होंने कहा हमें समझदारी से अपनी जिम्मेदारी निभानी है। हम सभी कार्यकर्ता हैं। हमें एकजुटता से काम करना है। समाजवाद के सपनों को पूरा करना है। मुलायम के जन्मदिन पर राजन त्रिवेदी एवं अरमान खान ने केक और लड्डू के अलावा सब्जी पूड़ी, छोला-चावल तथा हलवा भी बांटा। यूथब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसके साथ ही लखनऊ में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत ने पूर्व सांसद सुशीला सरोज की उपस्थिति में मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन मनाया।

मुलायम सिंह यादव से मिलकर बधाई देने वालों में प्रमुख थे बलराम यादव, ब्रह्माशंकर त्रिपाठी, सरदार बलवंत सिंह रामूवालिया, राजकुमार मिश्र, नारद राय, उदयवीर सिंह, सुनील सिंह साजन, आनंद भदौरिया, अरविन्द कुमार सिंह, संजय लाठर, आशु मलिक, संतोष यादव सनी, डॉ राजपाल कश्यप, लीलावती कुशवाहा, रामआसरे विश्वकर्मा, शंखलाल मांझी, विशम्भर प्रसाद निषाद, गीता सिंह, मोहम्मद रिजवी, प्रदीप यादव, अच्छे लाल सोनी, लोटन राम निषाद, ब्यासजी गौड़, डॉ. फिदा हुसैन अंसारी, रामशंकर यादव, फाकिर सिद्दीकी, पवन मनोचा, संतोष यादव, मनीष सिंह, डॉ आशुतोश वर्मा, संग्राम सिंह, अमित त्रिपाठी, विजय सिंह, राम सागर यादव, प्रदीप तिवारी, मो यामीन, तरन्नुम परवीन, दिलकशां, जैनब, अशोक यादव देव, सागर धानुक, डॉ आशालता सिंह, पूजा शुक्ला, विद्यावती राजभर आदि शामिल रहे।

# मुलायम की राजनीतिक विरासत संकट से गुजर रही: शारदा प्रताप

- प्रसपा मुख्यालय में मनाया गया मुलायम का जन्मदिन
- लोहिया के विचारों को नेताजी ने आगे बढ़ाया: दीपक मिश्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया ने मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन के अवसर पर बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्र द्वारा संपादित लोहिया और मुलायम पर केंद्रित वेबसाइट लोहियामुलायम डॉट इन का विमोचन किया गया जिसका प्राक्कथन शिवपाल यादव ने लिखा है। इस उपलक्ष्य में मुलायम की विरासत व समाजवाद विषयक आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व मुलायम सिंह यादव के सहयोगी शारदा प्रताप शुक्ल ने कहा कि मुलायम सिंह की राजनीतिक विरासत संकट व संकुचन से गुजर रही है। सामाजिक न्याय व समाजवादी विचारधारा की लड़ाई भी काफी कमजोर हो चुकी है। आम आदमी का स्वर कमजोर हुआ है। प्रसपा लोहिया व मुलायम की विरासत को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा की सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने पर आमादा है। शिवपाल ही मुलायम की राजनीतिक के असली वाहक हैं। बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत की शीर्ष संसदीय थिंक टैंक संस्थान आईसीपीएस के सदस्य दीपक मिश्र ने कहा कि मुलायम ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा से अंग्रेजी की अनिवार्य को हटा कर गरीब प्रतिभाओं के लिए अवसर के द्वार खोले। इंस्पेक्टर राज पर प्रभावशाली अंकुश लगाया। राजनीति के लोहिया के विचारों पर चलते हुए अगणित गरीबों को सियासत की मुख्यधारा में स्थापित किया। भारत विशेषकर उत्तर प्रदेश की समाजवादी वैचारिकी व आंदोलन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नई पीढ़ी को लोहिया व मुलायम के विचारों से अवगत कराने के लिए वेबसाइट निर्मित व विमोचित की गई है। संगोष्ठी में पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मदआसिफ, प्रसपा पिछड़ा वर्ग अनिल वर्मा, व्यापार सभा प्रदेश अध्यक्ष राम बाबू रस्तोगी, जिला अध्यक्ष व चिनहट ब्लॉक प्रमुख रंजीत यादव, प्रदेश महासचिव अजय त्रिपाठी, शिक्षक नेता दीपक राय, वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष कल्पेश द्विवेदी समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। संगोष्ठी का संचालन प्रदेश महासचिव बीनू शुक्ला ने किया। मुलायम के जन्मदिन की खुशी में प्रसपा कार्यालय में बयासी किलो का केक काटा गया। वंचितों में फल व कपड़े बाँटे गए।

## नेशनल स्कालरशिप के लिए अल्पसंख्यक छात्र अब 30 तक कर सकेंगे आवेदन

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेशनल स्कालरशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि 30 नवम्बर 2020 तक बढ़ा दी गयी है। इच्छुक छात्र नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उप्र अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2020-21 के लिए 3 छात्रवृत्ति योजनाएं अल्पसंख्यक समुदायों के लिए संचालित की जा रही हैं। मैट्रिक-पूव, मैट्रिकोत्तर और मेरिट-सह साधन आधारित छात्रवृत्ति के अन्तर्गत छात्र लाभ प्राप्त कर सकते हैं। छात्रों द्वारा नई छात्रवृत्ति तथा नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 नवम्बर 2020 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। वे छात्र जो अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदाय (जैन, बौद्ध, सिख, पारसी, मुस्लिम, ईसाई) का विद्यार्थी हों, वह भारत में सरकारी या निजी विश्वविद्यालयों, संस्थानों, महाविद्यालयों, विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हों, अध्ययन किया जा रहा पाठ्यक्रम न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का हो तथा पिछले वार्षिक बोर्ड-कक्षा की परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों, छात्रवृत्ति के लिए पात्र माने जाएंगे इस संबन्ध में केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की वेबसाईट अथवा टोल फ्री नंबर 1800112001 के माध्यम से अथवा अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय उप्र लखनऊ के कार्यालय से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# यूपी को सेनीटाइजर उत्पादन से हुई 137 करोड़ रुपए की आय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आपदा** को अवसर में कैसे तब्दील किया जाता है, ये उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कोरोना काल में करके दिखाया। आपदा में अवसर मंत्र का पालन करते हुए यूपी सरकार ने कोविड 19 अवधि के दौरान सेनीटाइजर का 177 लाख लीटर उत्पादन दर्ज कर राजस्व वृद्धि का एक नया रिकार्ड बनाया है।

आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य की चीनी मिलों और छोटी इकाइयों ने 24 मार्च से 15 नवंबर 2020 तक 177 लाख लीटर सेनीटाइजर का रिकॉर्ड मात्रा में उत्पादन किया है। इससे सरकार को 137 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है, जोकि एक रिकार्ड है।

आबकारी विभाग के अनुसार यूपी के बाहर 78.38 लाख लीटर सेनीटाइजर की बिक्री हुई है। वहीं यूपी में कुल 87.01 लाख लीटर सेनीटाइजर बेचा गया है। इस तरह सेनीटाइजर की कुल बिक्री 165.39 लाख लीटर हुई है।

अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया आपदा में अवसर मंत्र का पालन करते हुए आबकारी विभाग ने सेनीटाइजर का समय पर उत्पादन कराया। साथ ही बाजार में समय पर सेनीटाइजर की उपलब्धता भी सुनिश्चित की। इसी वजह से यूपी ने सेनीटाइजर से राजस्व सृजन में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। आंकड़ों के अनुसार सेनीटाइजर उत्पादन से 12,848 लाख रुपये का जीएसटी राजस्व और 794.28 रुपए का लाइसेंस शुल्क मिला है जबकि विकृतीकरण से प्राप्त राजस्व 21.18 लाख रुपए है। आय के साथ ही यह कोरोना के संक्रमण के खिलाफ एक प्रभावी हथियार भी साबित हुआ।

# स्वेटरों की छोटी साइज ने बढ़ाई बच्चों की परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- एडी बेसिक ने कहा, करवाएंगे मामले की जांच

**परिषदीय** व उच्च प्राइमरी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को मुफ्त स्वेटर वितरण व्यवस्था के तहत साइज भारी पड़ रही है। बड़े बच्चों को छोटी साइज के स्वेटर मिल रहे हैं। शिक्षकों के मुताबिक कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को क्रमश: 26, 28, 30 और 32 नंबर तक के स्वेटर साइज में आते हैं। इसी तरह कक्षा पांच से कक्षा आठ तक के बच्चों को 32, 34, 36 और 38 नंबर का स्वेटर साइज में आता है।

मगर अधिकांश बच्चों को 32 नंबर यानि छोटे साइज के ही स्वेटर वितरित किए जा रहे हैं। नाम न उजागर करने की शर्त पर एक अभिभावक ने बताया कि उनका बच्चा कक्षा सात में पड़ता है और उन्हें दिए गए स्वेटर का साइज 32 नंबर है। इसी तरह कक्षा पांच में पढ़ने वाले एक बच्चे के पिता ने बताया कि उन्हें दिए गए स्वेटर का साइज भी 32 नंबर ही है। ऐसे में सवाल इस बात का है कि बड़े बच्चों को आखिर छोटे से आए साइज के स्वेटर क्यों दिए जा रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह के मुताबिक स्वेटर खरीद कर बांटने की जिम्मेदारी जब शिक्षकों को दी जाती थी तो सारे नियम सामने आ जाते थे, अब वही स्वेटर जिस भी एजेंसी से बंटवाये जा रहे है, उनकी गुणवत्ता और साइज तक नहीं देखा जा रहा है। वहीं एडी बेसिक पीएन सिंह ने प्रकरण के जांच की बात कही है।

# गौवंश की रक्षा के लिए जनसहभागिता जरूरी: मुख्य सचिव

- कान्हा उपवन पहुंचे मुख्य सचिव ने गुड़ और चना खिलाकर की गौ माता की पूजा, महापौर, डीएम व नगर आयुक्त भी रहे मौजूद

संवाददाता। सरोजनीनगर

**मुख्य सचिव** आरके तिवारी ने कहा कि सरकार गौ सेवा व सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर है। सरकार द्वारा गौवंष की सुरक्षा को लेकर कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं और गौवंश को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। हमें बुजुर्ग मां-बाँप की तरह गौवंश की सेवा करनी होगी। लेकिन यह काम केवल नियम एवं कानून से नहीं हो सकता है। इसके लिए जन सहभागिता जरूरी है। मुख्य सचिव श्री तिवारी रविवार को गोपाष्टी के मौके पर सोजनीनगर स्थित कान्हा उपवन में आयोजित समारोह के दौरान अधिकारियों एवं जनता को संबोधित कर रहे थे।



इस मौके पर श्री तिवारी ने गाय को गुड़, चना और केला खिलाकर पूजा की गई। उन्होने इस मौके पर कहा कि गाय को नुकसान पहुंचाना और उनका अहित करना सबसे बड़ा अपराध है। गाय को नुकसान पहुंचाने वालों पर एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गायों को बचाने से हमे बड़ा पुण्य भी मिलेगा। इसे लोगों को समझना होगा। इस अवसर पर महापौर और नगर आयुक्त ने मुख्य सचिव को कान्हा उपवन का भ्रमण भी कराया, इस दौरान अलग अलग बाड़े में रखी गायों के लिए समुचित व्यवस्था देखकर उन्होंने नगर निगम, कान्हा उपवन, महापौर, नगर आयुक्त और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की प्रशंसा भी की। साथ ही निराश्रित गौवंश की देखभाल में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उधर सरकार के निर्देश पर बंथरा में पंचायत सचिव नरेन्द्र श्रीवास्तव व रामचौरा में प्रधान प्रतिनिधि द्वारा गोवंश चिकित्सीय परीक्षण किये जाने के साथ ही चारा दान किया गया।

### गाय की सेवा सबसे बड़ी पूजा: महापौर

महामौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण छह वर्ष के थे तब उन्होने अपनी मां यशोदा से गाय चराने के लिए जिद की थी। जिस दिन उन्होंने इसकी शुरुआत की उस दिन गोपाष्टमी थी और उसी दिन से श्री कृष्ण को गोपाल व गोविंद के नाम से भी जाना जाने लगा। गाय की सेवा करना सबसे बड़ी पूजा है।

न्यायालय उपजिलाधिकारी
बीघापुर उन्नाव

मु नं0 201810690502146
पेशी तारीख 17.12.2020

**अशोक कुमार** बनाम **धनीराम** वादी धारा 116 3–5 राजस्व संहिता 2006 स्थित ग्राम ऊचगांव परगना डौडियाखेड़ा तहसील बीघापुर जनपद उन्नाव नाम पता जो गजट किए जाने है प्रतिवादीगण 1. प्रभाशंकर पुत्र शम्भू 2. गोविन्द प्रसाद अवस्थी पुत्र भूपनरायन 3. गोपाल पुत्र राजनरायन 4. मोहित पुत्र राजनरायन 5. जगतन. रायन पुत्र शम्भू प्रतिवादी 1 से 5 निवासी ग्राम ऊचगांव परगना डौडियाखेड़ा तहसील बीघापुर उन्नाव 6. शैलेन्द्र कुमार पुत्र गोवर्धन 7. राजेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र गोवर्धन प्रतिवादी 6–7 निवासी ग्राम केशरी खेड़ा म. धनकौली परगना डौडियाखेड़ा तहसील बीघापुर उन्नाव चूंकि ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 17–12–2020 ई0 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयम या सम्यक कोण अनुष्टि अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता0 12–11–2020 को निकाली गई।

न्यायालय
उपजिलाधिकारी बीघापुर उन्नाव

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# एक-दूसरे के गुणों को स्वीकारें तभी देश बढ़ेगा आगे: राज्यपाल

## लविवि का शताब्दी वर्ष समारोह



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** व कुलाधिपति, राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल ने शिक्षकों को शताब्दी वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा है, इसे यादगार बनायें। बच्चों को उनकी प्रतिभा का एहसास करायें। साथ मिलकर कार्य करें तथा एक-दूसरे के गुणों को स्वीकार करें, तभी देश आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी विशिष्ट क्षमता से देश को विश्व में ऊंचा स्थान दिलाया है। उन्होंने कहा कि साथ मिलकर कार्य करने से विश्वविद्यालय भी आगे बढ़ेगा। राज्यपाल शनिवार को राजभवन में विवि की शताब्दी यात्रा को सम्बोधित कर रही थी।

शताब्दी समारोह के चौथे दिन की शुरुआत आज सुबह 6.30 बजे प्रॉक्टर ऑफिस लखनऊ विश्वविद्यालय से कुलाधिपति निवास राजभवन तक शताब्दी यात्रा से हुई। कार्यक्रम का आयोजन और नेतृत्व लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ नीरज जैन ने किया। शताब्दी वॉक में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय, प्रॉक्टर प्रो दिनेश कुमार और कई अन्य संकाय सदस्यों के साथ कई छात्रों ने भाग लिया। वॉक का समापन राजभवन में हुआ, जहाँ लखनऊ विश्वविद्यालय के चांसलर और राज्यपाल ने सभी का स्वागत किया और इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी को शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिया। राजभवन तक पदयात्रा कर आये 200 लोगों के दल को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग, खेल एवं शारीरिक अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बनायें। प्रतिदिन सुबह टहलने का नियम बनायें। इसे अपने जीवन में शामिल करें। विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए विविधि कार्यक्रमों का आयोजन कराएं तथा विद्यार्थियों को शैक्षणिक यात्रा पर लें जायें। यात्रा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियाँ करने का उन्हें अवसर दें। नया जानने, सीखने और करने में शिक्षक सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। इससे छात्र छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना तथा नेतृत्व का गुण विकसित होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में ग्रामीण, आदिवासी तथा सभी परिवेश के छात्र छात्राएं पढ़ने आते हैं। विश्वविद्यालय में ऐसा वातावरण निर्मित करें कि पिछड़े क्षेत्रों से आने वाले बच्चे बिना तनाव के अपनी पढ़ाई कर सकें। पदयात्रा दल में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय सहित शिक्षक तथा विद्यार्थीगण सम्मिलित थे।

**परिसर में हुआ वृक्षारोपण**

सुबह 8.30 बजे विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र के सामने पौधारोपण कर की। जूलॉजी डिपार्टमेंट स्टूडेंट क्लब की प्रकृति शाखा के छात्रों ने 100 पलाश के पौधे रोपे।


## लखनऊ से खरीदी थी अपनी पहली साइकिल : अनुपम खेर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह के चौथे दिन आयोजित साहित्य समारोह में अपरान्ह 2.30 बजे जिसमें अनुपम खेर और भारतीय फिल्म उद्योग में प्रख्यात अभिनेता के साथ वर्चुअल इंटरफेस का आयोजन किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने अभिनेता अनुपम खेर का स्वागत किया और कहा कि यद्यपि विश्वविद्यालय परिवार को खेर का सानिध्य नहीं प्राप्त हो पाया पर वर्चुअल माध्यम से जुड़कर उनके सम्मुख लैपटॉप की एक स्क्रीन पर दिखाई देना भी अपने आप में उपलब्धि समान है। खेर ने बताया कि हालाँकि वह लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नहीं थे, लेकिन जब से वे निराला नगर में रह रहे थे, वे ज्यादातर लखनऊ विश्वविद्यालय के सामने से गुजरते थे और यही कारण था कि वे लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ बहुत लगाव महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने लखनऊ में अपनी पहली एटलस साइकिल खरीदी। पूरी बातचीत के दौरान खेर ने उन्हें जीवन द्वारा पढ़ाए गए सभी सबक के बारे में बताया। उन्होंने अभिनय और भारतीय सिनेमा के बारे में अपने विचारों के बारे में भी बताया।

## विदेशी सैलानियों ने तांगे की सवारी का लिया लुत्फ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड** 19 के प्रतिबंधों में ढील के बाद पहली बार पर्यटन की दृष्टि से राजधानी पहुंचे स्पेन के एक पर्यटन दल ने रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंच कर इतिहास की जानकारी ली। शताब्दी वर्ष में विवि पहुचे विदेशी सैलानी विवि की वास्तुकला एवं पुरातत्व कला बेहद प्रभावित हुए। इस दौरान उन्होंने परिसर में तांगे की सवारी कर भ्रमण किया। आज सुबह शताब्दी सेंटिनिअल वॉक के उपरान्त दूसरे हेरीटेज वॉक का प्रारंभ भाऊराव देवरस द्वार से प्रारंभ हुआ। आज के हेरिटेज वॉक के मुख्य आकर्षण स्पेन से आये हुए अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक रहे। जो कि कोविड प्रतिबंधों में ढील के बाद लखनऊ आये हुए पहले विदेशी पर्यटक नतालिया एना गोमेज एवं रौओल डेला रोज थे। दोनों ने तांगे पर बैठ कर लखनऊ विश्विद्यालय परिसर की सैर की और विश्विद्यालय के इतिहास, वास्तुकला और जुड़े हुए किस्से कहानियों को सुना। साथ में नतालिया एना गोमेज ने परिसर धरोहरों को अपने कैमरे में कैद किया। लगभग एक घण्टे के समय में उन्होंने आर्ट्स फैकल्टी, प्रेमचंद वाटिका, आर्ट्स प्रांगण, लाल बारादरी, टैगोर लाइब्रेरी को देखा। इंस्टिट्यूट ऑफ़ टूरिज्म स्टडीज की कोऑर्डिनेटर डॉ अनुपमा श्रीवास्तव ने बताया कि जब उन्हें पता लगा कि दोनों विदेशी पर्यटक विश्विद्यालय देखना चाहते हैं, तो उन्होंने दोनों पर्यटकों को विश्विद्यालय की हेरिटेज वॉक के लिये आमंत्रित किया। लखनऊ विश्वविद्यालय की डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव और डॉ. प्रशांत के सहयोग से प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने इस वॉक के दौरान सभी इमारतों की वास्तुकला और संरचनाओं का वर्णन किया।

# युधिष्ठर-यक्ष संवाद ने कराया यथार्थ से रूबरू

## सलीम आरिफ निर्देशित पासा नामक नाटक का किया गया मंचन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**लखनऊ** विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह के चौथे दिन रविवार संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कला संकाय के प्रांगण में जाने माने निर्देशक, लेखक और रंगमंच की प्रसिद्ध हस्ती सलीम आरिफ द्वारा निर्देशित पासा नामक नाटक का मंचन किया गया। यह नाटिका पवन कुमार द्वारा रचित अंग्रेजी काव्य युधिष्ठिर और द्रौपदी पर आधारित है। जिसे जाने माने लेखक गुलज़ार द्वारा नाट्य में परिवर्तित किया गया है।

इस नाटक में आरिफ की पत्नी और लोकप्रिय टीवी और थियेटर कलाकार लुबना सलीम और अभिनेता अमित बहल भी प्रमुख भूमिका में थे। बकुल ठक्कर ने यक्ष की भूमिका निभाई। यह नाटिका द्रौपदी और युधिष्ठर के जीवन में एक सुंदर अंतर्दृष्टि है और यक्ष के साथ उनकी बातचीत के बाद उनका रिश्ता कैसे बदल जाता है। इस नाटिका में द्रौपदी विवाह, कौरवों और पांडवों के मध्य द्युत क्रीड़ा, द्रौपदी चीर हरण, पांडवों का वन वास और अज्ञात वास तथा युधिष्ठिर के यक्ष के साथ हुए संवाद का सार्थक प्रस्तुतिकरण किया गया। युधिष्ठिर की भूमिका में अमित बहल द्वारा यक्ष के द्वारा पूछे गए प्रश्नो के उत्तर का दिया जाना इस नाटिका का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष था। यक्ष द्वारा पूछे गए प्रश्न सबसे अच्छा मित्र कौन है का जवाब जब युधिष्ठिर ने पत्नी दिया तो द्रौपदी को इस बात का भान हुआ की सारे पांडवों में सिर्फ युधिष्ठिर के एक पत्नी है। उसे याद आता है कि युधिष्ठिर की सिर्फ एक गलती थी की उसने कौरवों के साथ द्युत क्रीड़ा की थी। इसके अलावा युधिष्ठिर ने कोई त्रुटि आज तक नहीं की थी। युधिष्ठिर द्वारा दिया गया उत्तर पत्नी, मित्र भी होती है, माँ भी होती है ,पांच उँगलियों में भी बंट कर भी सबको एक रखती है ने श्रोताओं को आनंदित कर दिया। युधिष्ठिर द्वारा नकुल को जीवित करने का प्रकरण भी महाराज युधिष्ठिर का सबको सामान रूप से देखने का प्रसंग भी यथार्थ लग रहा था। अंत में चारो पांडवों को जीवित करना तथा द्रौपदी का युधिष्ठिर के प्रति सम्मान तथा नवीन प्रेम का सचार अत्यंत मनोरम था। इस नाटिका में कुल चालीस कलाकारों ने प्रतिभाग किया।

## मुक्ताकाशी मंच पर लगा योग शिविर



**तृतीय** योग शिविर का आयोजन फाइन आर्ट्स फैकल्टी में मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित किया गया। आज के शिविर में योग वक्ताओ ने बताया कि आधुनिक जीवन से सम्बंधित रोग उच्च रक्तचाप, मोटापा, मधुमेह तथा दमा के प्रबंधन में योग की विभिन्न विधियां बहुत ही कारगर है उच्च रक्तचाप में अनुलोम विलोम, चन्द्रभेदी एवं भ्रामरी तथा पद्मासन, कटी चक्रासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन उपयोगी है तथा मोटापा के प्रबंधन में कपालभाति, सूर्यनमस्कार, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, आसान उपयोगी हैं। अस्थमा के प्रबंधन में अनुलोम विलोम एवं उष्ट्रासन, अर्धचक्रासन, भुजंगासन उपयोगी हैं।

**विज्ञान उत्सव में पोस्टर और कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता:** विज्ञान उत्सव के तीसरे दिन में आज पोस्टर मेकिंग और कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान संकाय के छात्रों ने पूरी तन्मयता के साथ भाग लिया। इसके अलावा भौतिक विज्ञान के सिद्धांतों के विभिन्न पहलुओं जैसे कि कंपन गति, द्रव आंदोलन, परावर्तन के नियम डॉ आर के मित्रा द्वारा शो कास्ट किए गए थे। इसके अलावा, विभिन्न विभागों के स्टालों ने विज्ञानं के विभिन्न आयामों में होने वाले विकास को प्रदर्शित किया।

# राजधानी में 351, सूबे में मिले 2588 नए मरीज

## कोरोना संक्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में अब कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। रविवार को राजधानी में कोरोना के 351 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 2588 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 23806 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3402 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7599 मरीजों की और राजधानी में 963 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 519,221 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2187 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 495,415 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 10389 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 35, अलीगंज 16, गोमती नगर 38, रायबरेली रोड 21, आशियाना 20, विकास नगर 11, कैंट 22, आलमबाग 19, चौक 19, हजरतगंज 12, महानगर 16, हसनगंज 13, चिनहट 10, जानकीपुरम 13, मड़ियांव 10 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वहीं आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 130 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से 130 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 71 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 59 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

## वीआईपी नंबरों के लिए आज से लगेगी बोली

लखनऊ। धनतेरस और दीपावली के दौरान खरीदे गए दो और चार पहिया नए वाहनों पर वीआईपी नंबर लेने के लिए गाड़ी मालिक सोमवार से नीलामी बोली में हिस्सा लेंगे। ये बोली 23 से 25 नवम्बर तक लगेगी। वीआईपी नंबरों की सीरीज इस बार यूपी 32 एलटी शुरू हो रही है। वीआईपी नंबरों की चाहत रखने वाले आवेदकों ने 22 नवम्बर तक 44 विभिन्न नंबरों पर रजिस्ट्रेशन कराए हैं। ये जानकारी आरटीओ प्रशासन आर पी द्विवेदी ने दी। इस बार वाहनों के वीआईपी नंबरों की नई सीरीज यूपी 32 एलटी शुरू हो रही है। इनमें 3232, 7272, 2525, 2727, 1010, 9090 नंबरों को पाने के लिए तीन से ज्यादा दावेदार नीलामी बोली में हिस्सा लेंगे। इ

## दोबारा ज्वाइनिंग के बाद लोहिया संस्थान के निदेशक ने दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एके त्रिपाठी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा राजभवन ने स्वीकार भी कर लिया है। ऐसे में किसी को कार्यवाहक के तौर पर जिम्मेदारी दिए जाने की खबरें चर्चा में है लेकिन शासन स्तर से पत्र आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। डॉ त्रिपाठी ने इस्तीफे को व्यक्तिगत वजह करार दिया है। उनका कहना है कि अब वे पुराने संस्थान केजीएमयू में अपनी सेवाएं देंगे।वैसे एक दिन पूर्व देर शाम राजभवन को भेजे गए इस्तीफे की खबर ने रविवार को सरगर्मी तेज कर दी हैं। प्रो त्रिपाठी के इस्तीफे के बाद फ्रेश नियुक्ति के लिए जल्द विज्ञापन प्रकाशित किये जाने की संभावना है। बता दें कि पूर्व में लगे आरोपों के चलते शासन ने उन्हें हटाते हुए जांच बैठा दी थी। आरोपों से मुक्त होने के बाद गत 14 नवम्बर को डॉ त्रिपाठी ने दोबारा कार्यभार ग्रहण किया था। दोबारा ज्वाइनिंग के बाद वह एक्शन मोड में भी थे। उन्होंने इमरजेंसी से लेकर न्यूरोलॉजी, ऑकोलॉजी जैसे विभागों में मरीजों की परेशानियों में व्यापक सुधार के निर्देश व बेड बढ़ाने एवं नए मेडिकल काउंटर खोलने के निर्देश भी दिए थे। फिलहाल डॉ एके त्रिपाठी का कहना है की इस्तीफे के पीछे व्यक्तिगत वजह है। पारिवारिक कारणों से उन्होंने इस्तीफा दिया है।

## करंट से पांच वर्षीय मासूम की मौत

**लखनऊ।** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में स्थित स्नेहनगर कॉलोनी में पांच वर्षीय बच्ची की करंट की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि बिजली के खम्भे पर करंट आने से यह हादसा हुआ है। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा कर हंगामा शुरुकर दिया था। जिम्मेदारों ने पुलिस बल की मौजूदगी में मामला शांत कराया। पूरी घटना कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के स्नेहनगर कॉलोनी की है। जहां पांच वर्षीय मासूम इशिका अपने परिवार के साथ रहती थी। मृतक मासूम बच्ची के पिता मंगल सोनी की भी मौत हो चुकी है। जिसके बाद से ही बच्ची का भरण पोषण उसकी मां करती थी। रविवार को बच्ची अपने घर की गली के पास खेल रही थी। उसी दौरान उस मासूम ने खम्बे में लगकर सपोर्ट लिया था, लेकिन उसमें करंट उतर आया और उसकी चपेट में आने से बच्ची की मौत हो गई।

## चलती कार का टायर फटा, चालक घायल

**लखनऊ।** राजधानी में आये दिन तेज रफ्तार के कारण सड़क हादसे देखने को मिल रहे हैं। वहीं इन सड़क हादसों से मौत के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। रविवार को शहीद पथ पर चलती कार का टायर अचानक फटने से कार उछलकर दूसरी तरफ आ गिरी। जिसमें चालक घायल हो गया। इस हादसे के दौरान शहीद पथ पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही।

# वोटर बनने को 2410 ने लगाई अर्जी

## जिले के सभी 14 सौ से अधिक मतदान केंद्रों पर चलाया गया सघन पुनरीक्षण अभियान, डीएम ने किया कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिले** के सभी 14 सौ से अधिक मतदान केंद्रों पर पुनरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसके तहत मतदान केंद्रों पर ही वोटर बनने के लिए फॉर्म भरे गए। नौ विधानसभा में कुल 2410 नए मतदाताओं ने विधानसभा व लोकसभा की मतदाता सूची में वोटर बनने के लिए आवेदन किया। चुनाव में पुरुषों के साथ महिलाओं में भी वोटर बनने व वोटर कार्ड बनवाने के लिए जागरुकता दिखी। यही नहीं 10 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी मतदातन केंद्रों में दिखे। 2410 कुल नए आवेदनों में 1300 पुरुषों ने और 1100 महिलाओं ने वोटर बनने के लिए आवेदन किया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से रविवार को जिले के सभी 14 सौ से अधिक मतदान केंद्रों पर पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। जिसके तहत मतदान केंद्रों पर ही वोटर बनने के लिए फॉर्म भरे गए। रविवार को राजधानी के नौ विधानसभा में कुल 2410 नए मतदाताओं ने विधानसभा व लोकसभा की मतदाता सूची में वोटर बनने के लिए आवेदन किया। खास बात ये रही पुरुषों के साथ महिलाओं में भी वोटर बनने व वोटर कार्ड बनवाने के लिए जागरुकता दिखी। यही नहीं 10 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी मतदातन केंद्रों में दिखे। 2410 कुल नए आवेदनों में 1300 पुरुषों ने और 1100 महिलाओं ने वोटर बनने के लिए आवेदन किया। इसके अलावा कुल 1077 युवाओं में 533 पुरुष व 544 युवा लड़कियों ने आवेदन किया है। वहीं 185 लोगों ने अपने परिजनों की मौत के बाद मतदाता सूची से उनके नाम हटवाने के लिए आवेदन किया है। डुप्लीकेट वोटर कार्ड बनवाने के लिए 197 और 246 ने विधानसभा बदलवाने के लिए आवेदन किया है। एडीओ अभय किशोर ने बताया कि फार्म 8 में 180 और फार्म आठ ए के लिए 30 लोगों ने आवेदन किया है। रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने नगर निगम मुख्यालय स्थित मतदतान केंद्र के अलावा कई स्कूलों में जाकर पुनरीक्षण अभियान का जायजा लिया। डीएम ने सभी अफसरों को निर्धारित समय तक अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि कहीं भी सुपरवाइजर या बीएलओ मतदान केंद्रों से गायब हुए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजधानी के तीन हजार से अधिक मतदेय स्थलों पर सुबह 10 बजे से पुनरीक्षण अभियान शुरू किया गया है। यह शाम पांच बजे तक चला। जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर के मुताबिक पुनरीक्षण अभियान 15 दिसंबर तक चलेगा। रविवार को पहला विशेष दिवस था। अभी तीन और विशेष दिवस आयोजित किए जाएंगे जिनमें जिले के सभी मतदान केंद्रों पर वोटरों को नाम दर्ज कराने संशोधन कराने या डिलीट कराने का मौका मिलेगा।

**तमाम बूथों पर सन्नाटा, गायब रहे बीएलओ**

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण अभियान के मद्देनजर रविवार को दर्जनों मतदान केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में बूथों पर बीएलओ गए ही नहीं। बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ बूथों से गायब रहे। जिस कारण मतदान केंद्रों पर आने वाले मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। बूथों पर बीएलओ के न मिलने से लोग वापस लौट गए। बूथ पहुंचने वाले परेशान होकर बीएलओ को ढूंढने में वार्ड व मुहल्ले तक चक्कर लगाते रहे। जबकि कई बूथों पर समय से बीएलओ के न पहुंचने की भी शिकायत रही। माल ब्लाक के मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का पहला दिन था। विकास खंड की उमरावल पंचायत के एक प्राथमिक विद्यालय में बीएलओ के न पहुंचने से मतदाताओं को निराश होकर बैरंग लौटना पड़ा। जबकि स्कूल में ताला लटकता रहा। उमरावल पंचायत के मजरे ख़बहा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीएलओ के न पहुंचने से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम नहीं सम्पन्न हो सका।

**बिना सूचना गायब बीएलओ के खिलाफ दर्ज होगी एफआइआर**

लोकतंत्र के महापर्व यानी मतदान में भागीदारी करने के लिए वोटर बनना अनिवार्य है। इसके लिए रविवार को बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गयाए लेकिन अधिकाश बीएलओ बूथ लेवल ऑफ़िसर की मनमानी व अव्यवस्था के चलते कई केंद्रों पर सन्नाटा रहा। डीएम अभिषेक प्रकाश ने बताया कि अभियान में बिना सूचना गायब हुए बीएलओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी जाएगी। सभी बीएलओ को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा जाएगा।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 23 नवंबर, 2020



# कुल्हाड़ी से वार कर कंटेनर चालक की हत्या

## ● बहन को अपशब्द कहने पर दिया वारदात को अंजाम, हत्यारोपियों ने कोतवाली पहुंचकर जुर्म कबूला, गिरफ्तार

संवाददाता। मोहनलालगंज



मृतक मुश्ताक की फाइल फोटो



मुश्ताक की हत्या के बाद जांच पड़ताल करती पुलिस

**बहन को** अपशब्द कहने से नाराज भाइयों ने रविवार की शाम कुल्हाड़ी से वार कर कंटेनर चालक की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों भाइयों ने कोतवाली पहुंचकर अपना जुर्म कबूल कर लिया। एसीपी की अगुवाई में पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद दोनो भाईयों और उनकी मां को गिरफ्तार कर आलाकत्ल बरामद कर लिया है। जबकि आरोपी बहन की तलाश जारी है।

मोहनलालगंज में मौरावां रोड निवासी मुश्ताक कंटेनर चालक है। रविवार की सुबह मोहनलालगंज पहुंचा मुश्ताक कंटेनर खड़ी कर भवानीखेड़ा स्थित अपने नए घर चला गया। वहां किसी बात को लेकर उसकी पड़ोस में रहने वाली रेनू से कहासुनी हो गई। शाम को रेनू के भाई गुड्डू और गोलू बहन को अपशब्द कहने का आरोप लगाकर मुश्ताक से नोंक झोंक करने लगे। बात बढ़ी तो दोनों ने कुल्हाड़ी लाकर मुश्ताक पर ताबड़तोड़ वार कर उसे मरणासन्न कर दिया और भाग निकले। आनन फानन परिवार के लोग उसे ट्रामा सेण्टर ले गए जहां इलाज के दौरान मुश्ताक ने दम तोड़ दिया। उसके भाई इम्तियाज ने गुड्डू ,गोलू उनकी बहन रेनू और मां विमला पर मुश्ताक की हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी है। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया पूछताछ में बहन को अपशब्द कहने से नाराज होकर हत्या करने की बात आरोपी गुड्डू और गोलू ने स्वीकार की है। आलाकत्ल कुल्हाड़ी बरामद कर आरोपी दोनो भाईयों को उनकी मां विमला के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि रेनू की तलाश में पुलिस टीम भेजी गई है। रेनू के मिलने पर ही हत्या की सही वजह स्पष्ट हो सकेगी। एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# हत्या के आरोपी भेजे गए जेल

## ● सपा एमएलसी के फ्लैट में युवक की हत्या का मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी के** हजरतगंज हाई सिक्योरिटी जोन और पुलिस कमिश्नर आवास से चंद कदम दूर सपा एमएलसी अमित यादव के फ्लैट में राकेश की हत्या के मामले में पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी की पहचान कर हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है।

हजरतगंज इंस्पेक्टर अंजनी कुमार पांडेय के मुताबिक आरोपितों के पास से बरामद अवैध असलहे की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर यह स्पष्ट हो जाएगा कि गोली किसने चलाई थी।

गौरतलब हो कि हजरतगंज स्थित लॉप्लास अपार्टमेंट में शाहजहांपुर के एमएलसी अमित यादव का फ्लैट है। फ्लैट में एमएलसी के भाई पंकज यादव रहते हैं। बीती शुक्रवार देर रात फ्लैट में पंकज के मित्र विनय का बर्थ डे मनाया जा रहा था। पार्टी में बाराबंकी निवासी उसका दोस्त राकेश रावत , गाजीपुर निवासी विनय यादव, इन्दिरानगर निवासी ज्ञानेन्द्र कुमार व आफताब मौजूद लोग थे। सभी लोग नशे में धुत थे। इस दौरान यह लोग पिस्टल देख रहे थे। तभी विनय से गोली चली और राकेश के सीने में जा धंसी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस की मानें तो शुरूआती छानबीन में पंकज अपनी पिस्टल लहराने लगा और राकेश ने उत्सुकतावश इसे हाथ में लेने की कोशिश की। इसी दौरान विनय पिस्टल राकेश से छीनने लगे और गोली चल गई। गोली सीधे राकेश के मुंह पर लगी और वह अचेत होकर गिर गए। साथी राकेश को लेकर ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं इस मामले में मृतक राकेश के पिता ने मनीराम ने चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

# एयरपोर्ट पर यात्री से लाखों का सोना बरामद

संवाददाता। सरोजनीनगर

**सोने की** तस्करी करने वाले तस्कर रोज नए तरीके खोज रहे हैं। इस बार दुबई से एक तस्कर सोने को स्क्रू में ढालकर उसे दो सूटकेस में जड़कर लखनऊ ले आया। यहां चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तैनात कस्टम की टीम ने तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से सोना बरामद किया। रविवार को दुबई से विमान संख्या एफजेड 8325 लखनऊ आया था। यहां तैनात कस्टम की उप आयुक्त निहारिका लाखा और उनकी टीम यात्रियो की जांच कर रही थी। इस बीच एक यात्री के बैग के स्क्रू की जांच की गई। काले रंग के बैग में सोने के 46 स्क्रू लगे हुए थे। कुल 180.50 ग्राम सोने के स्क्रू की कीमत 9.54 लाख रुपए है। कस्टम ने स्क्रू जब्त कर लिया है। तस्कर से कस्टम की पूछताछ जारी है। उप आयुक्त निहारिका लाखा का कहना है कि तस्करों के खिलाफपिछले कई दिनों से कार्रवाई तेज कर दी गई है। जिसके चलते तस्कर नए तरीके अपना रहे हैं।

# किन्नर से मारपीट, सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस

**लखनऊ।** सहादतगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित थाना के पीछे भवानीगंज में एक नाबालिक किन्नर के साथ कुछ दबंगों ने मारपीट की। जानकारी पाते ही किन्नरों का जमावड़ा लग गया। बताया जा रहा है कि देररात कम उम्र का किन्नर अपने साथी के साथ इंदारे वाली मस्जिद की तरफ से झवारों वाली गली में जा रहा था। तभी किसी बात पर भवानीगंज वार्ड से सभासदी का चुनाव लड़ चुके एक युवक ने किन्नर की पिटाई कर दी। इसके बाद किन्नर ने देर रात आरोपी युवक के घर पर काफी देर तक हंगामा किया था। बता दें कि किन्नर व उसकी बहन के साथ झवारों वाली गली के पास फिर मारपीट की गई है। जिसमें दोनों के सिर में काफी चोट आई हैं। इसी के बाद चोट खाए किन्नर व उसके साथियों ने आरोपी के घर पहुंचकर फिर हंगामा शुरु कर दिया। किन्नरों का आरोप था कि देर रात की बात को लेकर ही उन पर हमला किया गया। इस हंगामे से आस पास के लोगों का भी काफी समय तक जमावड़ा लगा रहा। मारपीट के मामले में पुलिस दो थाना बाजारखाला व सहादतगंज क्षेत्र के लेकर बार्डर का मामला बता सीमा विवाद में उलझी रही। अब पुलिस मामले की छानबीन कर रही है उसके बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन

संवाददाता। सरोजनीनगर/निगोहां





**समाजवादी** पार्टी के संस्थापक एवं प्रदेष के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82वां जन्मदिन सपा सरोजनीनगर की द्वारा धूमधाम से मनाया गया। सपा के जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के नेतृत्व में केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई गई। सरोजनीनगर के तपोवननगर स्थित लोहिया वाहिनी के जिलाउपाध्यक्ष मानू खान के कार्यालय में आयोजित इस समारोह में जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने कहा कि हम सभी को धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव द्वारा बताये गये समाजवाद एवं संघर्षों के रास्ते पर चलकर आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर प्रदेश के चहुमुखी विकास में अपना सहयोग देना होगा।

इस मौके पर लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि किषन दादा व लल्लू यादव, संजय यादव, पवन यादव दीपक यादव, अजरा मुस्ताक व पंकज यादव सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी दीर्घायु जीवन, सुख-वैभव तथा समृद्धि के लिए प्रार्थना की और फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया। जबकि जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने चन्द्रावल ग्राम प्रधान ब्रजेश कुमार यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ मीरानपुर-पिनवट में केक काटा और गांव में मिठाई वितरित की। उधर सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याषी शिवशंकर सिंह शंकरी के नेतृत्व में बंथरा केक काटकर मुलयाम सिंह यादव का जन्म दिन मनाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने शंकरी सिंह के नेतृत्व में यहां स्थित निजी अस्पतालों मे जाकर मरीजों को फल वितरित किये। वहीं निगोहां के रामपुर सहकारी संघ कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा प्रमुख मुलायम सिंह का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया इस अवसर पर सपा नेता अमरपाल सिंह ने 11 किलो का केक काटकर लोगों में वितरण किया वही गरीब तबके की महिलाओं पुरुषों व बच्चों की आर्थिक मदद भेट की इस कार्यक्रम में सपा नेता अमरपाल सिंह ग्राम प्रधान लालपुर ज्ञानेंद्र सिंह संघ के अध्यक्ष नवलकिशोर यादव व पूर्व प्रधान निगोहां अजय सिंह सपा नेता राजाराम यादव सहित सैकड़ों सपाइयों ने शिरकत की है।

# शॉट सर्किट से मकान में लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विकास** नगर क्षेत्र में रविवार दोपहर एक घर में आग लग गई। आग बाथरूम में लगे गीजर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। पीड़ित ने आनन फानन में मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों थोड़ी देर में आग पर काबू पा लिया। विकास नगर के सेक्टर 4 निवासी राजीव गुप्ता ने बताया कि वह रविवार दोपहर करीब तीन बजे अपने बाथरूम में पानी गरम करने के लिए गीजर ऑन कर कमरे में चले गए थे। थोड़ी देर बाद वह वापस लोटै तो देखा की उसमें शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई है। देखते ही देखते आग की लपटें बढ़ने लगी तो उन्होंने सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची एक दमकल की गाड़ी ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। पुलिस के मुताबिक घटना मेंपरिवार के किसी भी सदस्य को कोई चोट नहीं आई है।

## सीएमएस छात्रा को चार लाख रुपये की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की मेधावी छात्रा इर्तिका इरफान को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार लाख रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीएमएस छात्रा को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष रु. 80,000 अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। श्री शर्मा ने बताया कि स्टेशन रोड कैम्पस की इस मेधावी छात्रा ने इस वर्ष की आईएससी (कक्षा-12) परीक्षा-2020 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में टॉप वन परसेन्ट मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है एवं इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु विज्ञान की उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है।

## अवैध तमंचा से फायर कर वीडियो अपलोड करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** वजीरगंज पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे से फायर कर वीडियो अपलोड करने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से तमंचा भी बरामद कर लिया। थाना प्रभारी श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वह सिटी स्टेशन के पास से तमंचा बेचने की फिराक में खड़ा था। तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए अपना नाम समीर पुत्र वारिस अली निवासी चौधरी बताया है। अभियुक्त के पास से दो जिंदा कारतूस अवैध तमंचा बरामद हुआ है।

## देशी तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने रविवार को एक तमंचा व एक कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विपिन कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचानए मोहल्लाए अम्बेडकर नगरए माल लखनऊ निवासी वीरेन्द्र कुमार गौतम पुत्र तुलसी राम गौतम के रूप में हुई है। आरोपी का आपरधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

## 15000 का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के 15 हजार के इनामी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडे ने बताया कि वांछित इनामी अभियुक्त सलमान पुत्र राशिद हुसैन निवासी मकबूल गंज कैसरबाग को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त अपने साथी शिवम सिंह पुत्र जयनारायण सिंह निवासी स्कूटर इंडिया चौराहा सरोजनी नगर, हामिद रजा पुत्र इन उल्ला निवासी रूपपुर खदरा के साथ मिलकर मोटरसाइकिल की चोरी, मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे और मोबाइल की फर्जी रसीद तैयार कर अपना मोबाइल बताकर ऑनलाइन वेबसाइट ओएल एक्स पर लोगों को बेच देते थे।

## तस्कर गिरफ्तार, गांजा बरामद

**लखनऊ।** गोमती नगर पुलिस ने एक अवैध गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से 1200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अभियुक्त सूरज पाल पुत्र प्यारेलाल पाल निवासी गडरिया पुरवा विशाल खंड को गिरफ्तार किया गया है।

## पुलिस ने की गुंडा एक्ट में कार्रवाई

**लखनऊ।** प्रभारी निरीक्षक महानगर यशवंत सिंह ने अभियुक्त सद्दाम पुत्र आरिफ, आरिफपुत्र मोहम्मद मोहर्रम अली, अजरू पुत्र जैकी, इरफान पुत्र सेहवान, आदिल पुत्र शकील, अतीक पुत्र लियाकत, मेराज पुत्र शमी और अनमुद्दीन पुत्र नियम के खिलाफधारा 110 जी की कार्रवाई की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने अभियुक्त लवकुश यादव पुत्र हरिराम यादव, विजय यादव पुत्र स्वर्गीय सर्वजीत यादव के खिलाफधारा 110 जी की कार्रवाई की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर में थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल टहल रहे एक व्यक्ति को जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर के कंचन पुरी कॉलोनी निवासी अखिलेश 45 रविवार तड़के घर के बाहर टहलने निकला था। तभी घर से कुछ दूर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जानकारी होने पर परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले गएए लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पूर्व विधायक के घर नौकर ने लगाई फांसी

**लखनऊ** । विभूतिखण्ड इलाके में रहने वाले पूर्व विधायक के नौकर ने उनके घर में रविवार दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मामले की भनक लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की पूछताछ में लग गई। पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। विभूतिखण्ड के 4-49 वैभवखण्ड में पूर्व विधायक यशपाल चौधरी अपने परिवार के साथ रहते है। उन्होंने बताया कि उनके घर में काफी समय से लखीमपुर खीरी निवासी 22 वर्षीय मनोज यादव काम करता था। उन्होंने बताया कि रोज की तरह मनोज ने दिन में परिवार के सभी लोगों को खाना खिलाया और करीब चार बजे उसने घर के बेसमेन्ट की छत पर लगे पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक जब वह ऊपर नहीं आया तो घर के अन्य नौकर उसे बेसमेन्ट में देखने गए, जहां उन्हें घटना की भनक लगी। उसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## परिवहन विभाग ने लगाया स्वास्थ्य कैंप

**लखनऊ।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर रविवार को परिवहन विभाग ने चालक परिचालकों और कर्मियों के लिए स्वास्थ्य कैंप लगाया। जिसमें यात्री और रोडवेज कर्मियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान 200 से अधिक कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। इनमें बीपी, सामान्य हेल्थ, आंख की जांच की गई। स्टेशन इंचार्ज ने बताया कि रोडवेज कर्मियों की जांच में सबसे ज्यादा ब्लड प्रेशर के मरीज सामने आए है। इन्हें जरूरी दवाईयां देकर इलाज कराने का सुझाव दिया गया। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन सतेंद्र यादव समेत आरटीओ कर्मी मौजूद थे। वहीं सोमवार को कैसरबाग स्थित अवध बस डिपो में मेडिकल कैंप लगेगा। इस कैंप में रोडवेज कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच होगी। यह कैंप विनायक ग्रामोद्योग संस्थान के अध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में लगेगा। यह जानकारी अवध बस डिपो के एआरएम गोपाल दयाल ने दी।

# गोपाष्टमी पर गोवंश को खिलाया गुड़ व हरा चारा

## ● कुपोषित बच्चों के परिवार को सौंपी गाय



**मोहनलालगंज।** गोपाष्टमी पर रविवार को मोहनलालगंज के सभी निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों में रखे गए गोवंश को गुड़ ,फल और हरा चारा खिलवाया गया। बीडीओ अजीत कुमार सिंह ने पीडी पद पर प्रमोशन पा चुके पीडीएस भोलानाथ कनौजिया और समाजसेवी शैलेन्द्र सिंह के साथ उतरावां में गोवंश की पूजा कर उन्हें गुड़ और केला खिलाकर गोपाष्टमी मनाई। शेरपुर लवल में भी बीडीओ ने ग्राम प्रधान अरविन्द सिंह के साथ गोवंश को फल ,सब्जी और हरा चारा खिलवाकर गोवंश को ठण्ड से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। जबरौली में सचिव डीपी सिंह ने प्रधान रमेश चन्द्र के साथ गोवंश को गुड़ और चना खिलाकर गोपाष्टमी मनाई। यहां गोवंश को ठण्ड से बचाने के लिए शाम को अलाव भी जलवाया गया। शिवढ़रा में डिप्टी सीवीओ रचना दीक्षित ने सचिव आलोक वर्मा के साथ गोवंश को हरा चारा खिलवाया और गोवंश की टैगिंग करवाई गई। बीडीओ ने बताया गोपाष्टमी के मौके पर ब्लाक के 15 कुपोषित बच्चों के परिवार को गाय दी गईं।

# चुनाव में टिकट खरीदने व बेचने वालों का करें बहिष्कार

**लखनऊ।** जनहित के अहम चुनावी मुद्दों पर चर्चा के लिए बावली सहादतगंज, मुर्धियाँ व कटरा खुदा यार खॉ में हुई बैठकों में शामिल हुए तहरीक फि क्र-ए-मिल्लत फाउण्डेशन उप्र के महासचिव मोहम्मद हनीफ खान को उपस्थित लोगों ने बिजली की समस्याओं से अवगत कराया कि राजधानी होने बाद भी लखनऊ पश्चिम की जनता बिजली से जुड़ी समस्याओं का सामना करने को मजबूर है। तमाम सरकारी दावों के उलट जगह-जगह बिजली के तारो का मक्कड़ जाल फैला हुआ है। पोल के स्थान पर बल्लियों के सहारे लटके तारों से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। जिसके चलते लोगों व जानवरों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। क्षेत्रीय लोगों द्वारा कई बार की गई शिकायतों को भी संबंधित अधिकारी अनसुना कर देते है। जिसके चलते समस्या जस की तस बनी हुई है। बैठक में उपस्थित लोगों को खान ने आश्वस्त किया और कहा कि इस गम्भीर समस्या पर मध्यांचल विद्युत कार्यालय के एमडी को ज्ञापन सौपकर सम्स्याओं से अवगत कराएंगे। इन समस्याओं का मुख्य कारण पिछले 15 वर्षो में पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सही प्रतिनिधित्व का चुनाव न करना है। पैसे के चलते राजनैतिक दल नेताओं के चरित्र और राजनैतिक व सामाजिक योगदान का आंकलन किये बिना उन्हे टिकट दे देते हैं, जिसकी सजा जनता को भुगतनी पड़ती है। उन्होने पैसे के बल पर चुनाव में टिकट खरीदने वाले और बेचने वालो को जनतंत्र के माथे पर कलंक बताते हुए कहा कि ऐसे लोगों का बहिष्कार जरूरी है।

# हर्बल गार्डन और मॉडल नर्सरी से बढ़ेगी किसानों की आमदनी

**मोहनलालगंज।** औषधीय खेती के जरिए किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए सीमैप की मदद से कृषि विभाग मोहनलालगंज के कृषि फार्म डेहवा में हर्बल गार्डेन और मॉडल नर्सरी विकसित करने जा रहा है। इसके लिए फार्म की तकरीबन चार हेक्टेअर भूमि पर औषधीय पौधों की नर्सरी और बीजों का उत्पादन करने की तैयारी है। योजना के तहत यहीं से किसानों को औषधीय खेती की बारीकियां समझाकर उन्हें पौध व बीज मुहैया कराने के साथ प्लाण्ट लगाकर भविष्य में उत्पादन की खरीद कराने की भी तैयारी है।

मोहनलालगंज के डेहवा कृषि फार्म में आयुष मंत्रालय और सीमैप की मदद से कृषि विभाग औषधीय पौधों की नर्सरी और बीज उत्पादन केन्द्र बनाने जा रहा है। तकरीबन पांच करोड़ की लागत से योजना को मंजूरी देकर फार्म में अलग-अलग प्लाट बनाकर उनकी घेराबन्दी का कार्य शुरु करा दिया गया है। उपनिदेशक कृषि सीपी श्रीवास्तव ने बताया योजना के तहत फार्म में अश्वगंधा ,तुलसी और एलोवेरा समेत अन्य औषधीय पौधों की नर्सरी और बीज उत्पादन कर किसानों को मुहैया कराया जाएगा। किसानों को औषधीय खेती के बारे में प्रशिक्षण देकर इसके लिए प्रेरित किया जाएगा। जिससे पारम्परिक खेती के साथ-साथ किसान औषधीय खेती कर आसानी से अपनी आय दोगुनी कर सकेंगे। उन्होने कहा इन दिनों तुलसी का तेल बाजार में लगभग 2700 रुपए लीटर बिक रहा है। तुलसी की खेती कर किसान आसानी से लाखों कमा सकते हैं। उपनिदेशक ने बताया विभाग की कोशिश है कि आगे चलकर किसानों की औषधीय खेती के उत्पादन को इसी फार्म में ही पिराई से लेकर खरीदारी तक की सुविधा उपलब्ध हो जाए। जिससे किसानों को अपना उत्पादन लेकर बिक्री के लिए भी भटकना नहीं पड़े।

# कोरोना से बचाव का पढ़ाया पाठ, बिना मास्क काटा चालान

## ● दो घंटे की कोतवाल बनी छात्रा सौम्या ने कोतवाली परिसर का भ्रमण और मालखाने से लेकर हवालात तक का बारीकी से लिया जायजा

सवाददाता। मोहनलालगंज







**जब तक** दवाई नहीं तब तक ढ़िलाई नहीं ,रविवार को दो घण्टे के लिए मोहनलालगंज कोतवाली की प्रभारी निरीक्षक बनीं इण्टरमीडिएट की छात्रा सौम्या द्विवेदी ने मास्क को लेकर कस्बे में सघन चेकिंग अभियान चलाकर आधे घण्टे में ही लापरवाहों को कोरोना से बचाव का पाठ पढ़ा दिया। बिना मास्क आवागमन कर रहीं महिलाओं और युवतियों को अपने सामने ही मास्क पहनवाकर फिर से गलती नहीं दोहराने की शपथ दिलवाई तो बेअंदाज युवकों से जुर्माना वसूल कर सबक सिखा दिया। बुजुर्गों ने सांस लेने में परेशानी बताई तो गांधीगिरी के सहारे उन्हें भी चुटकियों में मास्क की अहमियत समझा दी।

मोहनलालगंज कस्बे में रहने वाली केन्द्रीय विद्यालय मेमौरा की छात्रा सौम्या द्विवेदी को रविवार मोहनलालगंज को सांकेतिक कोतवाल बनाया गया। एसीपी प्रवीण मलिक और इंस्पेक्टर जीडी शुक्ल के साथ कोतवाली परिसर का भ्रमण और मालखाने से लेकर हवालात तक का बारीकी से जायजा लेने के बाद साफ-सफाई और अभिलेखों के बेहतर रखरखाव पर पुलिसकर्मियों की सराहना कर उन्हें शाबासी दी। अभिलेखों का निरीक्षण करने के दौरान पुलिस अफसरों से एफआईआर दर्ज करने से लेकर जांच और फिर कोर्ट में पैरवी तक की पूरी प्रक्रिया की जानकारी लेने के बाद छात्रा कोतवाल ने अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर संतोष जताया। कोतवाल की कुर्सी पर बैठकर जनशिकायतों की सुनवाई के दौरान छात्रा सौम्या ने महिला से बुरे बर्ताव और महिला को टक्कर मारकर जख्मी कर देने की दो शिकायतों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। वहीं सिपाही रविन्द्र के प्रार्थना पत्र पर मां का इलाज कराने के लिए उसे तीन दिन की छुट्टी भी मंजूर की।

### फरियादियों को फोन कर लिया फीडबैक

महिला हेल्पडेस्क का जायजा लेने पहुंची छात्रा कोतवाल सौम्या द्विवेदी ने शिकायत पंजीकरण से लेकर उनके निराकरण तक की पूरी जानकारी ली। फिर शिकायतों की समीक्षा के दौरान सौम्या ने महिला फरियादियों को फोन कर निस्तारण पर उनका फीडबैक लेकर संतोष जताया और शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधान कराने को लेकर हेल्पडेस्क प्रभारी शशिबाला सिंह को शाबासी दी।

### एसीपी से किया पार्किंग बनवाने का आग्रह

चेहरे पर खुशी और सांकेतिक कोतवाल बनकर गौरान्वित महसूस कर रही छात्रा सौम्या द्विवेदी ने सरकारी गाड़ी में बैठकर समूचे कस्बे का भ्रमण कर पुलिस की मुस्तैदी परखी, फिर कस्बे में जगह-जगह खड़े वाहनों से सिमट रही रोड की चौड़ाई बरकरार रखने के लिए एसीपी प्रवीण मलिक से मोहनलालगंज कस्बे में वाहन पार्किंग के लिए स्थल का चयन कराकर लोगों को पार्किंग की सुविधा मुहैया कराने का आग्रह किया। यही नहीं शनिवार को मऊ में झोपड़ी जलकर खाक होने से बेघर हुए मनीषा के परिवार को बुलाकर राशन और नए कपड़े दिए।

# निगोहां ने समेसी और उतरावा ने रत्नापुर को हराया

## ● ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**निगोहां।** रविवार से उतरावा गाँव के मिनी स्टेडियम में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घघाटन खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज अजीत प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से स्वास्थ्य तो सही रहता ही है साथ ही गाँव के बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा का निखार भी होता है। इस तरह के आयोजन होने से गाँवो के भी बच्चों को भी जिला और प्रदेश स्तर पर खेलने का मौका मिलता है। वहीए उद्घघाटन के बाद दो मैच खेले गए। पहला मैच समेसी और निगोहां के बीच हुआ। जिसमे निगोहां ने टॉस जीताकर पहले समेसी को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। समेसी ने निर्धारित 10 ओवर में 56 रनों के लक्ष्य निगोहां के सामने रखा। जिसे निगोहां ने आसानी से पूरा किया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच सूर्या को मिला। वही दूसरा मैच उतरावा और रत्नापुर के बीच हुआ। जिसमें उतरावा ने 5 विकेट से रत्नापुर को हराया।

# गौ पूजा व सेवा से मिलता है पुण्य : कपिल देव

## भड़सारी गो आश्रय स्थल पर जिलाध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर



पूजा अर्चना करते भाजपा जिलाध्यक्ष कपिलदेव वर्मा पायनियर



गाय की पूजा करते भाजपा जिलाध्यक्ष पायनियर

**भारतीय** संस्कृति और सनातन धर्म में गाय को माता की उपमा से विभूषित करते हुए पूज्य माता का दर्जा दिया गया है।सनातन धर्म को मानने वाला हर व्यक्ति गाय की पूजा और गाय की सेवा करने को पुण्य कार्य मानता है।हमारे पूर्वज भी भोजन से पूर्व गौमाता के लिए सभी प्रकार के भोजन को निकाल कर ही स्वयं भोजन करते थे।इस परम्परा का निर्वहन हम सबको भी करना चाहिए।

उपरोक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के ग्राम भड़सारी गौशाला पर गोसंवर्धन हेतु गौमाता की पूजन के अवसर पर व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गौमाता के महत्व को वैज्ञानिकों ने भी समझ कर उनके दूध,गोबर और मूत्र की महत्व को रेखांकित किया है और विभिन्न प्रकार के दवा को भी अन्यान्य रोगों और मानव कल्याण के लिए बनाने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा और जनपद के जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के मध्य विगत दिनों हुए वार्ता के क्रम में जनपद के सभी गौशालाओं में भाजपा नेताओं की उपस्थिति में गौमाता की पूजन अर्चन किया गया और उनका साज सज्जा कर भारत वासियों के सुख समृद्धि की कामना किया गया।गोपाष्टमी के अवसर पर जनपद में सम्पन्न हुए गौमाता के पूजन अर्चन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के भड़सारी गौशाला पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के द्वारा सम्पन्न हुई पूजन अर्चन कार्यक्रम में केदार नगर मण्डल के अध्यक्ष आनन्द श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव,भाजपा नेता अंकित पाण्डेय, मण्डल आईटी संयोजक राहुल देव शर्मा, विकास खण्ड अधिकारी टांडा शशांक सिंह, पशु चिकित्सक श्रीपति वर्मा, प्रधान प्रमिला देवी,सचिव अरुण चतुर्वेदी की उपस्थिति रही। अकबरपुर नगर क्षेत्र में पालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, अधिशासी अधिकारी सुरेश मौर्य, सभासद सुक्खू वर्मा के साथ गौ माता की पूजन अर्चन किया, इल्तिफात गंज नगर के गौशाला में भाजपा जिला मंत्री दिलीप पटेल (देव) ने उपजिला अधिकारी अभिषेक पाठक, अधिशाषी अधिकारी उमेश कुमार पासी,सभासद राकेश शर्मा, शशि प्रकाश कसौधन, कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के जैतपुर खास ग्राम सभा के गौशाला में भाजपा पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी ने खण्ड विकास अधिकारी अनुपम सिंह,प्रधान रजनीश सिंह, गिरिजेश सिंह, घनश्याम नट, शैलेन्द्र शर्मा, अमरजीत वर्मा, शिव करन राव, वंशी लाल वर्मा, केंवारी परमानंद ग्राम के गौ शाला में भाजपा नेता संजय सिंह ने भीटी मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, ए डी ओ पंचायत, प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सिंह,करमवीर सिंह, मस्त राम, राम सूरत, आलापुर विधान सभा क्षेत्र के जलालपुर विधान सभा क्षेत्र के पटौहा गाने पुर और उमरावन पुर गौशाला में मण्डल अध्यक्ष हरिदर्शन राजभर ने खण्ड विकास अधिकारी,बल विकास परियोजना अधिकारी बलराम सिंह, भाजपा नेता अरविन्द पाण्डेय, ग्राम प्रधान दीप किरन वर्मा,सुभाष यादव,शनि कुमार त्रिपाठी, राम मिलन मौर्य, लाल किसन यादव, तेंदुआआई कला में पूर्व विधायक त्रिवेणी राम ने सहकारी भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी , जिला उपाध्यक्ष सुमन पांडेय, लालमनपुर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमन पाण्डेय ने ए डी ओ पंचायत,पशु चिकित्सक डाक्टर मनोज, भवर लाल विश्वकर्मा,कुमारी लक्ष्मी, मोनू तिवारी के साथ गौ माता की पूजन अर्चन कार्यक्रम में शामिल होकर गौमाता का पूजन और श्रृंगार किया।

## विधायक गोरखनाथ बाबा ने पीड़ित परिवार को सौंपी 10 लाख की चेक

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के बवां गांव के मजरे पुरे झलिहन में खंभे के स्टेवायर में करंट उतरने से 8 माह पूर्व खेत में काम करने गए राम प्रकाश तथा उनकी पत्नी मिथलेश की मौत हो जाने के मामले में पावर कारपोरेशन विभाग ने मृतक के परिवार को दस लाख की आर्थिक सहायता दी है । शनिवार को विधायक गोरखनाथ बाबा व अधिशासी अभियंता अम्बरीश कुमार शुक्ला ने मृतक के घर पहुंचकर उनके बच्चों को चेक सौंपा। विधायक श्री बाबा ने मौजूद लोगों को बताया कि आजादी के बाद पहली ऐसी सरकार है जहां बिना किसी को एक पाई सुविधा शुल्क दिए सीधे लाभार्थी तक सरकार की योजना के तहत अनुमन्य आर्थिक सहायता पहुंच रही है। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर अवर अभियंता आनंद प्रकाशए भाजपा नेता चंद्रबली सिंह अजय सिंह जय कुमार उपाध्याय एविधायक प्रतिनिधि चंद्रभान बैजनाथ सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# समाजवादियों ने मनाया मुलायम का जन्मदिन

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**समाजवादी** पार्टी के संरक्षक, पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82 वां जन्म दिन पार्टी के बेतियाहाता स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी की अध्यक्षता में धूमधाम से केक काटकर एक दुसरे को केक व मिठाई खिलाकर मनाया गया। नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नेताजी के दीर्घायु होने की कामना किया। इस दौरान हुई विचार गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी, संचालन जियाउल इस्लाम ने किया जिसमें नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात् नॉर्मल स्थित आश्रय गृह पहुंचकर वहां उपस्थित बच्चों को फल, केक व मिठाई दिया गया। इस दौरान अखिलेश यादव, जगदीश यादव, डाक्टर मोहसिन खान, अवधेश यादव, रजनीश यादव, विजय बहादुर यादव, यशपाल रावत, साधु यादव, मनुरोजन यादव, अमरेंद्र निषाद, रुपावती बेलदार, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, संजय पहलवान, शहाब अंसारी, राहुल गुप्ता, मनोज यादव, राघवेंद्र तिवारी राजू, मैना भाई, प्रमोद यादव, बिंदा देवी, कंचन श्रीवास्तव, पुजारी यादव, बैंकटेश तिवारी आदि मौजूद रहें।

# सपा ने हर्षोल्लास के साथ मनाया मुलायम का 82वां जन्मदिन

**संवाददाता।** अयोध्या




**आज हमारे** प्रेरणास्रोत समाजवादी पार्टी के संरक्षक कई बार मुख्यमंत्री पद पर रहे एवं पूर्व रक्षा मंत्री व लोकप्रिय सांसद धरतीपुत्र पितातुल्य मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ महानगर कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी अयोध्या पर महिला सभा महानगर अध्यक्ष सरोज यादव की अध्यक्षता में मनाया गया जिसका संचालन महासचिव अपर्णा जायसवाल ने किया। महानगर महिला कमेटी की समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने नेताजी के दीर्घायु, शतायु की कामना करते हुए 2022 में तोहफे के रूप में सरकार बनाने की शपथ ली। महानगर अध्यक्ष सरोज यादव ने कहा कि नेताजी का राजनीति डॉ0 लोहिया की समाजवादी विचारधारा और विचारों से काफी प्रभावित रहे। वे अपने राजनीति जीवन में नौ बार जेल गये। कर्पूरी ठाकुर सर्वश्री मधुलिमेय, राजनारायण, रामसेवक यादव और जनेश्वर मिश्र जैसे राजनीतिज्ञों के सम्पर्क में आने के बाद राजनीति से जुड़ गये। उनका राजनीतिक सफर बहुत ही संघर्षमय रहा। मुख्य अतिथि के रूप में तेजनारायण पाण्डेय जी उपस्थित रहे। उन्होंने भी शतायु, दीर्घायु की कामना की और साथ ही अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने के लिये प्रेरित किये जिससे आने वाले 2022 विधान सभा चुनाव में जीत का तोहफा नेताजी को समर्पित किया जा सके। इसी के विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, शिक्षक संघ के महासचिव घनश्याम यादव, श्रीचन्द यादव, अन्सार अहमद बब्बन आदि उपस्थित रहे। महिला पदाधिकारियों में डा0 निशात अख्तर, निशा खाँ, अल्पना, पूनम यादव, फरजाना, सविता मल्होत्रा, अफसाना, उमा यादव, बानो, यासमीन आदि उपस्थित रहीं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के संस्थापक व तीन बार सूबे के मुख्यमंत्री रहे पूर्व रक्षा मंत्री व सपा संरक्षक नेता जी मुलायम सिंह यादव का 82वाँ जन्मदिन समाजवादी पार्टी कार्यालय पर केक काटकर मनाया गया और उनके उत्तम स्वास्थ्य निरोगी व लम्बे जीवन की कामना की गयी। जिला व महानगर कमेटी के तत्वावधान में नेताजी के व्यक्तित्व पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव बख्तियार खान ने किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री आनन्दसेन यादव, पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय, छोटेलाल यादव, हामिद जाफर मीसम, बाबूराम गौड़, मनोज जायसवाल, एजाज अहमद, मो0 हलीम पप्पू, अमृत राजपाल, मो0 शोएब, जयसिंह यादव, राशिद जमील, त्रिभुवन प्रजापति, अंसार अहमद बब्बन, सरोज यादव, वसी हैदर गुड्डू, मिर्जा सादिक हुसैन, इशहाक खान, लड्डू लाल यादव, राम बक्श यादव, जाकिर हुसैन पाशा, मो0 सुहैल, रामभवन यादव, नौशाद राईन, घनश्याम यादव, विजय बहादुर वर्मा, बृजेश सिंह, रक्षाराम यादव, शमशेर यादव, श्रीचन्द यादव, सूरज वर्मा, अरशद आलम मोनू आदि मौजूद रहे। सपा जिला अध्यक्ष गंगासिंह यादव ने बताया कि 23 नवम्बर को प्रात: 11 बजे से पार्टी कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष माननीय नरेश उत्तम पटेल शिक्षक एमएलसी चुनाव के सम्बन्ध में बूथ प्रभारियों से चुनाव की तैयारी के सिलसिले में वार्ता करेंगे, जिसमें जनपद के शिक्षक एमएलसी के चुनाव के लिये बनाये गये बूथों के प्रभारी भी शामिल होंगे।

# गोपाष्टमी पर गायों की हुई पूजा



**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**गोरखनाथ** मंदिर, गोरखपुर स्थित गौशाला में गोपाष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला में गाय तथा नवजात बछड़े को गुड़ खिलाया गया तथा माला पहनाकर पूजा पाठ आदि किया गया। गौशाला परिसर में कलश तथा दीप जलाकर विधिवत पूजा के बाद हवन किया गया। आज के दिन गाय के दूध तथा चावल से विशेष प्रकार का प्रसाद 'जेवनार' बनाया गया। गोइठा के आग पर हांडी में तैयार जेवनार प्रसाद सभी को वितरित किया गया। अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, मठ पुरोहित रामानुज त्रिपाठी वैदिक, कार्यालय सचिव द्वारिका तिवारी, विनय गौतम, पशुपालन विभाग गोरखपुर से डॉ. बी पी सिंह, डॉ. सरोज चौधरी, डॉ. संजय सिंह, डॉ. संजय श्रीवास्तव, भोजपुरी गायक राकेश श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, गौशाला के मान मोहम्मद, शिव सरवन यादव, शिव शंकर, धर्मेन्द्र, तथा गौसेवक राधे बाबा उपस्थित रहे।

# डीएम ने लिया बूथों का जायजा

## रविवार को आयोजित हुआ था विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर



बीएलओ से जानकारी लेते जिलाधिकारी पायनियर

**विधानसभा** निर्वाचन क्षेत्रों की फोटो युक्त निर्वाचक नामावलिओं के विशेष पुनरीक्षण अभियान जनपद के प्रत्येक बूथों पर आयोजित किया गया। इस दिवस पर बूथों पर उपस्थित बीएलओ मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम हटवाने, त्रुटि को ठीक कराने का आवेदन प्राप्त करेंगे। यह बूथ अभियान 28 नवंबर, 13 और 15 दिसंबर को जनपद के समस्त बूथों पर चलाया जाएगा । मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलउवा बरियारपुर, प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर , एवं प्राथमिक विद्यालय सैदपुर भीतरी पहुंचकर इन बूथों का जायजा लिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलउवा बरियारपुर में मौके पर बीएलओ लालमति यादव एवं बिंदु देवी उपस्थित होकर आवेदन प्राप्त कर रहे थे। प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर में मौके पर बीएलओ पुष्पा देवी एवं प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद उपस्थित रहकर मतदाताओं के आवेदन प्राप्त कर रहे थे वही प्राथमिक विद्यालय सैदपुर भीतरी में मौके पर उपस्थित बीएलओ निशा देवी एवं सहायक अध्यापिका इंदु भामा यादव उपस्थित रहकर नए मतदाताओं का आवेदन प्राप्त कर रहे थे। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि 1 जनवरी 2021 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवक व युवतियों को अपना अनिवार्य रूप से पंजीयन फॉर्म भरकर मतदान का अधिकार प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए प्रारूप 6 भरकर सूची से नाम हटाने हेतु प्रारूप सात भरना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रारूप 8 भरकर सम्मिलित मतदाताओं की प्रविष्टि में शुद्धि करा सकते हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ कैंप लगाकर व घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करते हुए मतदाता सूची में अधिक से अधिक पात्र लोगों को मतदाता बनने का कार्य प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें। वहीं मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय कटेहरी के बूथ संख्या 187, 188, 189, 190 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सुपरवाइजर , लेखपाल एवं सभी बूथों के बी0यल0ओ उपस्थित थे। निरीक्षण के समय तक उक्त बूथों पर नए मतदाताओं को जोड़ने हेतू प्रारूप- 6 के कुल 17 फॉर्म प्राप्त हुए थे। उसके बाद बी0एन0 इण्टर कॉलेज में स्थित बूथ संख्या 86, 87, 88, 89 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय तक उक्त बूथों पर कोई भी फॉर्म प्राप्त नही हुए थे ।निरीक्षण के समय बी0यल0ओ0 बृजेश कुमार पाल, नगर पालिका कर्मचारी तथा संजय देवी शिक्षा मित्र अनुपस्थित थीं। उपस्थित सुपरवाइजर व लेखपाल मुरलीधर तिवारी द्वारा अवगत कराया गया कि कई बार फोन करने के बाद भी उक्त दोनों कर्मचारी उपस्थित नही हुए। दोनों कर्मचारियों की अनुपस्थिति के क्रम में उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया।

# रक्तदान कर मनाया सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर



रक्त दान करते सपा नेता

**देश के** पूर्व रक्षा मंत्री, व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान सांसद मैनपुरी व सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के 82वें जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष रामसकल यादव की अध्यक्षता में एवं समाजवादी छात्र सभा के निवर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र यादव के नेतृत्व में 82 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर समाज के हर वर्ग के जीवन को संरक्षित करने का एक सफल पहल किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष रामसकल यादव ने कहा कि रक्तदान महादान है। समाज के हर वर्ग के लोगों को इसमें आगे आना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित युवा नेता आनन्द वर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से हमें घबराना नहीं चाहिए दूसरे के जीवन को बचाने का एक उपहार है। जब भी आप रक्तदान करते हैं तो समझिए आपने जीवन को पटरी पर ला रहे हैं उन्होंने नेता जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं और दीर्घायु होने की कामना की। रक्तदान करने वालों में युवा सपा नेता आनन्द वर्मा, विशाल वर्मा, राहुल सोनी, विवेक, नन्दू यादव, संतोष पाल, पंकज, अभिनव, सोभनाथ, लालू, मनोज, उदय, प्रेम मिश्रा, सुशील आदि ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव मुजीब सोनू, शेष कुमार वर्मा, अभिषेक सिंह, अजीत यादव, संदीप यादव, मुसाब अहमद, आदि समेत वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहे।

## पूजा स्पेशल गाड़ियों को होली तक चलाने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**दीपावली** और छठ के लिए चलाई जा रही 29 पूजा स्पेशल गाड़ियों को होली तक चलाने की तैयारी है। वाणिज्य विभाग ने पिछले सप्ताह ही परिचालन विभाग को इसका प्रस्ताव भेज दिया है। इस पर जल्द मुहर लगने की उम्मीद है। दशहरा से पहले ही दीपावली और छठ में होने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल बोर्ड की सहमति पर रेल प्रशासन ने मुम्बई, दिल्ली, हटिया, कोलकाता, बेंगलुरु के लिए 30 नवम्बर तक पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की थी। यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि देख वाणिज्य विभाग ने इन सभी पूजा स्पेशल ट्रेनों को मार्च तक बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार कर परिचालन विभाग को भेज दिया है। संभावना जताई जा रही है कि 26 नवम्बर तक प्रस्ताव पर मुहर लग जाएगी। कोरोना के चलते रेलवे रूटीन ट्रेनों को कोविड और पूजा स्पेशल नाम से चला रहा है। ऐसे में पूजा खत्म हो जाने के बाद भी इन ट्रेनों की डिमांड रहेगी।

# हंगामे के बाद सचिवालय समीक्षा अधिकारी की परीक्षा निरस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**विधानसभा** सचिवालय के समीक्षा अधिकारी की परीक्षा का पर्चा रविवार को आउट हो गया है। जिले के भटहट के बरगदही स्थित गुलाबी देवी इंटर कालेज में संचालकों ने कुछ छात्रों को अलग कमरे में बैठा कर परीक्षा दिलाने की कोशिश की। इतना ही नहीं केन्द्र पर दूसरे छात्रों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे बाद तक पेपर नहीं दिया गया। इसके बाद परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों ने पेपर आउट होने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर डीएम और एसएसपी मौके पर पहुंचे। उनकी पड़ताल में छात्रों की शिकायत की तस्दीक हुई। डीएम ने विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव से बात कर परीक्षा निरस्त करने का एलान कर दिया है। डीएम के एलान के बाद परिक्षार्थियों का हंगामा शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुर में स्थित गुलाबी देवी इंटर कालेज में रविवार को विधान परिषद सचिवालय में समीक्षा अधिकारी पद के लिए परीक्षा होनी थी। इस केन्द्र पर 475 परिक्षार्थी पंजीकृत रहे। परीक्षा कराने की जिम्मेदारी दिल्ली की एक प्राइवेट एजेंसी की थी। परीक्षा के लिए सुबह आठ बजे ही अभ्यर्थियों को तलब किया गया था। परीक्षा पहली पाली में सुबह नौ बजे से 11 बजे तक होनी थी। समय से अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर पहुंच गए।

### देर से दी गई एंट्री

**परीक्षा** देने आए वीके वर्मा ने बताया कि परीक्षा केन्द्र में एंट्री का समय सुबह आठ बजे का था। यहां पर करीब नौ बजे तक अभ्यर्थियों की एंट्री की गई। अभ्यर्थियों की एंट्री कराने के बाद संचालकों ने बताया कि पेपर ही नहीं आया है। पेपर का इंतजार कर रहे छात्रों का साढ़े नौ बजे से धैर्य जवाब देने लगा। छात्र हंगामा करने लगे। खलीलाबाद से परीक्षा देने पहुंची आंचल गुप्ता ने बताया की नौ बजे तक सभी बच्चों के कमरों में बैठ जाने के बावजूद साढ़े नौ बजे तक पेपर व कॉपी नहीं बांटा गया था।

### एक कमरे में कराई जा रही थी परीक्षा

**हंगामा** कर रहे छात्रों की नजर भूतल में बंद कमरे पर पड़ी। इस कमरे में कुछ छात्र परीक्षा देते दिखे। जिसके बाद छात्रों ने कमरा जबरन खुलवाया। बंद कमरे से कुछ छात्र बाहर निकले। इसके बाद तो हंगामा और बढ़ गया।

### थानाध्यक्ष ने अभ्यर्थियों से की मारपीट

**बताया** जाता है कि किसी ने इसकी सूचना एसओ गुलरिहा को दी। वह मौके पर पहुंचे। एसओ ने परीक्षा केन्द्र के संचालकों से वार्ता की। इसके बाद उनका गुस्सा हंगामा कर रहे छात्रों पर ही टूटा। छात्रों ने एसओ पर अभद्रता एवं मारपीट करने का आरोप लगाया।

### मौके पर पहुंचे एसएसपी

**एसओ** के एकतरफा व्यवहार की शिकायत छात्रों ने एसएसपी जोगेन्द्र कुमार से सीयूजी पर की। मामले की संजीदगी को देखकर एसएसपी सवा 11 बजे मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसओ को फटकार लगाई। इसके बाद छात्रों से बात की। छात्रों ने एसएसपी को पूरा माजरा समझाया। इसी बीच मौका देखकर बंद कमरे में परीक्षा देने वाले छात्र खिसक लिए। इस दौरान छात्रा नीलम गुप्ता, चंद्रदीप ने एसएसपी से एसओ गुलरिहा की शिकायत की। उन्होंने एसओ पर अभ्यर्थियों के साथ अभद्रता व मारपीट कर परीक्षा देने के लिए बाध्य किये जाने की शिकायत की। कप्तान ने हंगामा करने वाले अभ्यर्थियों को निर्दोष बताते हुए परीक्षा एजेंसी व केंद्राध्यक्ष को फटकार लगाई।

### डीएम ने रद्द कराई परीक्षा

**एसएसपी** ने मौके से ही डीएम के. विजयेन्द्र पाण्डियन को जानकारी दी। डीएम दोपहर 11.55 बजे मौके पर पहुंचे। तब तक अभ्यर्थी रूके रहे। डीएम ने परीक्षा सेल के ऑब्जर्वर को तलब कर परीक्षा केंद्र पर थर्मल स्कैनिंग नहीं कराने, समय से परीक्षा आरम्भ नहीं कराए जाने को लेकर कड़ी फटकार लगाई। वहीं से डीएम ने प्रमुख सचिव विधान परिषद से वार्ता की। इसके बाद डीएम ने परीक्षा को निरस्त करने की घोषणा की। इसके बाद हंगामा कर रहे परीक्षार्थी शांत हुए। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव श्रीवास्तव, एसपी नार्थ अरविंद पांडेय, सीओ चौरी चौरा दिनेश कुमार सिंह, एसओ चिलुआताल, एसओ पिपराइच मौजूद रहें।

### ब्लैक लिस्टेड विद्यालय को बनाया केन्द्र

**डीएम** ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि बिना प्रशासनिक अनुमति के प्राइवेट एजेंसी द्वारा विवादित कालेज को कैसे परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इससे पहले 27 जनवरी 2019 को पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान भी इस विद्यालय पर पेपर आउट करने का आरोप लग चुका है। उस दौरान परीक्षार्थियों ने गोरखपुर-महराजगंज मुख्य मार्ग को जाम कर हंगामा किया था। मौके पर पहुंचे तत्कालीन एसएसपी डॉ. सुनील गुप्ता ने शासन से वार्ता कर परीक्षा निरस्त कराते हुए शाहपुर थाना क्षेत्र के विमल मांटेसरी गर्ल्स स्कूल को परीक्षा केंद्र बनवाकर मामले को शांत कराया था। इसके बाद आईटीआई के प्रवेश परीक्षा में भी परीक्षार्थियों से नकल कराने के लिए पैसा लेने का वीडियो कालेज के प्रधानाचार्य का वायरल हो चुका है। डीएम ने इस मामले की जांच कराने का आदेश दिया है।


### देर से मिला प्रश्नपत्र

**गुलाबी** देवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अभिषेक मिश्रा ने गड़बड़ी के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर प्रश्नपत्र दिलाने की जिम्मेदारी आब्जर्वर की है। ऑब्जर्वर अमर जायसवाल द्वारा पेपर केन्द्र पर देर से उपलब्ध कराया गया है। ऐसे में कुछ परीक्षार्थी हंगामा करने लगे हैं। जिसकी सूचना थाने पर दी गयी। उनके विद्यालय पर 475 परीक्षार्थियों के लिए केंद्र बना था। जबकि 264 बच्चे परीक्षा देने पहुंचे थे।

## चीन की नई चाल

### भूटान की जमीन पर कब्जा

**भूटान** निश्चित रूप से टकराव का नया बिंदु बनेगा क्योंकि बीजिंग ने डोकलाम के निकट उसकी कुछ जमीन पर कब्जा कर लिया है। चीन भारतीय सीमा के निकट लगातार जमीन पर कब्जे की रणनीति अपना रहा है जिससे उसके साथ हो रही वार्ता निरर्थक हो गई है। उसकी विस्तारवादी नीतियां पूरी तरह साफ हैं। अब खबर आई है कि उसने भूटान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए डोकलाम के निकट उसकी सीमा के दो किलोमीटर भीतर एक स्थाई बस्ती बनाई है। हालांकि, बाद में भूटान के राजदूत ने इससे इनकार किया, लेकिन यह आश्चर्यजनक नहीं है। बीजिंग ने हमारे सहयोगियों से लेनदेन में महारत हासिल कर ली है, लेकिन उपग्रह तस्वीरों से उसकी कारगुजारी स्पष्ट है। डोकलाम के निकट चीनी बस्ती की खबर पहले सीजीटीएन न्यूज़ प्रोड्यूसर शेन शिवेई ने साझा की थी जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीसी का मुहरा संगठन माना जाता है। हालांकि, बाद में इसे हटा लिया गया था, लेकिन पहले सारी सुविधाओं वाली एक बस्ती की फोटो डाली गई थी। शायद यह चीनी प्रचार युद्ध का एक तरीका है जिससे वह सीमावर्ती देशों को अपनी क्षेत्रीय व आर्थिक महत्वाकांक्षायें मनवाने का दबाव डालता है। उसकी नजर पहले से भूटान पर गड़ी है जहां उसने डोकलाम के निकट एक वन्यजीव अभयारण्य में घुसपैठ की है। इसके साथ ही नेपाल के सीमावर्ती गांवों पर भी चीन के कब्जे की खबरें आई हैं। भारत से 2017 में टकराव के बाद चीन ने डोकलाम में तनाव घटाने के कदम उठाए थे, पर उसकी महत्वाकांक्षाओं पर विराम नहीं लगा है। डोकलाम के निकट चीन की मजबूती भारत के उत्तरपूर्वी राज्यों, खासकर अरुणाचल



प्रदेश तक पहुंचने वाले चिकन नेक क्षेत्र को खतरे में डालती है जिसे चीन 'दक्षिणी तिब्बत' कहता है। बीजिंग ने 1996 में सामलुंग व जकारलुंग में 495 वर्ग किलोमीटर भूमि पर अपना दावा छोड़ने के लिए भूटान से बदले में डोकलाम में 269 वर्ग किलोमीटर जमीन लेने का 'प्रस्ताव' किया था। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत के बाद उसने इस मोर्चे पर थोड़ी राहत दी, पर एक साल के भीतर गलवान में आक्रामकता दिखा कर दोनों नेताओं के बीच बनी सहमति तोड़ दी जिससे द्विपक्षीय संबंध और खराब हो गए। चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर अपने रक्षा ढांचे की समीक्षा कर रहा है। गलवान के बाद उसने सीमा के मध्य, सिक्किम के सामने व पूर्वी क्षेत्रों में अपनी स्थितियां मजबूत की हैं। वह इन स्थानों पर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगा रहा है तथा उसने तिब्बत में चालक रहित हवाई वाहनों-यूएवी की संख्या बढ़ाई है व हवाई अड्डों का विस्तार किया है।

भूटान टकराव का नया बिंदु इसलिए बन रहा है क्योंकि चीन तिब्बत पर कब्जे के समय उसकी भारत के साथ निकटता भूल नहीं पा रहा है। चीन ने परंपरागत वाटरशेड सिद्धान्त नहीं स्वीकार किया है जो भूटान और तिब्बत की सीमा निर्धारित करता है। उसने भारत की तरह ही यहां भी क्षेत्र पर अपने दावे किए हैं। 1981 से चीन के साथ विभिन्न स्तरों पर असंख्य बार बात हुई है जिसमें 2003 के बाद विशेष प्रतिनिधियों के बीच 22 दौर की वार्ता शामिल है। इसके बावजूद सीमा विवाद नहीं सुलझा है और चीन 1959 की दावा रेखा मानने पर जोर दे रहा है। चीन कुछ अन्य क्षेत्रों पर दावा छोड़ने के बदले में चुशुल में जमीन लेने के लिए भारत पर दबाव डाल रहा है। लेकिन उसके दबाव में आए बिना भारत को एलएसी के सभी क्षेत्रों में यथास्थिति बनाए रखने पर जोर देना चाहिए। चीन ने सितंबर में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच वार्ता के बावजूद अपनी रणनीति में परिवर्तन नहीं किया है। 12 नवंबर को उसने दावा किया था कि भारत व चीन के बीच सैनिकों की वापसी की विस्तृत अंतिम योजना की बात 'गलत' है। चीन ने हांगकांग में लोकतंत्र-समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है तथा वह आस्ट्रेलिया को कठोर आर्थिक फैसलों की धमकी दे रहा है। बीजिंग भारत के मित्रों और हमारे खिलाफ बहुआयामी आक्रामक नीति पर चल रहा है।

# समानता आधारित हो कोविड का उपचार

**मंदी तथा नौकरियों के होने वाले नुकसान के अलावा, एक जायज़ विश्वास यह है कि सामान्य जीवन वापस लौटने में जितना भी विलंब होता है, उतने ही आर्थिक कष्ट पैदा होंगे।**



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



पिछले गुरुवार को, भारत अमेरिका में कोविड संक्रमण के मामलों का आंकड़ा 9 मिलियन पहुंचने के बाद आंकड़ों के मामले में दूसरा देश बन गया है। यह कोई उपलब्धि नहीं है, यद्यपि नीति नियंता इस तथ्य के चलते कुछ राहत महसूस कर सकते हैं कि इस घातक संक्रमण की संख्या 8 मिलियन से 9 मिलियन तक पहुंचने में 22 दिनों का समय लगा। पूर्व में एक मिलियन की बढ़ोतरी में लगने वाला समय 11 से 13 दिन का होता था। यह दोहराने की आवश्यकता नहीं है कि हम खतरे के निशान को पार कर चुके हैं। जैसा कि यूरोप के अनुभव से स्पष्ट जाहिर हुआ है, लोगों को सर्तकता बरतने के मामले में शायद ही कोई राहत मिलती है कि महामारी विकराल रूप धारण कर ले। भारत की राष्ट्रीय राजधानी, दिल्ली में भी स्थिति ऐसी ही है, जहां दीवाली पूर्व त्यौहार से जुड़ी गतिविधियां मानसूस के मौसम के सभी लाभों को नष्ट करने वाली साबित हुई हैं। यह अज्ञात है कि पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने से शहर की प्रदूषित हवा ने कोविड-19 संक्रमणों में उछाल आने में भूमिम का अदा की है, लेकिन निश्चित रूप से लोगों ने जिस हवा में सांस ली उससे कोई फायदा नहीं हुआ।

हालांकि, सामूहिक जमावड़ों के बारे में सामान्यीकरण करना कठिन होता है, मुख्यत: धार्मिक त्यौहारों से जुड़े, जो बड़े पैमाने पर संक्रमण को फैलाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। केरल में निश्चित रूप से ओणम त्यौहार ने राज्य में संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ा दी जिसने कभी महामारी प्रबंधन में अग्रणी होने का दावा किया था। फिर भी, उत्सुकतापूर्वक बिहार में लोकतंत्र का पंथनिरपेक्ष उत्सव जिसमें बड़ी राजनीतिक रैलियां आयोजित हुईं थीं और सामाजिक दूरी शून्य के बराबर रही, वहां कोरोनावायरस के प्रसार पर कोई दृश्य प्रभाव नहीं पड़ा।

पश्चिम बंगाल में, बड़ा भय यह था कि एक सप्ताह से दुर्गा पूजा से संबंधित गतिविधियां स्वास्थ्य संबंधी संकट पैदा करेंगी। भय जायज़ था चूंकि राज्य में सत्ताधारी दल ने प्राय: यह धारणा पैदा की थी कि त्यौहारों का आयोजन अन्य सभी चीजों पर हावी रहा। हालांकि, उच्च न्यायालय कठोर प्रतिबंधों के साथ आगे आया कि लोगों ने एक छोटे समूह के अपवाद को छोड़कर प्रतिबंधों का पालन किया। इस सप्ताह उच्च न्यायालय एक बार फिर छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाते हुए आगे आया, जो राज्य में वृहद बिहारी समुदाय का एक अत्यंत लोकप्रिय त्यौहार है।

न्यायपालिका की हस्तक्षेपकारी भूमिका ने प्राय: इस आधार पर आलोचनाओं को जन्म दिया है कि न्यायाधीश कार्यपालिका के काम में दखलंदाज़ी कर रहे हैं। यह न्यायिक सक्रियता के परीक्षण का स्थान नहीं है, महामारी के दौरान भी। ज्यादा महत्वपूर्ण है यह कि, कोविड-19 के बड़े पैमाने पर भय के बावजूद, लोगों में उन प्रतिबंधों पर खीझ बढ़ती जा रही है जो इस वर्ष मार्च से लागू किए गए थे। इस अधीरता का हिस्सा उस बोरियत से उपजा है, खासकर युवाओं के बीच। हालांकि, इसमें से अधिकतर का कारण उस बढ़ते विश्वास को माना जा सकता है कि कोविड-19 को गारंटी के साथ मारक व्याधि नहीं कहा जा सकता। निस्संदेह वरिष्ठ जन जिनको सांस संबंधी बीमारियां हैं वे जोखिम में है लेकिन अन्य आसानी से मुक्ति पाते देखे जा रहे हैं।

**आज दुनिया भर में सभी निगाहें उन दवा कम्पनियों पर टिकी हुई हैं जो ऐसी वैक्सीन ईजाद करने में लगी हुई हैं जो इस वायरस का प्रतिरोध कर सके। लगभग हर प्रकार की प्रगति, चाहे वो आक्सफोर्ड में हो अथवा कहीं रूस में, उस पर निकट से निगरानी रखी जा रही है। अभी तक परीक्षणों के परिणाम काफी उत्साहजनक रहे हैं और उम्मीद की जा रही है कि लोगों को जनवरी 2021 से बाबत कुछ चमत्कार दिखने अवश्य ही प्रारम्भ हो जाएंगे।**

फिर सामान्य जीवन में व्यवधान पड़ने संबंधी गंभीर आर्थिक परिणामों वाली चिंताएं हैं। मंदी तथा नौकरियों के होने वाले नुकसान के अलावा, एक जायज़ विश्वास यह है कि सामान्य जीवन वापस लौटने में जितना भी विलंब होता है, उतने ही आर्थिक कष्ट पैदा होंगे।

ऐसी स्थितियों में, अवश्यंभावी रूप से एक आकर्षण यह है कि बैंकें अंधाधुंध सरकारी दानों पर निर्भर हैं। लेकिन इसकी भी सीमा होती है कि कोई सरकार किस हद तक प्रत्येक व्यक्ति के कष्टों को कम कर सकती है। हालांकि, ईमानदारी से कहें, तो जैसा कि बिहार चुनावों ने दर्शाया है, सरकार से होने वाली मांगे बहुत ज्यादा भारी-भरकम नहीं हुई हैं। फिर भी, जल्द ही अथवा बाद में आर्थिक तबाही के राजनीतिक परिणाम होंगे।

कोई आश्चर्य की बात नहीं कि दुनिया भर में टिकी सभी निगाहें, उन दवा कम्पनियों पर हैं जो ऐसी वैक्सीन ईजाद करने में लगी हुई हैं जो इस वायरस का प्रतिरोध कर सके। लगभग हर प्रकार की प्रगति, चाहे वो आक्सफोर्ड में हो अथवा कहीं रूस में, उस पर निकट से निगरानी रखी जा रही है। अभी तक परीक्षणों के परिणाम काफी उत्साहजनक रहे हैं और उम्मीद की जा रही है कि लोगों को जनवरी 2021 से चमत्कार दिखने प्रारम्भ हो जाएंगे। यद्यपि भारतीय कम्पनियों ने वैक्सीन की आपूर्ति के लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ समझौते किए हैं, यह अभी भी अनिश्चित है कि कब देश में पर्याप्त आपूर्तियां उपलब्ध होंगी। यह निश्चित है कि वैक्सीन की उपलब्धता पर को लेकर राहत की भावना के साथ यह भी सवाल मौजूद है कि कतार में सबसे पहले वैक्सीन किसे प्राप्त होगी। यह एक महत्वपूर्ण मामला है चूंकि वैक्सीन की उपलब्धता न हो पाना किसी भी सरकार के लिए राजनीतिक समस्याएं पैदा करेगा, जिसकी आपूर्ति कम होना संभावित है, कम से अस्थायी रूप से। साथ ही साथ भाई-भतीजावाद एवं मुनाफाखोरी के आरोप भी लगना प्रारम्भ हो जाएंगे। इसलिए यह अनिवार्य हो जाता है कि प्रचालन सामग्री संबंधी तैयारियों के साथ-साथ, जो कि कहा जाता है कि जारी हैं, एक निश्चित श्रेणी निर्धारित की जाए कि किसे प्राथमिकता पर वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी। यूनाइटेड किंग्डम सरीखे बहुत से देशों ने पहले से ही उन ग्राहकों का एक संस्तरण तैयार कर लिया है जो कि वस्तुपरक आधार पर निर्धारित किया गया है। बेहतर होगा कि भारत भी इस प्रक्रिया का अनुसरण करे।

लगभग एक वर्ष से महामारी का बहादुरी से सामना करके, अंतिम समस्या जो देश को दूर करनी होगी वह है चिकित्सीय देखभाल का का ईमानदारी से वितरण जिसकी मांग निश्चित रूप से आपूर्ति से ज्यादा होगी।

# एंटीबायोटिक प्रदूषण से बचना आवश्यक

**"एंटीबायोटिक प्रदूषण पर लगाम न लगने की स्थिति में औषधि-प्रतिरोधी बैक्टीरिया ज्यादा भयानक व घातक महामारी का कारण बन सकते हैं।"**

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



पहले मनुष्यों व जानवरों के रोगकारकों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध सामान्य नहीं था। लेकिन आज मल्टी ड्रग प्रतिरोधी बैक्टीरिया आम हो गए हैं जिससे हमारे स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं के सामने बड़ी चुनौती आई है तथा मनुष्यों की मृत्यु दर बढ़ रही है। वैज्ञानिक प्रमाणों से संकेत मिलते हैं कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध जीन्स व एंटीबायोटिक पर्यावरण में एक बड़ा खतरा पैदा कर रहे हैं जो नए स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकता है। इसके कुछ बड़े स्रोतों में पशुपालन फर्मों से निकलने वाला कचरा, एंटीबायोटिक विनिर्माण फर्मों से निकलने वाला गंदा पानी तथा अस्पतालों का कचरा है। खाद या कंपोस्ट भी एंटीबायोटिक प्रदूषण का चिन्ताजनक स्रोत है। प्रयोग होने वाले उत्पादों के मानकीकरण या अनिवार्य परीक्षण की व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाली खाद और कंपोस्ट उत्पाद बड़े पैमाने पर एंटीबायोटिक अवशेषों तथा प्रतिरोधी बैक्टीरिया से भरे रहते हैं।

कोविड-19 के कारण बड़े पैमाने पर औषधि-प्रतिरोधी संक्रमणों में अचानक वृद्धि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। 'रिव्यू आन एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस' प्रकाशन के अनुसार, हर साल दुनिया में प्रतिरोधी संक्रमणें के कारण 7,00,000 लोगों की जान जाती है और आने वाले दिनों में यह आंकड़ा बढ़ेगा। इसमें अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक दुनिया भर में 10 मिलियन लोगों के सामने सक्रमणों के प्रतिरोधी स्ट्रेनों का खतरा पैदा होगा। इससे शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र इस स्तर तक कमजोर हो जाएगा कि वह छोटी-मोटी बीमारियों जैसे मूत्र तंत्र संक्रमणों से भी अपनी रक्षा करने योग्य नहीं रह जाएगा। यह मानव शरीर के हानिकारक बैक्टीरिया का घर बनने के कारण होगा। एंटीबायोटिक पर्यावरण बैक्टीरिया के लिए भी चयन का



दबाव डालते हैं और वे एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी व्यवस्थायें विकसित करते हैं।

दुनिया भर में पर्यावरण में एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। अमेरिका में शहरी नदियों व नदियों की तलहटी में बाल्टीमोर जैसे शहरों में एंटीबायोटिकों का बढ़ा स्तर दिख रहा है। इसके बाद अमेरिका में पर्यावरण अधिकारियों के साथ नगर अधिकारियों ने स्थानीय जल भंडारों में प्रदूषण रोकने के असाधारण कदम उठाए हैं। भारत को भी वैश्विक घटनाक्रम पर नजर रखते हुए अपने परिवेश में एंटीबायोटिक प्रदूषण की गंभीरता पर गौर करना चाहिए। एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी सुपरबग विभीषिका गंभीर हो रही है और देश में हर साल लगभग 60,000 नवजात इनके कारण मर रहे हैं। एंटीबायोटिक प्रदूषण रोकने के लिए भारत को सभी संभावित प्रदूषकों तथा संभावित हाटस्पाट की सूची बनानी चाहिए। अध्ययनों के अनुसार एंटीबायोटिक प्रदूषण गंदा जल शोधन प्लांटों में सबसे ज्यादा है और यहीं से बैक्टीरिया पर्यावरण में मिल कर मानव रोगकारकों में नए व खतरनाक स्ट्रेन पैदा करते हैं। इसके साथ ही भारत और चीन दुनिया के सबसे बड़े एंटीबायोटिक निर्माता हैं और वे हवा तथा पानी में भारी मात्रा में प्रदूषक छोड़ते हैं। देश में यह प्रदूषण दशकों से जारी है। समझा जाता है कि यह सुपरबग संक्रमणों को जन्म देता है जो सभी ज्ञात औषधियों के प्रतिरोधी होते हैं।

देर से ही सही, पर देश में खासकर नदियों में इस प्रकार के प्रदूषण के प्रति जागरूकता पैदा हुई है। जनवरी में विनिर्माण इकाइयों द्वारा पर्यावरण में छोड़े जाने वाले एंटीबायोटिक कचरे के संकेन्द्रण स्तर को सीमित करने के बारे में एक विधेयक का प्रारूप पेश किया गया था। इसका उद्देश्य मनुष्यों को जोखिम न्यूनतम करना है। इस कदम की ओर फौरन अंतरराष्ट्रीय शोध समुदाय का ध्यान गया है जो खासकर पर्यावरण में एंटीबायोटिक प्रदूषण पर काम कर रहा है। गुटेनबर्ग विश्वविद्यालय के एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस रिसर्च विभाग ने भारत सरकार के प्रस्तावित विधेयक को समस्या से निपटने हेतु 'भावी लंबी छलांग' बताया है।

हालांकि, यह सही दिशा में स्वागत योग्य कदम है, पर विधेयक के प्रारूप से आगे बढ़ने की जरूरत है। सरकार को एंटीबायोटिक दवायें बनाने वाली कंपनियों पर कठोर नजर रखते हुए नियमित रूप से उनके द्वारा पर्यावरण व खासकर पानी में छोड़े जाने वाले कचरे के आयाम, गुण व सीमा पर नजर रखनी चाहिए। इसके साथ ही यह सूचना संबंधित कंपनियों के वेबपोर्टल पर जारी की जानी चाहिए ताकि अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय क्लाइंट उनकी पर्यावरण के प्रति जवाबदेही का आंकलन कर सकें तथा डेटा में पारदर्शिता दिखाई दे। इन उपायों से कंपनियां पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य मानकों का पालन करने के लिए मजबूर होंगी तथा प्रदूषकों को भारी जुर्माना अदा करना पड़ेगा। बेलगाम रहने पर एंटीबायोटिक प्रदूषण के कारण पैदा औषधि-प्रतिरोधी बैक्टीरिया ज्यादा व्यापक व घातक महामारी को जन्म दे सकते हैं। इनके परिणामों को समझ कर फौरन उपयुक्त कदम उठाए जाने चाहिए।

## आप की बात

### अच्छा या बुरा?

**भारत** में टेलिविजन ब्रॉडकास्टर और विज्ञापनदाताओं दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बना हुआ है, जिसकी अद्वितीय पहुंच और दर्शकों की संख्या से इसका आनंद मिलता है। हालांकि, टीवी देखने का एक माध्यम है। भारत सरकार ने देश को डिजिटल सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया की शुरुआत की। लेकिन दूसरे विचार में, अधिकांश इभारतीय टेलीविजन की वजह से नकली समाचारों और उथले शो से बीमार हैं। तबलिगी जमात मामले में टीवी चैनलों ने जिस तरह से झूठ फैलाया और जिस तरह से उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या की कहानी को विकृत किया, उसने पत्रकारिता के हर नियम और यहां तक कि शालीनता के नियमों का भी उल्लंघन किया। इसके अलावा, टेलिविजन का ओवरडोज आपको वास्तविकता का एक विकृत अर्थ देता है। टीवी का रहस्यमय प्रभाव बढ़ जाता है, जब यह प्रभावशाली दिमाग में आता है। लंबे और असुरक्षित समय तक टीवी देखने को भी बच्चों में आक्रामक व्यवहार से जोड़ा गया है। अब, ठहराव का बटन दबाएं और अपने आप से पूछें; मैं रोज टीवी के सामने कितना समय बिताता हूं। क्या टेलीविजन मेरे भविष्य के लिए अच्छा है?

– **खुशबू वेद**, उज्जैन

### दिल्ली पर कोरोना का कहर

**कोरोना** के बढ़ते मामलों पर दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल सरकार को फटकार लगाई। कोरोना कहर जिस तरह से दिल्लीवासियों पर हावी है। बिल्कुल चिन्तनीय है। कोरोना की बेकाबू हालातो पर अगर देखा जाए तो वंहा पर श्मसान खाली नही है। और रात को अंतिम संस्कार करने पढ़ रहे है। रात में चिताएं जल रही है। कोरोना ग्राफ के बढ़ते आकड़े फिर एक बार मौत, मातम ,का माहौल निर्मित कर रहे है।अब और सर्दी के मौसम में फिर मुसीबते बढ़ना है। इन हालातों को हवा देने में नागरिकों की भूमिका भी सकारात्मक दिखती नजर नही आती। लोगों के मन मे अतिविश्वास , और हठधर्मिता इतनी हो चुकी की वो गाइड लाइन का पालन ही नही करते। बगैर मास्क ,और दूरी का पालन नही करना अपनी महानता समझते है। भीड़तंत्र में कोरोना को हवा देने में गैर जिमेदार रुख अपना रहे है। अब देश में सब कुछ खुल चुका है।और ऐसे कोरोना के हालात खौफनाक है। किस तरह महामारी पर नियंत्रण हो जटिल वर्ग पहेली बन गई। लोगो के मन मे डर जरूरी हो जाता है। बिल्कुल मास्क नही पहनने वालों पर 500 के बजाय 2000 शुल्क लेना चाहिये। क्योंकि इनकी लापरवाही अन्य लोगों को प्रभावित करती है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### हर घर पेयजल

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर और सोनभद्र क्षेत्र में हर घर शुद्ध पेय जल पहुंचाने के कार्यक्रम का शिलान्यास किया है। सिकुड़ते जल स्रोतों व जलाभाव से गुजरने वाले क्षेत्र के लिए यह बहुत राहत की बात है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विंध क्षेत्र में हर वर्ष गर्मी के महीने में पेय जल की समस्या से जूझता था। आजादी के सत्तर वर्ष बाद भी केवल 300 गांव में ही शुद्ध जल की व्यवस्था हो पाई थी। जिस प्रकार से गोवा राज्य हर घर शुद्ध जल पहुंचाया है उसी प्रकार उत्तर प्रदेश में भी 5555 करोड़ की लागत से लगभग 3000 गांव तक पाइप लाइन के जरिए शुद्ध पेय जल पहुंचाने की परियोजना को शुरू किया गया है। बताया जा रहा कि इससे लगभग 42 लाख लोगों को किसानी और अन्य दैनिक कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने विंध्य क्षेत्र में इस परियोजना का शिलान्यास कर, लोगों को न सिर्फ शुद्ध पेय जल दिया बल्कि सैकड़ों बीमारियों से भी निजात दिलाए। यह परियोजना आगामी 24 महीने में पूर्ण हो जाएगी।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मैं** इस बैठक के माध्यम से यह जानकारी देना चाहता हूं कि 2021 के विधानसभा चुनावों में भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन बना रहेगा।

– **ओ पनीरसेल्वम**
अन्नाद्रमुक नेता

**सरकार** लव जिहाद की घटनाओं पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए कड़ा कानून लाने पर विचार कर रही है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश





**25** नवंबर को आयोजित स्पीकरों के सम्मेलन के दौरान विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के बीच बेहतर समन्वय बिठाने पर चर्चा होगी।

– **ओम बिरला**
लोकसभाध्यक्ष

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस पलटी, 23 यात्री घायल

● चालक को झपकी आने पर हुआ हादसा

संवाददाता। बांगरमऊ (उन्नाव)

**दिल्ली** से बहराइच जा रही डबल डेकर बस के चालक को रविवार भोरपहर आगरा एक्सप्रेस वे पर झपकी आ गयी। झपकी आते ही बस अनियंत्रित होकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिरधरपुर के निकट पलट गयी। घटना के वक्त बस में लगभग अस्सी यात्री सवार थे। हादसे में 23 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा होते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुँची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने घण्टो मशक्कत के बाद बस में फंसे सभी यात्रियों को एक-एक कर बाहर निकाला और पुलिस तथा एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस और पुलिस के पहुंचने पर यूपीडा की टीम ने घायल यात्रियों को सीएचसी पहुंचाया। यहाँ के चिकित्सकों ने आधा दर्जन घायलो की हालत नाजुक बताकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि मरहम पट्टी के बाद अन्य यात्रियों को छुट्टी दे दी। उधर यूपीडा कर्मियों ने एक्सप्रेस वे पर पलटी पड़ी बस को क्रेन की सहायता से हटाया। तब जाकर आवागमन बहाल हुआ।

घटना में नाजिश 19 वर्ष पुत्री तुफैल निवासी कोचानी बंगला थाना केसरगंज जिला बहराइच, विनीत 24 वर्ष पुत्र पवन सिंह निवासी रामगढ़ पुलिस स्टेशन कर्नलगंज जिला गोंडा, शायमा 16 वर्ष पुत्री नसीम खाँ निवासी जीवन नेहरू मार्केट थाना शंकरपुर दिल्ली, केसर 28 वर्ष पत्नी जरार निवासी सगरौला मूल थाना असांधरा जिला बाराबंकी, नाजिया बानो 11 वर्ष पुत्री मो जरार निवासी सगरौला मूल असांधरा बाराबंकी, जहरा 09 वर्ष पुत्री मो जरार निवासी सगरौला मूल असांधरा बाराबंकी, तूफैल 17 वर्ष पुत्र नन्हक्के निवासी सफिय़ाबाद थाना रानीपुर जिला बहराइच, अंश 01 वर्ष पुत्र पीतम केशरगंज बहराइच, रजनी 28 वर्ष पत्नी प्रीतम निवासी केशरगंज बहराइच, राजू 16 वर्ष पुत्र चंदाली निवासी नुरदीचक थाना हुजूरपुर बहराइच, इब्ने अली 26 वर्ष पुत्र इस्तखार अली निवासी केशरगंज बहराइच, जफरून 54 वर्ष पत्नी नसीम खान निवासी जीवन नेहरू मार्किट शंकरपुर दिल्ली, मो फहीम 26 वर्ष पुत्र असलम निवासी मीरगंज जावल रोड बहराइच, भवानीदीन 47 वर्ष पुत्र रामस्वरूफ निवासी बवाची थानां कबरई जनपद महोबा, मुबारक अली 56 वर्ष पुत्र झल्ली निवासी हैबतपुर फकीरपुर बहराइच, शाहहुसैन 28 वर्ष पुत्र मुबारक अली निवासी हैबतपुर फकीरपुर बहराच, धीरज गौड़ 21 वर्ष पुत्र मूलचंद मोहल्ला भस्मरहा पथेरपुर बहराइच, मो उस्मान 45 वर्ष पुत्र इतवारी केशरगंज बहराइच, प्रह्लाद 25 वर्ष पुत्र जगप्रसाद निवासी हरवातार हुजूरपुर बहराइच, जमुना प्रसाद 65 वर्ष पुत्र छोटे लाल निवासी कैसरगंज बहराइच, इदरीस 23 वर्ष पुत्र फुलवंत निवासी हाथा देवलिया हुजूरपुर बहराइच, अंश 01 वर्ष पुत्र प्रीतम निवासी केसरगंज बहराइच, मायरा 08 वर्ष पुत्री नजीम खान निवासी जीवन नेहरू मार्किट शंकरपुर दिल्ली घायल हो गये।

# 180 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

● टेंगरा मोड़ के पास भाग रहे शराब तस्कर पुलिस को कुचलने का किया प्रयास किन्तु असफल रहे, पुलिस ने दो शातिर शराब तस्कर को धर दबोचा

**वाराणसी।** रामनगर थाना क्षेत्र के टेंगड़ामोड़ स्थित प्रधान ढाबा के सामने हाईवे पर मनबढ़ तस्करों ने पुलिस को कुचलने का असफल प्रयास किया। खुद को बचाते हुए पुलिस ने घेर कर ट्रक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान लगभग 180 पेटी शराब बरामद हुई है। पकड़ी गई अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा निर्मित है जिसे बिहार तस्करी कर ले जाया जा रहा था। वहीं कार्रवाई के दौरान भाग रहे शराब तस्करों में से दो तस्कर को पुलिस ने दबोच लिया जबकि एक फरार हो गया। वहीं तस्करों पर जान से मारने के प्रयास के साथ ही विभिन्न धाराओं में पुलिस ने केस दर्ज किया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस देर रात से ही शराब तस्कर को पकड़ने की ताक में लग गई। भीटी गांव के सामने हाईवे पर वाराणसी की ओर से आने वाली वाहनों की पुलिस जांच में जुट गई। डाफी की तरफसे ट्रक आती दिखाई देने पर पुलिस ने रुकने का इशारा किया। थाना प्रभारी नरेश कुमार सिंह ने कहा कि पकड़े गए तस्करों में हरियाणा के झज्जर जनपद के थाना जैनपार के अशोक नगर पावर हाउस के पास निवासी सुमित तथा दूसरा भी हरियाणा के जिंद जनपद के थाना जलाना के बुढ़ाखेड़ा निवासी अमृत है। जबकि पंजाब के जनपद अमृतसर में अल्फा सिटी ब्लाक पार्क निवासी गुरु प्रसाद फरार हो गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव, चौकी प्रभारी भीटी विनोद मिश्रा, कांस्टेबल रोशन कुमार, रवि मौर्या, अमित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## विवक न्यूज़

### गोपाष्टमी पर धर्म संघ में किया गया गौ पूजन



**वाराणसी।** गोपाष्टमी के अवसर पर धर्मसंघ में गौ पूजन किया गया। गोपाष्टमी रविवार दोपहर दुर्गाकुण्ड स्थित मणि मंदिर, धर्मसंघ शिक्षा मण्डल में धूमधाम से गौपूजन कर मनाया गया। धर्मसंघ परिसर में स्थापित स्वामी करपात्री आदर्श गौशाला में प्रातः 9 बजे धर्मसंघ महामंत्री पंडित जगजीतन पाण्डेय ने सविधि पूजन अर्चन किया। आचार्य समानंद पांडेय के आचार्यत्व में 11 वैदिक ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद के मंत्रोच्चार के बीच षोडषोपचार विधि से गऊ पूजन किया गया। सर्वप्रथम गौरी गणेश पूजन तथा आदित्य पूजन हुआ। तदपश्चात भगवान विष्णु पूजन कर गौपूजन किया गया। गोपाष्टमी के अवसर पर धर्मसंघ की गौशाले में सैकड़ों की संख्या में रह रही गायों को प्रातःकाल स्नान कराया गया। गौ सेवा के बाद गायों का रेशमी वस्त्र, मुकूट आभूषण आदि से श्रृंगार किया गया। पूजन के उपरांत सभी गायों को गुण, फल और मिठाई आदि भोग खिलाया गया। इस अवसर पर गौपूजन के बाद मुख्यअतिथि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजाराम शुक्ला ने कहा कि गाय सर्वसुख प्रदान करने वाली है, गौसेवा से ना सिर्फ सुख समृद्धि प्राप्त होता है अपितु मोक्ष के द्वार भी स्वतः खुल जाते है। गौपूजन में मुख्य रूप से कैंट से भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव, शालिनी यादव, सेंट्रल बार के पूर्व अध्यक्ष विवेक शंकर तिवारी, कृष्णानन्द पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, अमरेश पाण्डेय, तनुज पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे। आगत अतिथियों का स्वागत राजमंगल पाण्डेय ने किया।

### हरसेवानन्द स्कूल में एनसीसी प्रशिक्षण शिविर

**वाराणसी।** स्वामी हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल बनपुरवा शाखा के प्रांगण में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर से पूर्व सलेक्शन शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. एके चौबे ने बताया कि कुल 25 कैडेट्स की सीट के लिए आयोजित सेलेक्शन कैम्प में 80 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसके लिए 91 यूपी बटालियन एनसीसी मुगलसराय चन्दौली से आये सीओ एसके गोस्वामी, कर्नल तरूण खन्ना की टीम ने पहले फिजिकल टेस्ट लिया, द्वितीय चरण में मेडिकल टेस्ट की कार्यवाही हुई, तृतीय चरण में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। पुनः अन्तिम चरण में मौखिकी साक्षात्कार किया गया। चयनित प्रतिभागियों की सूची शीघ्र ही विद्यालय की नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी और विद्यार्थियों द्वारा उपलब्ध कराये गये मोबाईल नम्बर पर उसकी सूचना दी जायेगी। सलेक्शन कैम्प में बटालियन से सुबेदार नरेन्द्र कुमार, लखबीर सिंह, हवलदार धर्मेन्द्र सिह, दिनेश प्रसाद तथा विद्यालय के छात्रावास अधीक्षक एमएस यादव, एएनओ मनोहर यादव, एसके शर्मा व कैडेट्स उपस्थित रहे।

### सपाइयों ने हवन यज्ञ कर मनाया सपा मुखिया का जन्मदिन

**प्रयागराज।** सपा संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर सपाइयों ने उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। सपा नेता मुलायम सिंह यादव के 82 वें जन्म दिन पर सपाईयों ने हवन पूजन के साथ ही फल आदि भी वितरित किया। समाजवादी पार्टी के संरक्षक पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82 वाँ जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया। सपा के जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव की अगुवाई में जिला कार्यालय जॉर्जटाउन में केक काटा गया। इसके बाद संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना यज्ञ हवन कर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। बाँध किनारे स्थित कुष्ठ आश्रम में जरूर मंदों को फल वितरण किया एवं सपा के पूर्व प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने बुजुर्गो एवं विकलांगों को कंबल देकर अपने नेता के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर नागेन्द्र सिंह पटेल सत्य वीर मुन्ना राम सेवक पटेल कमल सिंह यादव के के श्रीवास्तव संदीप पटेल महबूब उस्मानी जीत राज हेला हिमांशु सिंह भोला पाल पप्पू इसराईल आदि मौजूद रहे।

### गेहूं बीज से उत्तर प्रदेश के किसानों की गेहूं उत्पादकता बढ़ी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के किसानों ने श्रीराम सुपर दो सौ बावन और श्रीराम सुपर तीन सौ तीन गेहूँ बीज की उत्पादकता पर खुशी ज़ाहिर की है। श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने किसानों की फसल उत्पादकता बढ़ाने में मदद करने के लिए ये आधुनिक अनुसंधान उन्मुख उत्पाद विकसित किए हैं। श्रीराम सुपर दो सौ बावन और तीन सौ तीन गेहूँ बीज के लॉन्च के बाद इनकी लोकप्रियता बहुत अधिक बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के किसान गेहूँ की इन किस्मों को खूब पसंद कर रहे हैं। श्रीराम फ़र्टिलाइज़र्स एण्ड कैमिकल्स के विश्वविख्यात वैज्ञानिकों ने इन किस्मों को विकसित किया। उत्तर प्रदेश बिहार उत्तराखण्ड एवं तराई क्षेत्रों में गेहूँ किसानों की पहली पसंद बन गए हैं। पूर्वांचल में धान की फसल कटने पर गेहूँ की देर से बुवाई होती है। इस कारण इस क्षेत्र के किसानों की प्रति एकड़ गेहूँ की उपज देश के अन्य प्रांतों की अपेक्षा बहुत कम है। अयोध्या के किसान सुनील कुमार ने एक एकड़ में श्रीराम सुपर दो सौ बावन बोया था और साथ ही एक एकड़ में अन्य किस्म की बुवाई भी की थी। वह श्रीराम सुपर दो सौ बावन की बेहतर परफॉरमेंस से काफी प्रभावित हुए है।

### गोपाष्टमी पर पालिकाध्यक्ष ने किया गौ पूजन



**बांगरमऊ उन्नाव।** गोपाष्टमी के अवसर पर आज पालिकाध्यक्ष और पालिका कर्मियों ने गौशाला पहुंचकर गौ पूजन किया गया। साथ ही पालिका अध्यक्ष इजहार खा गुड्डू ने गौशाला मे चारा पानी की व्यवस्था का जायजा लिया। पालिका भवन के बगल में स्थित गौशाला में आज गोपाष्टमी पर अध्यक्ष एवं सभासदों तथा पालिका कर्मियों ने गौ पूजन किया। गौ पूजन के बाद पालिका अध्यक्ष श्री गुड्डू ने गौशाला और आदर्श रैन बसेरा की सफाई व्यवस्था एवं गोवंश के लिए चारा पानी की उपलब्धता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने बताया कि पालिका भवन के सामने स्थित शहीद जसा सिंह भवन में आदर्श रैन बसेरा स्थापित किया गया है। रैन बसेरा में छह बिस्तेर पुरुषों एवं चार बिस्तर महिलाओं के लिए उपलब्ध कराए गए हैं इसके अलावा रैन बसेरा मे शौचालय एवं पानी आदि की व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। साथ ही रैन बसेरा में आसरा लेने वाले लोगों के लिए नाश्ता और भोजन की व्यवस्था भी की जा चुकी है। उन्होंने उपस्थित सभासदों से आवास विहीन लोगों तथा यात्रियों को रैन बसेरा में रहने के लिए प्रेरित करने की अपील की। गो पूजन में उमाशंकर यादव, आनंद सिंह अर्कवंशी, विक्की, राहुल शुक्ला, अजय गुप्ता व मंगल यादव आदि सभासदों के अलावा शिवलाल, राजकुमार देव, रविंद्र कुमार, मुकेश, सुनील व सुरेंद्र यादव आदि पालिका कर्मी शामिल हुए।

### सरकारी योजनाओं में पलीता लगा रहे गांवों के प्रतिनिधि

**फतेहपुरचौरासी, उन्नाव।** योगी सरकार के अच्छे कामों पर अधिकारी कैसे पलीता लगाते हैं। इसकी ताजा मिसाल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से की जा सकती है। जी हां चौंकिए मत यह एकदम सत्य है। सरकार की मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। इस योजना में चाहे रोजगार की गारंटी हो न हो लेकिन भ्रष्टाचार की पूरी गारंटी है। दरअसल वर्ष 2005 में प्रारम्भ हुए मनरेगा का मकसद ग्रामीण इलाकों के गरीब या अकुशल लोगों को एक साल में कम से कम 100 दिन का रोजगार देना था ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के साथ ही गांवों से शहर का पलायन रोंका जा सके। लेकिन सरकार के प्रयास से पहले ही मनरेगा योजना जैसे ही जमीन पर उतरी तो धीरे-धीरे इसका भी वही हाल होने लगा जो इस देश में तमाम दूसरी योजनाओं का होता है। नतीजा यह रहा कि आज मनरेगा में भ्रष्टाचार और शोषण का जबर्दस्त घुन लग गया। ताजा उदाहरण उन्नाव जिले के फतेहपुर 84 ब्लाक का है। पार्टी हमीद गांव निवासी रजिया ग्राम प्रधान हैं जिनके पति का नाम इदरीश पुत्र हनीफहै। यहां के विषय में सूत्रों का कहना है प्रधानपति नें पहले खुद के नाम पर मनरेगा कार्ड बनाया फिर बिना काम किये ही सरकारी धन प्राप्त ही नहीं किया बल्कि सरकारी राजस्व को चूना भी लगाया है। आपको बताते चलें कि वर्ष 2018-19 में जारी किये गये एक मस्टर रोल के अनुसार पट्टी हमीद निवासी इदरीश पुत्र हनीफद्वारा मनरेगा के तहत कन्हैयालाल चौरसिया के दरवाजे से सुखलाल के दरवाजे तक खड़ंजा और नाली निर्माण कार्य में 1 सप्ताह मजदूरी करना दर्शाया गया है। जो कि पट्टी हमीद की ग्राम प्रधान रजिया के पतिदेव हैं। जिन्होंने मनरेगा के तहत कराये गये अलग अलग प्रस्तावित कार्यों में अपने आपको मजदूर दर्शा कर सरकार को हजारों रुपयों का चूना लगाया है। जारी मस्टररोल के अनुसार इदरीश का वैगलिस्ट नम्बर 3131003 डब्ल्यूएल 060813 और जॉब कार्ड नम्बर यूपी-31-003-020-003/103 है। जिन्होंने अब तक 59 हजार 349 रुपये अवैध तरीके से आहरण कर सरकार के महत्त्वाकांक्षी योजना को चूना लगाया है। मामला यहीं तक सीमित नहीं रहा स्वयं पट्टी हमीद की ग्राम प्रधान रजिया जी हैं। जिनका नाम पात्र गृहस्थी में शामिल है।

# कप्तान ने लालपुर-पाण्डेयपुर थानाध्यक्ष को किया निलंबित

● भेलूपुर इंस्पेक्टर श्रोतिया एवं शिवपुर थानाध्यक्ष नागेश सिंह को शिथिलता बरतने के आरोप में हटाये गये, पुलिस लाइन में तैनात

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**वरिष्ठ पुलिस** अधीक्षक अमित पाठक ने लालपुरण्पाण्डेयपुर थाना प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश राय को उच्चाधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप कार्य न करनेए कर्तव्य के प्रति लापरवाहीए अनुशासनहीनता व स्वेच्छाचारिता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। साथ ही विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा भेलूपुर थाना प्रभारी अजय कुमार श्रोतिया, व शिवपुर थानाध्यक्ष नागेश कुमार सिंह को प्रशासनिक आधार पर पुलिस लाइन स्थानान्तरित किया गया। बता दें कि लालपुर थाना क्षेत्र में इन दिनों अपराधिक वारदातों ताबड़तोड़ हुईं हैं। किसी भी मामले में पुलिस को सफलता नहीं मिली है। लालपुर मस्जिद के पास शनिवार को भतीजे ने चाचा की गोली मारकर हत्या के दी थी। भेलूपुर इंस्पेक्टर अजय कुमार श्रोतिया को इसलिए हटाया गया क्योंकि 19 नवम्बर को दुर्गाकुंड स्थित कैवल्यधाम कालोनी में एक गर्ल्स हास्टल में कार्यरत केयरटेकर विशाल कुमार को बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने में नामायाब रही है जिसके चलते भेलूपुर थाना प्रभारी पर गाज गिर गई। वहीं लालपुर-पाण्डेयपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को भतीजे ने अपने चाचा को दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दिया था जिसके चलते वेदप्रकाश राय को कुर्सी गंवानी पड़ी।

# कार्यकर्ताओं ने सपा संरक्षक का मनाया 82वां जन्मदिन

● कहीं केक काटकर, तो कहीं मिठाई खिलाकर मनाया बर्थडे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**समाजवादी** व्यापार सभा के महानगर अध्यक्ष राजेश केशरी के नेतृत्व में रविवार को मैदागिन चौराहे पर सपा के संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की 82वीं जयंती कार्यकर्ताओं ने उनके पोस्टर पर मिठाई खिलाकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापार कर के पूर्व सदस्य प्रदीप जायसवाल रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता एवं समाजसेवी गोपाल दास यादव(बाबजी)ने मुलायम सिंह यादव को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि हम सभी सपा कार्यकर्ता श्री काशरी विश्वनाथ एवं माता अन्नपूर्णा एवं श्री काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव से प्रार्थना करते हैं कि वे दीर्घायु हों और संरक्षक मुलायम सिंह यादव अपने सपा के कार्यकर्ताओं को अच्छी राजनीतिक करने की नसीहत दें। व्यापार सभा के महानगर अध्यक्ष राजेश केशरी ने कहा कि नेताजी दीर्घायु हों और हम सब को अपना आर्शीवाद प्रदान करें। जन्मदिन मनाने वालों में पूर्व महानगर अध्यक्ष पारस नाथ जायसवाल, विजय कपूर, गोपाल दास यादव, मुकेश जायसवाल, रवि जायसवाल, संजीव झा, बिहारी सेठ, संजय केशरी, प्रभाकर यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

समाजवादी युवजन सभा पार्टी के जिलाध्यक्ष कामेश्वर उर्फ किशन दीक्षित के नेतृत्व में रविवार को समाजवादी पार्टी के संरक्षक और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82वां जन्मदिन पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के नवापुरा इलाके में जुटे सपाईयों ने मुलायम सिंह के जन्मदिन पर पुरे इलाके को लाल और हरे गुब्बारों से सजाया था और सपा के झंडे के रंग से बने केक को मुलायम सिंह की बड़ी सी होर्डिंग्स के आगे ले जाकर काटा। इस दौरान बधाईयों और जिंदाबाद के नारे भी मुलायम सिंह के लिए खूब लगे। केक काटने के बाद सभी ने बारी बारी मुलायम सिंह की तस्वीर और होर्डिंग्स को प्रतीक के रूप में केक खिलाया और फिर एक दूसरे का मुँह भी मीठा कराया। सपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि आज जन्मदिन के अवसर पर वे बाबा काशी विश्वनाथ से पार्टी के संरक्षक के हमेशा स्वस्थ रहने की कामना भी कर रहें हैं। आज पांडेपुर ऐतिहासिक धरती पर मुलायम सिंह यादव जी का जन्म दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य रुप से दीप चंद गुप्ता नगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी वाराणसी जी के नेतृत्व में पांडेपुर चौराहे पर जन्म दिवस मनाया गया दीप चंद गुप्ता मोनू चौहान होरी लाल गुप्ता पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष अनिल प्रजापति रमेश पाल गप्पू कनौजिया सनी गुप्ता प्रकाश राजभर बबलू पाल सौरव यादव कन्हैया विश्वकर्मा अनिल विश्वकर्मा विनय गुप्ता चंदू सुधांशु शर्मा पप्पू अग्रहरि काशी यादव राजू पंडित सनी यादव समीर यादव तमाम समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ज्ञान को जितना आत्मसात करेंगे उतना बढ़ेगा आत्मबल: शुक्ल

● यूपी बोर्ड मुख्यालय में मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



सम्मानित मेधावी

**शिक्षा मन** के द्वार खोलती है। आज ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो ज्ञान से ओत प्रोत हो। हम ज्ञान को जितना आत्मसात करेंगे आत्मबल उतनी ही तेजी से आगे बढ़ेगा। यह बातें यूपी बोर्ड के सचिव दिव्य कान्त शुक्ल ने यूपी बोर्ड मुख्यालय में मंगला प्रसाद इण्टर कालेज बामपुर प्रयागराज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि यही बच्चे देश के भविष्य हैं। इनके भविष्य के बारे में सोचने की जिम्मेदारी हम सभी की है। माध्यमिक शिक्षा परिषद्‌ए क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज के अपर सचिव शिव प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि माता पिता के नाम पर कई वर्षों से मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये पुरस्कार प्रदान कर रहे हैं। इसी के अंतर्गत प्रत्येक वर्षो की तरह यह धनराशि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए दी जा रही है। जिससे बच्चों का मनोबल और आगे बढ़े और उनमें कुछ करने की इच्छा जागृत हो सके। इसी क्रम में यूपी बोर्ड मुख्यालय में छात्र छात्राओं को स्वण् डा त्रियुगी नारायण द्विवेदी एवं स्वण् सूर्या द्विवेदी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में इण्टरमीडिएट के मेधावी विशाल कुमार मिश्र आशीष कुमार को 10500 रुपये की धनराशि और हाईस्कूल की मेधावी आकृता गौतम को 21 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन जीआईसी के वरिष्ठ शिक्षक प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक आर एन विश्वकर्मा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा इलाहाबाद पब्लिक स्कूल के राजीव मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## व्यवसाइयों को बनाएंगे महत्वाकांक्षी

**प्रयागराज।** कोरोना काल के दौरान सबसे ज्यादा असर बाजारों पर पड़ा है। इसके लिए देश के महत्वाकांक्षी और स्थानीय व्यवसाइयों की मदद के लिये ग्रोफर्स मार्केट पहल की घोषणा की गयी है। देश के सबसे बड़े ग्रॉसरी रिटेलर ग्रोफर्स ने इस पहल के तहत स्थानीय व्यवसाइयों के साथ भागीदारी कर उन्हें बेहतर बनाने का मौका देगा। इसके माध्यम से लोगों को सबसे सस्ते दाम में राशन के साथ नजदीकी किराना स्टोर की सुविधा और सुपर मार्केट का अनुभव भी देगा। भागीदारी में आपूर्ति और व्यवसाय की जानकारी से स्थानीय भागीदारों की सहायता करेगा। कंपनी ने इस पहल के पहले फेज में रोहतक भिवानी और मथुरा जैसे शहरों में पंद्रह उद्यमियों के साथ भागीदारी की है और उसकी योजना मौजूदा वित्तीय वर्ष में सौ शहरों तक विस्तार करने की है। संस्थापक सौरभ कुमार ने कहा हमेशा से छोटे उद्यमियों और व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिये प्रतिबद्ध रहे हैं।

## सदन में जाने वाला पेंशनविहीन समझेगा दर्द: विजय



बोलते हुए डॉ. हरि प्रकाश यादव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में विधान परिषद के कुल सौ सीटों में से 16 सीटें राजनैतिक पार्टियों के लिए नहीं हैं। यह केवल शिक्षकों कर्मचारियों और स्नातकों के लिए हैं। जब सेवारत पेंशन विहीन युवा बेरोजगार साथी चुनकर सदन में जाएगा तभी शिक्षकों कर्मचारियों एवं स्नातक बेरोजगारों के दर्द को समझेगा। साथ ही सभी के मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ सदन में उठाएगा। यह बातें अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी प्रत्याशी डा हरि प्रकाश यादव के समर्थन में रविवार को जार्जटाउन स्थित गेस्ट हाउस में एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने शिक्षकों कर्मचारियों और बेरोजगारों की पेंशन निजीकरण और बेरोजगारी मुद्दे पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहीं। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अटेवा प्रत्याशी डा हरि प्रकाश यादव ने कहा कि नामांकन के समय हम शपथ पत्र दे चुके हैं। कहा कि जब तक सभी शिक्षकों कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती। तब तक हम एमएलसी के रूप में मिलने वाला पेंशन भत्ता नहीं लेंगे। पेंशनर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डा आर एस वर्मा ने कहा कि सरकारी कर्मचारी देश के रीढ़ की हड्डी होते हैं। यदि इनका भविष्य सुरक्षित नहीं रहेगा तो देश सुरक्षित नहीं रहेगा। नीरजपति त्रिपाठी नरसिंह राजेंद्र त्रिपाठी उपेंद्र वर्मा श्रवण कुशवाहा धर्मेंद्र गोयन नीलम त्रिपाठी ने कहा कि एमएलसी का यह चुनाव डा हरि प्रकाश यादव नहीं लड़ रहे हैं। बल्कि हमारा मुद्दा चुनाव लड़ रहा है। चुनाव में जीत मिलती है तो हमारा मुद्दा जीतेगा और हार मिलती है तो हमारा मुद्दा हारेगा। इस अवसर पर जवाहर लाल विश्वकर्मा मुनव्वर एजाज प्रदीप सिंह रामसकल वर्मा रामचंद्र यादव के के वर्मा संजीत यादव अर्जुन सिंह यादव राजीव मिश्रा निदेशक मानव शोध संस्थान आदि रहे।

# जिलाधिकारी ने निर्वाचन नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का बूथों पर पहुंच कर लिया जायजा



● मौके से अनुपस्थित मिली बीएलओ का एक दिन का वेतन काटने का दिया आदेश

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने रविवार दोपहर विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचन नामावली एक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा लेने तहसील सदर स्थित बूथ संख्या 138 एवं 139 पहुंचे यहां बूथ पर व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के बाद अवस्थीखेड़ा गांव पहुंच निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूथ संख्या 138 की बीएलओ सुश्री लवली कनौजिया सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय अवस्थीखेड़ा अनुपस्थित मिली। उन्होंने कहा यह स्थिति नितांत आपत्तिजनक है। उन्होंने सुश्री लवली कनौजिया सहायक अध्यापक का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये और कहा अनुपस्थित अध्यापक का स्पष्टीकरण 3 दिन के अंदर उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत लिंग अनुपात बढ़ाने के निर्देश दिये।

## निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा लेने बूथों पर पहुंचे एसडीएम

**नवाबगंज।** उपजिलाधिकारी हँसनगंज प्रदीप वर्मा ने विधानसभा मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बिचपरी, नवाबगंज, कुसुम्भी, नई संराय, नवई सहित एक दर्जन से अधिक बूथों का औचक निरीक्षण करते हुए बीएलओ को आवश्यईक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता पुनिरीक्षण के तहत होने वाले कार्यो में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दास्त नही किया जायेगा। सभी बीएलओ प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक बूथ पर मौजूद रहकर मतदातासूची में महिला पुरुषों के नाम अनुपात को ध्यान में रखकर बढ़ाये। एसडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि अधिकांश सेंटरों पर सभी बीएलओ उपस्थित पाये गये हैं। साथ ही कार्य तेजी से निस्तारित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान वैसे तो दो माह का है लेकिन 17 नवम्बर से 15 दिसम्बर के मध्य दो शनिवार दो रविवार की निर्धारित तिथियों पर बीएलओ को बूथ पर रहना अनिवार्य है। इसके अलावा भी बीएलओ शासकीय कार्यो के साथ मतदाताओं की सुविधा हेतु उपलब्ध रँहेंगे जिसमे मृतकों की जानकारी के साथ अन्य प्रकार के सर्वे शामिल रँहेंगे। निरीक्षण के दौरान श्याम लाल इंटर कालेज बूथ पर एक बीएलओ आंगनबाड़ी अनुपस्थित पाई गई हैं जिनके खिलाफरिपोर्ट भेजी जायेगी।

# खादी की गरिमा को और ऊंचाइयों पर ले जाएं

● खादी एवं ग्रामोद्योग मेला का चेयरमैन वीके सक्सेना ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**मंडलीय कार्यालय** और खादीद्योग आयोग द्वारा भव्य राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ रविवार को साढ़े ग्यारह बजे अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग आयोग, विनय कुमार सक्सेना द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से खादी मेला का उद्घाटन किया। यह खादी मेला 22 नवम्बर से 7 दिसम्बर तक चलेगा। खादी और ग्रामोद्योग के चेयरमैन विनय कुमार सक्सेना ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अपने उद्बोधन में कहा कि 'वोकल फार लोकल' का संदेश देते हुए प्रदर्शन की सफलता की कामना की तथा प्रदर्शनी में भाग ले रही देश के कई प्रांतों की खादी संस्थाओं एवं पीएमईजीपी इकाईयों से आह्वान कि खादी की गरिमा को और ऊंचाईयों पर ले जायें तथा लोगों के बीच में अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्री करें।खादी एवं ग्रामोद्योग मेला में मीडिया से बातचीत के दौरान मंडलीय कार्यालय के निदेशक एवं प्रभारी डी0एस0 भाटी ने कहा कि खादी मेला में शहद का भी एक स्टाल लगाया गया है लोगों के सेहद के शहद बहुत ही जरूरी है। श्री भाटी ने बताया कि 16 दिवसीय खादी मेला में 08 राज्यों के अंतर्गत कुल 134 खादी संस्थाएं कार्यरत है जो इस मेले में अपनी उत्पाद की स्टाल लगाये हुए हैं। विगत वर्ष का उत्पादन रूपया 95.36 करोड़ रहा है तथा रोजगार प्रदान करने में 80 प्रतिशत खादी कारीगर महिलाओं का योगदान है। विगत वर्ष में 30 लोगों को 05 दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत 300 हनी बी बाक्स वितरण किया जा चुका है जिसमें 80 से 90 प्रतिशत तक अनुदान जिसमें से 20 से 10 प्रतिशत तक लाभार्थी द्वारा देय होगा।

# पश्चिम बंगाल पुलिस को अगले विस चुनावों से दूर रखा जाये : विजयवर्गीय

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)



**पश्चिम बंगाल** में पुलिस का अपराधीकरण हो जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने रविवार को कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग को राज्य पुलिस को अगले विधानसभा चुनावों से दूर रखना चाहिए। विजयवर्गीय, भाजपा संगठन में पश्चिम बंगाल के प्रभारी महासचिव हैं जहां अगले साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव संभावित हैं। इन चुनावों में विपक्षी भाजपा के सामने ममता बनर्जी की अगुवाई वाली सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का गढ़ भेदने की चुनौती है।

विजयवर्गीय ने यहां संवाददाताओं से कहा, पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। वहां घुसपैठिए आ रहे हैं। अब तो वहां राजनीतिक कार्यकर्ताओं की सुपारी किलिंग (बदमाशों द्वारा फिरौती लेकर हत्या) भी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, इन चुनौतीपूर्ण हालात के मद्देनजर हमने केंद्र सरकार से कहा है कि या तो पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए या निर्वाचन आयोग सुनिश्चित करे कि (अगले विधानसभा चुनावों में) वहां के लोग निर्भीक होकर मतदान कर सकें।

विजयवर्गीय ने कहा, पिछले दिनों चुनाव आयोग के प्रतिनिधि कोलकाता आए थे। उन्होंने वादा किया है कि वे अगले विधानसभा चुनावों के दौरान केंद्रीय बलों की पर्याप्त तैनाती करेंगे, लेकिन हमने उनसे एक और मांग की है कि राज्य पुलिस को चुनाव प्रक्रिया को दूर रखा जाए क्योंकि वहां पुलिस के राजनीतिकरण के साथ ही पुलिस का अपराधीकरण भी हो गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल करने के लक्ष्य के साथ अपने दम पर अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी और इस पूर्वी सूबे में पार्टी को किसी अन्य दल के चुनावी सहयोग की आवश्यकता नहीं है।

पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने हाल ही में कहा है कि कोरोना वायरस संकट से पहले ही भारतीय समाज दो महामारियों- धार्मिक कट्टरता और आक्रामक राष्ट्रवाद का शिकार हो गया था। इस बयान को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर विजयवर्गीय ने दावा किया कि उन्होंने एक कार्यक्रम में देखा था कि उपराष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान अंसारी उद्घाटन सत्र के दौरान दीप प्रज्ज्वलन की पारम्परिक रस्म में शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने कहा, मैंने एक कार्यक्रम में उनको देखा था, जब वह (अंसारी) उपराष्ट्रपति थे। जब उद्घाटन का लैम्प (दीप) जलाया जा रहा था, तब उन्होंने लैम्प नहीं जलाया और खड़े हो गए। (दीप प्रज्ज्वलन के वक्त) उन्होंने अपने जूते भी नहीं उतारे थे। भाजपा महासचिव ने कहाकि चूंकि वह उपराष्ट्रपति थे और इस पद की एक गरिमा होती है, तो हम उस समय कुछ बोले नहीं।



हैदराबाद में सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर तेलंगाना राष्ट्र समिति के खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस करते हुए।

## बंगाल में सबसे बड़ा वायरस भाजपा : अणुब्रत

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अणुब्रत मंडल ने भाजपा को बंगाल में सबसे बड़ा वायरस कहा, वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने पलटवार करते हुए कहा कि राज्य में सत्तासीन दल के दिन अब गिनती के रह गए हैं। तृणमूल कांग्रेस के बीरभूम इकाई के अध्यक्ष ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि घोष मेरे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से मिलें और सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हों जिस पर भाजपा नेता ने कहा कि वह मंडल के गुस्से को काबू में करके रखेंगे। मंडल ने कहा था, मैं उनके (भाजपा के) प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष से आग्रह करता हूं कि हमारे जिले में आएं और मेरे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से मिलें। मैं उन्हें तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहा हूं। इस बारे में पूछे जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए घोष ने यहां संवाददाताओं से कहा कि तृणमूल कांग्रेस नेता ने पहले बहुत शोर मचाया है और यह बयान उनके पहले के बयानों से बेमेल है। उन्होंने कहा, अणुब्रत मंडल लंबे समय से इस तरह के बयान दे रहे हैं। लेकिन गुस्सा....शोर का स्तर अब कम होता दिखाई दे रहा है। मुझे लगता है कि विधानसभा चुनाव नजदीक होने के साथ ही ऑडियो स्पीकर (अणुब्रत की आवाज) का कनेक्शन धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। हम यह करके रहेंगे। घोष ने कहा कि भाजपा बीरभूम की जनता को मंडल के लोगों के आतंक से मुक्त करना चाहती है और बीरभूम इस समय बम बनाने का केंद्र बन गया है।

## पं. बंगाल में सीटों की साझेदारी के दौरान कांग्रेस अधिक यथार्थवादी रूख अपनाएगी: दीपांकर भट्टाचार्य

**कोलकाता।** बिहार में सरकार बनाने में विफल रहे महागठबंधन के लिए कांग्रेस को बहुत बड़ी शर्मिंदगी करार देते हुए भाकपा (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने उम्मीद जताई कि पार्टी पश्चिम बंगाल में वाममोर्चा के साथ सीटों की अपनी साझेदारी के दौरान अधिक यथार्थवादी रूख अपनाएगी। भट्टाचार्य ने कहा कि उन्हें पक्का यकीन है कि सबसे पुरानी पार्टी (कांग्रेस) भी बिहार में अपने खराब प्रदर्शन की समीक्षा कर रही होगी और वह राजनीतिक रूप से संवेदनशील बंगाल, जहां भगवा ब्रिगेड सत्ता पर काबिज होने के लिए सभी प्रयास कर रहा है, में सीटों के बंटवारे के दौरान वह युक्तिसंगत रहेगी।

बिहार के चुनान नतीजे का हवाला देते हुए भट्टाचार्य ने कहा, पार्टी को पश्चिम बंगाल में माकपा-कांग्रेस गठबंधन में अगुवा नहीं होना चाहिए। हाल के बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों की साझेदारी के तहत कांग्रेस ने कुल 243 सीटों में 70 पर अपने प्रत्याशी उतारे थे जबकि वह महज 19 सीट ही जीत पाई। दूसरी तरफ, महागठबंधन के घटक भाकपा (माले) 19 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ी और उसने 12 सीटें जीतीं। उधर, भाकपा और माकपा ने भी दो -दो सीटें हासिल कीं।

ऐसा नहीं है कि केवल बिहार में कांग्रेस के प्रदर्शन में गिरावट आई बल्कि 2014 के बाद से लोकसभा चुनाव एवं हाल के वर्षों में विधानसभा चुनावों में उसकी सीटें घटी हैं। भट्टाचार्य ने कहा, कांग्रेस बिहार में महागठबंधन के लिए बहुत बड़ी शर्मिंदगी थी। सीटों का बंटवारा अधिक यथार्थवादी होना चाहिए था। कांग्रेस की सफलता दर सबसे कम रही। मुझे यकीन है कि पार्टी भी अपने प्रदर्शन की समीक्षा कर रही होगी। उन्होंने कहा, मैं आशा करता हूं कि कांग्रेस हाल ही में संपन्न बिहार के चुनाव से सबक लेगी और पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे के दौरान अधिक यथार्थवादी रूख अपनाएगी।

वैसे भाकपा माले पश्चिम बंगाल में माकपा, भाकपा, फारवार्ड ब्लॉक और रिवोल्युशनरी सोशलिस्ट पार्टी के वाममोर्चा का हिस्सा नहीं है लेकिन वह राज्य में कुछ सीटों पर उम्मीदवार उतारती रही है लेकिन उसे सफलता नहीं मिली है। बिहार में अपने प्रदर्शन से उत्साहित चरमपंथी वाम संगठन इस बार फिर बंगाल में चुनाव में और जोश-खरोश से उतरने की तैयारी कर रहा है। भट्टाचार्य से जब पश्चिम बंगाल में भाजपा का टक्कर देने के लिए भाकपा माले और तृणमूल कांग्रेस के बीच किसी सहमति की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने उसका ना में जवाब दिया। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि भाकपा माले पश्चिम बंगाल में माकपा नीत गठबंधन का हिस्सा होगी। बंगाल में अगले वर्ष अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हैं।

## भाजपा ने मंत्री के वायरल ओडियो क्लिप की जांच की मांग की

**जयपुर।** विपक्षी दल भाजपा ने सोशल मीडिया में वायरल राजस्थान के खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना की पार्टी कार्यकर्ता के खिलाफ कथित जातिसूचक टिप्पणी वाले ऑडियो क्लिप के मामले में जांच की मांग की है। इस कथित ऑडियो क्लिप में मंत्री और कार्यकर्ता राजू गुर्जर के बीच मोबाइल फोन पर हुई बातचीत बताई जा रही है। कथित ऑडियो क्लिप में मंत्री बूंदी में पंचायत चुनाव लड़ने की कार्यकर्ता की इच्छा पर नाराजगी जाहिर करते हुए और बाद में चुनाव लड़ने की चुनौती देते हुए सुने जा सकते हैं। इसमें अंत में जातिसूचक टिप्पणी की गई है। चांदना से वायरल हुए ओडियो क्लिप के बारे सम्पर्क नहीं किया जा सका जबकि विपक्षी भाजपा ने मामले में जांच की मांग की है। भाजपा प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि मामले में जांच का आदेश दिया जाना चाहिए और यदि यह मंत्री की आवाज है तो उन्हें बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ता राजू ने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें मंत्री ने पंचायत समिति चुनाव का टिकट मांगने पर 8 नवंबर को फोन पर धमकाया था। गुर्जर ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैं पिछले 17 वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहा था और बूंदी के नैनवा से वार्ड 5 से पंचायत समिति सदस्य के चुनाव के लिए टिकट की मांग कर रहा था। मैंने मंत्री को टिकट के बारे मे जानकारी के लिए मोबाइल पर संदेश भेजा था जिसपर मंत्री ने फोन करके धमकाया। गुर्जर अब एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं और नैनवा में दूसरे चरण का मतदान 27 नवंबर को होगा। चांदना हिंडोली (बूंदी) विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते है।

## क्विक न्यूज

### कश्मीर में पारा शून्य से नीचे, गुलमर्ग सबसे सर्द इलाका

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर समेत घाटी के कई इलाकों में न्यूनतम पारा रविवार को शून्य से नीचे चला गया। गुलमर्ग कश्मीर का सबसे सर्द इलाका रहा। मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात को श्रीनगर का तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। यह इस मौसम का सबसे कम तापमान है। उन्होंने बताया कि उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले का गुलमर्ग समूची घाटी का सबसे सर्द इलाका रहा जहां न्यूनतम पारा शून्य से 7.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया जबकि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड हुआ। अधिकारी ने कहा कि 23 से 25 नवंबर के बीच खासकर, ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर के उत्तर पश्चिम हिस्से और सोनमर्ग-जोजिला के ऊंचाई वाले इलाकों में 23 नवंबर की सुबह से बर्फबारी की संभावना है और यह 25 नवंबर तक जारी रह सकती है। अधिकारी ने कहा कि व्यापक तौर पर बर्फबारी या बारिश का पूर्वानुमान नही है।

### दक्षिण कश्मीर के मदरसे से आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के एक मदरसे से एक आतंकवादी गिरफ्तार किया गया है। सेना के एक अधिकारी ने यहां बताया कि आतंकवादी गतिविधि मे शामिल उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा इलाके के एक शख्स के दक्षिण कश्मीर के छतपुरा मोहल्ले में छिपे होने की सूचना पर यहां तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होने कहा कि अभियान के दौरान एक शख्स को पकड़ा गया। हालांकि उन्होंने उसकी पहचान नही बताई। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति से मौके पर पूछताछ की गई।व्यक्ति ने पास के एक मदरसे में आतंकवादी की मौजूदगी के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि बलो ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और आतंकवादी (जिसका नाम गुप्त रखा गया) को पकड़ लिया गया है। उन्होंने मामले की और जानकारी नही दी।

### मोदी ने की मुलायम से बात, दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को समाजवादी नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव से फोन पर बात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि वह देश के उन वरिष्ठ और अनुभवी नेताओ मे शुमार है जो कृषि और ग्रामीण विकास के प्रति भावुक रहते है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, मुलायम सिंह यादव जी से बात की और उन्हें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। वह देश के उन वरिष्ठ और अनुभवी नेताओ मे है जो कृषि और ग्रामीण विकास के प्रति भावुक रहते है। मै उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव खराब सेहत के कारण सक्रिय राजनीति में नही हैं। वह देश के रक्षा मंत्री और तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रह चुके है।

### ठाणे में लेप्टोस्पाइरोसिस के मामले सामने आए, दो की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की शाहपुर तहसील मे लेप्टोस्पाइरोसिस से दो लोगो की मौत हो गई जबकि दो अन्य का यहां सिविल अस्पताल मे इलाज चल रहा है। एक चिकित्सा अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। लेप्टोस्पाइरोसिस एक संक्रामक जीवाणु रोग है जो कृन्तकों (रोडेंट), कुत्तों और अन्य स्तनधारियो मे होता है और मनुष्य इसकी चपेट मे आ सकते है। अधिकारी ने कहा कि बीते तीन सप्ताह के दौरान शाहपुर और मुरबाद तहसीलों मे संदिग्ध लेप्टोस्पाइरोसिस और डेंगू के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। चिकित्सा अधिकारी उनकी मौत का सटीक कारण पता लगाने मे जुटे है। ठाणे के जिला चिकित्सा अधिकारी मनीष रेंगे ने कहा, शाहपुर मे लेप्टोस्पाइरोसिस से दो लोगो की मौत हो चुकी है। इससे पीड़ति दो लोगो का सिविल अस्पताल मे इलाज चल रहा है। अन्य लोगो की मौत के कारण का पता लगाया जा रहा है। 3,000 की आबादी वाले शाहपुर के बपगांव में ही इस अवधि के दौरान 10 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि मुरबाद और उसके आसपास के गांव में 17 लोगों की जान चली गई है। लेकिन उनकी मौत के कारणों की पुष्टि अभी नही हुई है। इसके मद्देनजर स्वास्थ्य अधिकारियों ने इन दो तहसीलो के गांवो मे स्वास्थ्य शिविर लगाने शुरू कर दिए है।

### तेजस्वी पर भ्रष्टाचार के आरोप, नेता विपक्ष न बनें: जदयू

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ जद(यू) ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव को नेता विपक्ष नही बनना चाहिए क्योंकि भ्रष्टाचार और अपराध के कई मामलो में उनका नाम शामिल है। जदयू का यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब पार्टी के नेता मेवालाल चौधरी ने भ्रष्टाचार के मामले की वजह से राज्य के शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जदयू की राज्य इकाई के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह,कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक चौधरी और प्रवक्ता संजय सिंह, नीरज कुमार और अजय आलोक ने शिक्षा मंत्री के रूप में मेवा लाल चौधरी की नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधने के लिए यादव की आलोचना की।



देहरादून में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत कुंभ मेले की तैयारी के लिए हरिद्वार अखाडा परिषद के साधु संतों के साथ बैठक करते हुए।

## जैव-आतंकवाद की रोकथाम के लिहाज से प्रभावी कानून बनाने का सबसे मुफीद समय

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने इस बात पर जोर दिया है कि यह वक्त है जब सरकार को जैव-आतंकवाद से निपटने के लिए प्रभावी कानून बनाने चाहिए। समिति ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के प्रतिकूल प्रभावों ने हमें जैविक एजेंटों को नियंत्रित करने के महत्व का पाठ पढ़ाया है। स्वास्थ्य पर संसदीय स्थाई समिति ने अपनी रिपोर्ट कोविड-19 महामारी का प्रकोप और उसका प्रबंधन में वैश्विक समुदाय को जैव-आतंकवाद का संकेत देने वाली किसी भी गतिविधि से बचाने के लिए जैव-सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया है।

संसदीय समिति के अध्यक्ष रामगोपाल यादव ने शनिवार को रिपोर्ट राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को सौंपी। समिति का ध्यान इस तथ्य की ओर गया है कि नोवेल कोरोना वायरस जैसे दुनिया की बड़ी आबादी को संक्रमित कर सकने वाले और महामारी का रूप लेने वाले विषाणुओं का इस्तेमाल शत्रु देशों के खिलाफ जैविक अस्त्र के रूप में किया जा सकता है।

इसलिए जैव-सुरक्षा चिंता का महत्वपूर्ण विषय है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने कहा है कि जैविक हथियारों से जैव-सुरक्षा के लिए समग्र प्रयास जरूरी हैं जिनमें रोकथाम, संरक्षण और जैव हथियारों के विरुद्ध कार्वाई शामिल है। इसमें एजेंसियों के साथ साझेदारी, चल रहीं अंतरराष्ट्रीय संधियों में सक्रिय भागीदारी और भारत में जैव-सुरक्षा तथा जैव-सुरक्षा मंचों को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया है। समिति ने रिपोर्ट में कहा, कोविड-19 महामारी के प्रतिकूल प्रभावों ने हमें जैविक एजेंटों को नियंत्रित करने के महत्व पर तथा विभिन्न देशों के बीच रणनीतिक साझेदारियों की जरूरत पर पाठ सिखाया है। उसने कहा, इसलिए समिति को लगता है कि यह समय सरकार के लिए जैव-आतंकवाद के मुकाबले के लिहाज से प्रभावी कानून बनाने के लिए सबसे मुफीद है।

## कुंभ संबंधी निर्णयों में अखाड़ा परिषद से सुझाव लेगी उत्तराखंड सरकार

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रविवार को कहा कि अगले वर्ष हरिद्वार में आयोजित हो रहे कुंभ के संबंध में कोविड-19 की परिस्थितियों को देखते हुए निर्णय किए जाएंगे और उसमें अखाडा परिषद एवं साधु संतों के सुझाव अवश्य लिए जाएंगे। यहां मुख्यमंत्री आवास में अखाड़ा परिषद के साथ हरिद्वार कुंभ की तैयारियों के संबध में बैठक करते हुए मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि कुंभ मेला अपने दिव्य एवं भव्य स्वरूप में होगा जिसमें कुंभ की परम्परा एवं संस्कृति का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

उन्होंने हालांकि, कहा कि कोविड-19 के कारण अनेक व्यावहारिक समस्याएं आई हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ शुरू होने पर कोविड-19 की स्थिति के अनुसार कुंभ के स्वरूप को विस्तार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ में परिस्थितियों के हिसाब से जो भी निर्णय लिए जाएंगे उनमें अखाड़ा परिषद एवं साधु-संतों के सुझाव जरूर लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और इसके लिए कुंभ के कार्यों की समय-समय पर समीक्षा की जा रही है। उन्होंने मुख्य सचिव को भी 15 दिन में कुंभ मेले की समीक्षा के निर्देश दिए। मेलाधिकारी से कार्यों की प्रगति की जानकारी लेने के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें कुंभ आरंभ होने से पहले ही स्थाई प्रकृति के सभी कार्य पूर्ण करने को कहा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरी ने भी हरिद्वार कुंभ के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने इस मौके पर अखाड़ों की कुछ समस्याओं से भी मुख्यमंत्री रावत को अवगत कराया।

## कोविड-19 योद्धाओं के बच्चों के लिए कोटा: मंत्री ने पीएम को दिया धन्यवाद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. के. सुधाकर ने केंद्र सरकार के कोटे से मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में कोविड-19 योद्धाओं के बच्चों के लिए सीटें आरक्षित करने के लिए रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। सुधाकर ने ट्वीट किया, केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाली एमबीबीएस और बीडीएस सीटों में कोविड-19 योद्धाओं के बच्चों के लिए एक नया कोटा शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद। यह कोविड योद्धाओं के बलिदान के लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है जिन्होंने इन कठिन समय में नि:स्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। कोविड-19 योद्धाओं की सेवाओं के महत्व को समझते हुए केंद्र सरकार ने कोटे की घोषणा की है। उसने कहा कि वह वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए एमबीबीएस सीटों के लिए अभ्यर्थियों के चयन और नामांकन के लिए दिशानिर्देशों में इस आरक्षण का उल्लेख करेगा।

## मुसलमानों और एआईएमआईएम का कोई संबंधी नहीं : किशन रेड्डी

**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने एआईएमआईएम पर निशाना साधते हुए रविवार को आरोप लगाया कि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी को परिवार चलाता है और उसका मुसलमानों से कोई संबंध नहीं है। रेड्डी ने समग्र विकास के लिए ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) चुनाव में भाजपा के लिए वोट मांगते हुए एआईएमआईएम पर आरोप लगाया कि उसका गरीब किसानों को परेशान करने और माफिया का इस्तेमाल करके उनकी पूंजी हथियाने का इतिहास रहा है।

उन्होंने कहा, जहां तक मजलिस पार्टी (एआईएमआईएम) की बात है, तो भाजपा (अपने रुख को लेकर) बहुत स्पष्ट है। मजलिस पार्टी और मुसलमानों का कोई संबंध नहीं है। मुस्लिम भाई अलग हैं और मजलिस पार्टी अलग है। रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा, मजलिस पार्टी हैदराबाद में हजारों मुसलमानों को परेशान करती है। उसने माफिया गिरोहों का इस्तेमाल करके हजारों मुसलमानों की सम्पत्तियों पर कब्जा किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एआईएमआईएम को एक ऐसे राजनीतिक दल के रूप में देखती है, जिसे निजाम के शासन के दौरान कासिम रिजवी की रजाकार-निजी मिलिशिया की विचारधारा विरासत में मिली है और जिसने वित्तीय एवं कानूनी मदद देकर आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा को जीएचएमसी चुनाव में चुना जाता है, तो शहर के सभी क्षेत्रों में समग्र विकास होगा। उन्होंने गरीब तबके के लिए दो शयनकक्ष वाले मकानों जैसे चुनावी वादों को पूरा करने में नाकाम रहने पर टीआरसी की निंदा की और लोगों से कहा कि वे सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों से उन्हें उनके मकान दिखाने को कहें।



हुबली में केन्द्रीय मंत्री में प्रहलाद जोशी स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीणों को डस्टबिन वितरित करते हुए।

# जलवायु परिवर्तन का मुकाबला एकीकृत समग्र तरीके से होना चाहिए: प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली,रियाद



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जी-20 शिखर सम्मेलन में कहा कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ अलग-थलग होकर लड़ाई लड़ने के बजाय एकीकृत, व्यापक और समग्र सोच को अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संपूर्ण विश्व तभी तेजी से प्रगति कर सकता है जब विकासशील राष्ट्रों को बड़े पैमाने पर तकनीक और वित्तीय सहायता मुहैया कराई जाएगी।

जी-20 सम्मेलन में पृथ्वी के संरक्षण विषय पर अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि भारत न सिर्फ पेरिस समझौते के अपने लक्ष्य को हासिल कर रहा है बल्कि उससे भी अधिक कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुरूप रहने की हमारी पारम्परिक प्रकृति और सरकार की प्रतिबद्धता से भारत ने कम कार्बन उत्सर्जन और जलवायु अनुकूल की विकास प्रक्रिया को अपनाया है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व तभी तेज गति से प्रगति कर सकता है जब विकासशील देशों को बड़े पैमाने पर तकनीक और वित्तीय सहायता मुहैया कराई जाए।


प्रधानमंत्री ने कहा कि मानवता की समृद्धि के लिए हर एक को समृद्ध होना पड़ेगा। श्रम को सिर्फ उत्पादन से जोड़कर देखने की अपेक्षा हर श्रमिक की मानव गरिमा पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे रुख से ही पृथ्वी का संरक्षण सुनिश्चित हो सकेगा। सऊदी अरब द्वारा आयोजित दो दिवसीय 15वें जी-20 शिखर सम्मेलन में मोदी ने पहले दिन भी शिरकत की थी। इस शिखर सम्मेलन में 19 सदस्य राष्ट्रों से संबंधित शासनाध्यक्षों व राष्ट्राध्यक्षों, यूरोपीय संघ, अन्य आमंत्रित देशों और अंर्ताष्ट्रीय संगठनों ने हिस्सा लिया। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर यह शिखर सम्मेलन डिजिटल माध्यम से संचालित किया गया।

## बिहार में नक्सलियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़, एक कुख्यात नक्सली मारा गया

**गया।** बिहार के नक्सल प्रभावित गया जिले के बाराचट्टी थाना अंतर्गत महुअरी गांव में रविवार की सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दस लाख रूपए का इनामी स्वयंभू नक्सली कमांडर मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि नक्सलियों ने स्थानीय पंचायत की मुखिया के देवर वीरेंद्र यादव (36) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात स्थल पर पहुंचे केंद्रीय सुरक्षा पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवानों ने जवाबी कार्वाई की तो माओवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें एक स्थानीय ग्रामीण जयराम यादव (40) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ खत्म होने के बाद प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के एक स्वयंभू जोनल कमांडर आलोक यादव का शव बरामद हुआ। इसके अलावा मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बलों ने एके सीरीज की असॉल्ट राइफल और एक इंसास राइफल तथा भारी मात्रा में अग्नेयास्त्र बरामद किया है।

# कोरोना काल में स्वयंसेवकों के सेवा कार्यों को भागवत ने सराहा

- वशिष्ठ वात्सल्य पब्लिक स्कूल में आरएसएस की दो दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक शुरू
- सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ





**मनीष द्विवेदी।** प्रयागराज

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक रविवार को गौहनिया यमुनापार स्थित वशिष्ठ वात्सल्य पब्लिक स्कूल में शुरू हुई। बैठक में आरएसएस के सर संघचालक डा. मोहनराव भागवत की अध्यक्षता में विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कोरोना संक्रमण काल के दौरान समूचे देश में लगाये गये लॉकडाउन के समय जनता के बीच संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किये गये सेवाकार्य की समीक्षा की गयी। संघ की दो दिवसीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्ष पीठ के पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ भी संघ प्रमुख मोहन भागवत से मिलने गौहनिया पहुंचे।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में कुंज बिहारी मिश्रा, देवेश सिंह, राजेश केसरवानी, वरुण केसरवानी, विवेक अग्रवाल, रामलोचन साहू, सुभाष वैश्य, श्याम प्रकाश पाण्डेय ने बमरौली एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक में संघ की ओर से आत्मनिर्भरता के लिए किये जा रहे प्रयासों को लेकर भी चर्चाएं हुईं। लॉकडाउन के समय जो सेवा कार्य किये गये उसकी प्रांत के अनुसार समीक्षा हुई। प्रांत कार्यवाहों ने अपने अपने प्रांतों में किये गये सेवा कार्य की जानकारी संघ प्रमुख डा. मोहनराव भागवत के सामने रखी। कोरोना संक्रमण काल में भारत सरकार की ओर से लगाये गये लॉकडाउन के बाद पूरे देश भर से प्रवासी मजदूर और तमाम छात्र और बाहर के राज्यों में नौकरी करने वाले लोगों के बीच जाकर जिस तरह से संघ के स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किया उसकी संघ प्रमुख ने प्रशंसा की। उस समय रक्तदान रहा हो चाहे भोजन सामग्री या फिर वस्तु आदि का वितरण ही क्यों न रहा हो इन सभी का वितरण देश की जनता के बीच जाकर संघ के स्वयंसेवकों ने किया। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि स्वयंसेवकों ने आत्मनिर्भरता के लिए बहुत प्रयास किये। विद्यार्थी की शिक्षा हो या मजदूरों को आत्मनिर्भर बनाने का ही कार्य क्यों न रहा हो संघ के स्वयंसेवक अपने सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्य में जुटे रहे। साथ ही स्वालम्बन के प्रयास भी लगातार जारी हैं। सरकार्यवाह भैया जी जोशी ने बताया कि लॉकडाउन के अलावा संघ के स्वयंसेवक विषम परिस्थितियों और आपदा के समय सेवा कार्य में तल्लीनता से जुटते हैं। उन्होंने बताया कि 23 नवम्बर को कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर संघ प्रमुख मोहन भागवत वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में संघ के सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह डा. मनमोहन वैद्य, सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल, सह सरकार्यवाह मुकुन्द के साथ अखिल भारतीय अधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी अनिल ओक और अजीत महापात्रा के अलावा अवध प्रांत कानपुर प्रांत गोरक्ष प्रांत और काशी प्रांत के अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे।

## कोविड-19 टीके के आपात इस्तेमाल को अधिकृत करने के तौर-तरीकों पर विचार कर रही है सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली


**सरकार** कोविड-19 रोधी टीके के तीसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण और उसे नियमित लाइसेंस दिए जाने के लंबित रहने के बीच टीके के आपात स्थिति में उपयोग को अधिकृत करने के तौर-तरीकों पर विचार कर रही है।

एक बैठक में इसके साथ ही टीके के मूल्य समेत उसकी अग्रिम खरीद प्रतिबद्धता के विषय पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) विनोद पॉल, सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के विजय राघवन और केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने भाग लिया। एक सूत्र ने बताया, यह तय हुआ कि प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा गठित टीका कार्य बल (वीटीएफ) आपात स्थिति में इस्तेमाल की स्वीकृति देने के सिद्धांत निर्धारित करेगा, वहीं कोविड-19 के लिए टीका प्रशासन पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह को टीके के मूल्य समेत अग्रिम बाजार प्रतिबद्धताओं के लिए सिद्धांत तय करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। यह घटनाक्रम फाइजर कंपनी द्वारा अमेरिकी नियामकों से उसके कोविड-19 के टीके के आपात इस्तेमाल के अधिकार मांगने की पृष्ठभूमि में सामने आया है। अमेरिका की एक और जैव-प्रौद्योगिकी कंपनी मॉडर्ना ने कहा कि वह भी आने वाले सप्ताहों में अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) में आपात उपयोग के अधिकार के लिए आवेदन करेगी।

इस बीच भारत में पांच टीके क्लीनिकल ट्रायल के विभिन्न चरणों में हैं। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इस समय ऑक्सफोर्ड-आस्ट्रोजेनेका के टीके का तीसरे चरण का परीक्षण कर रहा है, वहीं भारत बायोटेक और आईसीएमआर ने स्वदेश विकसित कोवैक्सीन के तीसरे चरण का परीक्षण शुरू कर दिया है।

## कांग्रेस के नेता आम लोगों से पूरी तरह से कटे हुए हैं: आजाद

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने रविवार को कहा कि कांग्रेस के नेता आम लोगों से पूरी तरह से कटे हुए हैं और पार्टी में पांच सितारा संस्कृति घर कर गई है। उन्होंने संगठनात्मक ढांचे में आमूल चूल परिवर्तन का आह्वान किया। बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद उनका यह बयान आया है। इस चुनाव में पार्टी ने 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से वह केवल 19 सीटों पर जीत दर्ज कर पाई।

आजाद ने कहा कि ब्लॉक से लेकर जिला और राज्य स्तर तक चुनाव कराकर पार्टी के ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन की तत्काल जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को कम से कम चुनावों के दौरान पांच सितारा संस्कृति को छोड़ देना चाहिए। संगठनात्मक बदलाव के लिए पत्र लिखने वाले 23 नेताओं में शामिल आजाद ने कहा कि वे सुधारवादी के रूप मुद्दे उठा रहे हैं, न कि विद्रोही के रूप में। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, जिला, ब्लॉक और राज्य स्तर पर लोगों और कांग्रेस नेताओं के बीच बहुत बड़ा फासला है। जनता से पार्टी का जुड़ाव एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए, न कि केवल चुनाव के दौरान। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पार्टी के नेताओं को पांच सितारा संस्कृति को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को पांच सितारा संस्कृति को छोड़ देना चाहिए। कम से कम चुनावों के दौरान उन्हें इस संस्कृति से बचना चाहिए और क्षेत्र में लोगों के बीच रहना चाहिए।

बिहार चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद पहली बार बात करते हुए आजाद ने कहा कि नेताओं को राज्य के नेताओं के साथ राज्य का दौरा करना चाहिए और न कि केवल पांच सितारा होटलों में रहना चाहिए और वापस लौटना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नेता को प्रत्एक विधानसभा क्षेत्र का ज्ञान होना चाहिए। केवल दिल्ली से जाना और पांच सितारा होटलों में रहना और दो-तीन दिन बाद दिल्ली लौटना पैसे की बर्बादी के अलावा और कुछ नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस की राज्य, जिला और ब्लॉक इकाइयों में सभी पदों के लिए चुनाव कराने की वकालत की। उन्होंने कहा, हमें पीसीसी, डीसीसी और बीसीसी को निर्वाचित करना चाहिए, और इस संबंध में पार्टी के लिए एक कार्यक्रम बहुत जरूरी है। आजाद ने कहा कि वह कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पार्टी के हित में इन मुद्दों को उठा रहे है। उन्होंने कहा, हम सुधारवादी हैं, विद्रोही नहीं। हम नेतृत्व के खिलाफ नहीं हैं। बल्कि, हम सुधारों का प्रस्ताव देकर नेतृत्व के हाथ मजबूत कर रहे हैं। आजाद ने चुनाव में हार के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को जिम्मेदार नहीं ठहराया बल्कि नेताओं और लोगों के बीच संपर्क नहीं होने की बात कही। उन्होंने बिहार की हार पर विस्तार से कुछ नहीं कहा।

## वकील के अनुपस्थित रहने पर याचिका खारिज करने के फैसले को न्यायालय ने किया दरकिनार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान चार बार वकील के अनुपस्थित रहने के आधार पर एक व्यक्ति की याचिका खारिज करने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को दरकिनार करते हुए कहा कि किसी नागरिक की स्वतंत्रता इस प्रकार नहीं छीनी जा सकती।



नई दिल्ली में रविवार को कोरोना वायरस महामारी के बीच इंडिया गेट के पास टहलते लोग।

# जेपी नड्डा दिसंबर में उत्तराखंड से करेंगे 120 दिनों के देशव्यापी दौरे की शुरुआत

**भाषा।** नई दिल्ली



**भाजपा** अभी से अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। इसके मद्देनजर पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा दिसम्बर महीने में 120 दिनों के देशव्यापी दौरे की शुरुआत करेंगे और संगठन की कमजोर कड़ियों को दुरुस्त करेंगे। भाजपा महासचिव अरूण सिंह ने रविवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नड्डा का यह दौरा दिसम्बर माह के पहले सप्ताह में उत्तराखंड से शुरु होगा। संभावना है कि नड्डा पांच दिसम्बर से अपने दौरे की शुरुआत करें।

सिंह ने कहा कि इस प्रवास योजना में प्रत्एक बूथ अध्यक्ष और बूथ समितियों के साथ बैठक होगी। मंडल अध्यक्ष और मंडल समितियों के साथ बैठक होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी इस प्रवास योजना के अंतर्गत बूथ समितियों और मंडल के कार्यकर्ताओं को भी प्रोत्साहित करने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और सांसदों व विधायकों के अलावा जिलाध्यक्षों के साथ भी बैठक करेंगे।

सिंह ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष अपने इस प्रवास कार्यक्रम के दौरान जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां पार्टी की तैयारियों का जायजा लेंगे और संगठन की स्थिति की समीक्षा करेंगे। इस दौरान वे पार्टी की रणनीति को लेकर भी चर्चा और समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रवास कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को और मजबूती प्रदान करना और हर बूथ इकाई को और सक्रिय करना व और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जिन संसदीय क्षेत्रों में भाजपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, उन क्षेत्रों में संगठन की मजबूती को लेकर नड्डा रणनीति पर चर्चा भी करेंगे। ज्ञात हो कि 2021 के पहले छह महीनों में पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, और असम में विधानसभा चुनाव होने हैं। प्रवास के 120 दिनों के कार्यक्रम के दौरान नड्डा बड़े शहरों में तीन दिन और छोटे शहरों में दो दिन समय बिताएंगे। भाजपा शासित राज्य इस दौरान अपने विकास कार्यों और केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के सिलसिले में एक प्रस्तुति भी देंगे। सिंह ने बताया कि नड्डा इस दौरान सहयोगी दलों के नेताओं से भी मिलेंगे और जनसभाओं के साथ पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे।

## बेरोजगार बेटे ने अनुकंपा आधार पर नौकरी पाने के लिए पिता की हत्या की

**रामगढ़ (झारखंड)।** झारखंड के रामगढ़ जिले में 35 वर्षीय बेराजगार शख्स ने सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटिड (सीसीएल) में कार्यरत अपने पिता की कथित रूप से हत्या इसलिए कर दी, ताकि उसे अनुकंपा आधार पर नौकरी मिल जाए। पुलिस ने बताया कि जिले के बरकाकाना स्थित सीसीएल की सेंट्रल वर्कशॉप में प्रमुख सुरक्षा गार्ड के तौर पर तैनात 55 वर्षीय कृष्णा राम बृहस्पतिवार को मृत मिले थे और उनका गला रेता गया था। उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (सीडीपीओ) प्रकाश चंद्र महतो ने संवाददाता सम्मेलन में शनिवार को बताया कि राम के 35 वर्षीय बेटे ने बुधवार रात को बरकाकाना में उनके क्वार्टर में उनकी गला रेत कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जुर्म में इस्तेमाल छोटा चाकू और मृतक का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। पुलिस ने दावा कि राम के बड़े बेटे ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसने अपने पिता की हत्या इसलिए की ताकि उसे सीसीएल में अनुकंपा आधार पर नौकर मिल जाए।

# पेज 1 का शेष

### कोरोना काल...

इस क्षेत्र में पेयजल की समस्या का अंत हो जाएगा। 1917 में निर्मित सोनभद्र का धनरौल डैम प्रचुर जलराशि से सम्पन्न है। अब तक इसका प्रयोग केवल सिंचाई में होता था, अब शोधन कर हम इसे पेयजल के रूप में उपलब्ध कराएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ-सबका विकास का जो मंत्र 2014 में लिया था, आज केंद्र और राज्य की सरकारें उसे चरितार्थ कर रही हैं। विकास सबका-तुष्टीकरण किसी का नहीं, यह हमारा सूत्र है। आज सरकार बिना भेदभाव विकास कर रही है। जनता का हित ही देश और प्रदेश का हित है। योगी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार इतनी बड़ी परियोजना विंध्य क्षेत्र में शुरू हो रही है। यह क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। पर्यटन विकास की असीम संभावनाओं को देखते हुए यहां हवाई पट्टी का विस्तार हो रहा है। सोनभद्र में योगिराज मत्स्येंद्रनाथ की साधनास्थली का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि हजारों वर्षों से यह साधना स्थली लोगों में चेतना जागृत करने का केंद्र है। उन्होंने कहा कि सोनभद्र जिला प्रशासन यहां की खूबियों पर एक कॉफी टेबल बुक तैयार कर रहा है। हम अपनी हर छोटी बड़ी खूबियों की ब्रान्डिंग करेंगे, यह रोजगार सृजन का भी आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोनभद्र जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। अगर इसे जनजातियों की उत्पत्ति का स्थल कहें, तो गलत नहीं होगा। राज्य सरकार जनजाति जनों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। पीएम आवास, मुख्यमंत्री आवास, आयुष्मान भारत जैसे प्रयासों ने लोगों का जीवन सुलभ किया है।

### कोवैक्सीन 60...

आकलन बीमारी या गंभीर बीमारी के आधार पर किया जा सकता है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि उसने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से देशभर में 22 जगहों पर 26,000 प्रतिभागियों पर वैक्सीन के तीसरे चरण का ट्रायल शुरू किया है। इस बीच, केंद्र के वैक्सीन विशेषज्ञ समूह के एक शीर्ष अधिकारी ने संकेत दिया है कि सरकार पुणे के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) को ऑक्सफोर्ड और एस्ट्राजेनेका के कोरोनो वायरस टीके के आपातकालीन उपयोग के लिए अधिकृत कर सकती है, लेकिन यह तभी होगा जब ब्रिटिश-स्वीडिश दवा कंपनी के टीके को ब्रिटेन सरकार से ऐसी मंजूरी मिल जाएगी। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. विनोद पॉल ने कहा कि ऐसी उम्मीद है कि ब्रिटेन में ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी मिल जाएगी। यदि ऐसा होता है तो यह एसआईआई के लिए भी बड़ा अवसर होगा। ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन भारत में पहले से ही ट्रायल के तीसरे और अंतिम चरण में है। यदि सभी चीजें योजना के मुताबिक चलती रहीं तो कोविड-19 वैक्सीन अगले साल जनवरी या फरवरी तक वितरण के लिए तैयार हो सकती है। वैक्सीन के आपात इस्तेमाल की मंजूरी मिलने से इस टीके को प्राथमिकता सूची के आधार लगाना और प्रबंधन करना आसान हो जाएगा। सरकार की योजना फ्रंटलाइन वर्कर्स, वरिष्ठ नागरिकों और सहरोग वाले लोगों को सबसे पहले टीका लगाने की है। इस हफ्ते की शुरुआत में ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन का परिणाम अधिक उम्र के लोगों में बेहद असरकारक रहा। इससे उम्मीद जगी है कि यह टीका वायरस से ज्यादा जोखिम वाले लोगों की सबसे अधिक रक्षा कर सकता है।

### देश में...

संख्या बढ़कर 90,95,806 हो गई। वहीं इलाज करा रहे संक्रमितों की संख्या लगातार 12वें दिन पांच लाख से कम बनी हुई है। संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 85,21,617 हो गई। रोगियों के संक्रमण मुक्त होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 93.69 फीसदी हो गई, वहीं संक्रमण से मृत्यु दर घटकर 1.46 फीसदी हो गई है। आंकड़ों के अनुसार देश में अब 4,40,962 संक्रमितों का इलाज चल रहा है, जो कि कुल मामलों का 4.85 फीसदी हैं।

### दिल्ली से...

पर इस संबंध में निर्णय ले लिया है। इन तीनों जिलों में शादी और अन्य समारोह में सिर्फ100 ही लोग शामिल हो सकते हैं। यूपी सरकार भी इस संबंध में जल्द ही निर्णय लेगी और एक आदेश जारी किया जाएगा।

### कोविड-19...

को बीते अगस्त और सितंबर के बीच भ्रम पैदा करने वाले 317 विज्ञापनों के खिलाफ शिकायतें मिलीं। इनमें से 64 विज्ञापनदाताओं ने अपने विज्ञापन तुरंत वापस ले लिया। एएससीआई की स्वतंत्र उपभोक्ता शिकायत परिषद (आईसीसीसी) ने शेष 253 शिकायतों का मूल्यांकन किया। इनमें से 221 विज्ञापनों के खिलाफ शिकायतों को बरकरार रखा गया। इनमें 101 विज्ञापन शिक्षा क्षेत्र से हैं जबकि 77 स्वास्थ्य सेवा, आठ खाद्य और पेय, सात व्यक्तिगत देखभाल, तीन वित्त और निवेश और 25 अन्य तरह के हैं। एएससीआई ने इंस्टाग्राम, ट्विटर और फेसबुक जैसे विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर किए गए भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ शिकायतों को भी सही पाया है।

### जम्मू के...

चार आतंकवादियों ने इसी का इस्तेमाल कर भारत में प्रवेश किया था। ये चारों आतंकवादी गुरुवार को एक ट्रक में छिपकर कश्मीर आने की फिराक में थे जिसे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टोल प्लाजा पर रोका गया और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चारों मारे गये। मारे गये आतंकवादियों के पास से हथियार और गोलाबारूद का बड़ा जखीरा पकड़ा गया था जिसमें 11 एके राइफल, तीन पिस्तौल, 29 ग्रेनेड तथा छह यूबीजीएल ग्रेनेड थे। पुलिस के अनुसार ये आतंकवादी केंद्रशासित प्रदेश में 28 नवंबर से आठ चरणों में होने वाले जिला विकास परिषद के चुनावों में खलल डालने की बड़ी साजिश को अंजाम देने आये थे।

### भारती सिंह...

पहले बताया गया था, भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया ने गांजे का सेवन करना स्वीकार किया है। ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि सिंह के घर से कथित तौर पर बरामद मात्रा कानून के तहत छोटी 'मात्रा' है। एक हजार ग्राम गांजे तक को छोटी मात्रा माना जाता है और इसके लिए छह महीने तक की जेल या 10,000 रुपए का जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। वाणिज्यिक मात्रा (20 किलोग्राम या इससे अधिक) होनेपर 20 साल तक की जेल हो सकती है। इसके बीच की मात्रा के लिए 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। अधिकारी ने बताया, सिंह का नाम एक मादक पदार्थ तस्कर से पूछताछ के दौरान सामने आया था।

### आरबीआई के...

गई। एक अधिकारी ने बताया कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान लगाए गए सात सप्ताह के लॉकडाउन में रिजर्व बैंक के ट्विटर पर फालोअर्स की संख्या में 1.5 लाख से अधिक की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष में 2.5 लाख फालोअर्स रिजर्व बैंक के ट्विटर हैंडल से जुड़े हैं।

### उत्तर भारत...

डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो पिछले 14 साल में इस महीने में सबसे कम रहा। आईएमडी के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा, सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह नवंबर 2003 के बाद से दिल्ली में इस महीने में दर्ज हुआ सबसे कम तापमान है। नवंबर 2003 में न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पालम मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान गिरकर 6.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। आईएमडी मैदानों में 10 डिग्री सेल्सियस या इससे नीचे तापमान होने पर और लगातार दो दिन सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम तापमान रहने पर शीत लहर की घोषणा करता है। श्रीवास्तव ने कहा, दिल्ली जैसे छोटे क्षेत्रों में एक दिन के लिए भी यदि यह मापदंड पूरा होता है, तो शीत लहर की घोषणा की जा सकती है। श्रीवास्तव ने कहा कि बर्फ से ढके पश्चिमी हिमालई इलाकों से ठंडी हवा बहने के कारण तापमान में गिरावट आई है। हालांकि ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण आगामी चार से पांच दिन में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर समेत घाटी के कई इलाकों में न्यूनतम पारा रविवार को शून्य से नीचे चला गया। गुलमर्ग कश्मीर का सबसे सर्द इलाका रहा।

पायनियर
लखनऊ ,सोमवार, 23 नवंबर , 2020



## भारतीय एथलेटिक्स हाई परफोरमेंस निदेशक हरमान ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के हाई परफोरमेंस निदेशक वोल्कर हरमान ने यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया कि वह भूमिका के साथ आने वाली अपेक्षाओं को पूरा नही कर सकते। एएफआई के एक सूत्र ने पुष्टि की कि हरमान ने कुछ हफ्ते इस्तीफा दे दिया था लेकिन कहा कि उन्होने कोई विशेष कारण नही बताया था। हालांकि खेल मंत्रालय ने उनका अनुबंध 2024 ओलंपिक के अंत तक बढ़ा दिया था। जर्मनी के हरमान को जून 2019 में 2021 तक स्थगित हुए तोक्यो ओलंपिक के अंत तक नियुक्त किया गया था।

## पृथकवास के दौरान कम पाबंदियां होंगी पाक खिलाड़ियों के लिए : रिपोर्ट

**कराची।** अगले महीने टी20 और टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए सोमवार को न्यूजीलैड के लिए रवाना होने वाले 50 खिलाड़ियों के पाकिस्तानी दल को साल के शुरू मे हुए इंग्लैड दौरे की तुलना मे कम पाबंदियो का सामना करना पड़ेगा। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। हालांकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने खिलाड़ियो और अधिकारियों के साथ उनके परिवारों को जाने की अनुमति नही दी है ।

## सीए ने सिक्सर्स पर 25,000 डॉलर का जुर्माना लगाया

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) टीम सिडनी सिक्सर्स पर टूर्नामेंट के नियमों का उल्लघंन करने के लिए 25,000 डॉलर का जुर्माना लगाया जिसने टीम शीट मे एक खिलाड़ी को शामिल कर दिया जबकि वह उसकी अधिकारिक टीम का हिस्सा नही थी। सिडनी सिक्सर्स ने शनिवार की रात मेलबर्न रेनेगाडेस के खिलाफ अपने मैच मे तेज गेंदबाज हेले सिल्वर-होम्स को चुना।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तारीख की घोषणा अगले दो सप्ताह में होगी

**मेलबर्न।** टेनिस ऑस्ट्रेलिया (टीए) ने कहा कि अगले साल मेलबर्न मे होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन के कार्यक्रम की घोषणा दो सप्ताह के अंदर हो जाएगी। टीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रेग टेली ने रविवार उन अपुष्ट रिपोर्टो के जवाब में यह बात कही, जिसमें दावा किया गया था कि सत्र के शुरुआती ग्रैडस्लैम को फरवरी या मार्च तक टाला जा सकता है।

## एमसीए ने एजीएम कराने की अनुमति मांगी

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने महाराष्ट्र सरकार से 18 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम मे वैयक्तिक रूप से अपनी 84वी सालाना आम बैठक (एजीएम) कराने की अनुमति मांगी है।

# मयंक और शुभमन के बीच मुकाबला

## धवन के सलामी जोड़ीदार के लिए माथापच्ची



**भाषा। सिडनी**

भारतीय टीम प्रबंधन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला की बेहतर शुरूआत के लिए आदर्श संयोजन पर विचार कर रही है जिसमें सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के जोड़ीदार के लिए मयंक अग्रवाल और शुभमन गिल के बीच मुकाबला होगा। भारतीय टीम 27 नवंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए पिछले एक सप्ताह से अभ्यास कर रही है। टीम का मुख्य मकसद हालांकि बार्डर-गावस्कर ट्राफी(टेस्ट श्रृंखला) को अपने पास बरकरार रखना है। सीमित ओवरों की श्रृखला में बेहतर प्रदर्शन से टीम का हौसला जरूर बढ़ेगा।

कप्तान विराट कोहली की कोशिश 50 ओवर के मैच के लिए सही संयोजन बनाने पर होगी। अगले एक साल के क्रिकेट कार्यक्रम को देखे तो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और टी20 विश्व कप के कारण एकदिवसीय श्रृंखला का महत्व हालांकि ज्यादा नहीं है। भारतीय टीम इससे पहले न्यूजीलैंड में एकदिवसीय श्रृंखला में बुरी तरह 3-0 से हार गई थी। मयंक न्यूजीलैंड में तीनों मैचों में टीम का हिस्सा थे लेकिन वह बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। टीम के पास इस बार शुभमन गिल का भी विकल्प है ऐसे में कोहली और कोच रवि शास्त्री एससीजी (सिडनी क्रिकेट मैदान) की पिच और ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण को देखते हुए फैसला करेंगे। शास्त्री को रविवार को शुभमन के बल्लेबाजी सत्र के बाद काफी देर तक बात करते देखा गया। उन्होंने बाद में पंजाब के इस बल्लेबाज के साथ फोटो साझा करते हुए लिखा, इस महान खेल के बारे में बात करने से शायद ही कोई और अच्छी बात हो। शुभमन और मयंक की मौजूदा फार्म लगभग एक जैसी है।

इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइटराइडर्स के बल्लेबाज शुभमन ने 440 रन बनाए थे जबकि पंजाब के मयंक ने 418 रन बनाए। भारतीय एकदिवसीय टीम में लगभग आठ खिलाड़ियों का स्थान पक्का है जिसमें लय में चल रहे धवन, कप्तान कोहली, श्रेयस अय्यर, विकेटकीपर-बल्लेबाज लोकेश राहुल (सलामी बल्लेबाजी के लिए एक और विकल्प), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह का नाम शामिल है।

## मैकडोनल्ड ने भारतीय गेंदबाजों को स्मिथ के खिलाफ बाउंसर की योजना से बचने की सलाह दी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच एंड्रयू मैक्डॉनल्ड का मानना है कि स्टीव स्मिथ के खिलाफ भारतीय गेंदबाजो द्वारा नील वैगनर की तरह लगातार बाउंसर फेंकने की योजना सही नही रहेगी।न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वैगनर ने 2019-20 सत्र मे टेस्ट श्रृंखला के दौरान स्मिथ को चार बार आउट किया था। इस दौरान उन्होंने स्मिथ के शरीर को निशाना बनाकर लगातार शॉट गेदे फेंकी थी। शॉट गेदो पर परेशानी का सामना करने के बाद भी मैक्डोनल्ड ने कहा की स्मिथ की बल्लेबाजी मे कोई कमजोरी नही दिख रही है। मुझे पता है कि एक टेस्ट मैच में आर्चर की गेंद उसके हेलमेट पर लगी थी। लेकिन वापसी के बाद वह रन बनाने में सक्षम रहे है। एकदिवसीय और टी-20 क्रिकेट मे भी उनके खिलाफ यह योजना अपनाई गई लेकिन वह रन बनाने मे सफल रहे। इसलिए, मै इसे एक कमजोरी के रूप मे नही देखता हूं।

## कोहली मैदान पर बेहद प्रतिस्पर्धी, बाहर एकदम अलग : जम्पा

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा का कहना है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली की मैदान के अंदर की छवि भले ही आक्रामक बल्लेबाजी सुपरस्टार की हो लेकिन हाल में इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान हुई चर्चा मे वह बहुत ही कूल खिलाड़ी के तौर पर सामने आए। दोनो खिलाड़ी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए खेलते है और भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही आगामी वनडे और टी20 श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया की सीमित ओवर की टीम मे शामिल जम्पा ने कहा कि कोहली के साथ मांस के बिना खाना (शाकाहारी), कॉफी और क्रिकेट को लेकर एक रिश्ता बनाया। उन्होंने कोहली के साथी खिलाड़ियों के प्रति देखभाल करने वाले रवैए का खुलासा करते हुए कहा कि इस साल इंडियन प्रीमियर लीग के पहले ही दिन वाट्सएप पर किसी अनजान नंबर से एक संदेश आया जो बाद मे पता चला कोहली का था।

## कोहली के लौटने से भारतीय लाइन-अप कमजोर होगा

**सिडनी।** महान क्रिकेटर इयान चैपल का मानना है कि अगले महीने भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पहले टेस्ट के बाद विराट कोहली के लौटने से प्रतिद्वंद्वी टीम के लाइन-अप मे बड़ी कमी आएगी जिससे चयन दुविधा पैदा होगी लेकिन श्रृंखला किस दिशा मे जाएगी, अंत मे फैसला इससे ही होगा। कोहली एडीलेड मे 17 से 21 दिसंबर तक खेले जाने वाले पहले टेस्ट के बाद अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए लौट जाएंगे। 77 वर्ष के चैपल को लगता है कि युवा भारतीय बल्लेबाजों के लिए अपना कौशल दिखाने का यह बेहतरीन मौका होगा। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो डॉट कॉम मे अपने कॉलम में लिखा, यह भारतीय बल्लेबाजी क्रम मे काफी बड़ी कमी ला देगा और साथ ही यह उनके प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक के लिए खुद के कौशल को दिखाने का मौका प्रदान करेगा। अभी तक रोमांचक भिड़ंत का आकार ले रहे मुकाबले मे अब एक और मोड़ आ गया है और वह है अहम चयन फैसले।

## किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी को तैयार हूं, टीम प्रबधंन पर फैसला छोड़ा : रोहित



**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने टेस्ट सलामी बल्लेबाज के तौर पर अपनी भूमिका का लुत्फ उठाया है लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में वह टीम प्रबंधन की मांग के अनुसार बल्लेबाजी क्रम में अपने स्थान को लेकर लचीला होने के लिए तैयार हैं। सीनियर बल्लेबाज के कप्तान विराट कोहली के शुरूआती टेस्ट के बाद भारत लौटने के बाद टेस्ट उप कप्तान अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा के साथ बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। रोहित ने कहा, मैं आपको वही चीज कहूंगा जो मैंने सभी को कहा है। जहां भी टीम चाहती है, मैं वहां बल्लेबाजी करने को तैयार हूं लेकिन मैं नहीं जानता कि वे सलामी बल्लेबाज के तौर पर मेरी भूमिका बदलेंगे या नहीं। उनका मानना है कि जब तक वह बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग ट्रेनिंग के बाद आस्ट्रेलिया पहुंचेंगे, तब तक टीम प्रबंधन ने उनकी भूमिका तय कर ली होगी। उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान मामूली हैमस्ट्रिंग चोट लग गई थी।

## इशांत, रोहित को अगर टेस्ट खेलने हैं तो अगले तीन-चार दिन में ऑस्ट्रेलिया निकलना होगा: शास्त्री

**सिडनी।** भारत के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने वरिष्ठ खिलाड़ियों रोहित शर्मा और ईशांत शर्मा की आगामी टेस्ट श्रृंखला में भाग लेने पर आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि इसके लिए उन्हें अगले कुछ दिनों में ऑस्ट्रेलिया पहुंचना होगा। रोहित (बाएं हैमस्ट्रिंग) और इशांत (साइड स्ट्रेन) दोनों मांसपेशियों में खिंचाव के कारण राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन पर है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हालांकि अभी उनके ऑस्ट्रेलिया जाने की तारीख के बारे में नहीं बताया है। ऑस्ट्रेलिया में 14 दिनों के अनिवार्य पृथकवास को देखते हुए अगर वे सोमवार को भारत से रवाना नहीं हुए तो ऑस्ट्रेलिया ए खिलाफ छह से आठ दिसंबर के बीच खेले जाने वाले अभ्यास मैच में भाग नहीं ले पाएंगे। यह पहले ही तय हो गया था कि चोट के कारण रोहित सीमित ओवरों की श्रृंखला का हिस्सा नहीं होंगे। वे यह देखना चाह रहे थे कि उन्हें कितने विश्राम की जरूरत है क्योंकि आप ज्यादा लंबे समय तक विश्राम भी नहीं कर सकते है। अगर टेस्ट श्रृंखला में खेलना है तो आपको अगले तीन या चार दिनों में विमान में होना होगा। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो यह मुश्किल होगा। एनसीए की मेडिकल टीम फिलहाल आकलन कर रही है कि रोहित का खेल से ब्रेक पर कब तक रहेगा। अगर उसे लंबे समय तक विश्राम करना पड़ा तो चीजें मुश्किल हो सकती हैं क्योंकि आपको पृथकवास को भी ध्यान में रखना है। रोहित ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वह एनसीए में स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग ट्रेनिंग कर रहे है।

## टीम में नही चुने जाने पर निराशा हुई थी, रोहित से बात कर अच्छा लगा: सूर्यकुमार



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और घरेलू टूर्नामेंटों में लगातार दमदार प्रदर्शन करने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अनदेखी किए जाने के बाद सूर्यकुमार यादव को काफी निराशा हुई थी लेकिन मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा से बातचीत करने के बाद उन्हें अपने खेल पर ध्यान देने में मदद मिली। उस समय (टीम की घोषणा के बाद) जिम में रोहित मेरे बगल में बैठे थे और उन्होंने मेरी तरफ देखा और मैंने कहा, जाहिर है, मैं थोड़ा निराश हूं , क्योंकि वह महसूस कर पा रहे थे कि मैं अच्छी खबर का इंतजार कर रहा था। बाद में, रोहित ने मुझे कहा, मेरा मानना था कि आप अभी टीम के लिए शानदार काम कर रहे हैं, और उस (चयन नहीं होने पर) के बारे में सोचने के बजाय, आप सिर्फ वही चीजें करते रहिए जो आप इस आईपीएल में पहले दिन से करते आ रहे हैं। और जब समय सही होगा, तो आपको मौका मिलेगा। यह आज हो या कल , यह होगा आपको बस खुद पर विश्वास रखना होगा। आईपीएल से पहले घरेलू सत्र में भी सूर्यकुमार कुछ वर्षो से लगातार अच्छा कर रहे है लेकिन फिर भी उन्हें भारतीय टीम में मौका नहीं मिला। रोहित के उन शब्दों ने उन्हें निराशा से बाहर आने में मदद की। मैं वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा था क्योंकि मुझे पता था कि उनकी बातों से पहले मैं उस समय कैसा महसूस कर रहा था। वह इसे मेरी आँखों में स्पष्ट रूप से देख पा रहे थे। मुझे लगता है कि इस निराशा से बाहर निलने में उनकी बातों में मेरी मदद की।

## एंगुलो ने दो गोल कर बेंगलुरु के खिलाफ गोवा को हार से बचाया

**इंडियन सुपर लीग**

**गोवा।** इगोर एंगुलो ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल के सातवें सत्र के मैच में रविवार को बेंगलुरुएफसी के खिलाफ दो गोल से पिछड़ रही एफसी गोवा को हार से बचा लिया। एंगुलो के 66वें और 69वें मिनट में किए गए गोल के दम गोवा ने यहां फातोर्दा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए सत्र के अपने पहले मैच में पूर्व चैम्पियन बेंगलुरु एफसी को 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया। इससे पहले बेंगलुरु के लिए क्लाइंटन सिल्वा ने 27वें और स्पेनिश डिफेंडर जुआन एंटोनियो गोंजालेज फर्नांडीज ने 57वें मिनट मे गोल किए। बेंगलुरु एफसी के लिए चौथे सत्र मे कप्तानी के लिए उतरे सुनील छेत्री मैच के दूसरे मिनट में ही गोल करने से चूक गए। आशिक कुरुनियन भी सातवें मिनट मे गोल का आसान मौका नही भुना सके। पूर्व चैम्पियन बेंगलुरु एफसी पहले 25 मिनट तक 65 प्रतिशत बॉल पजेशन और 150 से अधिक पास के साथ मुकाबले में लगातार दबाव बना रही थी, इसका फायदा उसे गोल के रूप में मिला। आईएसएल में अपना पदार्पण मैच खेल रहे ब्राजील के क्लाइन सिल्वा ने 27वें मिनट मे शानदार गोल करके बेंगलुरु को मैच में।-0 से आगे कर दिया।

# मैनचेस्टर को हराकर शीर्ष पर पहुंचा टॉनटेनहम

**भाषा। लंदन**

हैरी केन की मदद से सोन हेयुंग-मिन और जियोवानी लो सेल्सो के गोल के दम पर टॉनटेनहम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के मैच में मैनचेस्टर सिटी को 2-0 की शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में दो दिग्गज कोचों की प्रतिष्ठा भी दाव पर लगी थी जिसमें जोस मॉरिन्हो की टॉनटेनहम पेप गार्डियालो की मैनचेस्टर सिटी पर भरी पड़ी। इस जीत के साथ ही टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। सोन हेयुंग-मिन ने मैच के पांचवें में हैरी केन की मदद से गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। केन ने इसके बाद 65 वें मिनट में शानदार मौका बनाकर लो सेल्सो को पास दिया जिन्होंने गेंद को गोल पोस्ट में डाल कर टीम की बढ़त को 2-0 कर दी। लीग के अन्य मुकाबले में चेल्सी ने न्यूकैसल को 2-0 से हराया जबकि ब्राइटन ने एस्टन विला को 2-। से हराया।

## रोनाल्डो के दो गोल, युवेंटस ने कागलियारी को हराया



**मिलान।** क्रिस्टियाना रोनाल्डो के दो गोल की मदद से युवेंटस सीरी ए फुटबाल में कागलियारी पर 2-0 की जीत से दूसरे स्थान पर पहुंच गया। गोल करने की लय जारी रखते हुए रोनाल्डो ने अपने अंतिम पांच मैचों में आठ गोल दागे। इस तरह युवेंटस लीग तालिका में शीर्ष पर चल रहे एसी मिलान से एक अंक पीछे है। सासुओलो एक अंक पीछे तीसरे स्थान पर है।

## बार्सीलोना को हराकर एटलेटिको शीर्ष पर पहुंचा, रियाल मैड्रिड खिसका

**बार्सीलोना।** एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में बार्सिलोना को।-0 से हराकर खिताब की रेस में खुद के स्थान को मजबूत किया जबकि रियाल मैड्रिड चौथे स्थान पर खिसक गया। रोनाल्ड कोमैन की बार्सिलोना टीम 10वें स्थान पर है। एटलेटिको मैड्रिड के लिए यानिक कारास्को ने विजई गोल दागा जिससे टीम के कुल 20 अंक हो गए। वहीं रियाल मैड्रिड ने विलारियाल से।-। से ड्रा खेला जो तालिका में तीसरे स्थान पर है।

## एटीपी फाइनल्स ट्राफी के लिए थिएम और मेदवेदेव में जंग

**भाषा। लंदन**

एटीपी फाइनल्स ट्राफी के लिए दुनिया के नंबर एक नोवाक जोकोविच और नंबर दो राफेल नडाल के बीच मुकाबला नहीं होगा बल्कि इसमें डॉमिनिक थिएम (तीसरे नंबर) और दानिल मेदवेदेव (चौथे नंबर) एक दूसरे के आमने सामने होंगे। मेदवेदेव के खिलाफ मैच का शुरूआती सेट अपने नाम करने से पहले 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल लगातार 71 मैचों में जीत हासिल कर चुके थे। वह शनिवार को सेमीफाइनल के दूसरे सेट में 5-4 से आगे चल रहे थे। लेकिन मेदवेदेव ने वापसी करते हुए इसे 3-6 7-6 6-3 से जीत लिया। इससे पहले थिएम ने 17 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन जोकोविच के खिलाफ सेमीफाइनल में 7-5 6-7 7-6 से जीत हासिल की जिसका दूसरा और तीसरा सेट टाइब्रेकर रहा। थिएम ने इस तरह जोकोविच की रिकार्ड बराबरी करने की छठी एटीपी फाइनल्स ट्राफी की उम्मीद तोड़ दी।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 437 परियोजनाओं की लागत 4.37 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 437 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.37 लाख करोड़ रुपए से अधिक की वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी मिली है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की सितंबर-2020 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की।,663 परियोजनाओं में से 437 की लागत बढ़ी है, जबकि 531 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं।

## दूरसंचार सेवाओं की दरें तार्किक नही, बढ़ाने की जरूरत: सुनील मित्तल



**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवाप्रदाता कंपनी भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल का कहना है कि अभी मोबाइल सेवाओं की दरें तार्किक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा दरों पर बाजार में बने रहना मुश्किल है, अत: दरों में बढ़ोतरी अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई निर्णय लेने से पहले बाजार की परिस्थितियों को देखा जाएगा। मित्तल ने एक साक्षात्कार में ए बातें कहीं। अगली पीढ़ी के 5जी नेटवर्क में चीन की दूरसंचार उपकरण विनिर्माताओं को भागीदारी की मंजूरी मिलेगी या नहीं, इस बारे में पूछे जाने पर मित्तल ने कहा कि बड़ा सवाल देश के निर्णय का है। देश जो भी निर्णय लेगा, हर कोई उसे स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा, जहां तक दूरसंचार सेवाओं की दरों का सवाल है, कंपनी ने (एयरटेल ने) इस बारे में अपना रुख स्पष्ट कर दिया है।

## सितंबर तिमाही में सुधार की राह पर भारत का विनिर्माण क्षेत्र: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** विनिर्माण क्षेत्र के लिए, नियुक्तियों का परिदृश्य भले ही सुस्त हो लेकिन यह क्षेत्र जुलाई-सितंबर तिमाही में सुधार की राह पर अग्रसर है। एक सर्वेक्षण में इसकी जानकारी मिली। उद्योग संगठन फिक्की के द्वारा जारी विनिर्माण क्षेत्र के हालिया तिमाही सर्वेक्षण के अनुसार, अधिक उत्पादन की बात कहने वाले प्रतिभागियों का प्रतिशत बेहतर हुआ है। इससे पता चलता है कि एक तिमाही पहले की तुलना में सितंबर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र सुधार की ओर अग्रसर है।सर्वेक्षण के अनुसार, जून तिमाही में 10 प्रतिशत प्रतिभागियों ने अधिक उत्पादन की बात की थी। सितंबर तिमाही में इनका प्रतिशत बढ़कर 24 हो गया। इनके साथ ही कम या समान उत्पादन की बात कहने वाले प्रतिभागियों का प्रतिशत इस दौरान 90 प्रतिशत से कम होकर 74 प्रतिशत पर आ गया। विनिर्माण क्षेत्र में नियुक्तियों का परिदृश्य इस दौरान कुछ सुधरा है, लेकिन यह अभी भी सुस्त बना हुआ है। सर्वेक्षण में शामिल 80 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा है कि वे अगले तीन महीने तक अतिरिक्त लोगों को काम पर नहीं रखने वाले हैं।

# अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार : अर्थशास्त्री


## तीसरी व चौथी तिमाही में सकारात्मक रहेगी वृद्धि दर

**भाषा। नई दिल्ली**

भारत की वृहद आर्थिक स्थिति तेजी से सुधर रही है और चालू वित्त वर्ष (2020-21) की तीसरी और चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सकारात्मक रहेगी। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री आशिमा गोयल ने रविवार को यह बात कही।

गोयल ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रबंधन और लॉकडाउन को धीरे-धीरे उठाने से महामारी को उच्चस्तर पर पहुंचने से रोकने में मदद मिली है। विभिन्न एजेंसियां वृद्धि के अनुमान में लगातार बदलाव कर रही हैं। हम देख रहे हैं कि अब लगातार यह सहमति बन रही है कि वृद्धि दर में गिरावट दो अंक से कम रहेगी। सितंबर में अनलॉक 4 से आपूर्ति श्रृंखला की बाधाएं दूर हुई हैं और गतिविधियां तेजी से रफ्तार पकड़ रही हैं। तीसरी और चौथी तिमाही में वृद्धि दर सकारात्मक रहेगी। गोयल को रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि कई सुधारों के मोर्चों पर प्रगति हुई है, इससे दीर्घावधि की वृद्धि दर को टिकाऊ करने में मदद मिलेगी। भारत की विविधता तथा जुझारू क्षमता के अलावा अधिशेष तरलता से स्थिति सुधर रही है। काफी समय तक तरलता का संकट रहा, लेकिन अब यह आसानी से उपलब्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह यह साक्षात्कार व्यक्तिगत हैसियत से दे रही हैं। ऊंची खुदरा मुद्रास्फीति पर गोयल ने कहा कि इसकी वजह आपूर्ति पक्ष के कारक मसलन बेमौसम बरसात आदि हैं। लेकिन आपूर्ति पक्ष की बाधाएं अधिक समय तक नहीं रहेंगी। इसके अलावा दीर्घावधि के बदलाव हैं, जिनसे मुद्रास्फीति घटेगी। इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर गोयल ने कहा, केंद्रीय बैंक ने कई शानदार उपाय किए हैं, जिन्हें समय के हिसाब से प्रतिकूल प्रभाव के बिना पलटा जा सकता है। सरकार शुद्ध मांग को प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है। हालांकि, राजस्व घटा है, लेकिन सरकार अधिक खर्च कर रही है।

## पेट्रोल 8 पैसे लीटर महंगा हुआ, डीजल के दाम 19 पैसे लीटर बढ़े



**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की कीमतो में लगातार तीसरे दिन बढ़ोतरी हुई है। रविवार को पेट्रोल 8 पैसे प्रति लीटर और डीजल 19 पैसे प्रति लीटर और महंगा हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम चढ़ रहे है जिससे करीब दो माह बाद ईंधन की कीमतो मे फिर वृद्धि का सिलसिला शुरू हो गया है। पेट्रोलियम विपणन कंपनियो की मूल्य अधिसूचना के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल आठ पैसे की वृद्धि के साथ 81.46 रुपए प्रति लीटर और डीजल 19 पैसे की बढ़ोतरी के साथ 71.07 रुपए प्रति लीटर हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियो ने शुक्रवार से ईंधन कीमतो मे बढ़ोतरी का सिलसिला फिर शुरू किया है। तीन दिन में पेट्रोल के दाम 40 पैसे प्रति लीटर और डीजल के 61 पैसे प्रति लीटर बढ़ाए गए है। इससे पहले 22 सितंबर से पेट्रोल कीमतो मे संशोधन नही हुआ था। वही दो अक्टूबर से डीजल कीमतो मे बदलाव नही हुआ था।

## एफपीआई ने नंवबर में भारतीय बाजारों में 49,553 करोड़ डाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने में अब तक भारतीय बाजारों मे 49,553 करोड़ रुपए डाले है। उच्च तरलता की स्थिति तथा अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों को लेकर असमंजस दूर होने के बाद वैश्विक संकेतक बेहतर हुए है, जिससे भारतीय बाजारों में एफपीआई का निवेश बढ़ा है। एफपीआई ने 3 से 20 नवंबर के दौरान शेयरो में शुद्ध रूप से 44,378 करोड़ रुपए तथा ऋण या बांड बाजार में 5,175 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस तरह का उनका कुल निवेश 49,553 करोड़ रुपए रहा है। अक्टूबर में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 22,033 करोड़ रुपए डाले थे।

## म्यूचुअल फंड उद्योग के एयूएम में छोटे शहरों का हिस्सा 16 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड उद्योग की औसत प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) अक्टूबर के मध्य तक 28 लाख करोड़ रुपए से कुछ अधिक रही। इनमे छोटे शहरों यानी बी30 शहरो का 16 प्रतिशत हिस्सा रहा। राज्यो के हिसाब से देखे तो सर्वाधिक हिस्सेदारी महाराष्ट्र की रही। म्यूचुअल फंड उद्योग के संगठन एएमएफआई ने इसकी जानकारी दी।

## सिर्फ 1,000-1,500 करोड़ रुपए के ऋण का करना पड़ेगा पुनर्गठन

**मुंबई।** बैक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ए एस राजीव ने कहा कि बैंक को उम्मीद है कि आरबीआई की योजना के तहत 31 दिसंबर से पहले उसके कुल अग्रिम मे से सिर्फ।,000-।,500 करोड़ रुपए का एकमुश्त पुनर्गठन होगा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैक ने पहले अनुमान जताया था कि उसके किस्त स्थगन खातो मे से करीब 3,000-4,000 करोड़ रुपए की राशि एकमुश्त पुनर्गठन के लिए आएगी।

## 18,000 करोड़ के एनपीए के समाधान की उम्मीद

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैक (आईओबी) को दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता के तहत चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही मे 18,000 करोड़ रुपए की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के समाधान की उम्मीद है। इस कदम से बैक के मुनाफे मे सुधार होगा।

## टाटा स्टील ने कोकिंग कोयले का परीक्षण शुरू किया

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने ब्लास्ट फर्नेस मार्ग से इस्पात विनिर्माण को रूस से कोकिंग कोयले के नमूनो का परीक्षण शुरू कर दिया है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेंद्रन ने यह जानकारी दी।


## वैक्सीन से जुड़ी खबरों, डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों तथा डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान की वजह से इस सप्ताह शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा कोविड-19 के टीके से संबंधित खबरों, अमेरिका में प्रोत्साहन उपायों की चर्चा तथा वैश्विक रुख बाजार की दिशा तय करेंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आगे चलकर बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। कोविड-19 के बढ़ते मामलों के साथ वैक्सीन के जुड़ी खबरों पर सभी की निगाह रहेगी।सैमको सिक्योरिटीज की शोध विश्लेषक निराली शाह ने कहा कि आगे बड़े शेयरों में करेक्शन आ सकता है। तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त हो गया है। ऐसे में निवेशकों की निगाह वैश्विक संकेतकों तथा वैक्सीन से जुड़ी खबरों पर रहेगी। चॉइस ब्रोकिंग के कार्यकारी निदेशक सुमीत बगाड़िया ने कहा कि अभी बाजार अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर कारोबार कर रहा है। ऐसे में आगे चलकर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 439.25 अंक या 1.01 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 139.10 अंक या 1.09 प्रतिशत चढ़ा। शेयर बाजारों के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 3,860.78 करोड़ रुपए के शेयर खरीद।

## कोविड-19 को लेकर एकजुट होने के आह्वान के साथ शुरू हुआ जी-20 शिखर सम्मेलन

**दुबई।** कोरोना वायरस महामारी (कोविड-19) के खिलाफ दुनिया के शीर्ष ताकतवर नेताओं के एकजुट होकर लड़ने के आह्वान के साथ इस बार जी-20 शिखर सम्मेलन की शनिवार को शुरुआत हुई। इस महामारी के कारण दुनियाभर में अब तक 13.7 लाख से अधिक लोग मारे गए हैं। ऐसे में जी-20 देशों को इस शिखर सम्मेलन में यह अवसर भी मिला है कि वे इस तरह की महामारी से लड़ने में दुनिया को रास्ता दिखाने में अपनी उपयोगिता साबित करें। हालांकि, इस महामारी की चुनौतियों के चलते इस तरह के समूहों की अंदरूनी खामियां भी उभरकर सामने आई हैं।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.07 लाख करोड़ रुपए घटा



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से।,07,160 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी घट गया। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी लि., बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 439.25 अंक या 1.01 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 69,378.51 करोड़ रुपए घटकर 12,84,246.18 करोड़ रुपए रह गया। इसी तरह टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 4,165.14 करोड़ रुपए घटकर 9,97,984.24 करोड़ रुपए तथा हिंदुस्तान यूनिलीवर का 16,211.94 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 4,98,011.94 करोड़ रुपए रह गया। इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 12,948.61 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 4,69,834.44 करोड़ रुपए पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 4,455.8 करोड़ रुपए घटकर 3,33,315.58 करोड़ रुपए रह गया।

# बाइडन प्रशासन की भारत के साथ होगी अधिक सुविचारित साझेदारी

● चटर्जी पूर्ववर्ती ओबामा प्रशासन में वरिष्ठ नीति सलाहकार रही हैं, उन्होंने कहा कि जहां ट्रंप के भारत के साथ संबंध लघु अवधि के तथा प्रतिक्रियात्मक रहे हैं

**भाषा।** वाशिंगटन

**विदेश नीति** की एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ ने कहा है कि आगामी बाइडन प्रशासन भारत के साथ और अधिक सोच-विचार वाली साझेदारी रखेगा और उसे क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत के साथ काम करने का अवसर मिलेगा।कोलंबिया यूनिवर्सिटी में फैकल्टी सदस्य सोहिनी चटर्जी ने कहा कि कुछ मामलों में दोनों प्रशासनों में थोड़ी-बहुत अनुरूपता होगी क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन दोनों का ही यह मानना है कि भारत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। चटर्जी पूर्ववर्ती ओबामा प्रशासन में वरिष्ठ नीति सलाहकार रही हैं। उन्होंने कहा कि जहां ट्रंप के भारत के साथ संबंध लघु अवधि के तथा प्रतिक्रियात्मक रहे हैं, वहीं बाइडन प्रशासन के साथ संबंध बिना किसी जल्दबाजी के तथा अधिक सोच-विचार वाले रहने की उम्मीद है।उन्होंने कहा, मेरा विचार है कि क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिहाज से निश्चित ही भारत के साथ मिलकर काम करने का मौका और एक ऐसा संवाद कायम करने का अवसर होगा जिसकी आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ वाली क्वाड साझेदारी भी जारी रहेगी। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक ऐंड इंटरनेशनल स्टडीज में सीनियर एसोसिएट तथा इंडिपेंडेंट इंटरनेशनल लीगल एड्वोकेट्स में कानूनी सलाहकार चटर्जी ने कहा कि बाइडन प्रशासन के लिए मानवाधिकार का विषय एक आवश्यक मुद्दा होगा और आगामी प्रशासन बुनियादी एवं मूलभूत मानवाधिकारों को लेकर अधिक संवेदनशील होगा।उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत बहुपक्षीय संस्थानों में भारत और अमेरिका के बीच और अधिक सहयोग होगा। चटर्जी ने कहा कि बाइडन की योजना कार्यालय की कमान अपने हाथ में लेने के साथ ही पेरिस जलवायु समझौते में शामिल होने की है।

## संघीय न्यायाधीश ने पेनसिल्वेनिया में ट्रंप अभियान के मुकदमे को खारिज किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अभियान की ओर से पेनसिल्वेनिया में दायर उस मुकदमे को खारिज कर दिया है जिसमें लाखों मतों को अवैध घोषित करने की मांग की गई थी। न्यायाधीश ने कहा कि आरोप अटकलों पर आधारित हैं।यूएस मिडल डिस्ट्रिक्ट ऑफ पेनसिल्वेनिया के न्यायाधीश मैथ्यू ब्रान ने ट्रंप अभियान का अनुरोध शनिवार को खारिज कर दिया, जिससे तीन नवंबर को हुए चुनाव के परिणामों को चुनौती देने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों को खासा झटका लगा है।राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन विजई रहे हैं। न्यायाधीश ब्रान ने कुछ दिन पहले आरोप लगाया था कि उन्हें फोन कॉल करके परेशान किया जा रहा है। उन्होंने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप अभियान ने तोड़-मरोड़ कर और बिना आधार के कानूनी दलीलें पेश कीं।






विलम्गिटन के एक चर्च से बाहर आकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते बाइडेन व स्टर्लिंग स्थित नेशनल गोल्फ क्लब में गोल्फ खेलते डोनाल्ड ट्रंप

## जो बाइडन ने भारतीय-अमेरिकी माला अडिगा को अपनी पत्नी का नीति निदेशक किया नियुक्त

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय-अमेरिकी माला अडिगा को अपनी पत्नी जिल बाइडन का नीति निदेशक नियुक्त किया है। देश की अगली प्रथम महिला बनने जा रही जिल का ध्यान मुख्य रूप से शिक्षा पर केंद्रित है, इसलिए शिक्षा संबंधी नीति के संबंध में अनुभवी माला अडिगा को इस पद के लिए चुना गया है। अडिगा बाइडन की 2020 प्रचार मुहिम की वरिष्ठ नीति सलाहकार और जिल की वरिष्ठ सलाहकार थीं। उन्होंने पहले उच्च शिक्षा एवं सैन्य परिवारों की निदेशक के तौर पर बाइडन फाउंडेशन के लिए भी काम किया है। वह इससे पहले पूर्ववर्ती ओबामा प्रशासन में ब्यूरो ऑफ एजुकेशनल एंड कल्चरल अफेयर्स में अकादमिक कार्यक्रमों के लिए विदेश मंत्रालय में उप सहायक सचिव थीं और उन्होंने विदेश मंत्रालय के ऑफिस ऑफ ग्लोबल विमेंस इश्यूज में चीफ ऑफ स्टाफ और विशेष दूत की वरिष्ठ सलाहकार के तौर पर भी जिम्मेदारी निभाई है। सीएनएन ने शुक्रवार के कहा, माला अडिगा अगली प्रथम महिला जिल बाइडन की नीति निदेशक होंगी। उसने बताया कि इसके अलावा बाइडन फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक रहीं लुइसा टेरेल को व्हाइट हाउस के विधाई मामलों के कार्यालय का निदेशक बनाया जाएगा। ओबामा प्रशासन में जिल बाइडन के सामाजिक सचिव रहे कार्लोस एलिजोंदो व्हाइट हाउस के सामाजिक सचिव होंगे। राजदूत कैथी रसैल को व्हाइट हाउस कार्यालय में राष्ट्रपति के कार्मिक मामलों का निदेशक बनाया जाएगा।



● अडिगा बाइडन की 2020 प्रचार मुहिम की वरिष्ठ नीति सलाहकार और जिल की वरिष्ठ सलाहकार थी

## ब्रिटेन में दो दिसंबर को लॉकडाउन समाप्त होने के साथ कड़े चरणबद्ध कदमों की तैयारी

**भाषा।** लंदन



**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन सोमवार को एक संबोधन के जरिए देश में कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए कोविड शीतकालीन योजना की घोषणा कर सकते हैं जिसमें औपचारिक रूप से दो दिसंबर को लॉकडाउन समाप्त होने के बाद कुछ सख्त चरणबद्ध कदमों की उम्मीद है। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि और अधिक क्षेत्रों को आवाजाही तथा घरों पर रहने संबंधी पाबंदियों के कठिन स्तर में रखा जा सकता है। ब्रिटेन में करीब एक महीने के लॉकडाउन से पहले क्षेत्रों में संक्रमण की दर के आधार पर अलग-अलग सामाजिक दूरी संबंधी नियमों की तीन स्तरीय प्रणाली बनाई गई थी। सरकार का आपातकाल के लिए वैज्ञानिक सलाहकार समूह सोमवार को अपने निष्कर्ष जारी कर सकता है और उसका कहना है कि पिछले चरणों में किए गए उपाय पर्याप्त सख्त नहीं थे।कोविड शीतकालीन योजना पर और ज्यादा जानकारी सोमवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रधानमंत्री के भाषण में सामने आ सकती है। इससे पहले कैबिनेट रविवार को इस बारे में विचार करेगी जिसमें जॉनसन डिजिटल तरीके से भाग ले सकते हैं क्योंकि वह संक्रमित पाए गए एक सांसद से संपर्क में आने के बाद से स्व पृथक-वास में हैं। ब्रिटिश मीडिया की कुछ खबरों में कहा गया है कि जॉनसन क्रिसमस पर कोविड-19 की पाबंदियों से एक हफ्ते तक की छूट दे सकते हैं और यह छूट स्कॉटलैंड, वेल्स तथा नदर्न आयरलैंड की अवक्रमित (डिवॉल्व्ड) सरकारों के साथ समझौते पर निर्भर करेगी। इसमें 22 से 28 दिसंबर तक पूरे ब्रिटेन में नियमों में छूट के आसार हैं ताकि कई परिवार 25 दिसंबर को क्रिसमस मना सकें।डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा, मौजूदा राष्ट्रीय पाबंदियों के दौरान सभी के प्रयासों ने वायरस को काबू में लाने में, उसके प्रसार को धीमा करने और एनएचएस पर दबाव बनाने में मदद की है। उन्होंने कहा, लेकिन प्रधानमंत्री और उनके वैज्ञानिक सलाहकारों का स्पष्ट मानना है कि वायरस का प्रकोप अब भी है और टीका आने से पहले क्षेत्रीय पाबंदियों के बिना यह नियंत्रण से बाहर जा सकता है। जॉनसन ने 31 अक्टूबर को इंग्लैंड के लिए घरों में रहने के नए नियमों की घोषणा की थी कि इंग्लैंड में पांच नवंबर से कम से कम दो दिसंबर तक प्रतिबंध लागू रहेंगे। ब्रिटेन में कोविड-19 संक्रमण के नए मामलों की संख्या में पिछले सात दिन में गिरावट आई है। इसमें पिछले सप्ताह की तुलना में इस सप्ताह 13.8 प्रतिशत कमी आई है।

## रॉकेट हमले के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी पर स्थित हमास के ठिकानों पर हमला किया

**एपी।** यरूशलम

**इजराइल की** सेना ने कहा है कि गाजा पट्टी से इस देश पर एक रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइली विमान ने रविवार को फलस्तीनी क्षेत्र में कई जगहों पर हमले किए। किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। फलस्तीनी क्षेत्र से कई चरमपंथी समूह अपनी गतिविधियां चलाते हैं, लेकिन इजराइल इस क्षेत्र से दागे जाने वाले सभी रॉकेट के लिए गाजा के हमास शासकों को जिम्मेदार ठहराता है और बदले में उसके ठिकानों पर हमले करता है। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि लड़ाकू विमानों और हमलावर हेलीकॉप्टरों ने रॉकेट की विस्फोटक सामग्री बनाने की दो जगहों, भूमिगत ठिकानों और हमास के एक नौसैनिक प्रशिक्षण परिसर पर निशाना साधा। उसने कहा कि फलस्तीनी लड़ाकों ने शनिवार रात को इजराइल पर एक रॉकेट दागा जिसके बाद इजराइल के दक्षिणी शहर अश्केलॉन में सायरन बजने लगे। इजराइली पुलिस ने कहा कि रॉकेट से अश्केलॉन इलाके में एक ढांचे को नुकसान पहुंचा। यह इलाका गाजा से करीब 10 किलोमीटर दूर है, लेकिन इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। इजराइली मीडिया ने कहा कि रॉकेट हमले में एक कारखाने को भी नुकसान हुआ है। इजराइल और हमास के बीच शत्रुता है। हमास एक इस्लामी चरमपंथी समूह है, जो इजराइल की तबाही चाहता है। हमास ने 2007 में गाजा में कब्जा किया था और तभी से दोनों के बीच तीन जंग और कई संघर्ष हो चुके हैं।



होंडूरस के एक शरणार्थी गृह में बाढ़ व तूफान से प्रभावित लोग

## क्विक न्यूज

### नवाज शरीफ की मां का लंदन में निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की मां बेगम शमीम अख्तर का रविवार को लंदन में निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थीं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सूत्रों के मुताबिक बेगम अख्तर बीते एक महीने से अस्वस्थ थीं। पीएमएल-एन के उप महासचिव अताउल्लाह तरार ने कहा, रविवार को लंदन में उन्होंने आखिरी सांस ली। वह बीती फरवरी में लंदन गई थी और वहां नवाज और अन्य परिजनों के साथ रह रही थीं। तरार ने कहा कि बेगम अख्तर के शव को सोमवार को लाहौर लाए जाने और शरीफ परिवार के जति उमरा रायविंड स्थित आवास में उनके पति मियां शरीफ की कब्र के बगल में दफनाए जाने की उम्मीद है। तरार ने कहा कि नवाज के छोटे भाई और पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ को परोल पर रिहा करने और मां के जनाजे में शामिल होने की इजाजत देने के लिए संबंधित अधिकारियो के समक्ष आवेदन किया जाएगा। पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ को पाकिस्तान की एक अदालत ने भगोड़ा घोषित कर रखा है और उनके मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वापस आने की उम्मीद नही है। पीएमएल-एन के एक वरिष्ठ नेता ने पीटीआई को बताया, नवाज शव को लाहौर भेजे जाने से पहले लंदन मे मां की नमाज-ए-जनाजा में शिरकत करेंगे।

### अलकायदा ने उत्तर अफ्रीका के लिए नया सरगना चुना, पहले सरगना के मौत की पुष्टि

**डकार।** आतंकवादी संगठन अलकायदा की उत्तरी अफ्रीकी शाखा ने कहा है कि उसने अपना नया सरगना चुन लिया है। इससे पहले उसने अपने पूर्व सरगना की मौत की पुष्टि की है। उसे जून माह में फ्रांस के बलों ने मार गिराया था। यह जानकारी एसआईटीई खुफिया समूह ने दी है। अमेरिका का यह समूह जिहादियों के स्थलों पर नजर रखता है। उसने शनिवार को एक वीडियो में बताया कि अलकायदा इन इस्लामिक मगरिब (एक्यूआईएम) ने अपने सरगना अब्देलमलिक द्रोउकदेल का शव पहली बार दिखाया है। एक्यूआईएम ने यह भी कहा कि याजिद मुबारक जिसे अबु उबैदा यूसुफ अल अन्नाबी के नाम से भी जाना जाता है, वह अब नया सरगना है। अलकायदा की उत्तरी अफ्रीकी शाखा ने स्विट्जरलैंड की मिशनरी बिएट्रिक स्टॉक्ले की मौत की भी पुष्टि की है। उन्हें माली के टिबक्टू शहर से जनवरी 2016 में अगवा किया गया था। एसआईटीई ने कहा कि संगठन ने उनकी मौत के लिए फ्रांस के योद्धाओं को जिम्मेदार ठहराया जिन्होंने उन्हें छुड़ाने का नाकाम प्रयास किया। एसआईटीई खुफिया समूह की निदेशक रीटा कट्ज ने ट्वीट करके कहा कि नए नेता के तौर पर यूसुफ अल अन्नाबी की नियुक्ति कोई अचरज की बात नही है क्योंकि संगठन कई वर्षों से अपने प्रचार में उसका जिक्र कर रहा था और वह कई अहम अभियानों में शामिल रहा है।

### ट्रंप अभियान ने जॉर्जिया में पुनर्मतगणना के लिए याचिका दायर की

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप के प्रचार अभियान ने जॉर्जिया में मतों की फिर से गिनती के लिए याचिका दायर की है। रिपब्लिकन पार्टी का गढ़ माने जाने वाले जॉर्जिया में अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने 12000 से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। बाइडन 1992 के बाद से इस महत्वपूर्ण चुनावी राज्य मे जीतने वाले पहले डेमोक्रेट उम्मीदवार है। जॉर्जिया मे 1992 मे बिल क्लिंटन के बाद से अब तक किसी भी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार को जीत नही मिली थी। फिर से मतो की गिनती होने पर यहां चुनाव अधिकारियो को पचास लाख से ज्यादा मतो की गणना करनी होगी।

### पाकिस्तान में कोविड-19 से 59 और मौतें मृतकों की संख्या 7,662 हुई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कोरोना वायरस के संक्रमण से कम से कम 59 और लोगों की मौत हो गई, जिससे देश भर मे कोविड-19 महामारी मे जान गंवाने वालो की संख्या बढ़कर 7,662 हो गई, जबकि संक्रमण के 2,600 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटो मे 2,665 नए मामले सामने आने के बाद देश मे कोरोना वायरस संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 3,74,173 हो गए।मंत्रालय के अनुसार, लगभग 3,29,828 लोग बीमारी से ठीक हुए हैं जबकि,653 की हालत गंभीर है। कोरोना वायरस के उपचाराधीन रोगियो की संख्या 37,683 है, जो सितंबर मे रहे 6,000 से कई गुना अधिक है। सिंध में अब तक कोरोना वायरस के1,62,227 मामले, पंजाब मे1,14,010, खैबर-पख्तूनख्वा मे 44,097, इस्लामाबाद में 26,569, बलूचिस्तान मे 16,744, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर मे 6,000 और गिलगित-बाल्टिस्तान मे 4,526 मामले सामने आए है।मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में कोविड-19 के लिए अब तक 51,80,026 जांच हुई है, जिसमे पिछले 24 घंटो में हुई 38,983 जांच शामिल है। देश में संक्रमण दर 6.8 फीसदी है।

## एफडीए ने ट्रंप को दी गई एंटीबॉडी दवाई के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी




**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** स्वास्थ्य अधिकारियों ने कोविड-19 से लड़ने में प्रतिरोधक प्रणाली को मदद करने वाली एक ऐसी एंटबॉडी दवाई के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है, जिसे पिछले महीने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद दिया गया था। इससे पहले एक और दवाई के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी गई थी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने रेजेनेरॉन फार्मास्यूटिकल्स इंक की दवाई के इस्तेमाल की मंजूरी इस कोशिश के तौर पर दे दी कि हल्के से मध्यम लक्षण वाले मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने जैसी स्थिति या फिर उनकी हालत बिगड़ने से बचाया जा सके। एफडीए ने इस दवाई का इस्तेमाल व्यस्क एवं 12 साल के बच्चों या उससे ज्यादा उम्र के उन लोगों पर करने की अनुमति दे दी जिनका वजन कम से कम 40 किलोग्राम है और वे जो उम्र या अन्य चिकितस्कीय स्थितियों की वजह से गंभीर खतरे का सामना कर रहे हैं।आपात स्थिति में इस दवाई के इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है लेकिन अब भी इसकी सुरक्षा और इसकी प्रभावशीलता का पता लगाने के लिए अध्ययन चल रहा है। प्रारंभिक परिणामों से पता चला है कि यह दवाई कोविड-19 की वजह से अस्पताल में भर्ती होने या गंभीर खतरे वाले मरीजों के आपात कक्ष में भर्ती पर रोक लगा सकती है।रेजेनेरॉन ने कहा कि प्रारंभिक खुराक करीब 300,000 मरीजों के लिए संघीय सरकार आवंटन कार्यक्रम के जरिए उपलब्ध होगी। मरीजों को इस दवाई का शुल्क नहीं देना होगा लेकिन उन्हें इस दवा देने के तरीके पर खर्च करना पड़ सकता है। इससे पहले एफडीए ने एली लिली की एंटीबॉडी दवाई को आपात मंजूरी दी थी और इस दवाई से जुड़ा अध्ययन भी अभी चल ही रहा है। इस बात का पता करने का भी कोई जरिया नहीं है कि ट्रंप के स्वस्थ होने में रेजेनेरॉन ने मदद की या नहीं। उन्हें कई तरह का इलाज दिया गया था और यह बात भी रेखांकित करने लायक है कि ज्यादातर कोविड-19 मरीज खुद ही ठीक हो जाते हैं। किसी भी सामान्य समय में एफडीए से मंजूरी पाने के लिए किसी भी दवाई के सुरक्षित और प्रभावी होने के पर्याप्त सबूत देने होते हैं लेकिन आपात स्थिति के दौरान यह एजेंसी अपने उन मानकों को थोड़ा कमतर कर सकती है और इसमें प्रायोगिक उपचार के संभावित लाभों को दिखाना पड़ता है, जो खतरे को कम करता हो।


## पाक में अनुमति पर विवाद के बावजूद सरकार विरोधी रैली आयोजित करेगा विपक्षी गठबंधन पीडीएम

**भाषा।** पेशावर

**पाकिस्तान में** 11 विपक्षी दलों का नवगठित गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) रविवार को यहां सरकार विरोधी रैली आयोजित करेगा जबकि शहर प्रशासन ने देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर इसकी अनुमति नहीं दी है। एक्सप्रेस ट्रूब्यून अखबार में रविवार को प्रकाशित खबर के अनुसार रैली को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज, जमीयत उलेमा इस्लाम-फाजी (जेयूआई-एफ) तथा पीडीएम के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी समेत गठबंधन के अन्य नेता संबोधित करेंगे।खबर के अनुसार पीडीएम की पिछली रैली को लंदन से वीडियो लिंक से संबोधित कर चुके पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन अध्यक्ष नवाज शरीफ संभवत: किडनी संबंधी समस्या की वजह से पेशावर की रैली को संबोधित नहीं कर सकेंगे। उनकी बेटी मरियम ने शनिवार को एक ट्वीट के जवाब में खबर की पुष्टि की। प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को पीडीएम की आलोचना करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन संवेदनहीन तरीके से लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहा है।खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने शुक्रवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा था कि कोरोना वायरस की दूसरी लहर ने भयावह शक्ल अख्तियार की है। इसमें कहा गया, हमें पहले लोगों की जिंदगियां बचानी हैं। इसलिए विपक्षी दलों को लोगों की जान की कीमत पर रैली नहीं करने दी जा सकती। सरकार के फैसले के जवाब में पीपीपी की केंद्रीय सूचना सचिव नफीसा शाह ने कहा कि पीडीएम की रैली 22 नवंबर को तय कार्यक्रम के मुताबिक होगी।

### महिला को ट्रेन के आगे धक्का देने के मामले में भारतीय मूल का बेघर व्यक्ति गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के 24 वर्षीय एक बेघर व्यक्ति ने रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के प्रवेश करते ही एक महिला को कथित तौर पर ट्रेन के आगे धकेल दिया। मेनहट्टन के अभियोजकों द्वारा दर्ज आपराधिक शिकायत के अनुसार आदित्य वेमुलापट्टी के खिलाफ हत्या के प्रयास के संदेह में मामला दर्ज किया गया तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।एनबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक न्यायाधीश ने वेमुलापट्टी को चार दिसंबर तक हिरासत में रखने का आदेश दिया है। स्टेशन से प्राप्त वीडियो फुटेज के अनुसार यूनियन स्क्वेयर पर एक सबवे स्टेशन पर जैसे ही ट्रेन ने स्टेशन में प्रवेश किया, तुरंत ही वेमुलापट्टी ने लिलियाना लानोस को धक्का दे दिया।



**डॉ. जतिन चड्ढा** का कहना है कि तकनीक पेशेवर व व्यक्तिगत परिदृश्य को उलट-पुलट व रूपांतरित कर रही है। इसीलिए, छात्रों के लिए जरूरी है कि वे इन बदलावों से निपटने के उपकरणों से लैस रहें

# बनें गहन चिंतक

आज का दौर गला काट प्रतियोगिता तथा हर कोने से झांकती चुनौतियों वाला है। ऐसे चुनौतीपूर्ण वातावरण में, रटंत शिक्षण का पुराना स्कूली मॉडल, जिसके कारण ज्ञान को लागू की योग्यता नजरंदाज होती है, जटिल उलझनों वाली 21वीं सदी के लिए छात्रों को तैयार करने में व्यापक स्तर पर नाकाफी बन रहा है।

जब एक ऐसी पीढ़ी को बनाने का सवाल उठता है, जो नवोन्मेषी, ढलने में सक्षम व भविष्य के लिए तैयार हो, तो उसके लिए शिक्षा प्रमुख चालक है। तकनीक अप्रत्याशित गति से पेशेवर व व्यक्तिगत परिदृश्य को उलट-पुलट व रूपांतरित कर रही है। ऐसे में, छात्रों को इन बदलावों से निपटने के औजारों से लैस करने की जिम्मेदारी समूचे शैक्षणिक जगत के गुरूओं के कंधे पर आ जाती है।

प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण (पीबीएल) क्या है ? पढ़ाने के पारंपरिक तरीकों के विपरीत, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण एक साझीदारीपूर्ण तथा उपयोग आधारित नजरिया है। यह समूचे पाठ्यक्रम के अकादमिक विषयों को आपस में जोड़ते हुए, जिज्ञासा की भावना तथा पढ़ाई को उन्नत बनाने में सहायता के माध्यमों के बतौर वास्तविक स्थितियों का उपयोग करता है।

ये प्रोजेक्ट नियमित, अल्पकालिक प्रोजेक्ट से भिन्न होते हैं, जो कोर्स के समाप्त होने पर कराए जाते हैं, उदाहरण के लिए, जिन्हें कोर्स के हिस्सों को दोहराने के उपकरण के बतौर कराया जाता है। इसके विपरीत, ये प्रोजेक्ट कोर्स निर्देश तथा केरीकुलम के प्रमुख ढांचे को आगे बढ़ाते हैं। पीबीएल के तहत, जैसा कि इस नजरिये का अक्सर उल्लेख किया जाता है, तो छात्र अपने शोध के लिए उपयोगी किसी भी माध्यम का आगे उपयोग कर सकते हैं – मसलन कार्यक्षेत्र की यात्राएं करना, प्रस्तुतियां, विभिन्न सामग्रियों का पता लगाना, थ्रीडी माडल्स बनाना, प्रयोग करना व कई अन्य।

एक विस्तारित अवधि के लिए ऐसे प्रोजेक्ट में छात्र अपने कोर्सवर्क – समूचे सेमेस्टर के स्तर पर – के आधार पर शामिल होते हैं जिसमें वास्तविक जीवन की समस्या से जुड़े जटिल प्रश्न के नवीन समाधान तलाशने पर काम किया जाता है। अंततोगत्वा, वे रिपोर्ट, प्रस्तुति या प्रोजेक्ट अवधि के समापन पर वास्तविक उत्पाद के जरिए शिक्षण कौशल का प्रदर्शन करते हैं।

न केवल यह मॉडल छात्रों में विषय संबंधी गहन जानकारी पैदा करता है, बल्कि यह उनमें संप्रेषण, टीम बिल्डिंग, साझा कार्य एवं रचनात्मकता जैसे व्यवहारिक गुण भी उजागर करता है।

शिक्षण परिणामों, छात्र एवं शिक्षक प्रोत्साहन, पढ़ाई के प्रति सामान्य नजरिए एवं कौशल निर्माण पर प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण दृष्टिकोण के प्रभाव पर इन सालों में बेशुमार शोध किए गए हैं। (स्ट्रोबेल एंड वान बार्नेवेल्ड, 2009)।

प्रोजेक्ट आधारित पढ़ाई छात्रों को आत्मनिर्भर कर्मचारी, गहन चिंतक एवं समस्या निवारक बनने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह छात्रों को अपने स्तर पर सवाल खड़े करने, अपनी शिक्षण प्रक्रिया एवं परिणाम के प्रति जवाबदेही की भावना विकसित करने का भाव जगाती है।

> बाजार को ब्लेक बोर्ड शिक्षण के पुराने मॉडल से आगे बढ़ने के लिए अपरिहार्य कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण यही काम करता है। प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक शिक्षा के बीच खाई को पाटती है, विषय की बेहतर समझदारी, एवं पहलकदमी एवं सच्चे ज्ञान को प्रोत्साहित करती है।

इस वातावरण में शिक्षक, गुरू, अत्यधिक 'चाक और चर्चा' वाली पद्धति से दूर रहकर, बनने के बजाय एक सहयोगी का काम करते हैं जैसा कि विगत 2000 में बैरन एंड डार्लिंग- हेमण्ड द्वारा किए गए शोध में दिखाया भी गया था। छात्र में कर्ता एवं योग्यता का भाव जगाना प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण नजरिये का एक अंतर्निहित परिणाम है, जो निगरानी के नियम की आवश्यकता को समाप्त भी करता है।

वास्तविक जीवन स्थितियों को अकादमिक जीवन के साथ जोड़ना शायद प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण का सबसे बड़ा लाभ है, जो छात्रों को प्रयोग से सीखने तथा अपनी व्याख्याओं व तार्किक नतीजों पर आधारित सफलता की ओर ले जाता है। यह उन्हें पेशेवर जगत के लिए तैयार करता है चूंकि ये तकनीकें वहीं हैं जो बाद में उनके द्वारा अपने कार्यस्थलों पर इस्तेमाल की जाएंगी।

इसके अलावा, चूंकि ऐसी प्रोजेक्ट अक्सर बड़े और जटिल होते हैं, ऐसे में छात्र समूह में काम करने के लिए बाध्य होते हैं, अत्यंत खामोश व्यक्ति को भी काफी कुछ बोलने तथा परस्पर सहमति बनाने के लिए विरोधी व्यक्तित्वों को सामूहिक स्तर पर काम करने, बहुआयामी टी में तनाव को खत्म कैसे करें, इस गुण को सीखने का प्रोत्साहन मिलता है। इसका न केवल उनकी अंतवैयक्तिक योग्यताओं पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि इससे वे विशेषज्ञता, संसाधन व प्रतिनिधित्व के उन्नत आवंटन, भौतिक जगत में प्रचलित अवधारणाओं से परिचित होते हैं।

बाजार को ब्लेक बोर्ड शिक्षण के पुराने मॉडल से आगे बढ़ने के लिए अपरिहार्य कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है, और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण यही काम करता है- छात्रों को व्यक्ति के साथ साथ टीम सदस्य के रूप में, संतुलित व विविधतापूर्ण दृष्टिकोण विकसित करते हुए प्रगति के लिए तैयार करने के लिए वास्तविक जगत की समस्याओं की नकल प्रस्तुत करते हुए।

प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक शिक्षा के बीच खाई को पाटती है, विषय की बेहतर समझदारी, एवं पहलकदमी एवं सच्चे ज्ञान को प्रोत्साहित करती है।

तकनीक की उन्नति तथा जीवन के सभी पक्षों में इसकी संलिप्तता से, तकनीकी स्तर पर अधिक समावेशी व उपयोग -केन्द्रित शिक्षा की पहल न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि यह समय की आवश्यकता है और इसे सभी स्तरों पर शिक्षाविदों द्वारा व्यापक स्तर पर अपनाया जाना चाहिए।

मॉडल को पहले से स्नातक स्तर पर शामिल किया जा रहा है, जहां, अधिकांश विश्वविद्यालय छात्रों से सफलतापूर्वक स्नातक कोर्स पूरा करने पर कैपस्टोन प्रोजेक्अ पर काम करने के लिए कहते हैं।

**- लेखक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट एंड डिजाइन के निदेशक हैं।**

# कलात्मक और तकनीकी सूझबूझ को करें विकसित

**श्वेता तंवर मुखर्जी का कहना है कि यदि आप स्पष्ट हैं, लाइटिंग और तमाम बातों पर गहरी नजर है, रचनात्मक रुझान, धैर्य और पत्रिकाओं में काम करना पसंद करते हैं तो कार्पोरेट या फ्रीलांसर बनने के लिए फोटोग्राफी एक अग्रगामी कदम है**

**फोटोग्राफी** का क्षेत्र बीत कुछ सालों में जबरदस्त ढंग से विकसित हुआ है। फोटोग्राफी पारंपरिकत रूप से, कार्यक्रमों, विवाहों, व फिल्मों तक सीमित रही थी, लेकिन ईकामर्स मंचों, विज्ञापन, मास मीडिया के उभार से डिजीटल संबंधी क्षेत्रों ने पेशेवर फोटोग्राफरों की भारी मांग पैदा की है।



Shweta Tanwar Mukherjee
Photographer & Blogger

## कोर्स के चयन से सीखें

डिजीटल फोटोग्राफी जगत में करियर बनाने के लिए, आपको नयी तकनीकों व उपकरणों से जानकारी से अपडेट रहने की जरूरत है। दौर के बदलने से, जब नए फोटोग्राफर अपने स्तर पर फोटोग्राफी तकनीकों की शुरूआती जानकारी हासिल किया करते थे, मगर आज देश भर के संस्थान रचनात्मक क्षेत्र में लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए कोर्स प्रस्तावित करते हैं। आप फोटोग्राफी में डिग्री (स्नातक या मास्टर डिग्री) पा सकते हैं या डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं, जिसकी अवधि तीन माह से एक साल के बीच हो सकती है।

संस्थानों से फोटोग्राफी में विशेषज्ञता हासिल करने से आपको अपनी मौजूदा योग्यताओं को निखारने तथा खामियों को दूर करने में सहायता मिलेगी। जानकारी की उन्नति आपको करियर को गढ़ने में सहायता करेगी।

## मूल बातों की ओर वापसी

कोर्स में अपना पंजीकरण कराने आपको फोटोग्राफी की मूल बातों: फ्रेमिंग, रूल आफ थर्ड्स, शटर स्पीड व एडिटिंग- को समझने में सहायता होगी। इन बुनियादी बातों की समझदारी से संतुलित व दिलचस्प चित्र लेने में आपको सहायता मिलेगी।

## अभ्यास करें और सीखें

जैसे ही आप शिल्प सीख लेते हैं, अगला चरण है उसका अभ्यास करना और उसमें दक्षता हासिल करना। प्रतिस्पर्धा व कार्यक्रम में भागीदारी करना आपको आगे बढ़ने का, अपनी खूबियों को जानने तथा अपनी योग्यताएं विकसित करने का अवसर प्रदान कर सकते हैं। प्रतिस्पर्धाएं आपको अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और जजों के पैनल द्वारा आपके काम का मूल्यांकन व आंकलन करने का महान मंच भी प्रदान करती हैं।

## अपना कार्यक्षेत्र चुनें

पेशेवर फोटोग्राफर बनने के लिए, विभिन्न विधाओं के साथ प्रयोग करना जरूरी है जिससे कि आपको फोटोग्राफी के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी हासिल करने का अवसर मिले। विभिन्न कार्यक्षेत्रों के साथ मिलकर काम करने से आपको सशक्त क्षेत्रों को समझने में सहायता मिलेगी तथा अपने पसंदीदा क्षेत्रों में विशेषज्ञता पाने में सहायता मिलेगी। दूरगामी स्तर पर, आप फोटोग्राफी के विशेष दायरे में अपनी जगह स्थापित करने में सक्षम होंगे।

## अपना ब्लाग/वेबसाइट बनाएं

अपनी योग्यताएं प्रदर्शित करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि अच्छे काम करना। प्रोफाइल, ब्लॉग, सोशल एकाऊंट या बेवसाइट आसानी से आपके मार्केटिंग ब्रोशर में रूपांतरित हो सकते हैं। पोर्टफोलियो बनाना अपने विचारों, योग्यताओं आदि को संप्रेषित करना होता है और आपको एक पेशेवर व्यक्तित्व प्रदान करता है। जब आपका अपना ब्लॉग/वेबसाइट होते हैं तो आप लोगों का ध्यानाकर्षण पाने की अपनी संभावनाएं बढ़ाने के लिए अपने काम को वहां प्रदर्शित कर सकते हैं।

## उचित गियर हासिल करें

जिस प्रकार डाक्टर्स अपने सर्जिकल उपकरणों के बिना अधूरे होते हैं, फोटोग्राफर अपने उपकरण के बिना अधूरे हैं। अच्छे उपकरण महत्व रखते हैं। लैंस भी महत्वपूर्ण उपकरण है क्योंकि यह विविध प्रकार के शॉट विकल्प प्रदान कर सकता है।

यदि आपने अभी पेशेवर छलांग नहीं लगाई है तो आपको महंगा कैमरा खरीदने का खर्च वहन करने की आवश्यकता नहीं है। प्वाइंट एंड शूट या मोबाइल कैमरा से शुरूआत करें और बाद में डीएसएलआर की ओर बढ़ जाएं, जब आपको अपनी योग्यताओं तथा क्षेत्र के प्रति अपने जुनून पर भरोसा बन जाता है। डीएसएलआर खरीदना आम तौर पर आपके बजट पर निर्भर करेगा।

## स्कॉलरशिप



यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड, यूके 2021 में अपने इंटरनेशनल यूजी मेरिट स्कालरशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

स्कालरशिप में शरद 2021 में शुरू होने वाले अंडरग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम के लिए 50 प्रतिशत तक की ट्यूशन फीस का रियायती प्रोत्साहन है। स्कालरशिप उन नए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए उपलब्ध है जो योग्यता मानक पर खरे उतरते हैं। इस स्कालरशिप के लिए आवेदन करने से पहले आपके पास युनिवर्सिटी में अध्ययन का प्रस्ताव होना आवश्यक है।

स्कालरशिप नतीजे 11 जून, 2021, शुक्रवार को ब्रिटिश समयानुसार सांय 4 बजे तक घोषित किए जाएंगे।

**योग्यता:** आपका कोर्स शरद 2021 में युनिवर्सिटी आफ शेफील्ड में आरंभ होना सुनिश्चित होना चाहिए।

आपको कोर्स के लिए युनिवर्सिटी आफ शेफील्ड में पूर्णकालिक स्तर पर पढ़ने का प्रस्ताव प्राप्त कर लेना होगा। मेडिसिन (ए 100/ए101) तथा डेंटिस्ट्री (ए 200) को छोड़कर सभी अंडरग्रेजुएट डिग्री कोर्स उपलब्ध हैं।

टयूशन फीस उद्देश्यों के संदर्भ में आप स्ववित्त पोषित हों था तथा अंतर्राष्ट्रीय ट्यूशन फीस अदा करने के योग्य हों। आप प्रायोजित छात्र नहीं होने चाहिए।

अन्य नियमों व शर्तों के लिए कृपया देखें: https://www.sheffield.ac.uk/international/fees-and-funding/scholarships/undergraduate/international-undergraduate-merit-scholarship

आवेदन की अंतिम तिथि: स्कालरशिप आवेदन की अंतिम तिथि 17 मई 2021, ब्रिटिश समयानुसार दोपहर 1 बजे है।

द फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग, युनिवर्सिटी आफ स्टेथक्लाइड, ग्लासगो पोस्ट ग्रेजुएट अध्ययन कोर्स के लिए अनेक स्कालरशिप प्रस्तावित कर रही है। सभी उच्च मेधावी योग्यता रखने वाले स्ववित्तपोषित, इंटरनेशनल (गैर यूरोपीय) फीस भुगतानकर्ता इसके लिए आवेदन के लिए प्रोत्साहित किए जाते हैं। आवेदक के पास जनवरी में आरंभ हो रहे पूर्णकालिक डिग्री कोर्स में अध्ययन करने का प्रस्ताव होना आवश्यक है इसके बाद ही आपके स्कालरशिप आवेदन पर विचार किया जाएगा।

स्कालरशिप धनराशि: 3,150 पौंड्स।

**योग्यता:** आवेदकों के पास सामान्यतया 2:1 या समकक्ष की अंडरग्रेजुएट डिग्री होनी चाहिए।

विस्तृत जानकारी के लिए देखें - https://www.strath.ac.uk/studywithus/scholarships/engineeringscholarships/engineeringinternationalscholarships/

द फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग नए इंटरनेशनल छात्रों के लिए इंजीनियरिंग 1000 पौंड्स की इंटरनेशनल ट्रेवल स्कालरशिप भी प्रस्तावित कर रही है जिसके तहत उन्हें अकादमिक सत्र 2020/21 के दौरान ग्लासगो तक यात्रा लागत का सहयोग प्रदान किया जाएगा।

कृपया देखें - https://www.strath.ac.uk/studywithus/scholarships/engineeringscholarships/engineeringinternationaltravelbursary

आवेदन की अंतिम तिथि: 18 जनवरी, 2021

# निरंतर सीखना तथा योग्यता निखारना अति आवश्यक

**भारत की** आईपी- आधारित इनक्यूबेशन लैब, ब्रिजलेब्ज, ने हाल में अपने 1000 से अधिक पूर्व छात्रों का सर्वे किया। आनलाइन सर्वे का विषयवस्तु - कर्मचारियों के कामकाजी अनुभव तथा अनेक समस्याओं के बीच संबंध को समझने के उद्देश्य से घर से काम करने वाले इंजीनियरों द्वारा झेली गयी चुनौतियां थीं।

> योग्यता की खाई भी बढ़ने वाली है जब आप अपनी पेशेवर क्षमता में विकसित होते हैं। एक हालिया सर्वेक्षण इंजीनियरों की योग्यता खाई को पाटने के लिए ब्रांड प्रतिबद्धता के साथ जुड़ता है जिससे कि उनके रोजगारयुक्त भंडार में वृद्धि हो सके।



सर्वे में उत्तरदाता विभिन्न स्तरों के कार्यअनुभव वाली श्रेणी के थे, जिसमें एक साल से कम अनुभव से लेकर, एक से दो साल के बीच का अनुभव रखने वाले तथा पांच साल से अधिक कार्यानुभव वाले उत्तरदाता थे। इन कर्मचारी -श्रेणियों के सैंपल समूह का प्रतिशत क्रमानुसार 47 प्रतिशत, 49 प्रतिशत तथा 4 प्रतिशत था।

सर्वे में पूछा गया कि क्या कर्मचारियों को घर से काम करना आफिस में जाकर काम करने से अधिक चुनौतीपूर्ण लगता है। अपने पेशेवर अनुभव से परे जाकर, सभी समूहों के अधिकांश उत्तरदाता टेलीवर्किंग के साथ ज्यादा सहज होने पर सहमत होते हैं। हालांकि 64 प्रतिशत को सुदूर रहकर काम करना अधिक आसान लगता है, जबकि 36 प्रतिशत उत्तरदाता की राय इसके विपरीत है।

घर पर काम का संतुलन बनाने का प्रयास करना सबसे लोकप्रिय उत्तर बनकर सामने आया जब उनसे पूछा गया कि वे किस प्रकार घर से काम करने में खुद को ढालने का प्रयास कर रहे हैं। कुल उत्तरदाताओं में से, 58 प्रतिशत कर्मचारी साथ ही साथ घरेलू कामों में भी भागीदारी कर रहे हैं ताकि मौजूदा सुदूर कार्य के साथ असरकारी ढंग से निपटने के लिए स्वस्थ कार्यजीवन संतुलन प्रोत्साहित हो। 22 प्रतिशत उत्तरदाता अपने सहकर्मियों के साथ संपर्क रखते हैं, जबकि शेष 20 फीसदी आराम के लिए नियमित अवकाश लेते हैं।

**माइंड इट**

सर्वे ने यह भी बताया कि टेलीवर्किंग के दौरान 47 फीसदी कार्यशक्ति के लिए लंबे कामकाजी घंटे सबसे बड़ी बाधा हैं। इसमें निरंतर तकनीकी खामियां व अवरोधक (29 प्रतिशत) आते रहते हैं।

यह ध्यान देना उचित है कि पांच साल से अधिक का कार्य अनुभव रखने वाले कर्मचारियों ने आम तौर पर अपने समकक्षों की तुलना में 40 फीसदी ज्यादा तकनीकी समस्याओं का सामना किया। यह बीते सालों में योग्यता निखार की कमी या अप्रासंगिक योग्यताओं की वजह से हो सकता है जिन्होंने उन रोजगार भूमिकाओं के लिए योग्यता खाई का गहरा कर दिया हो। सहकर्मियों (20 प्रतिशत) तथा एकाग्रता की कमी (13 प्रतिशत) आदि कुछ अन्य चुनौतियां रहीं जिन्हें कर्मचारियों द्वारा बताया गया।

सर्वे की जानकारियों पर चर्चा करते हुए, ब्रिजलेब्ज, के संस्थापक नारायण महादेवन ने कहाकि सर्वे आज वैश्विक श्रमशक्ति द्वारा झेली गयी समस्याओं की स्पष्ट और मुखर शब्दों में चर्चा करता है। जो चीज सर्वे को ज्यादा दिलचस्प बनाती है, वो यह कि आधे दशक का कार्याअनुभव रखने वाले कोडर प्रासंगिक योग्यता एवं योग्यता निखार अवसरों की अनुपस्थिति में तकनीक समस्याओं से जूझ रहे हैं।

यह इस आम मान्यता के विपरीत है कि गैरतकनीक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति ही हैं जो डिजीटल इकोसिस्टम या तकनीक संबंधी चुनौतियों का सामना करते हैं। यह दिखाता है कि योग्यता खाई भी बढ़ने वाली है जब आप अपनी पेशेवर क्षमता में विकसित होते हैं। इसलिए नि:संदेह, निरंतर सीखना व योग्यता निखारना सभी के लिए समय की आवश्यकता है, भले ही आप किसी भी इंडस्ट्री या कार्यक्षेत्र से संबंध रखते हों। हालिया सर्वे इंजीनियरों की योग्यता खाई को पाटने के लिए ब्रांड प्रतिबद्धता के साथ जुड़ता है जिससे कि उनकी रोजगारयुक्त भंडार में वृद्धि हो सके। ब्रिजलेब्ज अपने मंच पर समयानुरूप सर्वे कराता है ताकि इंजीनियरिंग पेशे से जुड़ी कार्यशक्ति के मन की तथा उनके द्वारा झेली जा रही सर्वाधिक बड़ी चुनौतियों का पता लगा सके। प्राप्त नतीजों के आधार पर, यह अपने मेकर प्रोग्राम के जरिए या अपने अनुरूप केरीकुलम में अन्य अपेक्षित योग्यताओं को प्रस्तुत करके सक्रिय स्तर पर उन समस्याओं के समाधान पर काम करता है।

# भाजपा की होर्डिंग में लगी सपा विधायक की फोटो, मची हलचल

## ● प्रदेश स्तर तक गूंजा मामला, विधायक ने कोतवाली में दर्ज कराई शिकायत

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**क्षेत्र के** विभिन्न स्थानों पर भाजपा की होर्डिंग्स में क्षेत्रीय विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा की फोटो लगा दी गई। तस्वीरें सोषल मीडिया पर वायरल हुईं तो पूरे जिले में हलचल मच गई। मामला विधायक के संज्ञान में आया तो कार्यकर्ताओं ने होर्डिंग लगा रहे वाहन को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। विधायक ने कोतवाली पहुँचकर भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की षिकायत की। रविवार की सुबह क्षेत्र के अमीरगंज, बिसवां मार्ग सहित कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याषी अवनीष सिंह की स्नातक एमएलसी चुनाव की होर्डिंग्स लगाई जा रही थीं। होर्डिंग्स में भाजपा के तमाम बड़े नेताओं के साथ सीतापुर सांसद राजेष वर्मा की फोटो लगी है। सांसद के साथ विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा की फोटो भी चस्पा की गई थी। ज्ञात हो कि नरेन्द्र वर्मा समाजवादी पार्टी से विधायक है और अखिलेष सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं। सपा कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी हुई तो उन्होने सभी होर्डिंग्स जब्त करते हुए लगाई होर्डिंग्स उतरवा दीं। इसी बीच विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा भी दलबल के साथ कोतवाली पहुँचे और प्रत्याषी अवनीष सिंह के खिलाफ कोतवाली में षिकायत दी। विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि मैं सपा का विधायक हूँ और पार्टी का मुख्य विधानसभा सचेतक भी हूँ। अवनीश कुमार ने होर्डिंग्स में फोटो लगाकर न सिर्फ हमारी छवि को खराब करने का काम किया है बल्कि मतदाताओं को भ्रमित करने का भी काम किया है। इस गलत राजनीतिक परंपरा से उनका ही नुकसान होगा। राज्य निर्वाचन अधिकारी, केन्द्रीय निर्वाचन आयुक्त सहित डीएम, एसपी को शिकायत भेज दी गई है। कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। मानहानि का भी केस किया जायेगा।



महमूदाबाद-भाजपा की होर्डिंग्स पर लगी सपा विधायक की फोटो


महमूदाबाद-कोतवाली पहुंचे विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा

### होर्डिंग्स मामले में भाजपा एमएलसी प्रत्याशी ने दी सफाई

**लखनऊ** खंड के स्नातक चुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने महमूदाबाद विधान सभा क्षेत्र में उनकी होर्डिंग्स में महमूदाबाद से सपा एमएलए, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा के फोटो चस्पा होने के मामले में फेसबुक के जरिए सफाई दी। बोले, कि ये किसी अराजक तत्व की शरारत है, इसे मुझे जोड़कर न देखा जाए।

स्नातक चुनाव को लेकर तीन जिलों की कोर कमेटी के साथ की बैठक

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिया कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र


सीतापुर-प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सेउता विधायक


सीतापुर-जिला कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को स्मृति चिन्ह देते जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा


सीतापुर-प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते आलोक वर्मा, रितेश सिंह गौर व अन्य

संवाददाता। सीतापुर

## ● स्वतंत्रदेव सिंह का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**स्नातक और** शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह सीतापुर पार्टी कार्यालय पर पहुंचे जहां पर तीन जिलों सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई की कोर कमेटी के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में स्नातक चुनाव को लेकर मतदान केन्द्र प्रभारी, विधान सभा संयोजक, पूर्व संयोजक और स्नातक चुनाव के प्रभारियों के साथ बैठक की। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष का टोल प्लाजा अटरिया पर विधायक सेउता ज्ञान तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा, सलिल सेठ ने स्वागत किया। बाद में टोल टैक्स खैराबाद पर प्रदेश अध्यक्ष का जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, अजय गुप्ता, विधायक सुरेश राही, सुनील वर्मा, महेन्द्र यादव, रामकृष्ण भार्गव, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, राकेश त्रिपाठी, रितेश सिंह, आलोक वर्मा, उमाकान्त वर्मा, मुनीन्द्र अवस्थी, परमेश्वर भार्गव व अन्य कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बाद में जिला कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की और चुनाव जिताने का मंत्र भी दिया।

# खिंडा ब्रिक फील्ड पर साझेदारी को लेकर चली गोली

संवाददाता। सीतापुर

## ● हिसाब को लेकर भिड़े दो पक्ष मुकदमा दर्ज

**लहरपुर** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर हरिप्रसाद स्थित खिंडा ब्रिक फील्ड पर साझेदारी के हिसाब को लेकर हुए विवाद में गोली चल गई। गनीमत रही कोई हताहत नहीं हुआ। हरगांव के पायक नगर निवासी देवेंद्र सिंह व ओमप्रकाश खिंडा ब्रिक फील्ड के साझीदार हैं। हिसाब को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था, रविवार को ओमप्रकाश अपने साथ सुधीर वर्मा पुत्र शिव शंकर निवासी ग्राम बरौली थाना हरगांव, संतोष पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम पयाग नगर, पिंटू पुत्र राजेंद्र निवासी पायक नगर व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ भट्टे का हिसाब करने पहुंचे थे इसी बीच हिसाब को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद होने लगा और हाथापाई की नौबत आ गई। भट्टे के पार्टनर देवेंद्र सिंह बाहर निकल आए इसी बीच सुधीर वर्मा ने नाजायज 315 बोर तमंचा को उनके सीने पर रख दिया फायर जैकेट को फाड़ता हुआ बाहर निकल गया, और वह बाल-बाल बच गए, देवेंद्र सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी तब तक उक्त सभी लोग मौके से फरार हो चुके थे। मामले में ओमप्रकाष, सुधीर वर्मा, संतोश वर्मा, पिंटू के विरूद्ध धारा 307 समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। कोतवाली प्रभारी ओपी राय ने बताया कि जानलेवा हमले का केस दर्ज कर लिया गया है।

# होशियार! आपके लाडले को कौन बना रहा बीमार

## ● बच्चों के संग घुल-मिलकर रहें अभिभावक

संवाददाता। सीतापुर

**अगर आपका** बच्चा भी सेलफोन से चिपका रहता है तो सावधान हो जाइए ! इंटरनेट और स्मार्ट फोन की लत उन्हें मानसिक रूप से बीमार बना रही है। इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है। इससे उनकी याददाश्त में कमी के साथ ही मानसिक बीमारी का खतरा बढ़ गया है। इस लत को रोकने के लिए अभिभावकों को बच्चों पर नजर रखना बहुत जरूरी है। अभिभावकों को चाहिए, कि वो अपने बच्चों को स्मार्ट फोन चलाने की नसीहतें दें। समय-समय पर उनके सेलफोन के प्रयोग की जांच भी करें। गुड पैरेंटिंग की आज के समय में जरूरत है। कम से कम एक समय का भोजन परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ लेना चाहिए। कोरोना महामारी के बीच किशोर और किशोरियों को छह से आठ घंटे मोबाइल फोन स्क्रीन पर ऑनलाइन पढ़ाई करनी पड़ रही है। सोशल साइट व अन्य गतिविधियों को लेकर इसके बाद भी बच्चे मोबाइल फोन से ही चिपके रहते हैं। इस तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं, हालांकि वो फोन पर ही डॉक्टरों से सलाह ले रहे हैं।

**ये हैं नोमोफोबिया के लक्षण:** जिला अस्पताल के मनोरोग डॉ. प्रांशु अग्रवाल का कहना है कि किशोरों में नोमोफोबिया के लक्षण सबसे अधिक पाए जाते हैं।



ऑनलाइन क्लास शुरू होने के बाद किशोरों में यह तेजी से बढ़ा है। बार-बार मोबाइल फोन के नोटिफिकेशन को चेक करना, किसी दूसरे का मोबाइल फोन बजने पर खुद का फोन चेक करना, नींद खुलते ही मोबाइल चेक करना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं। कई बच्चे अनिद्रा और आंखों के सूखेपन की भी शिकायत कर रहे हैं। उन्हें आंखों के डॉक्टर के पास जाने की सलाह दी जा रही है।

**ये कर सकते हैं बचाव:** जिला अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रांशु अग्रवाल ऑनलाइन क्लास के बाद बच्चों को तत्काल मोबाइल फोन से दूर कर दें। क्लास के बाद परिवार के लोग उनसे बात करें। बच्चों को सोशल साइट्स से दूर रहने की सलाह दें। उन्हें समझाएं। बताया कि ऐसी स्थिति में किसी दवा की जरूरत नहीं है। बेहतर काउंसिलिंग के जरिए उनकी इन आदतों को दूर किया जा सकता है। नियमित व्यायाम करें।

# जनपद में कोरोना से एक और मौत

## कोरोना के 8 नए मरीज, 4,539 की हो चुकी मौत




**सीतापुर।** सावधान हो जाइए! जिले में कोरोना पिछले तीन दिनों से रोजाना किसी न किसी मरीज को अंतिम यात्रा पर भेज रहा है। पिछले 24 घंटे में कोरोना से एक और मौत हो गई है। इसी के साथ सीतापुर में महामारी से अब तक 70 मौत हो चुकी हैं। इस नाते भीड़ भाड़ वाले स्थानों से जाने से बचिए, जरूरी होने पर ही घर से निकलिए। सीतापुर में कोरोना के 8 नए मामलों की पहचान की गई है। शहर के सिविल लाइंस में 2 और सदर बाजार व आवास विकास में 1-1 केस मिला है। बिसवां के हथिया गाजीपुर, हरगांव के ददवारा, महोली के खैरेपारा और महसोनिया में भी 1-1 केस की पहचान की गई है। अब जिले में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या 4,539 हो गई है।

# धूमधाम से मना मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन


सीतापुर-सपा कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव को केक खिलाते पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी


महमूदाबाद-पूर्व रक्षामंत्री के दीर्घायु के लिए हवन करते सपाई


बिसवां-पूर्व रक्षामंत्री के जन्मदिन पर केक काटते पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अफजाल कौसर व उनका बेटा

संवाददाता। सीतापुर/बिसवां/महमूदाबाद

## ● सपा कार्यालय सहित बिसवां, महमूदाबाद में कार्यकर्ताओं ने की उनके दीर्घायु की कामना

**जिला** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रविवार को जष्न का माहौल रहा। यहां पार्टी संरक्षक मुलायाम सिंह यादव के जन्मदिन पर केक काटा गया और उनके दीर्घआयु होने की कामना की गई। जिलाध्यक्ष आदरणीय क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित गोश्ठी में पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, श्रीपाल वर्मा, विद्या सागर यादव, सुहैल अहमद, रामप्रकाश यादव, मनोज भारती, विजय वर्मा, चन्द्रशेखर यादव, संजय प्रकाश सिंह, डॉ चंद्रभाल भार्गव, सीताराम यादव, असद अराफत, सुधीर शर्मा, मोलहे आदि ने विचार व्यक्त किए। बिसवां में भी पूर्व सीएम व सपा के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन की धूम रही। महमूदाबाद स्थित पार्टी कार्यालय पर अफजाल कौसर के बेटे हसनैन कौसर ने केट काटकर कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर अनिल मिश्रा, लुकमान अली, बबलू प्रधान, हनीफ अली, रामाकांत वर्मा, शकील, मनोज यादव, इरफान भोलू आदि मौजूद रहे। महमूदाबाद में समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन धूम धाम से मनाया गया। विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा और छात्र सभा प्रदेष अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव ने कार्यकर्ताओं के साथ संकाटा देवी मंदिर में हवन करके मुलायम सिंह के दीर्घाआयु होने की कामना की। इसके बाद महिला अस्पताल और सीएचसी में मरीजों को फल बांटे गए। इस दौरान छात्र नेता विनय यादव, साकेन्द्र प्रताप, शिवेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### महोली क्षेत्र में पहुंचा तेंदुआ दहशत

**लहरपुर सीतापुर।** सावधान! सीतापुर में आखिर कितने तेंदुए है, एक तेंदुए का आतंक संदना इलाके में दूसरे तेंदुए को लेकर थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके में दहशत व्याप्त है तो तीसरे तेंदुए की मौजूदगी महोली कोतवाली इलाके में होने की सूचना आयी है। जहाँसापुर गांव के मजरा अमिरता में तेंदुआ देखा गया है। रामलखन ने बताया कि शनिवार देर शाम वह खेत जोत रहे थे, इसी दौरान ट्रैक्टर की लाइट में सामने तेंदुआ दिखाई दिया, उन्होंने ग्रामीणों के साथ ही पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के साथ ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन रक्षक संतराम ने बताया कि रात में ही मौके पर टीम के साथ गया था पद चिन्ह मिले है। पद चिंह लखीमपुर सीमा की तरफ जाते हुए मिले है इससे लगता है कि तेंदुवा सीतापुर की सीमा से लखीमपुर की तरफ चला गया है। उधर ग्रामीण खौफजदा हैं शिवराम, मदन मिश्र, अशोक मिश्र, मोनू मिश्र, संजीव यादव आदि का कहना है कि लोग डर के मारे घर से नहीं निकल रहे हैं।

### परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**हरगांव सीतापुर।** हरगाँव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा हरगाँव में गत शुक्रवार को पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए प्रयास तिवारी ने जहर का सेवन कर लिया था जिसकी शुक्रवार को देर रात लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी जिसपर शनिवार को परिजनों ने हरगाँव थाने पर बवाल काटा था ।मौके पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा था कि आप तहरीर दीजिये हम जांच कर विधिक कार्यवाही करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगाँव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा हरगाँव में गत शुक्रवार को हुए बवाल के बाद कस्बा हरगाँव में मृतक प्रयास के परिजनों ने रविवार को शाम को हरगाँव थाने में क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय व थाना प्रभारी निरीक्षक बिनोद कुमार मिश्र को आरक्षियों के ऊपर आरोप लगाते हुए तहरीर दे दी है ।तहरीर में महिला आरक्षी अपूर्वा दीक्षित के ऊपर गलत बयानी का आरोप है वही आरक्षी शिव शंकर सिंह के ऊपर मृतक के साथ मारपीट करने व 10 हजार रूपये रिश्वत ले कर थाने से छोड़ने का आरोप लगाया है। क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गयी है जांचोपरांत विधिक कार्यवाही की जायेगी ।

### आज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**तंबौर सीतापुर।** तंबौर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सहिंजर कला के तेजी पुत्र नन्दलाल 60 वर्ष रविवार तंबौर घरेलू सामान खरीदने गया था। तंबौर से वापस घर लौट रहा था तभी रेउसा की तरफ से तेज रफ्तार से आरही एक पीकप के ने गोंधिया पुलिया के पास सड़क पार करते समय वृद्ध को टक्कर मारकर भाग गई। गोंधिया वालो ने सूचना परिजनों को दी परिजन मौके पर पहुंच कर हरिनाम ने अपने पिता को खून मे लत पत देखकर सीएचसी तम्बौर ले गए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया परिजनो ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर आकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया थाना अध्यक्ष अमित सिह भदौरिया ने कहा अगली कार्य वाही पीएम रिपोर्ट आने पर की जायेगी।

### अग्निकांड में सम्पत्ति स्वाहा

**महमूदाबाद, सीतापुर।** सदरपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। अग्निकांड में करीब सत्तर हजार की संपत्ति जलकर खाक हो गई। फायर बिग्रेड के मौके पर पहुंचने से पहले ही सारा सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने हैंडपंपों व पंपिंग सेटों की मदद से आग पर काबू पाया। सदरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम बकहुंआ निवासी विश्वनाथ पुत्र शम्भू के घर बीती रात लगभग तीन बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। अग्निकांड में दुछनिया छप्पर में आग लग गई। छप्पर में रखा टेन्ट की दुकान का सामान रजाई-गद्दा, 15 हजार रुपए की नकदी, कपड़ा, बर्तन, गेहूं, चावल आदि जलकर राख हो गया। अग्निकांड के दो दिन पहले विश्वनाथ के घर मुंडन का कार्यक्रम था। गांव वालों ने 112 डायल कर अग्निकांड की सूचना 112 डायल कर पुलिस को दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

### पांच भट्ठियां पकड़ीं, 33 गिरफ्तार

**सीतापुर।** जिले के विभिन्न थाना इलाके की पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध कच्ची शराब का भड़ाफोड़ किया। पुलिस ने 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया7 इनके कब्जे से पुलिस ने पांच भट्ठियों के साथ 419 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पलुसि अधीक्षक आरपी सिंह के निर्देश पर महोली पुलिस ने एक अरोपी को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कमलापुर पुलिस ने 40 लीटर शराब के साथ दो, मानपुर पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब के संग चार, मिश्रिख पुलिस ने 50 लीटर शराब के संग पांच, तम्बौर पुलिस ने बीस लीटर शराब के संग दो, रामपुर कलां पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक, सदरपुर पुलिस ने 50 लीटर शराब कच्ची के साथ दो, संदना पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ दो, सिधौली पुलिस ने बीस लीटर शराब के साथ एक, बिसवां पुलिस ने दस लीटर शराब के साथ एक, तालगांव पुलिस ने 25 लीटर शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार लहरपुर पुलिस ने बीस लीटर शराब के संग दो, थानगांव पुलिस ने 60 लीटर शराब के साथ तीन, अटरिया पुलिस ने दस लीटर के साथ एक, इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने नौ लीटर शराब के साथ एक, हरगांव पुलिस ने दस लीटर शराब के साथ एक, शहर कोतवाली पुलिस ने बीस लीटर शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

### गैंगेस्टर का वांछित गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह के निर्देश पर रामपुर मथुरा पुलिस ने एक गैंगेस्टर के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके ऊपर थाने में कई मुकदमे दर्ज है। रामपुर मथुरा पुलिस के मुताबिक रामपुर मथुरा के चांदपुर लोधौनी निवासी भंडारी उर्फ जियाउद्दीन 10 नवंबर से वांछित चल रहा था। आरोपी के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के अलावा कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र मिश्र, संजीव कुमार, अनु चौधरी आदि शामिल थे।

# धूमधाम से मनाया गया सपा संस्थापक का जन्मदिन

संवाददाता। निघासनखीरी







**सपा संस्थापक** व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। निघासन में सपा नेता गोपाल शंकर पांडेय व कुर्मिनपुरवा में अनुराग पटेल के फार्म हाउस पर लोकसभा के पूर्व प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल व पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर एक सभा का भी आयोजन किया गया।इस मौके पर ओमकार सिंहए भंडारी यादवए लल्लू चतुर्वेदीए अनिल मौर्यए चसमुद्दीन अंसारीए असलम अंसारीए मुंन्ना पहलवानए निसार अहमदए अलीम खानए विकास पटेलए राजबहादुर वर्माए उत्तम प्रकाश पांडेयए सर्वेश गुप्ताए तौला वर्मा व हकीउल्ला खान सहित समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।मोहम्मदी संवाददाता के अनुसारए सपा संरक्षक व पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष व समाजसेवी रुपेश गुप्ता द्वारा मां जानकी रसोई में पहुंचकर असहाय गरीब मंदबुद्धि लोगों का आज का भोजन की व्यवस्था तथा मिठाई की व्यवस्था कराई गई। इस मौके पर अधिवक्ता अफरोज आलम उस्मानी जतिन कुमार गुप्ता शांतनु गुप्ता एमोहित कटियारए नीम खाए शिवा गुप्ता भी मौजूद रहे। वही समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने लक्ष्मण गुप्ता के प्रतिष्ठान पर मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन के शुभ अवसर पर केक काटकर व मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। इस मौके पर अफरोज उस्मानीए जतिन गुप्ताए मोहित कटियारए पूर्व नगर अध्यक्ष सगीर आलम सिद्दीकी नगर अध्यक्ष इकरार खान मधुर सिंह व लवली मंसूरी उपस्थित रहे।

गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसारए राज्यसभा सांसदध् राष्ट्रीय महासचिव रवि प्रकाश वर्मा के आवास पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने केक काटकर समाजवादी पार्टी के संस्थापकए पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेशए पूर्व रक्षा मंत्री भारत सरकारए धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव का 82वां जन्म दिन उत्साह व जोश के साथ मनाया गया। समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष वारिस अली अंसारी ने कहा कि मुलायम सिंह के जनता के प्रति प्रेमए किसानों के प्रति हर पल हर वक्त उनकी मदद के लिए आगे ख? रहना। उनका देश के युवाओं से सच्चा प्रेम उनके हित के लिए सँघर्ष करना एवं उनके जीवन के अब तक के कार्यो कोए भारत देश के रक्षा मंत्री रहते हुए अनेकों किए गए कार्यों से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। भविष्य में उनके पद चिन्हों पर सभी कार्यकर्ताओं को चलने की अपील की। उनके कार्यों को जनता तक पहुंचाने की कोशिश करने के लिए प्रोत्साहन किया। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अशोक वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी को खून पसीने से सींचा है। समाजवादी पार्टी ही किसानोंए मजदूरोंए युवाओंए सैनिकोंएगरीबोंए मजलूमोंए व्यापारियोंए महिलाओं आदि समस्त लोगों की आवाज है।

इस कार्यक्रम में मौजूद अशोक वर्मा विधानसभा अध्यक्ष गोला ए वारिस अली अंसारी नगर अध्यक्षए मृदुल शुक्लाए जलीस अंसारीए अशोक वर्माए प्रवीण कश्यपए शिवम गुप्ताए अंकित वर्माए लियाकत हुसैनए सर्वेश गौतमए राजु भार्गवए आरिफ मंसूरीए जमील मंसूरीए फूल सिंह यादवए हरिशंकर यादवए सुधीर यादव व सुरेंद्र यादव सहित समर्थक उपस्थित रहे।

## यातायात माह के तहत जागरूकता अभियान

**लखीमपुर खीरी।** यातायात माह नवंबर.2020 के दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद में जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं उनका पालन करने हेतु प्रेरित करने का अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों को यातायात चिन्हए यातायात नियमों आदि के बारे में जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में टीएसआई खीरी एवं यातायात पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गईए तथा इसका पालन करने व परिवार के लोगों से भी जानकारी को साझा कर पालन करने हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गयाए साथ ही सभी को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई।

## कच्ची शराब कारोबारियो पर कसा शिकंजा

**मैलानी.खीरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मैलानी थाना प्रभारी निरिक्षक विधा शंकर शुक्ला उप निरिक्षक भूपेन्द्र सिंह उप निरिक्षक विपिन कुमार सिंह व हमराह पुलिस कर्मियों ने अवैध कच्ची शराब कारोबारियो पर शिकंजा कसने का काम करते हुए छेदीपुर बैलहिया गंगा पुर सान्सिया कालोनी सहित अन्य स्थानों मे छापामारी करके 2500 लीटर लहन नष्ट किया। चार अवैध कच्ची शराब कारोबारियो के कब्जे से 80 लीटर लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उप करण भी बरामद किए। अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज अभियुक्तों को जेल भेजा है। विद्या शंकर शुक्ला ने बताया कि इस समय अवैध कच्ची शराब कारोबारियो पर धरपकड का अभियान जोरो पर है ।

## सर्वजन कल्याण फाउण्डेशन की बैठक सम्पन्न

**संडीला (हरदोई)।** सर्वजन कल्याण फाउण्डेशन की बैठक में विभिन्न समाज सेवा के कार्यों को तेज गति से चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष अभिषेक कुमार चौरसिया ने कहा कि संस्था के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जन समस्याओं के साथ सीधे जुड़कर कार्य करना चाहिए और इसके लिए रणनीति बनायी जानी चाहिए। इसी अवसर पर सचिव सुनील सिंह राठौर, शशिकांत मौर्य, अनुपम सिंह चौहान, अजयपाल, विजय चौरसिया, आशीष सिंह, रेनू यादव, सुनीता सिंह व कोमल आदि ने भी अपने विचार रखे।

## गोअष्टमी पर एसडीएम ने किया गो पूजन



गो अष्टमी पर गायों को कम्बल उढाते हुए एसडीएम

**संडीला (हरदोई)।** गो अष्टमी पर एसडीएम ने गायों का पूजन कर उन्हें गुड़ एवं हरा चारा खिलाया। पुरानी तहसील और मीतों की गौशाला में एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने गौ माता को रोली तथा अक्षत लगाकर उनका पूजन किया और उन्हें गुड़ तथा हरा चारा खिलाया। ठण्ड को देखते हुए उन्होंने गायों को कम्बल भी उढाये। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी वी पी सिंह के अलावा कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

## गोवंश आश्रय स्थल में हुआ गोपाष्टमी का आयोजन

**बेहजम.खीरी।** विकास खंड बेहजम क्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग गांव मे शासन की मंशा अनुरूप ग्राम पंचायत रायपुर बुजुर्ग मे स्थित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में गोपाष्टमी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति श्रीनगर विधायक के प्रतिनिधि के रूप में आए जमुनादीन त्यागी के द्वारा गाय को तिलक लगाकरए माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात आश्रय स्थल में सरांक्षित किए गए सभी पशुओं को गुड़ खिलाया गया।
इस अवसर पर गोवंश आश्रय स्थल में गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमे मुख्य अथिति ने उपस्थित ग्राम वासियों को समाज में गाय की हमारे जीवन में महत्ता के बारे में विस्तार से बताया तथा उन्होंने सभी ग्राम वासियों से गो पालन करने की अपील भी की। पशुपालन विभाग द्वारा इस अवसर पर आश्रय स्थल में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉण् अनुज कुमार मिश्र पशु चिकित्सा अधिकारी नीमगांव के नेतृत्व में किया गया। जिसमे समस्त पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पशुओं का क्रमिनाशक दवापान भी कराया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमारए ग्राम पंचायत अधिकारी शशि शेखर मिश्रए पशुधन प्रसार अधिकारी रामगोपालए मुड़ा बुजुर्गए सनिगवाए भदूरी के ग्राम प्रधानगणए अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए भरवाएं फार्मः डीएम



**लखीमपुर खीरी।** रविवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियो का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2021 के तहत जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मतदान केंद्रों का भ्रमण किया।

डीएम ने उप जिलाधिकारी सदर डॉण् अरुण कुमार सिंह के साथ तहसील सदर क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गौरताराए प्राथमिक विद्यालय चफ्दी सहित प्राथमिक विद्यालय बनवारीपुर में बने बूथों पर जाकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने पोलिंग स्टेशनों पर मतदाता सूची की उपलब्धताए बूथ लेवल अधिकारी की पोलिंग स्टेशन पर मौजूदगी फार्म 6. 7 8 एवं 8. की उपलब्धता एवं वितरणए मतदाताओं द्वारा जमा किए गए फार्मो की जांच की स्थिति की जमीनी हकीकत जानी।

उन्होंने आलेखय मतदाता सूची के आधार पर पोलिंग स्टेशनवार ईपी रेशियोए जेंडर रेशियो तथा एज कोहार्टए युवा मतदाता रेशियो का विश्लेषण किया।उन्होंने निर्देश दिए कि 01 जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी युवक एवं युवतियों का अनिवार्य रूप से फार्म.छह भरवाया जाय। एवं मृतक मतदाताओं का फार्म भरवा कर नाम सूची से विलोपित कराया जाए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर डॉ अरुण कुमार सिंहए तहसीलदार सदर उमाशंकर सहित संबंधित बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए यातायात नियमों के प्रति किया गया पालन

संवाददाता। बेहजम.खीरी



**योगी सरकार** के दिशानिर्देशो के मद्देनजर खीरी पुलिस विभाग व मां सरस्वती सेवा संस्थान फ्रधान के द्वारा मनाए जा रहे यातायात माह के अंतर्गत नीमगांव थाना कोतवाली इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह के साथ बेहजम और सिकन्द्राबाद कस्बे के चौराहे पर चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडे व हनुमन्त लाल तिवारी की अध्यक्षता में यातायात प्रभारी सूर्यमणि यादव के द्वारा जिले से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की टीम मां सरस्वती सेवा संस्थान फ्रधान के कलाकारों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक दिखाकर लोगों को यातायात के नियमों की बारे में विस्तार से चर्चा कर जागरूक किया गया। नुक्क? नाटक के कलाकारों ने नाटक माध्यम से लोगों को यातायात नियमों को पालन करते हुए कैसे गाड़ी चलाकर अपनी सुरक्षा करनी चाहिए और बिना सीट बेल्ट और बिना हेलमेट और बिना मास्क के अपने वाहनों को न चलाने की हिदायत दी। दो पहिया वाहन पर दो सवारी व नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रांतीय वरिष्ठ कार्यकर्ता व समाजसेवी बाल मुकंद दीक्षित व बेहजम मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित मंगू लाल मौर्य आदर्श मिश्रा सहित कई लोगों ने कस्बे में मौजूद लोगों को यातायात पुलिस के नियमों के पालन करने के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाया। यातायात प्रभारी खीरी सूर्यमणि यादव ने यातायात के नियमों को पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## क्विक न्यूज

### बीएलओ करते रहे इंतजार, नहीं पहुंचे आवेदक

**संडीला (हरदोई)।** मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के लिए चलाये गये अभियान के अर्न्तगत् बीएलओ तो बूथों पर बैठे लेकिन आवेदक नहीं आये। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा एवं विधानसभा की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण हेतु 17 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक कार्यक्रम घोषित किया गया। जिसका पहला चरण 22 नवम्बर दूसरा 28 नवम्बर, तीसरा 5 दिसम्बर तथा चौथा 13 दिसम्बर को होगा। रविवार को नगर के विभिन्न बूथों पर बीएलओ मतदाता बनने के इच्छुक लोगों का इंतजार करते रहे लेकिन लोग नहीं पहुंचे। अधिकारियों ने भी कई बूथों का निरीक्षण किया।

### खेत में जुआ खेलने का विरोध करने पर निर्मम पिटाई

**संडीला (हरदोई)।** खेत में जुआं खेलने का विरोध करने पर एक व्यक्ति को बुरी तरह पीटा गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। ग्राम कल्लीखेड़ा जंवर निवासी राहुल पुत्र कल्लू ने एफआईआर दर्ज कराते हुए कहा कि उसके खेत में ग्राम निवासी रामपाल पुत्र नन्हा अपने साथियों के साथ जुआं खेल रहे थे ।उसने इसका विरोध करते हुए उनसे खेत से चला जाने के लिए कहा। इससे नाराज होकर रामपाल तथा उसके पुत्र बन्टू व पुतान ने उस पर लाठी डण्डों से आक्रमण कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें लगी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### महिला के खाते से तीन लाख पच्चीस हजार निकाले

**संडीला (हरदोई)।** जालसाजों ने एक महिला के एटीएम से तीन लाख पच्चीस हजार रुपये निकाल लिये। ग्राम मीरनगर अजिगवां निवासी विमलेश की पत्नी गीता देवी ने अपने बैक खाते से 6 अक्टूबर को ऐटीएम से दस हजार रुपये निकाले और घर चली गयी। उसका एटीएम कार्ड उसके पास ही रहा। इसीबीच उसके एटीएम से 8 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके खाते तीन लाख पच्चीस हजार एक सौ सतहत्तर रुपये निकाल लिये। गीता देवी ने जब अपने एटीएम से पैसे निकालने का प्रयास किया तो उसको जानकारी मिली उसके खाते में तो ध नही नहीं हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### अवधेश हत्याकांड मे फरार आरोपितो की सम्पत्ति होगी कुर्क

**बरेली।** कर्मचारी नगर के रहने वाले शिक्षक अवधेश कुमार सिंह की हत्या के फरार आरोपितो पर पुलिस अब शिकंजा कसने की तैयारी कर चुकी है। फरार आरोपितो की कोई लोकेशन न मिल पाने के बाद पुलिस अब आरोपितो की संपत्ति कुर्क करेगी। इसके लिए आदेश जारी किए जा रहे है। मर्डर केस मे अवधेश की पत्नी विनीता को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। बता दे कि 12 अक्टूबर को कर्मचारी नगर के रहने वाले शिक्षक अवधेश कुमार सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। हत्या कर शिक्षक का शव फिरोजाबाद के नारखी मे दफनाया गया था। मामले मे पुलिस अब तक सुपारी किलर शेर सिंह उर्फचीकू, पत्नी विनीता और पप्पू जाटव को गिरफ्तार कर चुकी है। वही फरार आरोपितो मे विनीता का पिता अनिल, भाई प्रदीप, बहन ज्योति, प्रेमी अमित सिसोदिया उर्फअंकित एव भोला शामिल है। पुलिस अभी तक फरार आरोपितो के बारे मे पता नही कर पाई है। ऐसे मे संपत्ति को कुर्की करके पुलिस आरोपितो पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। वही अवधेश की मां अन्नपूर्णा का कहना है कि वह अवधेश के बेटे को पाने के लिए अब कानूनी लड़ाई लड़ेगी। अवधेश का बेटा कानूनी तौर पर विनीता के पास ही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की जान गई

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में बीमार पड़ने पर एक युवक की इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घर वालों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के नेकपुर हाथीखाना निवासी 20 वर्षीय लल्ला बाबू की बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि लल्ला बाबू के माता-पिता की कई साल पहले मौत हो गई थी। वह लगभग 2 सालों से बीमार चल रहा था। बीती रात अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। घर वालों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया।

### अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर में घुसी, युवक की मौत

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के गांव लकड़ी के समीप देर रात अनियंत्रित होकर बाइक रोड किनारे खड़े टैक्टर में जा घुसी। जिससे एक लगभग 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मवई गांव निवासी रमेश कुमार का पुत्र पुष्पेन्द्र कुमार शनिवार की देर रात रिश्तेदारी से वापस घर जा रहा था। जैसे ही वह लकड़ी गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक रोड किनारे खड़े टैक्टर में जा घुसी। जिससे पुष्पेन्द्र की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# मुलायम के जन्मदिन पर हुयी चुनावी चर्चा



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के 82वें जन्मदिन के अवसर पर एमएलसी के चुनाव की बैठक पार्टी कार्यालय में हुयी। जिसमें प्रत्याशी डॉ0 मान सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होनें पार्टी के कार्यकर्ताओं से आने वाले चुनाव में जुटने की अपील की व नेता जी के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव ने आये हुये समस्त पार्टी के कार्यकर्ताओ से कहा कि नेता जी के जन्मदिन के अवसर पर आने वाले चुनाव में समस्त कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ से दस-दस वोट डलवाना सुनिश्चित करें ताकि प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर पूर्व विधायक मदन गोपाल वर्मा, पूर्व अध्यक्ष दलजीत निषाद, दयालू अमर, अरूणेश पाण्डेय, मोहसिन खान, रामासरे प्रजापति, कपिल यादव, रीता प्रजापति, संगीता राज पासी, विनोद पासवान, आबिद हसन, अशोक सिंह, देवेन्द्र लोधी, कलीम शेख, जियाउद्दीन राजू, रहीम राईन, रूक्कू यादव, नेपाल सिंह यादव, रामअवतार सिंह यादव, मान सिंह यादव, पंकज सिंह यादव, उदय सिंह, मो0 आतिफ, अनिल यादव, रविन्द्र यादव, तनवीर नकवी, चौधरी मंजर यार, जंग बहादुर सिंह मखलू, यदुवंशी अंशू यादव, सत्यम बाजपेयी, देवी गुलाम कुशवाहा, जालिम सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री से झाऊपुर संपत्ति प्रकरण की शिकायत

संवाददाता। फतेहपुर

**आजादी के** समय हुए बँटवारे में देश छोड़कर जाने वाले मो0 अहमद एवं इफ्तखार अहमद की स्थानीय अचल संपत्ति पर वैसे तो हमेशा से बहुतों की नजर लगी थीं किन्तु सिस्टम से मिलकर पहला खेल 1975 में जरिए नीलामी हुआ। उसके बाद अवशेष जमीन का 2015 में वरासत की कार्यवाई ने प्रशासनिक जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए। इस सन्दर्भ में मुख्यमंत्री को भेजे गए एक शिकायती पत्र में न सिर्फ कई गंभीर आरोप लगाये गए है, बल्कि ऐसे मामलो की शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की गई है।उपलब्ध जानकारी के अनुसार बँटवारे के शहर क्षेत्र के निवासी मो0 अहमद एवं इफ्तखार अहमद स्वेच्छा से पाकिस्तान चले गए थे क्योंकि दोनो दुश्मन देश गए थे इसलिए उनकी समूची चल अचल सम्पत्ति सरकार के कब्जे में चली गई किन्तु पहले गलत तरीके से नीलामी और फिर वरासत के तहत स्वामित्व का हस्तांतरण जिन परिस्थितियों में हुआ वह अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। इस मामले में फतेहपुर सदर के तत्कालीन एसडीएम विवेक श्रीवास्तव एवं तहसीलदार रहे मोती लाल यादव के साथ-साथ तीन लेखपालों की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

इस शिकायती पत्र में योजित रणनीति के तहत जब तत्कालीन तहसीलदार सदर मोती लाल यादव ने वरासत की प्रक्रिया पूर्ण करने में हीला हवाली की तो शाह हुसैन ने तत्कालीन उप जिलाधिकारी विवेक श्रीवास्तव की अदालत में प्रकरण स्थानांतरित करने के लिए प्रत्यावेदन दिया, जिसे उप जिलाधिकारी ने स्वीकार करते हुए पत्रावली तलब कर ली और प्रकरण की पत्रावली न्यायिक तहसीलदार सदर रामस्वरूप की अदालत में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। न्यायिक तहसीलदार ने 10 अक्टूबर 2015 को वरासत का आदेश देते हुए अत्यंत संदिग्ध परिस्थितियों में बड़े भूखंड का स्वामित्व सा हुसैन को सौंप दिया।

बताते चलें कि शाह हुसैन ने पत्रावली में खेल करते हुए खाता संख्या 00127 की गाटा संख्या 74 का उल्लेख किया। इस गाटा संख्या में वरासत का आदेश कराने के बाद भू-खण्ड के उसी खाता संख्या की दूसरी गाटा संख्या 203 को दाखिल किया, जिसका आदेश 23 दिसम्बर 2017 को जारी हुआ। गौरतलब है कि इन दोनों गाटा संख्या में तत्कालीन लेखपाल नरपत सिंह ने 60 (ख) के दस्तावेज शाह हुसैन के पक्ष में जारी कर दिया। बाद में शाह हुसैन ने 60 (ख) के अनुसार वरासत की कार्यवाई पूर्ण करवाई। बाद में इस कीमती भू-खण्ड को शाह हुसैन ने राजा राम व अर्जुन पुत्र गण रामाधीन उर्फ रामधनी निवासी राधा नगर (फतेहपुर) को बेच दिया।'

गाटा संख्या 203 के वरासत का मुकदमा शाह हुसैन के पक्ष में होने के बाद उसने शहर के तुराब अली का पुरवा (सईद गार्डेन कालोनी) निवासी मो. अलीम खाँ पुत्र मो0 हासिम खाँ को बेच दिया। अलीम ने 09 नवम्बर 2017 को दाखिल खारिज भी करवा लिया। यहां पर यह भी गौरतलब है कि गाटा संख्या 74 एवं 203 के आधे हिस्से के मालिक इफ्तेखार अहमद की निस्क्रांत सम्पत्ति के रुप में दर्ज है, वह दस्तावेजों में तो सरकारी है किन्तु खेल कुछ ऐसा सजाया गया है कि शाह हुसैन के स्वामित्व वाली जमीन के दस्तावेजों की आड़ मे इस भूखण्ड को भी बेचने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यहां पर सवाल यह उठता है कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकारी जमीनों की सुरक्षा के बाबत सख्त तो है और कड़े आदेश भी जारी हुए है किन्तु जिला एवं तहसील प्रशासन इस मद में कतई गंभीर नहीं है और तेजी से भूमाफिया ऐसी जमीनों को ठिकाने लगाने में जुटे हुए हैं।

शिकायती पत्र में मुख्यमंत्री से त्वरित कार्यवाही एवं शासन स्तर से इस समूचे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की गई है।

# भीख नहीं अधिकार चाहिए, हमे बुन्देलखण्ड राज्य चाहिएः देवब्रत

संवाददाता। फतेहपुर



**महोबा बुंदेलखंड** राज्य आंदोलन के जनक स्व0 शंकर लाल मेहरोत्रा की 19वीं पुण्यतिथि पर बुंदेली समाज ने आल्हा चौक स्थित अंबेडकर पार्क में बुंदेलखंड सेनानियों को सम्मानित किया। 1965 व 1971 के युद्ध में शामिल रहे पूर्व फौजियों को सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं बुन्देलखण्ड राज्य आंदोलन के नेतृत्वकर्ता श्रद्धेय तारा पाटकर के हाथों से सम्मानित किया गया। स्मृति सम्मान समारोह की जानकारी देते हुए आज बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक स्व0 शंकर लाल मेहरोत्रा का निधन 22 नवंबर 2001 को झांसी में हुआ था। उन्होंने 1989 में बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना कर आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लंबा संघर्ष किया। बुंदेलखंड के अंदर उनकी स्मृति में महोबा आल्हा चौक में रखा गया। यह प्रथम सम्मान समारोह है। जिसमें बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय भारत को आंदोलन में उनके अग्रणी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि समिति का पूरे प्रदेश और मध्यप्रदेश के कार्यकर्ता तारा पाटकर के संरक्षण में निरंतर खून से प्रधानमंत्री को पत्र लिखना, मौन अनशन, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देना एवं हस्ताक्षर अभियान आदि माध्यमों से लगातार केंद्र सरकार को और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना वादा पूरा करने की याद दिला रहे है और बुन्देलखण्ड अलग राज्य आंदोलन को तेज गति दी जा रही है। समिति के केंद्रीय प्रवक्ता देवब्रत त्रिपाठी ने बुन्देलखण्ड अलग राज्य की मांग के साथ जनपद चित्रकूट धाम मंडल में और बुन्देलखण्ड पैकेज में शामिल किए जाने की मांग की। कार्यक्रम में आयी अतिथि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सरगम खरे ने आयोजक तारा पाटकर एवं बुन्देखण्ड राज्य पर अपनी स्व रचित कविता दिल्ली मुम्बई न हमे जाने, बुन्देलखण्ड राज्य हमे जाने गाकर लोगो में जोश भरा। कार्यक्रम में अध्यक्ष के हाँथो द्वारा जनपद से अंशू सिंह परमार को युवा शक्ति जिलाध्यक्ष और महिला शक्ति जिलाध्यक्ष विभा अग्निहोत्री को मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 अजय बरसैया, अजय कटारिया, सुनील कुमार दीक्षित, शत्रुघ्न सिंह, राकेश चौरसिया, शंकर लाल जोशी, राम नारायण मिश्र, हुकुम सिंह, मनोज तिवारी, पूर्व सैनिक, बीआरएस एवं बुन्देली समाज के कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बावर्ची की मौत, एक घायल

संवाददाता। फतेहपुर

**थरियांव थाना** क्षेत्र के हस्वा हाईवे पर देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक लगभग 25 वर्षीय बावर्ची की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसका साथी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आबूनगर निवासी रामनाथ लोधी का 25 वर्षीय पुत्र दीपू लोधी जो शादी विवाह में खाना बनाने का काम करता था। कल वह अपने साथी पारूल पुत्र लक्ष्मी प्रसाद 30 के साथ खागा कोतवाली क्षेत्र के छीमी पुराईन गांव निवासी अनूप के यहां खाना बनाने के लिए गया था। देर रात वापस लौटते समय जैसे ही बाइक हस्वा के सपीप हाईवे पर पहुंची। तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे दीपू लोधी की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि पारूल घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक अविवाहित था। हादसे के बाद मृतक की मां सहदेईया सहित घर में कोहराम मच गया।

## जमीनी विवाद को लेकर पुत्र ने मां किया मरणासन्न

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के गांव सुजानपुर में रविवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर खेत में काम कर रही 55 वर्षीय महिला को उसी के पुत्र ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे पिता व बहन को भी पीट दिया। गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद हमलावर मौके से भाग जाने में कामयाब रहा। जानकारी के अनुसार सुजानपुर गांव निवासी रामसिंह चौहान की पत्नी सावित्री देवी आज सुबह लगभग 8 बजे अपने खेतों में काम कर रही थी कि तभी जमीनी विवाद को लेकर बड़ा पुत्र लखन सिंह चौहान वहां आ धमका और अपनी ही मां को गाली-गलौज करते हुए उसे लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे पिता व बहन अनाकर कली को भी लाठी-डंडों से पीट दिया। तभी किसी ने इसकी सूचना पीआरवी 112 को दे दी। जब तक मौके पर पुलिस पहुंचती तो हमलावर पुत्र मौके से भाग जाने में सफल रहा। महिला को तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज करा रही बहन अनार कली ने बताया कि ढ़ाई बीघा खेती है जिसमें एक बीघा पिता ने भाई लखन को दे दिया है। उसके बावजूद वह डेढ़ बीघा खेती को भी हड़पना चाह रहा है।

# गोपाष्टमी पर राज्यमंत्री ने किया गौपूजन

संवाददाता। कानपुर देहात



**गोपाष्टमी** पर्व के अवसर पर पुखरॉया के कान्हा गौशाला में प्रदेश सरकार के सूचना व प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रानिक राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह ने डीएम डा0 दिनेश चन्द्र, सीडीओ सौम्या पाण्डेय, एडीएम प्रशासन पंकज वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने गौपूजन किया गौवॅशों को गुड व केला खिलाकर उनका पूजन अर्चना किया गया।

यहॉ आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राज्यमंत्री अजीत पाल ने कहा कि गौमाता हमेशा से भारतीय संस्कृति में पूजनीय रही है। प्रदेश शासन भी गायो की सुरक्षा के लिये सॅरक्षण प्रदान करने का काम गॅभीरता से कर रही है। मुख्यमंत्री जी स्वयॅ गौ सेवा करते है इसलिये हम सभी का दायित्व है कि हम एक एक गाय अपने घरों में अवश्य रक्खे। डीएम ने इस अवसर पर कहा कि गायों के साथ भगवान शिव की सवारी नॅदी के प्रतीक सॉडों का भी सॅरक्षण करना चाहिये क्योंकि देवाधिदेव महादेव के पूजन से पूर्व नंदी की पूजा करने की परम्परा है। डीएम ने कार्यक्रम के दौरान मास्क न पहनने पर जुर्माना लगाया तथा सभी से कोविड-19 की गाइडलाइन के पालन की अपील की। सीडीओ सौम्या पाण्डेय ने गोपाष्टमी पर्व की महत्ता के विषय में जानकारी देने के साथ इसकी परम्परा के विषय में अवगत कराया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत एसडीएम दीपाली भार्गव, चैयरमैन सत्यप्रकाश सॅखवार, ईओ रामअचल ने बुके व प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा अवशेष फसलों को गौ आश्रय सिलों में दान देने वाले आाा दर्जन किसानों को अंग वस्त्र कॅंबल देकर सम्मानित किया गया।

वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री की परिकल्पना से प्रदेश के सभी जनपदों में निरात्रित गौ आश्रय स्थलों गोपाष्टमी पर्व मनाया गया। अकबरपुर के कान्हा गौशाला में सॉसद देवन्द्र सिंह भोले, विधायक प्रतिभा शुक्ला, जिलाध्यक्ष भाजपा अविनाश सिंह चौहान, डीएम की उपस्थित में पूजन वॅदन के साथ गौवॅशों को माला पहनाने के साथ गुड व केले का भोग लगाया गया।

डीएम डॉ दिनेश चन्द्रए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेयएभाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान द्वारा हो रही गायों की उपेक्षा व सुरक्षा के प्रति अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि भारत माता गौ माता व अपनी जन्म दायनी माता के प्रति जो दुर्व्यवहार करता है वह कभी सुखी नहीं रह सकता जबकि जिलाधिकारी ने गाय के साथ.साथ सांड की सेवा करने के प्रति जोर देते हुए कहा कि सांड जोकि शिव के नंदी है भगवान शिव के साथ नंदी की पूजा न हो पूजा अधूरी है। इस लिए इनकी भी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए निराश्रित गौ आश्रय स्थलों में मौजूद गायों की सेवा के लिए लोग आगे आएं तथा आम जनमानस से अपील की है कि वह गायों को न छोड़े अन्यथा मजबूरन होकर शासन के दिशा निर्देश के क्रम में उन पर कार्रवाई भी करनी पड़ेगी।

गोपाष्टमी के कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने कहा आज ही के दिन श्री कृष्ण ने गायों का चराने का संकल्प लिया था उस संकल्प को हम सभी गोपाष्टमी का पर्व के रूप मे मनाते है।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिभा शुक्लाए जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान ने भी अपने विचार प्रकट किए जबकि सांसद देवेन्द्र सिंह भोले ने कहा गायों के रक्षा सुरक्षा के लिए अधिनियम तैयार किया गया था उसमें मेरी भी सहभागिता थी केंद्र व प्रदेश सरकार गायों की रक्षा सुरक्षा व्यवस्था के लिए दृढ़ संकल्पित है इसमें हम सबको बढ़.चढ़कर भागीदारी करनी है । उपरोक्त कार्यक्रम के तहत जनपद के विभिन्न गौशालाओं में भी निराश्रित गोवंशो को केलाए गुण आदि खिलाया गया व पूजन किया गया।

# पवन तनय आश्रम के वार्षिकोत्सव पर महंत से नीरज ने लिया आर्शीवाद




संवाददाता। कनपुर देहात

**रंजीतपुर** स्थित पवन तनय आश्रम का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पूर्व अकबरपुर रनियॉ विस सपा प्रत्याशी नीरज सिंह गौर ने महॅत को शाल व माला पहना कर आर्शीवाद ग्रहण किया। आस्था के प्रमुख केन्द्र भाऊपुर के पास रॅजीतपुर गॉव में स्थित पवन तनय आश्रम का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर यहॉ पहुॅचे मैथा ब्लाक प्रमुख पति, जिला पॅचायत सदस्य तथा पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी रहे नीरज सिंह गौर ने महॅत को शाल व माला पहनायी, महॅत ने भी नीरज को आर्शीवाद देते हुये उनके उज्जवल राजनैतिक जीवन की कामना की। इस मौके पर नीरज सिंह गौर, शैलेन्द्र सिंह शालू, सुनील शर्मा, जितेन्द्र त्रिवेदी, पप्पू चन्देल, शालू भदौरिया,शेरू अग्निहोत्री, रमेश सिंह, शिवबाबू शुक्ला,भारत सिंह, अनुराग शर्मा अनुज सिंह मोहम्मद शमसाद, विकास चौहान, टिंकू चौहान प्रधान रॅजीतपुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आर्थिक मदद दे मासूमों को दिया मदद का भरोसा

**फर्रुखाबाद।** बोते दो दिन पूर्व दम्पत्ति आर्थिक तंगी से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिससे उनके परिजनों को जिला पंचायत सदस्य पति नें आर्थिक सहायता देकर आंसू पोछने का प्रयास किया।दरसल थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम बमियारी निवासी 45 वर्षीय अटल बिहारी पुत्र मिश्री लाल व उनकी पत्नी नीरज नें फांसी लगाकर 20 नवम्बर को आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद उसके 14 वर्षीय पुत्र पुत्र पंकज और 5 वर्षीय बेटी प्रांची को आर्थिक समस्या खड़ी हो गयी। आर्थिक तंगी से पूर्व में ही माँ-बाप के जाने से गम से बहन-भाई टूट चुके थे। जिसके बीच जिला पंचायत सदस्य पति विजय सोमवंशी नें मृतक दम्पत्ति के घर जाकर उन्हें संत्वना दी और उनकी पुत्री प्रांची को 5 हजार रूपये की आर्थिक मदद भी कर दी। इसके साथ भविष्य में हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

# खेतों में लगी आग, कई बीघे फसल हो गई राख



संवाददाता। जसवंतनगर

**नगला** तौर गांव के आधा दर्जन किसानों के खेतों में खड़ी धान की फसल में अचानक आग लग गई और पकी फसल जलकर खाक हो गई। जिससे पीड़ित किसानों की पूरी सालभर की मेहनत पर पानी फिर गया है। बलरई स्थित बीएसटी इंटर कॉलेज समीप किसान अजय कुमारए सत्यपालए सत्यवीरए मिथिलेश आदि के खेत से अचानक धुआं निकलने लगा। लोग वहां पहुंचे तो आग की लपटें उठ रही थीं। आग देख लोगों ने शोर मचा दिया जिससे ग्रामवासी इक्ट्ठा होकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन तबतक फसल जलकर खाक हो गई थी। वहीं आग लगने का कारण अभी अज्ञात बताया जा रहा है। वहीं पीड़ित किसानों ने बताया कि खेतों में आग लगने कि सूचना जैसे ही मिली वैसे ही ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन तबतक खेत में करीबन 7 बीघा खेत पर लगा धान आग की चपेट में आकर खाक हो गया जिससे किसानों की सालभर की गाढ़ी कमाई पर पानी फिर गया है। पीड़ित किसानों का आरोप है कि फायरब्रिगेड को सूचना देने के बावजूद समय से उक्त सुविधा नहीं मिली नहीं तो नुकसान होने से बच जाता।

## 20 पुलिसकर्मियों की हुई कोरोना जाँच

**राजेपुर फर्रूखाबाद।** कोरोना की रफ्तार एक बार फिर से बढने के चलते टेस्ट की संख्या भी बढ़ा दी गयी है। जिसके चलते यहाँ थानाध्यक्ष सहित 20 पुलिस कर्मियों के नमूने लिए गये। जिसकी रिपोर्ट तीन दिन में उपलब्ध होगी। सीएचसी पर थानाध्यक्ष राजेपुर देवेन्द्र गंगवार सहित 20 पुलिस कर्मी पंहुचे। उन्हें एक लाइन में खड़ा कर दिया गया। इसके बाद एक-एक कर सभी का सैम्पल लिया गया। इसके साथ ही सीएचसी पर अब एंटीजन किट भी उपलब्ध हो गयी। जिससे अब जादा संदिग्ध व्यक्ति की कोरोना जाँच तत्काल कराकर कुछ मिनट में ही उसका परिणाम भी मिल जायेगा। सीएचसी के प्रभारी डॉ0 प्रमीत राजपूत ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को खुद में कोरोना के लक्षण दिखाई पड़ते हैं तो वह सीएचसी पहुंचकर जांच करा सकता है कुछ ही देर में जांच के बाद परिणाम सामने होगा।

# मुलायम के जन्मदिन पर सपाइयों ने काटा केक

संवाददाता। भरथना



**नगर** समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में क्षेत्र के सपा नेताओं ने रविवार को समाजवादी नेता पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव का 82 वां जन्मदिन बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया है।

भरथना नगर के इटावा रोड स्थित पूर्व राज्य मंत्री सपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव की बगिया शांता आश्रम में आयोजित जन्मोत्सव के अवसर पर सपा नेता पूर्व सांसद प्रदीप यादव, पूर्व मंत्री अशोक यादव, सपा नेता राघवेंद्र यादव, भरथना के उधोगपति सपा नेता अजय यादव गुल्लू, जिलापंचायत सदस्य मनोज यादव बन्टी, लल्ला सिंह कठेरिया, केके यादव, नगर अध्यक्ष प्रताप वर्मा, वेद प्रकाश मयंक आदि सपा नेता पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं समर्थकों ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर तिलक बन्दन दीर्घायु की मंगलकामनाएं करते हुए केक काटा और एक दूसरों मिष्ठान वितरण किया है। जन्मोत्सव के मौके पर जिला सचिव दलवीर सिंह यादव, ब्रजेश यादव मुनुया, रामकुमार यादव, राजू शुक्ला, अखिलेश यादव लोहिया, सजंय यादव, भोला सिंह चक, गुड्डू यादव, गौरव यादव मौजूद रहे

वहीं दूसरी ओर इटावा में मुलायम सिंह यादव के गृह जनपद में धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन सपा शहर अध्यक्ष बसीम चौधरी ने अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर व लोगो को मिष्ठान वितरित किया।

शहर अध्यक्ष व उनके साथियों ने मुलायम सिंह के जन्मदिन पर उनकी लम्बी उम्र की कामना करते हुए 2022 में अखिलेश यादव को सूबे का मुख्यमंत्री बनवाकर नेता जी को उपहार देने के लिए संकल्प लिया।

इस मौके पर शहर उपाध्यक्ष विशाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष लल्ला सिद्दीकी, सपा वरिष्ठ नेता जमील अंसारी, शमीम अंसारी, रफीक पहलवान, फ़िरोज़ खान, इसरार राईन सहित कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ताखा में कस्बा उसराहार में पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया और एक दूसरे को मुबारकबाद दिया। इस मौके पर अनुज यादव ब्लॉक अध्यक्ष ताखा संग्राम सिंह चौहान जिला सचिव इटावा सुरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष ताखा अनुज राठौर एडवोकेट सेक्टर प्रभारी जगत किशोर शाक्य शोभाराम प्रजापति कार्यालय प्रभारी बृजेश यादव दीवान यादव अवनीश यादव हरिओम यादव आदि लोग पार्टी कार्यालय पर मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं का सम्मान और अधिकार सर्वोपरिः शिवमहेश

संवाददाता। इटावा



**भारतीय** जनता पार्टी के कानपुर. बुंदेलखंड क्षेत्र से नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे के इटावा जनपद में प्रथम आगमन पर शहर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किए गए । इसी क्रम में आयोजित विशाल जनसभा एवं स्वागत कार्यक्रम के तहत आज विशाल जनसभा का आयोजन संगठन के मुखिया जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह धाकरे के नेतृत्व में नगरपालिका परिसर में सम्पन्न हुआ ।स्वागत क्रम में इटावा भाजपा के समस्त जिला पदाधिकारियों के साथ साथ समस्त मंडल अध्यक्षोंए समस्त मोर्चा के जिलाध्यक्षों द्वारा नवनिर्वाचित क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जी को माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया ।स्वागत जनसभा कार्यक्रम में सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शमा रमाकांत शर्मा रामकुमार चौधरी ने अपने विचार रखें ।जनसभा का कुशल संचालन जिलामहामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया ।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रदेश एवं क्षेत्रीय नेतृत्व ने जो भी जिम्मेदारी दी है। उसका निर्वहन सच्ची निष्ठा से करते हुए संगठन को मजबूत बनाने में अपना पूरा योगदान देगें । आयोजित जनसभा में अपने उदबोधन में शिवमहेश दुबे ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी के लोकतांत्रिक मूल्यों की ताकत का ही नतीजा है कि आज मुझे कानपुर.बुंदेलखंड क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण दायित्व दिया है इसके लिए प्रदेशीय एवं क्षेत्रीय नेतृत्व का आभार ।

# भाकियू ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

संवाददाता। कायमगंज फर्रूखाबाद

**भारतीय** किसान यूनियन भानू गुट के जिला प्रभारी मुन्ना लाल सक्सेना, जिला अध्यक्ष दुर्गा नारायण मिश्रा, उपाध्यक्ष रागिव हुसैन खाँ,प्रदेश सचिव राजाराम शर्मा, एवं प्रताप सिंह गंगवार, असलम शेर मंसूरी सहित बड़ी संख्या में किसान नेता कायमगंज नगर के मोहल्ला जवाहरगंज स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास एकत्र हुए। जहां उन्होंने नगर पालिका परिषद कायमगंज की अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर की अव्यवहारिक कार्यशैली की भर्त्सना करते हुए। उनकी बुद्धि शुद्धि हेतु यज्ञ किया। इसके बाद किसान नेताओं ने आयोजित बैठक में प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि अधिशासी अधिकारी ने जब नगर पालिका कायमगंज आकर पदभार ग्रहण किया था। उस समय तक इनकी संपत्ति कितनी थी। यह बात किसी से छिपी नहीं है। लेकिन अब यहां आकर नगर पालिका विकास योजनाओं के लिए शासन से मिले करोड़ों रुपए की धनराशि का दुरुपयोग कर इन्होंने थोड़े ही समय में अकूत संपत्ति भ्रष्टाचार करके अर्जित कर ली है।

भाकियू का कहना है कि सीमा तोमर की यहां ज्वाइन करने से पहले की संपत्ति तथा योगदान करने के बाद अब तक अर्जित संपत्ति की तुलना करते हुए। अर्जित अवैध संपत्ति के स्रोतों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। भाकियू का आरोप है कि इतने कम समय में जो संपत्ति अवैध रूप से इन्होंने एकत्र की है। रातो रात करोड़ों की संपत्ति की मालकिन बनी सीमा तोमर ने काले धन को छिपाने के लिए चल अचल संपत्ति अपने निकटतम संबंधियों के नाम भी दर्ज कराई है। इन सारे बिंदुओं को मिलाकर किसान यूनियन ने शासन से समय रहते भ्रष्टाचार से कमाए गए ।

# गोपाष्टमी पर गो सेवा का संकल्प



संवाददाता। घाटमपुर

**गोपाष्टमी** पर आज नगर के जहानाबाद रोड़ पर स्थित नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गौशाला में संघ के जिला प्रचारक शिवाकान्त त्रिवेदी और सभासद बिबेक शुक्ला के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कान्हा गौशाला पंहुचे और एक कार्यक्रम आयोजित कर गोमाता की पूजा और पुष्प हार पहनने के साथ ही उन्हें गुड़ खिलाया। इस अवसर पर जिला प्रचारक शिवाकांन्त त्रिपाठी और सभासद बिबेक शुक्ला तथा कमलेश त्रिवेदी आदि ने अपने संम्बोधन में गोबंश की महातता पर पर प्रकाश डाला तथा कहा कि गोसेवा से तमाम कष्टों का निवारण होता है इसी लिये प्राचीन काल से ही गाय माता की सेवा लोग करते चले आ रहे है। इसी के चलते प्रदेश की योगी सरकार गोबंश को आश्रय दिलवाया के साथ ही उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और संम्मान बढ़ाया है। इस मौके पर सभासद बिक्रम गोस्वामी, तनवीर अहमद मंसूरी, भाजपा नेता दलजीत सिंह, कृपाशंकर मिश्रा, चुन्नासिंह, पालिका के सफाई प्रभारी सुधीर सचान, दीपू बाजपेयी आदि भी मोजूद रहे। उधर ग्रामीण अंचल के कई गौशालाओं में भी गोंवश की पूजा के साथ मिठाई आदि खिलाई गयी।

## प्रशासन ने नहीं माना सिविल कोर्ट के आदेश

**फर्रूखाबाद।** अमृतपुर निवासी देश भक्त परिवार से ज्ञान प्रकाश आदि ने जिला अधिकारी को कई बार दिए प्रार्थना पत्रों में अवगत करवाया कि दो बार सिविल कोर्ट में चले मुकद्दमों में कोर्ट द्वारा दो बार निस्तारित उनकी जमीन पर ग्राम प्रधान और उनके पति ने गत वर्ष जबरदस्ती सीसी मार्ग बनवा कर और कुछ जमीन पर अपने समर्थकों दबंगों को अवैध कब्जा करवा दिया दिया उसी समय एसडीएम और बीडीओ को सिविल कोर्ट के आदेशों के परिप्रेक्ष्य में अपनी निजी जमीन पर सीसी मार्ग बनवाये जाने से रोकने हेतु निवेदन किया परंतु अधिकारियों ने सिविल कोर्ट के आदेशों को नजरंदाज कर दिया ।

ग्राम प्रधान द्वारा जबरदस्ती बनवाए गए सीसी मार्ग को तुड़वाने और प्रधान के दबंग समर्थकों का अवैध कब्जा हटवाने सम्बन्धी प्रार्थनापत्र पर वर्तमान में लेखपाल ए कानूनगो ए तहसीलदार और एसडीएम ने सिविल कोर्ट के आदेशों को नही माना और जमीन शिकायत कर्ता की नही है लिख कर आख्या प्रस्तुत कर दी जबकि सिविल कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय राजस्व न्यायालय द्वारा स्वीकार किए जाने के लिए बाध्य होते हैं और राजस्व न्यायालय सिविल कोर्ट के निर्णयों के खिलाफ मुकद्दमा सुनने एवं उन पर अपना फैसला देने का अधिकार क्षेत्र में नही रखती । जन सुनवाई संदर्भों पर लेखपाल रमेश कुमार द्वारा प्रस्तुत कई तरह की आख्याओं पर अधिकारियों ने भी संस्तुति कर दी।

# सपाइयों ने केक काटकर मनाया मुलायम का जन्मदिन



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**समाजवादी** पार्टी के सरंक्षक एंव पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव का 82 वां जन्मदिन आवास विकास स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव ने की।

अघोषित कार्यवाहक जिलायक्ष पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव की अगुआई में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सुबह 10 बजे से पार्टी के जिला कार्यालय पर एकत्रित होने शुरु हो गये। जहॉ पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव सहित सपाईयों ने नेता जी की फोटो पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। इसके बाद 5 किलो का केक काटा गया। सपाईयों ने नेताजी के दीर्घायु होने की कामना की। उनके जिन्दाबाद के नारे लगाये और एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान सपा नेताओं ने नेता जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। यह भी बताया कि नेता जी का नाम धरती पुत्र क्यों पड़ा। नेता जी ने जमीन से जुड़े लोगों के बीच राजनीति की। उन्होने हमेशा गरीब, मजदूर, किसान, शोषित, पीड़ित, लोगों की आवाज उठाई और इन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। उनके शासन काल में पिछड़े दलितों को आगे बढ़ने का मौका मिला। इस दौरान मंदीप यादव,विजय यादव,महेन्द्र कटियार,विवेक यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर हरीश कुमार यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मदाबाद, बन्टी यादव,ओमप्रकाश शर्मा, मसरुर अहमद खॉ, आयूष यादव, रिन्कू अग्निहोत्री, राघव दत्त मिश्रा,सुनील यादव,जीतू यादव आदि मौजूद रहे।

## पांच चौकी इंचार्ज सहित आठ दारोगा की तैनाती में फेरबदल

**फर्रूखाबाद।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त.दुरुस्त करने के लिये बीती देर शाम पांच चौकी इंचार्ज सहित आठ दारोगा की तैनाती में बदलाव किया है। उन्हें फौरन नई तैनाती स्थल पर आमद कराने के निर्देश दिये गये हैं। एसपी ने पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत दारोगा राजीव सिंह की आईटीआई चौकी पर तैनाती कर दी है। थाना मोहम्मदाबाद में तैनात दारोगा अमित कुमार वर्मा को थाना मऊदरवाजा की रायपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसी के साथ थाना शमसाबाद में तैनात अमित कुमार को प्रभारी चौकी इंचार्ज याकूतगंज बनाया गया है। थाना मोहम्मदाबाद में तैनात दारोगा हरीओम प्रकाश त्रिपाठी को एसएसआई उसी थाने में बनाया गया है। इसके साथ ही गरुण वाहिनी प्रभारी स्वदेश कुमार को प्रभारी मेडिकल चौकीए थाना कमालगंज में तैनात दारोगा शिशुपाल सिंह को थाना नवाबगंज भेजा गया है। थाना जहानगंज में तैंनात दारोगा प्रशांत कुमार को गरुण वाहिनी का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात दारोगा राजेन्द्र कुमार को थाना कमालगंज भेजा गया है। इसके साथ ही दो आरक्षी भी हटाये गयें हैं।

# ई पाठशाला में व्हाट्सएप के माध्यम से मौलिक अधिकारों के लिए किया जागरूक

संवाददाता। कानपुर देहात

**मिशन** शक्ति द्वितीय चरण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय के निर्देशन में रविवार के दिन समस्त परिषदीय विद्यालयों में ईपाठशाला हेतु बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को मौलिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई साथ ही घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का शीर्षक मौलिक अधिकार एवं घरेलू हिंसा रहा इसके साथ ही अब आपको के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जनपद के एसआरजी एवं ईआरपी द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए बीएसए सुनील दत्त ने बताया कि अगर हमें औरतों के खिलाफ हुए शोषण को रोकना है तो शुरुआत घर से होनी चाहिए अगर वह अपने घर में खुश नहीं है तो कहीं कुछ नहीं है घरेलू हिंसा एक वायरस की तरह हमारे समाज में फैल गया है जिससे मुक्ति पाना अपरिहार्य हो गया है। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा विवेक दलेला ने कहा कि भारत में घरेलू हिंसा की तादाद 33५5: है घरेलू हिंसा के अंतर्गत वह हिंसा आती है जहां जबरदस्ती बल या गलत शब्दों का प्रयोग किसी शारीरिक तौर से कमजोर इंसान पर किया जाता है। एस आर जी बालिका अनन्त त्रिवेदी ने बताया कि यह घरेलू हिंसा अक्सर उन घरों में देखी जाती है जहां घर की महिलाएआत्मनिर्भर नहीं होती हैं ऐसी महिलाएं अपने शराबी पतियों का शिकार बनती हैं और आर्थिक रूप से निर्भर होने के कारण यह सब कुछ चुपचाप सहन करती रहती हैं। परिषदीय विद्यालयों में आयोजित ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता में डेरापुर विकासखंड से उच्च प्राथमिक विद्यालय किशवाखेडा, फत्तेपुर, सिठमरा, इन्जुआ रामपुर, संदलपुर विकासखंड से उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर, हरपुरा, भटेलिनपुरवा, प्राथमिक विद्यालय उरसान द्वितीय, बड़ा धरमपुर, अकना, अमरौधा विकास खण्ड से प्राथमिक विद्यालय अमरौधा प्रथम, भोगीसागर, दस्तमपुर रूरगांव आदि विद्यालयों के बच्चों के घरेलू हिंसा से सम्बन्धित पोस्टर ने विकास खण्ड स्तर पर प्रशंसा बटोरी।

### स्वास्थ्य परीक्षण

**कानपुर देहात।** अभियान के तहत जनपद के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने रविवार को कांशीराम आवासीय परिसर में सीएससी अकबरपुर के प्रभारी के नेतृत्व में पहुंची चिकित्सकों तथा कर्मचारियों की टीम ने यहां के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

# धर्म नगरी में गोपाष्टमी की धूम

● मंत्री, सांसद और डीएम ने चना -गुड़ खिलाकर किया गौ पूजन



गाय का पूजन करते मंत्री व सांसद।

**चित्रकूट।** उप्र की सत्ता संभालने के बाद से मुख्यमंत्री का पूरा फोकस गौवंशों के संरक्षण और संवर्धन पर है। यूपी में पहली बार ऐसा हुआ है गोपाष्टमी का पर्व पूरे प्रदेश में धूमधाम के साथ मनाने के लिए सरकारी आदेश भी जारी हुआ है। धर्म नगरी में गोपाष्टमी का पर्व मनाया गया। नपा कर्वी द्वारा संचालित कान्हा गौशाला में पहुंच प्रदेश के लोनि राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल एवं डीएम शेषमणि पांडेय आदि ने गायों का पूजन किया। हरा चारा, चना और गुड का प्रसाद खिलाकर विश्व कल्याण का आर्शीवाद लिया।रविवार को गोपाष्टमी के उपलक्ष्य पर नगर पालिका कर्वी की गौशाला में पहुंचकर सूबे के लोक निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, जिलाधिकारी ने पूरे विधि-विधान के साथ गौ पूजन किया। चंद्रिका उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार ने गायों के संरक्षण के लिए जितना काम किया है उतना काम इससे पहले कभी नहीं हुआ। पहली बार गोवंश की कटान करने वालों को होने वाली सजा को बढ़ाकर 10 साल किया गया है और जुर्माना भी बढ़ाया गया है। इस कार्यक्रम के जरिए गौ पालकों को सरकार ये संदेश देने की कोशिश कर रही है कि गाय केवल दूध नहीं देती बल्कि गाय के गोबर से भी जो उत्पाद बनते हैं अब उनकी बहुत मांग है।बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि भारत में गायों के पूजन की प्राचीन परम्परा रहीं है। गौवंश हमेशा सुख-समृद्धि के प्रतीक रहे है। भाजपा सरकार ने गौवंशों के संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किये है। सभी गौ पालक सरकार का सहयोग करें। बुंदेलखंड के अभिशाप अन्ना प्रथा को हमेशा के लिए खत्म किया जा सके। डीएम ने कहा कि चित्रकूट जिले के 300 से अधिक गौ आश्रय स्थल बनाए गए हैं। सभी गोवंशो के भरण पोषण आदि की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आज सभी गोआश्रय स्थलों में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा गोवंशो की पूजा, अर्चन तथा हरा चारा आदि खिलाया जा रहा है इसके साथ ही साथ साफ-सफाई का भी पर्व मनाया जा रहा है। गोपाष्टमी पर्व इस क्षेत्र के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है कि जो अन्ना प्रथा चल रही है उसमें सभी की जन सहभागिता से अन्ना प्रथा को समाप्त करना है आदिकाल से गायें हमारी पूरी संस्कृति का अंग रही है किसी न किसी रूप में हमारे लिए उपयोगी रही हैं। सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह, व्यापार मंडल के मंडल उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी नपाप कर्वी नरेंद्र मोहन मिश्र, राजेंद्र राम, गौशाला प्रभारी सुभाष गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# 24 घंटे बीते, अपहृत युवक का पुलिस नहीं लगा सकी सुराग

**राठ ( हमीरपुर )।** कोतवाली से महज कुछ ही दूरी पर सर्राफा व्यवसाई के भाई अपहरण की वारदात को 24 घंटे से अधिक गुजर जाने के बाद भी पुलिस अभी तक अपहृत युवक को खोज नहीं पाई है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को आज जेल भेज दिया है। इस सनसनी खेज वारदात को लेकर जनपद सहित मंडल के पुलिस आलाधिकारी रात भर राठ कोतवाली में डेरा डाले रहे।

शनिवार देर रात राठ कस्वा निवासी अनिल सोनी वैष्णो देवी जाने के लिए टिकट बुक कराने के लिए पड़ाव स्थित ऑनलाइन सेंटर की दुकान पर आया था। तभी अवैध असलहों से लैस करीब आधा दर्जन लोग तीन बाइकों पर सवार होकर वहां आए और अनिल का अपहरण कर ले गए। अपहृत युवक की शर्ट मारुति पॉइंट के सामने वाली गली के अंदर हनुमान जी के मंदिर के पास मिली थी। अपहरण की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। इस मामले में पुलिस ने अपहृत युवक के भाई मनोज सोनी की तहरीर पर सूरज यादव, मोना यादव निवासीगण मोहल्ला दीवानपुरा राठ व मोहन गुप्ता निवासी मोहल्ला मियांपुरा के अलावा पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया था। घटना की जानकारी मिलते ही देर रात से एसपी नरेंद्र कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह राठ पहुंचे। कुछ देर बाद आईजी चित्रकूट के सत्यनारायण ने भी राठ पहुंचकर घटना स्थल कर निरीक्षण किया। वारदात को लेकर रात भर पुलिस के आलाधिकारी कोतवाली में ही कैंप करते रहे। वहीं अपहृत युवक को बरामद करने के लिये रात भर कस्बा सहित क्षेत्र में पुलिस की गाडिया दौड़ती रही। पुलिस ने अपहरण के एक आरोपी मोहन गुप्ता को रात में गिरफ्तार कर लिया था। जिसे आज जेल भेज दिया गया है। हालांकि नामजद दो आरोपियों के अलावा पांच अज्ञात अभी भी फरार है।

## क्विक न्यूज

### अवैध वसूली का वीडियो वायरल, सिपाही निलंबित

**हमीरपुर।** ललपुरा थाने के सामने मवेशियों के भरे वाहनों से अवैध वसूली करने पर जारी वीडियो के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने आज शाम संबंधित हेड कांसटेविल को निलबंति कर दिया है। पुलिस के मुताबिक ललपुरा क्षेत्र में वाहनों मे रात भर पशु तस्कर पशुओ से गैर प्रांत ले जाने का काम करते है इस पर रात में डियूटी करने वाला संतरी रोड पर खडे होकर वाहन चालक से कम से कम सौ रुपये की वसूली करने के बाद ही आगे जाने देता है यह क्रम कई महीनो से चल रहा था अवैध वसूली की बीडियो सुबह वायरल हो गया मामले की जांच पड़ताल की गयी तो जानकारी हुई कि थाने का हेडकांसटेविल दीवान रमाशंकर पांडेय वसूली कर रहा था पुलिस अधीक्षक ने इस मामले को संज्ञान मे लेते हुये दीवाने को निलंबित कर सीओ को अनुराग सिंह को जांच सौप दी है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### टैंकर का टायर फटने से मजदूर की मौत

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कस्वे में एक बैल्डिंग कारखाने में काम कर रहे मजदूर की टैंकर का टायर फटने से दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक मौदहा नगर कांशीराम कालोनी निवासी जुम्मन (40) पुत्र नब्बू नगर के रतन विश्वकर्मा के बैल्डिंग कारखाने में बैल्डिंग का काम करता था। आज जब वह कारखाने में पानी के एक टैंकर का टायर खोल रहा था तभी अचानक तेज धमाके के साथ टायर ब्लास्ट हो गया ब्लास्ट इतना तेज था कि पहिए का रिंग फटकर सीधा जुम्मन के सीने में लगा रिंग की ठोकर इतनी तेज थी कि जुम्मन लगभग बीस फुट दूर सड़क के पार जाकर गिरा, आसपास बैठे लोगों ने उसे गंभीर हालत में मौदहा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

### चोरी के आरोप में चोर गिरफ्तार

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र के पतरिया डेरा मोड़ से दो चोरी की घटनाओं के मामले में फरार चल रहे आरोपी को चोरी के सामान व तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उमापति मिश्रा ने बताया कि कटेहरी गांव का विष्णु केवट शातिर अपराधी है। फरवरी माह में गांव के प्रेमचंद व मई माह में रामदास के यहां चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद से वह फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध लूटपाट मारपीट के सात मामले दर्ज हैं। रविवार को उपनिरीक्षक नंदकिशोर ने हमराही सिपाहियों के साथ उसे पतरिया डेरा मोड़ से देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है ।उसके पास से चोरी का बिछुआ, हाफपेटी व पायल सफेद धातु की बरामद हुई है। उसे जेल भेजा गया है।

### तिहरे हत्याकांड में तीन टीमें तलाश रहीं फरार हत्यारोपित

**बांदा।** तेहरे हत्याकांड में आरोपितों को पकड़ने के लिए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने एसआजी सहित थाने की तीन टीमें गठित कीं। पुलिस ने आला कत्ल कुल्हाड़ी को भी बरामद किया है ।उधर पुलिस सूत्रों की मानें तो चौकी के पुलिस कर्मियों की लापरवाही के बारे में उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए संस्तुति किया गया है। एसपी ने जांच की बात कही है। रज्जो का पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। उसका आरोप है कि घटना के समय अभिजीत के साथ एक अन्य पुलिस वाला भी था। अभिजीत ने उसके देवर बबलू के घर का दरवाजा तोड़ दिया थाए जिसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की थी। अभिजीत ने ही उसे घायल किया था।

### भूमि विवाद में चाचा व चचेरे भाइयों ने किया मरणासन्न

**बांदा।** भूमि विवाद को लेकर चाचा व चचेरे भाइयों ने युवक पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। कस्बे के स्टेशन रोड निवासी 30 वर्षीय आशीष सोनी को पुराने भूमि विवाद को लेकर चाचा ओमप्रकाश व उसके पुत्रों अभयए शनि ने लाठी.डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल के स्वजनों की सूचना पर पहुंची यूपी पुलिस ने गंभीर रूप से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा में भर्ती कराया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने कहा कि पीड़ित की तहरीर मिलने पर डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है। जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

### तहसीलदार ने मतदाता पुनरीक्षण बूथों का किया निरीक्षण

**कोंच(जालौन)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशन में चलाये जाने वाले मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत कोंच-माधौगढ़ 219 व कोंच-उरई 221 विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त बीएलओ ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रत्येक बूथ पर आयोजित शिविर में नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बढ़ाने, त्रुटिपूर्ण नाम, पता, फोटो में संशोधन करने,विवाह के बाद मायके से ससुराल जाने वाली महिलाओं के नाम मतदाता सूची से पृथक करने के लिये आने वाले लोगो के फॉर्म भरकर जमा किये। वहीं तहसीलदार कोंच राजेश विश्वकर्मा ने बूथों पर पहुंचकर बीएलओ की उपस्थिति जाँचते हुए व्यवस्थायें परखीं और आवश्यकतानुसार दिशा निर्देश दिये हुए कहा है कि कार्य मे लापरवाही बर्दाश्त नही होगी और कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### शातिर बदमाश से चरस व चाकू हुआ बरामद

**जालौन (जालौन)।** कोतवाली पुलिस ने शातिर बदमाश को अवैध चरस व चाकू के साथ पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा। कोतवाली प्रभारी रमेशचंद्र मिश्र के नेतृत्व में शातिर बदमाशों के खिलाफअभियान चलाया जा रहा है। शनिवार की रात कोतवाल को सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति औरैया की ओर से कोई नशीला पदार्थ बचेने के लिए ला रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने चौकी प्रभारी संजीव दीक्षित व एसआई देशराज यादव को पुलिस फोर्स के साथ भेजा। पुलिस ने चुंगी नंबर 4 के पास घेराबंदी कर ली। जहां बस से उतरे संदिग्ध वसीर उर्फबसीरा निवासी मोहल्ला चिमनदुबे को पुलिस ने पकड़ लिया।

### संपादक को मनगढ़ंत खबर पर मानहानि का नोटिस

**चित्रकूट।** कानपुर से प्रकाशित समाचार पत्र 'आज का कानपुर' के सम्पादक को एक झूठी और मनगढन्त खबर के प्रकाशन पर पर मान हानि का नोटिस भेजा गया है। प्रेस काउन्सिल आफ इन्डिया को भेजे गये पत्र का हवाला देते हुये चित्रकूट निवासी चन्द्र प्रकाश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि बिगत तीन नवम्बर को आज का कानपुर अखबार में एक खबर प्रकाशित की गई थी। जिसका शीर्षक 'उधारी मागनें पर दुकान बन्द करवानें की दी धमकी' की खबर का प्रकाशन किया गया था। जिसमें श्री द्विवेदी द्वारा आपति के साथ बताया गया कि इस खबर में उनके नाम चन्द्र प्रकाश द्विवेदी का उल्लेख कर उन्हें आरोपित किया गया है। जबकि यह खबर झूठी और मनगढंत है। इस खबर को छापनें से पहलें उनसे इस विषय पर उनका ब्यक्तिगत पक्ष नही लिया गया। इस खबर में अखबार द्वारा साजिशन इस खबर का प्रकाशित करके द्विवेदी पर झूठा और मनगढन्त आरोप लगाकर खबर का प्रकाशन किया गया है। लिखित शिकायत प्रेस काउन्सिल आफइन्डिया मे भी दर्ज करा दी गई है। द्विवेदी ने बताया गया कि इस खबर में कर्वी निवासी एक बिवादित ब्यक्ति जिसनें चन्द्र प्रकाश द्विवेदी से धोखधडी करके एक प्लाट जो उसके नाम था ही नहीं उसको बेंचनें और पैसे ऐठनें की नियति से उनसें लाखों रूपये ले लिया। जब उस प्लाट के बारे में उन्हे पता चला कि वह प्लाट बिवादित और फर्जी है। उन्होने अपना पैसा वापस मांगा और पुलिस में इसकी लिखित शिकायत 16 अक्टूबर 2020 को किया। जिसकी लिखित आख्या भी उनके पास उपलब्ध है।

# सामुदायिक शौचालयों में ब्रिक लाइन न बनी तो नपेंगे जिम्मेदार

**संवाददाता।** बांदा

**स्वच्छ** भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिले की सभी 470 ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय बनवाए जा रहे हैं। अभी तक करीब 100 शौचालयों का निर्माण पूरा हो चुका है। शौचालय निर्माण में शासन ने मानक निर्धारित किए हैं। शौचालय में ब्रिक लाइन अनिवार्य रूप से बनवाना है। उप निदेशक पंचायत ने सभी एडीओ पंचायत को मानकों के अनुरूप शौचालय बनवाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

ग्राम पंचायतों को खुले में शौचमुक्त कराने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम सभा में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। इसकी लागत करीब तीन लाख रुपये है। शासन ने शौचालयों के लिए मानक निर्धारित किए हैं। शौचालयों की जो भी दीवारें होंगीए वह ब्रिक लाइन में होंगी। आगे शौचालयों में ईंटों की डिजायन अनिवार्य रूप से बनाई जाएगी। उप निदेशक पंचायत दिनेश कुमार सिंह ने शासन के निर्देश के बाद सभी खंड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारियों, सचिवों व प्रधानों को शासन के मानकों से अवगत कराया है। कहा है कि शौचालय की दीवारों में ब्रिक लाइन अनिवार्य रूप से बनवाएं। यदि निरीक्षण में मानक के विपरीत निर्माण मिला तो एडीओ पंचायत की जिम्मेदारी तय की जाएगी। अभी तक 100 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हो चुका है। अधिकांश बिना ब्रिक लाइन के हैं। अधिकारियों का कहना है कि नया मानक शासन से बाद में आया है। पहले शौचालयों का निर्माण हो चुका है।

## कलयुगी पुत्र ने सामान फेक मां को निकाला घर से

**मौदहा ( हमीरपुर )।** आज जिलाधिकारी के आदेश को तार तार करते हुये कलयुगी पुत्र ने पुलिस की मदद से अपनी सत्तर वर्षीय वृद्ध मां को रोटी देना तो दूर उसका सामान घर के बाहर फिकवा दिया मां की आसुओ पर किसी को दया नही आयी है। कस्वे के मामा दूध डेयरी के सामने रामकिशन शिवहरे कोटेदार व प्रतिनिधि सभासद ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए पुलिस की मदद से अपनी 70 वर्षीय वृद्ध विधवा मां फूलकुवर को सामान सहित घर से बाहर निकालकर रोड में फेंक दिया मां चिल्ला चिल्ला कर न्याय की गुहार लगाती रही है मगर किसी को उसकी आखों पर कोई तरस नही आया। मां अपना पान गुटका बेच कर अपना पेट पाल रही थी। बीमार होने पर वह अपनी लड़की के यहां चली गई थी रामकिशन कमरे में अपना ताला डाल दिया वापस आने पर उसे घर के अंदर नहीं जाने नही दिया। शिकायत कर उसका सामान दिलवाने और कमरे की चाबी दिलाने की गुहार लगायी है।

# तिहरे हत्याकांड में पुलिस ने बरती लापरवाही, नहीं की त्वरित कार्रवाई

**बांदा।** तिहरे हत्याकांड के पीछे पुलिस की लापरवाही भी कम जिम्मेदार नहीं है। शुक्रवार सुबह से ही तनातनी व विवाद बढ़ने पर दो सिपाही भी पहुंचे थेए लेकिन विभागीय मामला होने के चलते सुलह.समझौते की बात कहकर चले गए थे। इलाके में चर्चा है कि अगर पुलिस विवाद को गंभीरता से लेती और कार्रवाई करती तो शायद तीन लोगों का खून बहाने से रोका जा सकता था।

चमरौडी कपरिया मोहल्ला मुख्य मार्ग से नीचे की ओर बसा है। घनी आबादी के कारण यहां पर कमजोर वर्ग की बहुतायत है। कपरिया मोहल्ला की इसी गली में काफी पहले मूलरूप से पपरेंदा निवासी रामप्रसाद और भगवानदीन अपने परिवार के साथ आकर बसे थे। दोनों की मौत के बाद अब अगल.बगल उनके बच्चों के परिवार रहते हैं। दोनों परिवारों के बीच काफी पहले से पारिवारिक संपत्ति का भी विवाद है। इसी को लेकर तनातनी बनी रहती थी। इलाकाई लोगों की मानें तो शुक्रवार को मामूली बात पर विवाद के बाद दिन में दोनों परिवारों के बीच झड़प हुई थी। सूचना पहुंचने पर दो सिपाही भी आए थेए लेकिन समझौता की बात कहकर चले गए थे। देर रात मामले ने फिर तूल पकड़ लिया। पुलिस पहले ही संजीदा होती और कार्रवाई करती तो मामला यहां तक नहीं पहुंचता।

**बांदा में अध्यक्ष पद में दो अधिवक्ताओं के बीच मुकाबला:** पैलानी बार एसोसिएशन में पर्चा वापसी के अंतिम दिन अध्यक्ष पद पर रूद्रदत्त मिश्रा व रामप्रकाश सिंह एडवोकेट ने अपना पर्चा वापस कर लिया। महासचिव पद में वीरेंद्रपाल सिंहए वरिष्ठ उपाध्यक्ष में भीषमदेव शुक्लाए कोषाध्यक्ष पद में रमेशचंद्र निषाद ने अपना पर्चा वापस लिया। इस तरह महासचिव पद में अशोक सिंह चौहान निर्विरोध होंगेए वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद में अरुण कुमार त्रिवेदीए कोषाध्यक्ष पद में विष्णु द्विवेदी निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। संयुक्त सचिव प्रशासन में श्रवण कुमार गुप्ताए संयुक्त सचिव पुस्तकालय में उमाशंकर यादवए वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी कमालुद्दीन एडवोकेटए कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी सुरेंद्र सिंह निर्विरोध निर्वाचित होंगे। अध्यक्ष पद के लिए मतदान आगामी 28 नवंबर को सुबह 10 बजे से होगा। 4 बजे के बाद मतगणना के बाद तत्काल परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## सीबीसीआईडी ने बिवार कांड में दस लोगों के खिलाफ वारंट जारी किए

**हमीरपुर।** पांच साल पहले बिवार पुलिस व ग्रामीणों के मुठभेड़ में जांच कर रही सीबीसीआईडी द्वारा नामजद दस लोगो के आज वारंट पुलिस को सौप गयी है जिससे लोगो में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2015 में पुलिस व ग्रामीणों के मध्य हुये विवाद में जमकर पत्थरवाजी व पुलिस द्वारा फायरिंग हुयी थी जिसमे एक युवक की मृत्यु हो गयी थी इसके बाद मामले की जांच सीबीसीआईडी ने की थी जिसमे कुछ लोगों को दोषी पाया गया था, आज सीबीसीआईडी ने दस लोगों के वारंट बिवार पुलिस को सौप दिये है जिससे जल्द ही लोगों के गिरफ्तारी हो सकेगी।

### इंद्रदेव बने नरैनी के कोतवाल

**बांदा।** कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सरोज के निलंबन के बाद नवागंतुक इंद्रदेव सिंह ने कोतवाली का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इंद्रपाल सिंह अभी तक सब इंस्पेक्टर पद पर कौशांबी में तैनात रहे।

### मामूली विवाद में महिला की पिटाई

**बांदा।** ग्राम कोलौरा में अपने खेत में घास काट रही जरीना बेगम पत्नी वकील अहमद को मामूली विवाद पर सजातीय व्यक्तियों ने पिटाई कर दी। इससे महिला चोटहिल हो गई। पीड़िता ने महिला सहित चार व्यक्तियों मुजम्मिल, सल्लू, हसीना बेगम, बबलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# बालिका इंटर कालेज की भूमि पर कब्जे का प्रयास

● कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मामला सुलझाया



विद्यालय की जमीन पर डाली गयी कलई।

**उरई ( जालौन )।** शहीद अशफाक उल्ला खान बालिका इंटर कालेज की जमीन पर एक व्यक्ति को जबरन कलई डालकर पिलर खुदवाने के प्रयास को कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विफल कर दिया। इसके बाद विद्यालय के उप प्रबंधक परमानंद यादव ने सिटी मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र देकर भविष्य में अवैध कब्जे को रोकने की मांग की है। जिला परिषद के समीप बालिकाओं की शिक्षा के लिये शहीद अशफाक उल्ला खान बालिका इंटर कालेज उरई संचालित होता है। विद्यालय का भवन आराजी संख्या 1109 व 1108 पर बना हुआ है। उक्त भूमि पर न्यायालय सिविल जज जू.डि. उरई के यहां मूल वाद संख्या 34/1996 चल रहा था जिसका निर्णय 19 फरवरी 2018 में हो गया था उसके बाद न्यायालय जिला जज जालौन स्थान उरई सिविल अपील संख्या 17/2018 जो 30 मई 2018 को विद्यालय के पक्ष में निर्णित हुआ था तथा प्रतिवादिनों के अपील इलाहाबाद में लंबित है। पड़ोस के रमेश पटेल पुत्र अच्छेलाल व शुभम पटेल आराजी नंबर 1109 पर यानि विद्यालय के कैम्पस में घुसकर आंशिक भूभाग पर कब्जा करना चाहते हैं। 21 नवंबर को पड़ोसी रमेश व शुभम पटेल कई लोगों को लेकर विद्यालय परिसर में घुस आये और विद्यालय में दहशत का माहौल बनाया व चूना कलई आदि डालकर नवीन निर्माण करने का प्रयास किया। विद्यालय की बालिकाओं और शिक्षिकाओं के बीच भय का वातावरण उत्पन्न हो गया था। पड़ोसी की नियत को देखते हुये भविष्य में बालिका इंटर कालेज की जमीन पर अवैध कब्जा रोकने तथा आरोपियों के विरुद्ध दंडात्मका कार्यवाही की जाये। जैसे ही मामले की जानकारी सदर कोतवाली पुलिस को पता चली तो पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पड़ोसियों के इरादों को विफल कर वहां से भगा दिया था।

# साली की कुल्हाड़ी से हत्या कर जीजा ने खुद ट्रेन के आगे कूद जान दी

**बांदा।** बांदा के अतर्रा थाना क्षेत्र के महदू आरख गांव में रिश्ते में जीजा लगने वाले एक पचीस वर्षीय आशिक ने अपनी नाबालिग साली की पहले तो कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी बाद में खुद ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। बीती रात घटी इस घटना पर अपर एसपी महेंद्र प्रताप चौहान ने बताया कि नन्हे (25) अपने बड़े भाई की 16 वर्षीय साली जोकि अपनी बहन के गर्भवती होने पर उसकी देखभाल के लिए एमपी के सतना से यहां आयी थी कि कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दीए हम आरोपी की तलाश कर ही रहे थे कि हमें रेल पटरी पर एक लाश की सूचना मिली जोकि हत्यारे जीजा की निकलीए हमने परिजनों से इसकी शिनाख्त करा ली है। अभी हम किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं लेकिन दोनों के प्रेम प्रसंग के एंगल पर हम परिजनों से पूछताछ कर रहे हैं।

### पुलिस ने शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बांछितों की तलाश में हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी मुकेश राणा ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को तेरा जाकेट के निकट जीटी रोड किनारे युवक को 15 लीटर अवैध शराब सहित उस समय हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम मदन पाल पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम फखरपुर बताया है।

**किसानों के फैसले से सभी भौचक्के**

# रबी की फसलों को नकार सत्तर फीसदी किसानों ने बोई सिर्फ मटर की फसल, विभाग चिंतित

● पिछले साल बंपर मटर की पैदावार ने विशेषज्ञों की बढ़ायी चिंता ● अरहर, मसूर, उर्द, मूंग, चना, गेहूं की फसल नुकसान होने से किसानों ने नहीं की बुआई

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर

**जिले के** किसानों को कृषि व कृषि विज्ञान केंद्र से पूरी तरह विश्वास उठ गया है, कृषि विज्ञान केंद्र कुरारा में दलहन की सीड हब होने के बावजूद भी रबी फसल में सिर्फ मटर की फसल की प्राथमिकता देकर अन्य फसलों को नकार दिया है, सत्तर फीसदी किसानों ने मटर की बोआई की है जिससे आने वाले समय में बुंदेलखंड मे दालों का भाव उंचे होने की उम्मीद जतायी जा रही है. जिले का फसल चक्र गडबडा जाने से अगले साल उत्पादन कम होने के हालात उत्पन्न हो गये है।

बुन्देलखंड पूरे प्रदेश में दाल का कटोरा माना जाता है सरकार को इस बात का विश्वास है कि उत्तर प्रदेश को केवल बुन्देलखंड ही दाल की आपूर्ति कर सकता है मगर यहां के किसानों ने इस साल शासन व कृषि विभाग के मंसूबों पर पानी फेरते हुये रबी की फसल में हरे मटर की बोआई की है। दलहन मे चना व मसूर की खेती करने पर उक्टा रोग पूरी फसल को चौपट कर देता है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। यही नही मसूर का आईपीएल 16 नामक बीज कई सालों से किसान बोता आ रहा है मगर तकनीकि खेती का दम भरने वाले केवीके कुरारा आज तक किसानों को मसूर का नया बीज नही दे पाया जिससे किसान ऊबकर मसूर फसल की तरफसे मुह मोड़ता जा रहा है। यदि कीटनाशक दवा की बात करे तो अब शासन ने विकास खंडवार कीटनाशक दवाएं स्टोर में विक्री के लिये रखी है मगर हकीकत यह है कि इन स्टोरों में किसानों को जरुरतमंद कीटनाशक नही मिल पाती है,जिससे किसानों की फसले कीट चट कर जाते है मगर कृषि विभाग इसओर कोई ध्यान नही दे रहा है जिससे स्थिति बेहद खराब होती जा रही है।इसी प्रकार अरहर की खेती में वही घिसा पिटा बीज किसान बोते आ रहे नरेंद्र अरहर का बीज बुन्देलखंड में कई सालो से बोया जा रहा है जिससे किसानों को सही उत्पादन न मिलने के कारण खेती में लगी पूजी भी नही निकल पा रही है। किसानों मे आये जबरदस्त बदलाव से उच्चाधिकारी काफी चिंतित दिखायी पड़ रहे है। किसानों का अन्य फसलो से मोह क्यो भंग हुआ इसको लेकर सभी बैज्ञानिक व अफसर चिंतित दिखायी पड रहे है।

उपकृषि निदेशक जेएम श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में तीन लाख हेक्टेएयर में रबी की फसल की बोआई की जाती है जिसमे किसानो ने दो लाख हेक्टेएअर में इस साल हरे मटर की फसल की बोआई की है क्योकि पिछले साल हरे मटर की फसल की कीमत 16 हजार रुपये प्रति कुंटल विकी है जिससे अन्य फसलों कीओर किसानों का मोह भंग हो गया है। किसानों ने बताया कि केवीके से जो बीज दिया जाताहै उसे फसल पैदा होने के बाद खरीदी नही जाती है यहां तक कि इस साल जो मटर का बीज बोने के लिये दिया गया था वह पूरी तरह घुना था। किसानों ने जमकर हंगामा काटा था मगर इस मामले में उच्चाधिकारियों ने कोई कार्यवाही नही की है किसानों ने बताया कि जो मटर का बीज बोया गया है वह किसान दूसरे जिले से लाकर बोया है मगर नकारा केवीके व विभाग इस मामले में किसानों की कोई मदद नही की है। कृषि विभाग के उपकृषि निदेशक जेएम श्रीवास्तव ने बताया कि मटर की खेती के लिये किसानों का रुझान बहुत तेजी से बढ़ा है दलहन की फसल नही बोयी गयी है।

## गौशालाओं की अव्यवस्थाओं को लेकर बीडीओ ने दी चेतावनी

**जालौन ( जालौन )।** विकास खंड के ग्रामों में संचालित गौशालाओं में फैली अव्यवस्थाओं की मिल रही बीडीओ सख्त हुई। ग्राम छिरिया सलेमपुर व सालाबाद में पहुंच कर गौशालाओं को देखा तथा व्यवस्थाएं देखकर संतोष व्यक्त किया। खेत में खड़ी फसल को अन्ना जानवरों से बचाव के लिए अन्ना जानवरों को गोशाला में बंद किया जाने लगा है। विकास खंड के 62 ग्राम सभाओं में 36 अस्थायी व हीरापुर में 1 स्थाई गौशाला संचालित हो रही है। कुछ समय तक खाली रही गौशालाओं में दिन प्रति दिन जानवरों की संख्या बढ़ रही है जिससे उनके खाने पीने के रहने की समस्या हो रही। बी डी ओ महिमा विद्यार्थी ने ग्राम छिरिया सलेमपुर व सालाबाद में संचालित गोशालाओं का निरीक्षण किया तथा सचिव व प्रधान को निर्देश दिए कि वह जानवरों के भूसा की पर्याप्त व्यवस्था रखे तथा कर्मचारी लगातार गौशाला की सफाई के साथ जानवरों को पानी पिलाने की व्यवस्था कर दे। जानवर कोई बीमार हो तो उसकी जानकारी पशु चिकित्सालय में देकर इलाज सुनिश्चित कराये साथ ही भविष्य में ठंड से बचाव के लिए झूल व अलाव की व्यवस्था भी समय से कर ले जिससे बाद दिक्कत ने हो। निरीक्षण के दौरान छिरिया सलेमपुर व सालाबाद की गोशालाओं का संचालन ठीक मिला। इस मौके पर सचिव मनीष निरजंन, प्रधान छिरिया सलेमपुर कामता प्रसाद, मानसिंह पाल, सालाबाद जमुना देवी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# सपाइयों ने संकल्प दिवस के रुप में मनाया मुलायम सिंह का जन्मदिन

● नगर व क्षेत्र में केक काटकर व वृक्षारोपण कर मनाया गया सपा संस्थापक का जन्मदिन



केक काटकर व वृक्षारोपण कर मुलायम सिंह का जन्मदिन मनाते सपाई।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर व क्षेत्र में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यापर्ण करनें के उपरान्त केक काटकर हर्ष व्यक्त किया। नगर सहित कई स्थानों पर सपा कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण कर उनके दीर्घायु होनें की कामना की। वहीं संगठन की मजबूती का संकल्प लिया है। रविवार को नगर के तिर्वारोड पर सपाईयों ने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर केक काटकर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाते हुये धूमधाम से मनाया। इस दौरान सपा नेता विकास गुप्ता, डॉ. रवि दत्त यादव, हरिओम गुप्ता, राजेश गुप्ता, विपिन यादव, अरुण शर्मा, डॉ रामनिवास यादव ने नेता जी के जन्म दिवस पर ईश्वर से उन्हें स्वस्थ्य रखने व दीर्घायु प्रदान करने की प्रार्थना करनें के उपरान्त कहा कि नेता जी हम सभी के आदर्श है उनसे हमें जीवन मे मार्ग दर्शन मिलता है। युवा सपा नेता अमन खान, मेराज सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष भाकियू सावित्री शाहिद खान, श्याम यादव, जुनैद खान प्रिंस, मुकर्रम इदरीसी, शाहिद खान आदि नें स्थानीय निरीक्षण में भवन परिसर में कई पौधों को रोपित कर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन मनाया। हम सभी कार्यकर्ता मिशन 2022 में जीत का संकल्प लेकर क्षेत्र में पार्टी की उपलब्धियों, योजनाओं व सिद्धांथों को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। उधर क्षेत्र के कस्वा समधन एवं मलिकपुर में युवा सपा नेता मो. नफीस उर्फ बल्ले एवं सभासद बदरूल सिददीकी सहित सपा छात्रसभा जिला उपाध्यक्ष कोची यादव नें कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर धरतीपुत्र मुलायम सिंह का जन्मदिन मनाया। इस दौरान उन्होनें कहा कि प्रदेश की सत्तारुण भाजपा सरकार मे मंहगाई चरम पर है। अपराधों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ रही है।

# गंगा घाट पर मिला युवक का शव

**● जेब में कागजातों के आधार पर हुई शव शिनाख्त**

संवाददाता। ऊँचाहार,रायबरेली

**पड़ोसी** जनपद के नवाबगज थाना क्षेत्र के कालाकांकर मझाही टोला के धोबी घाट पर रविवार की दोपहर पानी मे उतरा रही लाश को देख आस पास के लोगो मे हड़कम्प मच गया ।घटना की जानकारी नवाबगज पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस ने बांस के सहारे शव को पानी से बाहर निकाला।और कपड़े की तलाशी लिया। जिसमे पैंट के पीछे जेब मे चमड़े का पर्स मिला । जिसमे मिले कागजात से युवक की शिनाख्त हुई।

घटना के बारे में नवाबगज प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि फोन पर लगभग सवा एक बजे ग्रामीणो ने सूचना दी कि कालाकांकर के मझाही टोला के धोबी घाट किनारे पानी मे एक युवक का शव पेट के बल पर पड़ा हुआ है। जानकारी मिलते ही मैं व एस आई सुरेंद्र सिंह अपने हम राही के साथ घटना स्थल पर पहुचे ।जहा पानी से शव को बाहर निकाला। जो पीली रंग की टीशर्ट व नीले रंग की जीन्स स्पोर्ट्स के जूते गले मे छोटे रुद्राक्ष की दो माला व दाहिने हाथ की तीन अंगुली में चांदी में सफेद काली नग की अगूढ़ी पहने हुए था।जीन्स की जेब की तलाशी के दौरान पीछे जेब से एक चमड़े का पर्स मिला जिसमे आधार कार्ड, पेन कार्ड फोटो कुछ एक दो के कुछ सिक्के हैंडसेट मोबाइल एनसीसी कार्ड मिला। उसी आधार कार्ड के जरिये युवक की शिनाख्त हुई। शिनाख्त होने पर थाना प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह ने शव मिलने की सूचना ऊँचाहार पुलिस से पता कन्फर्म किया। मृतक की पहचान ऊँचाहार थाना के ग्राम पंचायत खोजनपुर महेशगंज निवासी त्रिवेणी लाल पुत्र रामकुमार (30)वर्षीय के रूप में हुई । जिसके नाक से खून बहने के निशान दिखाई दे रहे थे। खून देखने से यह मालूम पड़ता है कि युवक का शव ज्यादा दिन का नही है। शरीर मे कही गहरे चोट के निशान नही दिखाई दिए । शव के पानी मे पड़े रहने से ऊपर के काले मांस कही कही गायब थे। ऐसा लग रहा था कि शव के पानी मे 8-10 दिन से पड़े रहने से शरीर की ऊपर की चमड़ी खराब हो गयी जिसकी जगह सफेद हिस्सा शरीर का दिखाई देने लगा।

शव मिलने की खबर थाना प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह ने पुलिस अधिक्षक व सीओ कुंडा व डेल्टा को दी ।जिसकी जानकारी मिलते ही कुंडा सीओ जितेंद्र सिंह परिहार घटना स्थल कालाकांकर पहुचे और शव के बारे में पूरी जानकारी किया । शव को पुलिस थाने ले गयी जहा लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव मिलने की खबर मिलते ही मृतक का भाई गंगाराम पुत्र रामकुमार थाने पहुचा जहा पुलिस को बताया कि दीपावली के दूसरे दिन भईया दुइज के दिन से गायब था। जिसकी काफी खोज बीन किया लेकिन पता नही चला।मृतक का मानसिक संतुलन ठीक न होने से गुमशुदा की सूचना ऊँचाहार पुलिस को नही दिया।भाई गंगाराम ने बताया कि मृतक त्रिवेणी लाल का डॉक्टर से इलाज चल रहा है। अक्सर गायब हो जाने से हम लोगो ने सोचा कि जहा भी होगा फिर वापस आ जायेगा।

## प्राइवेट चिकित्सालय में एक और महिला की मौत

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**स्थानीय** कस्बे के अंदर प्राइवेट चिकित्सालय फिर एक महिला की मौत का कारण बन गए और इस मौत में परिजनों की माने तो बछरावां सरकारी अस्पताल की एक महिला डॉक्टर सहायक बनी! घटनाक्रम के अनुसार चूरवा गांव निवासी योगेंद्र तिवारी द्वारा विगत 20नवंबर को अपनी पत्नी सरिता तिवारी उम्र 35 वर्ष को डिलीवरी के लिए बछरावां के महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया योगेंद्र तिवारी के अनुसार अस्पताल में मौजूद महिला डॉक्टर हुमा कौशर द्वारा शाम तक उसे अस्पताल में रखा गया और शाम को यह बताया गया कि यह बच्चा बगैर ऑपरेशन पैदा नहीं हो सकता साथ ही साथ उन्होंने यह भी सलाह दे डाली के ऑपरेशन के लिए इसे रायबरेली रोड स्थित गोविंद अस्पताल में भर्ती करा दिया जाए बकौल तिवारी डॉ की इस सलाह पर वह अपनी पत्नी को लेकर गोविंद अस्पताल पहुंचे साथ में डॉक्टर हुमा कौशर भी थी गोविंद अस्पताल पहुंचते ही आनन-फानन ऑपरेशन की व्यवस्था की जाने लगी और चंद समय में ही वह सरिता को लेकर ऑपरेशन रूम चले गए लगभग ढाई घंटे ऑपरेशन के प्रक्रिया चलती रही इसी बीच अस्पताल कि अचानक बिजली भी गायब हो गई अचानक हुए अंधेरे में ऑपरेशन प्रक्रिया कैसे चलती रही यह डॉक्टर लोग ही बता सकते हैं श्री तिवारी के अनुसार अस्पताल के अंदर डॉक्टर हुमा के अलावा उन लोगों को अन्य कोई डॉ नजर नहीं आया केवल कुछ लड़कियां ही अस्पताल की ड्रेस पहने नजर आई उन्होंने जब सर्जन के बारे में जानकारी मांगी तो उन्हें फटकार कर चुप करा दिया गया उन्होंने बताया इस दौरान करीब 5 टब गरम पानी ऑपरेशन रूम में ले जाया गया लगभग ढाई घंटे के बाद जब सरिता को बाहर लाया गया तो उसके पेट पर बंधी पट्टी पूरी तरह खून से लथपथ थी इस पर वहां मौजूद नर्सों ने बताया किया यह थोड़ी देर में ठीक हो जाएगा परंतु जब काफी देर होने के बाद भी खून का रिसाव बंद नहीं हुआ तो उन्होंने वहां मौजूद नर्सों से इस बाबत बात की तो अस्पताल में मौजूद स्टाफद्वारा असमर्थता जताते हुए मरीज को बाहर ले जाने की सलाह दी गई अस्पताल के इस रवैया से आहत तिवारी का परिवार मरीज को लेकर लखनऊ भागा कई प्राइवेट अस्पतालों में दिखाया गया उन्हा डॉक्टरों ने भर्ती करने से इंकार कर दिया किसी तरह एक अस्पताल में इस शर्त पर कि मरीज को अगर कुछ हो जाएगा तो वह जिम्मेदार नहीं है।

### मोबाइल को लेकर हुए झगड़े में नौजवान की हुई मौत

**बछरावां रायबरेली।** आज एक बार फिर से मोबाइल के लेनदेन को वजह बनी एक युवक जान विदित हो कि आज सुबह बछरावां थाना क्षेत्र के कुर्री गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली मामला बताते चलें कि चंद्रिका प्रसाद पिता गंगा प्रसाद निवासी कुर्री उम्र 32 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में फांसी लगी मिली परिजनों का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले लखन बहेलिया पुत्र राजाराम से मोबाइल को लेकर झगड़ा चल रहा था और रात में जब मृतक अपने कमरे में सोने गया था तो आरोपी लखन से मिलने के लिए उनके घर आकर कुछ बातचीत मृतक और लखन बहेलिया के बीच में हो रही थी और जब परिजनों ने सुबह चंद्रिका प्रसाद के कमरे में जाकर देखा तो देखा की रस्सी के सहारे कमरे में छत के छल्ले से चंद्रिका प्रसाद लटकते मिले परिवार वालों ने जब अपने बेटे को रस्सी के सहारे लटकता देख परिवार में कोहराम मच गया और मोहल्ले वाले और गांव वाले इकट्ठा हो गए परिजनों द्वारा आनन-फानन में बछरावां थाने को सूचना दी गई मौके पहुंचे उप निरीक्षक अनिल यादव आरक्षी उदित राणा आरक्षी जयशंकर ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है बछरावां थानाध्यक्ष राकेश ने बताया है कि शव को कब्जे में ले लिया गया है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम ने बूथ स्थल का लिया जायजा

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता ने रविवार को विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 188 सुलतानपुर के मतदेय स्थल संख्या 321, 322 प्राथमिक विद्यालय दूबेपुर का निरीक्षण किया। मतदेय स्थल पर नियुक्ति बीएलओ तथा सुपरवाइजर उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बीएलओ को निर्देशित किया कि बूथ पर बैठकर 18 वर्ष या उससे ऊपर के छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाय एवं मृतक अथवा सिफ्टेड मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से अपमार्जित कर दिया जाय। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान दिवस पर सभी बूथ खुले रहने चाहिये और मतदाता पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराया जाय, जिससे 18 वर्ष या उससे ऊपर के कोई भी मतदाताओं का नाम सूची में छूटने ना पाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर रामजी लाल, तहसीलदार सदर जितेन्द्र गौतम, बीएलओ महेश कुमार यादव व अजय कुमार वर्मा, सुपरवाइजर इन्द्रजीत यादव आदि उपस्थित रहे।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला वार्ड ब्वाय का शव

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिला** चिकित्सालय में तैनात वार्ड ब्वाय की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसका शव फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। पुलिस मौत की वजह तलाशने में जुटी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

चांदा थानाक्षेत्र के चूरीपुर गांव निवासी इंद्रमणि वर्मा (28) पुत्र वासुदेव वर्मा जिला अस्पताल में बतौर वार्ड ब्याय कार्यरत था। शनिवार को वह अपने पैतृक आवास पर मौजूद था। शाम को कमरे में वह गया तो फिर निकला नहीं। परिवारीजनों के मुताबिक रात होने पर जब वह बाहर नहीं निकला तो उसे आवाज दी गई, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। अनहोनी की आशंका पर दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर का दृश्य देखकर सभी दंग रह गए। उसका शव फंदे से लटका रहा था। मामले की सूचना चांदा पुलिस को दी गई। रविवार की सुबह पहुंचे थाने के एसआई राकेश सिंह ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक अभी अविवाहित था। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## गोमती मित्रों ने श्रद्धालुओं को पिलाई चाय

**सुलतानपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गोमती मित्र मंडल परिवार ने छठ पूजा के शुभ अवसर पर सीता कुंड धाम पर गर्म चाय का वितरण शुरू करा दिया था। कंपकंपाती सर्दी में धाम पहुंचने वाले लोगों को गर्म चाय अमृत समान प्रतीत हो रही थी और वे गोमती मित्रों की तारीफकरते नहीं थक रहे थे। चाय वितरण शिविर का शुभारंभ न.पा.प. अध्यक्षा श्रीमती बबीता बबीता जायसवाल एवं स्वर्णकार समाज के जिला अध्यक्ष राजकुमार सोनी के कर कमलों द्वारा प्रवीण अग्रवाल, ओमप्रकाश पांडे बजरंगी, अजय सिंह लौहर, दिनेश चौरसिया,रूपेश सिंह आदि की विशिष्ट उपस्थिति में किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन एवं संरक्षक रतन कसौधन के साथ सालिकराम प्रजापति, दिनकर सिंह, राम किंचल मौर्या, संत कुमार, राजेश पाठक, सुनील कसौंधन, सरिता सेठ, सरोज सोनी, सोनी कसौधन, अजय वर्मा, राजा भैया, विशाल, जयनाथ, श्याम, वासु आदि लगातार सहयोग करते रहे।

## त्वरित न्यूज

### विधायक व डीएम ने मनाया गोपाष्टमी का पर्व

**श्रावस्ती।** इकौना-विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय व जिलाधिकारी टीके शिबु व जनप्रतिनिधियो ने विकास खण्ड इकौना के ग्राम पंचायत टड्वामहंत मे गोपाष्टमी के अवसर पर गौ आश्रयशाला टण्डवामहन्थ मे गौपूजन किया गया। ग्राम पंचायत के कार्यो का अवलोकन कर अन्य आवश्यक विकास कार्यो को संचालित करने के भी निर्देश दिये गये इसी कड़ी में जहां गौ पूजन के साथ गायों को माला पहनाकर गुड़ व चारा खिलाया गया । इस अवसर पर विधायक राम फेरन पाण्डेय द्वारा गायों की उपेक्षा व सुरक्षा के प्रति अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि भारत माता गौ माता व अपनी जन्म दायनी माता के प्रति जो दुर्व्यवहार करता है वह कभी सुखी नहीं रह सकता जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु ने गाय की सेवा करने के प्रति जोर देते हुए कहा कि गाय की सेवा ही सबसे बडा धर्म है इस लिए इनकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए निराश्रित गौ आश्रय स्थलों में मौजूद गायों की सेवा के लिए लोग आगे आएं तथा आम जनमानस से अपील की है कि वह गायों को न छोड़े अन्यथा मजबूरन होकर शासन के दिशा निर्देश के क्रम में उन पर कार्रवाई भी करनी पड़ेगी। गोबंशो को बेहतर ढंग से देखभाल हेतु गो आश्रय स्थलों के संचालक एवम सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### किसान ने लगाया रिश्वतखोरी का आरोप

**श्रावस्ती।** क्रय केंद्रों पर धान की खरीद न होने से किसान परेशान हैं और मजबूरी में आढ़तियों को धान बेचने को मजबूर हैं। विकास खण्ड गिलौला के साधन सहकारी समिति परेवपुर में 10 दिनों तक खड़ी धान की ट्राली का तौल न होने पर परेशान किसानों ने आलाधिकारियों तक को फोन कर डाला। जहां अधिकारी भी क्रय केंद्र प्रभारी की ही भाषा बोलते नजर आए। विकास खण्ड गिलौला के परेवपुर निवासी पवन कुमार सिंह बताते हैं कि उन्होंने बीते 7 अक्टूबर को साधन सहकारी समिति परेवपुर में धान बेचने के लिए ट्राली लगाई थी। जहां 10 दिन बीत जाने के बाद जब उनके धान की तौल की बारी आई तो उनसे केंद्र प्रभारी विजय तिवारी ने 120 रुपये प्रति कुन्तल की धनराशि रिश्वत के तौर पर माँगी। किसान द्वारा रिश्वत की धनराशि न देने पर धान को बिना देखे ही उसमे नमी बताकर उन्हें वापस लौटा दिया। इस सम्बंध में जब किसान ने उपजिलाधिकारी इकौना से फोन पर शिकायत की तो उन्होंने भी केंद्र प्रभारी की ही भाषा बोल डाली और धान में 23 प्रतिशत नमी बताई। तथा 2.3 दिन में किसी को जांच करने की बात भी कही। वहीं किसान केशव प्रसाद सिंह ने बताया कि इस क्रय केंद्र पर कोई टोकन नम्बर की व्यवस्था ही नहीं है। यहां अगर 120 रुपये प्रति कुंतल की रिश्वत दो तो तुरन्त तौल हो जाता है अन्यथा खड़े रहो। बीते 10 दिनों तक क्रय केंद्र पर खड़ी धान की ट्राली का तौल न होने से परेशान किसानों ने मजबूरन आढ़तियों को 1100 रुपये प्रति कुन्तल में धान बेच दिया। किसानों ने बताया कि क्या करें गेहूँ की बोआई पिछड़ रही थी और बच्चों की फीस भी जमा करनी थी।

### अनियंत्रित कार ने 5 को रौंदा

**श्रावस्ती।** सोनवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भिनगा.बहराईच मार्ग पर फतुहापुर के पास रविवार शाम को एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े 5 लोगो को रौंद डाला जिसमें सभी लोग घायल हो गए। भिनगा से बहराईच की ओर तेज रफ्तार से एक कार जा रही थी जिसका नम्बर.न्ध42 त् 0708 है। तभी फतुहापुर के पास नैना 4 वर्ष चाँदनी 14 वर्ष को रौंद दिया। गाड़ी अनियंत्रित होकर पास में खड़े राजित राम 28 वर्ष व शीला देवी 25 वर्ष को भी ठोकर मार दी पास में खेल रहे सुंदरम 5 वर्ष को चपेट में ले लिया। आस पास के लोगों ने दुर्घटना करने वाले ड्राइवर को वो ड्राइवर को पकड़ कर सोनवा पुलिस को सौंप दिया। घायलों को इलाज के लिए भिनगा जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। शीला की हालत गम्भीर है जिसे चिकित्सकों ने बहराईच के लिए रेफर कर दिया है।

### जनसत्ता लोकतांत्रिक दल पार्टी की बैठक सम्पन्न

**श्रावस्ती।** गिलौला स्थित लोक निर्माण भवन में जनसत्ता लोकतांत्रिक दल पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह अन्नू की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुवा जिसमे उपस्थित पार्टी के सदस्यों के बीच पार्टी की नीतियों और उसके विस्तार को लेकर चर्चा की गयी और पार्टी को जनपद में विस्तार की नीति बनायी गयी। इस कार्यक्रम के में जिलाध्यक्ष बहराइच देवानन्द सिंह्ए टी0पी0सिंह अटल अभय प्रताप सिंह प्रदीप विश्वकर्मा प्रकाश विश्वकर्मा भानु प्रताप यादव पंकज वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी युवक मार्ग दुर्घटना में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया है। इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।क्षेत्र के गांव निवासी प्रेमनाथ 42 पुत्र बैजनाथ शनिवार की देर शाम मोटरसाइकिल से ककोरन गांव गया था। जिसके बाद घर वापस लौटते समय काकोरन गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे गिरकर प्रेमनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका इलाज कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आरबी यादव ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

### बिना तलाक दिए कर ली दूसरी शादी

**ऊँचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गौरियापुर निवासी विवाहिता ने अपने सरकारी कर्मचारी पति पर बिना तलाक दिये दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।गांव निवासिनी माया देवी ने कोतवाली में दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनका पति रेलवे विभाग में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है और उसके 15 वर्ष की पुत्री व 12 वर्ष का एक पुत्र भी है।और पिछले दो वर्षो मेरा पति अलग रहता था।लेकिन तीन माह पूर्व उसने बिना तलाक दिये ही दूसरी शादी कर ली है जिसमें मेरी सास का भी पूरा सहयोग रहा है।वहीं इस कारण से बच्चों की परवरिश करने में समस्या उत्पन्न हो रही है।फिलहाल पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।कोतवाल विनोद सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से मासूम घायल

**ऊँचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के नाजेपुर मजरे सरायभान गांव में स्कॉर्पियो की टक्कर से 3 वर्षीय बच्चा घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।जानकारी के मुताबिक गांव निवासी आर्यन सिंह का 3 वर्षीय पुत्र घर के निकट ही सड़क पार कर रहा था तभी स्कॉर्पियो की टक्कर से घायल हो गया, परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।सीएचसी अधीक्षक डॉ आर बी यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल बच्चा सीएचसी आया था जिसका इलाज किया गया है।

### सड़क हादसे का शिकार हुआ वृद्ध

**सुल्तानपुर।** साइकिल से बाजार गए वृद्ध सड़क हादसे का शिकार हो गया। कंटेनर की चपेट में आने से वह बुरी तरह घायल हो गया है। उसका पैर क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बल्दीराय थानाक्षेत्र अंतर्गत कुमारी गांव निवासी जियालाल (60) पुत्र मेवालाल साइकिल से पारा बाजार सामान खरीदने सड़क से आ रहे थे। सड़क पर ही कंटेनर ट्रक ने जियालाल को पाराचौराहे से बल्दीराय रोड पर नई बस्ती के निकट टक्कर मार दिया। जिसके कारण एक पैर की एड़ी कंटेनर ट्रक के नीचे आ गई। एंडी में गंभीर चोटें आई हैं।

# अब एसएमएस के जरिए होगी गन्ने की तौल

संवाददाता। गोंडा



**बजाज** हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड-कुन्दरखी के पेराई सत्र 2020-21 का शुभारम्भ रविवार को बस्ती से पधारे आचार्य अनिल तिवारी ने विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराया। इस मौके पर इकाई प्रमुख जी0वी0 सिंह व मुख्य अतिथि जिला गन्ना अधिकारी ओ.पी. सिंह ने चीनी मिल के अन्य अधिकारियों के साथ डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र का आगाज कराया। इस दौरान इकाई प्रमुख ने तौल कांटे की भी विधि-विधान से पूजा कर उस मिल क्षेत्र के अर्जुनपुर गाँव के कृषक निरंजन की बैलगाड़ी चढ़वाकर उन्हें माल्यार्पण करते हुए अंगवस्त्र उपहार दिया।

इकाई प्रमुख श्री सिंह ने बताया कि कोविड-19 के परिपेक्ष्य में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पेराई सत्र 2020-21 को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि बजाज चीनी मिल किसान हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। कृषकों को अपना गन्ना बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये, इसके लिए मिल परिसर में किसान समस्या समाधान केन्द्र की व्यवस्था कर दी गयी है। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं हेतु सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। इकाई प्रमुख ने यह भी बताया कि इस वर्ष गन्ने की तौल एस.एम.एस. के माध्यम से ही होगी। समिति द्वारा पर्ची वितरित नहीं की जायेगी। कृषकों के मोबाइल में पर्ची का मैसेज जायेगा। कृषकों की सुविधा के लिए पर्चियों की सूची भी प्रत्येक क्रयकेन्द्र पर चस्पा की जायेगी। यह भी बताया कि हायल पर्चियों का पुनः जारी भी मोबाइल के माध्यम से ही ऑन लाइन होगा। इस मौके पर सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड गोण्डा के पूर्व अध्यक्ष विजय मिश्रा, बहराइच के पूर्व अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, मनकापुर के पूर्व अध्यक्ष फौजदार शुक्ल, आदि मौजूद रहे।

# गोपाष्टमी पर गोवंश आश्रय स्थलों में रहीं गोपूजन की धूम

संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर



**गोपाष्टमी** पर रविवार को गोवंशों की पूजा-अर्चना की गई। जिलेभर के गोवंश आश्रय स्थलों में पूजन-अर्चन की धूम मची रही। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने जिला पंचायत द्वारा संचालित गोवंश आश्रय स्थल/कांजी हाउस गोराबारिक अमहट पहुंचकर गोपाष्टमी पर गोवंशों को तिलक लगाकर पूजा अर्चना की।

जिलाधिकारी ने गोवंश आश्रय स्थल में गोवंशों का पूजा अर्चना के उपरांत गोवंशों को गुण, चना, केला खिलाने के साथ-साथ हरा चारा और पानी भी पिलाया और जिलाधिकारी ने गोपाष्टमी के अवसर पर गोमाता के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कांजी हाउस में भूसा चारा, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया, जिसमें सभी व्यवस्थाएं सही पायी गयी और जिलाधिकारी श्री गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस गोवंश आश्रय स्थल, कांजी हाउस को जनपद का आदर्श गोशाला बनाये जाने का भी आश्वसन दिया। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी उदय शंकर सिंह को निर्देशित किया कि जो भी छुट्टा गोवंश घूम रहे हैं, उन्हें गोशालाओं में लाकर उनके चारे-पानी की व्यवस्था की जाय, ताकि इन गोवंशों से किसानों का नुकसान न हो सके। विधायक सूर्यभान सिंह ने भी गोवंशों को तिलक लगाकर पूजा अर्चना की और सभी गोवंशों को गुण, चना, हरा चारा, मिनरल मिक्चर खिलाकर गोवंशों के महत्वा पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से चर्चा की। विकास खण्डों के गोवंश आश्रय स्थलों में गोवंशों को तिलक लगाकर उनको हरा चारा खिलाकर गोपाष्टमी पर्व मनाया गया।

# पार्टी नेताओं ने मनाया मुलायम सिंह का बर्थडे

संवाददाता। सुलतानपुर

**समाजवादी** पार्टी के संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का रविवार को धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। पार्टी नेताओं ने व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया। सपाइयों ने प्रदेश में 2022 के चुनाव में जनविरोधी प्रदेश सरकार को हटाकर पुनःसपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं रक्तदान तो कहीं पौधरोपण किया गया।

जन्मदिन कार्यक्रम की शुरूआत जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, पूर्व विधायक अनूप संडा, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश अग्रवाल, पूर्व विधायक अरुण वर्मा, सलाहुद्दीन, अशोक वर्मा, अनिल यादव मौजूदगी में रक्तदान से हुई शुरुआत। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में लगाया गया शिविर। विधानसभा अध्यक्ष गुफरान अहमद सैफी के संयोजन में करणवीर सिंह, आशीष कोरी, शिव कुमार, सुमित त्रिपाठी, टीटू यादव, नीरज चौधरी, राजन यादव, इंद्र प्रसाद, प्रमोद यादव, अजय यादव, सैय्यद हसन निजामी, पिंटू यादव, मो.आदिल, जयंत द्विवेदी, आदि रक्तदान किया। इसौली विधान सभा में पौधरोपण कर हर्षोल्लास से जन्मदिन मनाया गया। लोहिया वाहिनी के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव मेराज अहमद खान की अगुवाई में खोखीपुर, गणेशगंज, बैदौलिया, डोमनपुर, बहमरपुर में पौधरोपण किया गया। वहीं कुड़वार ब्लाक के नौगंवा रायताली गांव दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इसौली विधायक अबरार अहमद ने दौड़ प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया। कहाकि इस तरह के आयोजनों से खेलकूद को बढ़ावा मिलता है। प्रतियोगिता का आयोजन देव नारायण यादव ने किया। इस मौके पर इसौली विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव, आदि मौजूद रहे।

# अवध प्रांत के क्षेत्रीय मंत्री का हुआ स्वागत

संवाददाता। लालगंज,रायबरेली

**नगर** के एक उत्सव लान में भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा प्रदेश मंत्री रामचंद्र ने कहा कि पं.दीनदयाल की सोंच निचले पायदान तक के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की थी।इस लोगों से शुरू हुई यह पार्टी आज 18 करोड़ सदस्यों का दल है।भाजपा संस्कार एवं संस्कृति के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन हुआ है लेकिन अभी कार्यकर्ताओं का मन परिवर्तन होना बाकी है। जनता का विश्वास पार्टी पर बढ़ा है हमारी जिम्मेदारी है कि हम उस विश्वास को बनाए रखें।उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि पार्टी का उद्देश्य सत्ता प्राप्ति पर योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना और देश को परमवैभव तक ले जाना है। उन्होने रामचरित मानस की चौपाइयां सुनाकर भगवान राम द्वारा सेना को जीत का हकदार मानने की बात कहते हुए कहा कि पार्टी की जीत का श्रेय भी कर्मठ कार्यकर्ताओं को ही जाता है। अवध प्रांत के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है। उन्हें जो नई जिम्मेदारी संगठन ने सौंपी है वह उसका निर्वहन निष्ठा पूर्वक करेंगे। इस मौके पर पांच निर्धनों को कंबल समेत मौजूद सभी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक भाजपा किसान मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने सभी आगतों के प्रति आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय, अनुराग पांडेय, गिरीश सिंह, दीप प्रकाश शुक्ल, बच्चा पांडेय, रविनंदन सिंह चौहान, मनोज अवस्थी, बीके सिंह, हरिशंकर पांडेय, वृन्हेन्द्र विक्रम सिंह, लक्ष्मी शंकर गुप्ता, रति शंकर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## आचार्य स्मृति दिवस समारोह का आयोजन

**रायबरेली।** हिन्दी साहित्य के युग पुरुष आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की स्मृति में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति के संयोजन में आचार्य स्मृति दिवस का आयोजन हुआ। शनिवार को फिरोज गांधी कालेज के सभागार में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में ख्यातिप्राप्त विभूतियों का सम्मान और नागरिक अभिनंदन हुआ। विभूतियों ने समारोह आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की साहित्य साधना को अपने संबोधन में रेखांकित किया। विभूतियों और अतिथियों ने आचार्य पथ स्मारिका, कहानी संग्रह आकाश में कोरोना घना है, 40 साल बाद पुनरू प्रकाशित की गई पत्रिका सरस्वती का विमोचन भी किया। संचालन आंचल मिश्र अवस्थी ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पर सभी अतिथियों ने मां सरस्वती और आचार्य के चित्र पर दीप जलाए और पुष्प माला चढ़ाई। अध्यक्ष विनोद शुक्ल ने समिति की रूपरेखा प्रस्तुत की।समारोह में पटना की प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता साइकिल वाली दीदी के नाम से ख्यातिप्राप्त पद्मश्री से सम्मानित सुधा वर्गीज को आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी युग प्रेरक सम्मान से नवाजा गया। डॉ. अमिता खुबेले ने उनका परिचय प्रस्तुत किया। डॉ. प्रज्ञा अवस्थी, डॉ. रुचि सिंह और शालिनी द्विवेदी ने सहयोग प्रदान किया।40 वर्ष बाद पुनरू प्रकाशित हुई सरस्वती के संपादक प्रोफेसर देवेंद्र शुक्ला एवं सहायक संपादक अनुपम परिहार को डॉ. राम मनोहर त्रिपाठी लोक सेवा सम्मान नवाजा गया। राजीव भार्गव ने संपादकगणों का परिचय प्रस्तुत किया। सुनील मिश्र, करुणाशंकर मिश्र और राजेश वर्मा ने सहयोग प्रदान किया। फिल्म गीतकार एवं अमेठी के निवासी मनोज मुंतशिर का नागरिक अभिनंदन किया गया। विनय द्विवेदी ने उनका परिचय प्रस्तुत किया। अनुराग त्रिपाठी, नीरज सोनी, विनोद शुक्ला, प्रमोद अवस्थी ने उनका माल्यार्पण किया और अंगवस्त्र भेंट किए।प्रभाष जोशी स्मृति पत्रकारिता सम्मान जनसत्ता नई दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार प्रेम प्रकाश को प्रदान किया गया। घनश्याम मिश्र 'घन्नू' ने उनका परिचय दिया। पत्रकारिता जगत के स्तंभ प्रभाष जोशी सभी पत्रकारों के लिए अनुकरणीय और आदरणीय हैं। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, उनकी शिक्षाएं और उपलब्धियां हमारे बीच जीवंत हैं।

## प्रधानमंत्री ने किया ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास

# विंध्य क्षेत्र के लिए वरदानः योगी

### सोनभद्र व मीरजापुर के लिए सौगात है परियोजनाः मुख्यमंत्री

### क्षेत्र के 2995 गांवों में रहने वाले लोगों को मिलेगा शुद्ध पानी

संवाददाता। सोनभद्र



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफेंसिंग के माध्यम से विंध्य क्षेत्र के सोनभद्र व मीरजापुर की 23 ग्रामीण पाइपलाइन परियोजनाओं का शिलान्यास चतरा ब्लाक के करमांव गांव में किया। इस मौके पर वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त कर कहा कि जनपद मीरजापुर में 2343 करोड़ की लागत से नौ ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से एक हजार 606 ग्रामों की 21 लाख 87 हजार 980 आबादी को शुद्ध पेयजल मुहैया होगा। इसी प्रकार से सोनभद्र जिले में 3212 करोड़ की लागत से 14 ग्रामीण पाइप पेयजल के माध्यम से एक हजार 389 राजस्व ग्रामों की 19 लाख 53 हजार 458 आबादी को शुद्ध पेयजल मिलेगा कुल 5555 करोड़ की लागत से 2995 राजस्व ग्रामों के 41 लाख 41 हजार 438 जन संख्या को पाईप पेयजल परियोजना से लाभान्वित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोनभद्र जिले की 14 ग्रामीण पाईप पेयजल परियोजनाओं में परासी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, झीलो ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, बीजपुर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, अमवार ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना, गुरमुरा ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना, पनारी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, नगवां ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, तेन्दुआही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, हर्रा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, कदरा ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना, नेवारी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, केवथा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना व पटवध शामिल हैं। जिसके माध्यम से एक हजार 389 गांवों के 19 लाख 53 हजार 458 नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जायेगा।

इसी प्रकार से मीरजापुर जिले की नौ परियोजनाएं, जिनका शिलान्यास हुआ है, जिसके माध्यम से एक हजार 606 ग्रामों के 21 लाख 87 हजार 980 नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने बुदेलखण्ड तथा विन्ध्य क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता को एक चुनौती पूर्ण कार्य बताया। ग्रामीण इलाकों में पाइप पेयजल योजना के माध्यम से सभी घरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के साथ ही वर्चुअल रूप से जुड़े केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, सांसद, विधायक के साथ ही विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को दशहरा, दीपावली, छठ की शुभकामनाएं देते हुए उत्साह पूर्वक पर्व के रूप में ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के डिजिटल शुभारंभ की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र के नागरिक विशेष रूप से आदिवासी, जनजाति समाज के लोगों का पूरा विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के तहत कोरोना काल में 5555 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास हो रहा है। जनता का हित ही प्रदेश व देश का हित है, यह योजना अपने साथ ही आने वाली पीढ़ियों को भी बेहतर पेयजल व्यवस्था देगी। उन्होंने विंध्य क्षेत्र की तारीफकरते हुए कहा कि विंध्य क्षेत्र हरियाली व प्राकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण है। जहां पर विकास की आपार संभावनाएं हैं, विन्ध्य क्षेत्र के पर्यटन का विकास करने के साथ ही सोनभद्र जिले के हवाई पट्टी का विकास व विस्तारीकरण का काम पूरा करके वायु सेवा से सोनभद्र को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सोनभद्र महापुरुष बाबा मछेन्द्रनाथ की तपोभूमि रही है। बाबा मछेन्द्रनाथ की तपोभूमि का भी विकास करके पर्यटन से जोड़कर क्षेत्र का विकास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क, बिजली, पानी, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा के साथ ही सौर ऊर्जा, जनजाति समूहों के संवर्द्धन के लिए विभिन्न योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। अनुसूचित जाति के परिवारों को सभी सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 में देश की जनता को प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम बगैर भेदभाव के लोगों को तमाम योजनाओं का लाभ देंगे। उसी के तहत प्रदेश में पहले बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए पाइप पेयजल योजना का शिलान्यास किया गया था। अब विंध्य क्षेत्र को भी शुद्ध पेयजल के लिए योजना बनी है। सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ विकास तेज गति से हो रहा है। आजादी के बाद यह सबसे बड़ी योजना है। आजादी से लेकर अब तक मात्र 398 गांवों में पाइप पेयजल योजना थी।

## हम सबके लिए ऐतिहासिक दिनः अनुप्रिया

संवाददाता। मीरजापुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विंध्य क्षेत्र में जल संकट दूर करने के लिए 5555 करोड़ रुपये की 23 ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें से 2343 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लाभ मीरजापुर जनपद के लोगों को मिलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डा. सोनेलाल पटेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि सोनेलाल पटेल इन इलाकों में पानी की समस्या को लेकर बहुत चिंतित रहते थे। अपना दल (एस) राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मिर्जापुर की सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गईं इन परियोजनाओं से जनपद के 1606 गांवों के लोगों को पेयजल का लाभ मिलेगा। श्रीमती पटेल ने कहा कि आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक है। यशस्वी प्रधानमंत्री




नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना संकट काल में वर्चुअल माध्यम से जनपद मीरजापुर और सोनभद्र को हर घर जल योजना के तौर पर एक बहुत बड़ी सौगात मिली है। श्रीमती पटेल ने कहा कि इस योजना का शुभारंभ हमारी कल्पना से परे था, लेकिन आज यह हकीकत में तब्दील हो रही है। इस योजना के जरिए मीरजापुर के 1606 गांवों में 3313 मजरों में 354870 कनेक्शन उपलब्ध करायी जाएगी। इन परियोजनाओं के जरिए दोनों जनपदों के 42 लाख लोगों को लाभ मिलेगा। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि वर्ष 2022 तक विंध्य क्षेत्र के लाखों लोगों तक घरेलू पाइपलाइन से जल आपूर्ति होगी। लोगों को स्वच्छ और पीने योग्य पानी मिलेगा। पानी की बर्बादी में कमी आएगी। जलजनित बीमारियों में गिरावट आएगी। यह एक क्रांतिकारी कदम होगा। इस मिशन के तहत खराब गुणवत्ता वाले पानी से प्रभावित इलाकों में पीने योग्य पानी की आपूर्ति सबसे पहली प्राथमिकता है। क्योंकि फ्लोरोसिस और आर्सेनिक के दुष्प्रभावों में कमी लाना है।

# पालिका में अंकित भवनों के मानचित्र भी होंगे स्वीकृत



### महायोजना के साथ समेकित नियोजन के लिए बनेगा जोनल प्लान

### बस्ती विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

संवाददाता। बस्ती

**बीडीए** महायोजना 2031 के साथ समेकित नियोजन के लिए जोनल प्लान बनाएगा। सरकारी भूमि, नवीन परती, बंजर भूमि को भी समाहित करेगा जिससे भविष्य में नियोजन में किसी प्रकार की बाधा न आने पाए। बीडीए की बैठक में चुनमुन लाल के उस प्रस्ताव को मंजूर करने का निर्णय लिया गया, जिसमें पालिका क्षेत्र के ऐसे भवन स्वामी जिनके भवन का पालिका से कर निर्धारण है, लेकिन स्वामित्व सम्बन्धी अन्य कोई प्रमाण पत्र नहीं है उनके भी मानचित्र स्वीकृत किए जाएंगे। आयुक्त व बीडीए अध्यक्ष अनिल कुमार सागर की अध्यक्षता में हुई सर्वे में महायोजना में निर्मित क्षेत्र के विस्तार बाद मानचित्र में आ रही समस्या पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि सर्वे में जो आवासीय क्षेत्र निर्मित क्षेत्र की तरह विकसित हो गए हैं उन्हे नई महायोजना 2031 में गुणदोष के आधार पर समाहित करने के लिए मुख्य नगर एवं ग्राम्य नियोजन विभाग को अवगत कराया जाय।

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा नया विद्युत कनेक्षन के लिए पूर्व के प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया। निर्णय लिया गया कि विद्युत विभाग से नए कनेक्षन की सूची प्रति सप्ताह निर्धारित प्रारूप पर प्राप्त की जाए। उस अनुरूप नए कनेक्षन वाले भवनों का स्थल सत्यापन कर यह सुनिष्चित किया जाय कि उनका मानचित्र स्वीकृत है या नहीं। प्राधिकरण की ओर से भवन उपविधि के आधार पर कार्यवाही किए जाने के सम्बन्ध में बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जबकि बीडीए में बाजार स्ट्रीट के सम्बन्ध में महायोजना 2021 एवं भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्राविधानों में भिन्नता पाया गया। प्राधिकरण बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी महायोजना 2031 में भवन उपविधि के अनुसार समस्त प्राविधान सम्मिलित कराएं ताकि भविष्य में महायोजना एवं उपविधि के प्राविधानों में भिन्नता न रहे।

बैठक में बीडीए उपाध्यक्ष डीएम आशुतोष निरंजन, सचिव/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नन्द किशोर, मुख्य कोषाधिकारी श्रीनिवास त्रिपाठी,ईओ नगर पालिका अखिलेष त्रिपाठी, अधिषाषी अभियंता पंकज पाण्डेय,, सहयुक्त नियोजक गोरखपुर हितेष कुमार, बीडीए सदस्य यशकांत सिंह, रूपम श्रीवास्तव, प्रेम सागर तिवारी, मो. इदरीश, चुनमुन लाल, परमेश्वर शुक्ल पप्पू मौजूद रहे।

## शिक्षकों के सम्मान की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ूंगाः संजय

सेमरियावा ( **संतकबीरनगर** )। शिक्षक निर्वाचन चुनाव के लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक भीम राव अम्बेडकर इंटर कालेज ठठरा में सम्पन्न हुई। मण्डलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक हितों व उनके स्वाभिमान की रक्षा के लिए हम हर कुर्बानी देंगे। शिक्षकों के सम्मान की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ूंगा। उन्होंने बताया कि शिक्षक निर्वाचन चुनाव को लेकर विभूति यादव विकास इंटर कॉलेज धनघटा, उमरिया बाजार इंटर कालेज, श्री सीताराम इंटर कॉलेज सिरसी, रामकृष्ण परमहंस इंटर कॉलेज मुखलिसपुर, बाबा वासुदेव दास इंटर कॉलेज अलीनगर, परमानंद दास राम नारायण यादव बालिका इंटर कॉलेज नाथनगर, दारुल उलूम अहले सुन्नत बरकाती नाजिमी छपिया हैंसर बाजार, बाबा रामेश्वर दास उमावि गोवर्धन घाट का तूफानी दौरा कया गया।

# अब ठेकेदारों से निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूल रहा विभाग

संवाददाता। बस्ती

**...कहने** में अजीब लग रहा है, मगर यह सच है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व्यापारी की भूमिका निभा रहे है। एक तरफ ग्रामीण मार्गो के निर्माण में विभाग ठेकेदारों पर विभाग से ही तारकोल खरीदने का दबाव बनाता है, और दूसरी तरफ विभाग के अधिकारी शिड्यूल-सी में निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूल कर रहा है। इस खरीद फोख्त में करोड़ों रुपये का खेल हो रहा है। जो तारकोल दो हजार में मिलना चाहिए, उसे विभाग तीन हजार में बेच रहा। बीच के अंतर का लाभ किस खाते में जमा होता है, यह किसी ठेकेदारों को नहीं मालूम नहीं। 'नो प्राफिट नो लास' पर मिलने वाले तारकोल को प्राफिट लेकर बेचा जा रहा। शिड्यूल-सी में निर्धारित दर से अधिक दर की कटौती की जा रही है। कटौती की रशीद भी नहीं दी जा रही है, जिसके चलते ठेकेदारों को जीएसटी का इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं मिल रहा है। इसे लेकर आदर्ष पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह कहना है कि अधिकारी जानते हुए अनियमिता कर रहे है। अधिकारी विभाग से ही तारकोल की खरीद करने का दबाव बनाते हैं, मगर वहीं पर शिड्यूल-सी में निर्धारित शर्तो का पालन नहीं कर रहे है। अधिकारी विभाग को अनियमित रुप से लाभ पहुंचकर ठेकेदारों का नुकसान कर रहे है। जिसका प्रभाव सड़कों की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। वित्तीय हस्त पुस्तिका वैलूम छह में स्पष्ट लिखा है कि विभाग जब भी ठेकेदार को तारकोल देगा उसे नो प्राफिट नो लास पर दिया जाएगा। विभाग न तो तारकोल का विक्रेता और न व्यापारी बनेगा। निविदाओं में जो भी शिड्यूल-सी में निर्धारित होगा, उसी दर पर विभाग तारकोल देगा। मगर वर्तमान में ठेकेदारों के बिलों दर को घटाने के बाद, तारकोल का दर घटाया जा रहा है। जिसका परिणाम शिड्यूल-सी में निर्धारित दर से अधिक दर से विभाग कटौती कर ले रहा है। जबकि नियमानुसार शिड्यूल-सी के निर्धारित दर पर विभाग को कटौती करनी चाहिए।

**एम्बुलेंस मानक की हुई जॉच**

संतकबीरनगर। शासन के आदेश के क्रम में जन जागरूकता अभियान एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत रविवार को सभी 108 ए0एल0एस0 एम्बुलेंस का मानदण्ड के अनुसार निरीक्षण डा0 सन्तोष त्रिपाठी एनेस्थेटिक तथा डा0 ए0के0 सिन्हा प्रभारी अधिकारी 108-102 ए0एल0एस0 एम्बुलेंस द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय पर किया गया।

# गोपाष्टमी पर्व पर पालिका अध्यक्ष ने की गौ-पूजा



संवाददाता। संतकबीरनगर

**गोपाष्टमी** पर्व पर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने रविवार को मड़या स्थित गौशाला में गाय माता का पूजन किया और सम्पूर्ण सृस्टि को पोषण प्रदान करने हेतु कृतज्ञता व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि हिन्दू संस्कृति में गाय का विशेष स्थान है, मां का दर्जा दिया जाता है क्योंकि जैसे एक मां का ह्रदय कोमल होता है, वैसा ही गाय माता का होता है। जैसे एक मां अपने बच्चों को हर स्थिति में सुख देती है, वैसे ही गाय भी मानव जाति को लाभ प्रदान करती है। गाय का दूध, गाय का घी, दही, छांछ यहां तक की मूत्र भी मनुष्य जाति के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसलिए इसे कर्तव्य माना जाना चाहिए है कि गाय की सुरक्षा एवं पालन किया जाए। गोपाष्टमी हमें इस बात का संकेत देती है कि द्वापर युग में जब स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने गौ माता की सेवा की, तो हम तो कलयुगी मनुष्य हैं। यह त्यौहार हमें बताता है कि हम सभी अपने पोषण के लिए गाय पर निर्भर करते हैं इसलिए तो हमारे लिए पूज्यनीय है। सभी जीव जंतु वातावरण को संतुलित रखने के लिए उत्तरदायी हैं। इस प्रकार सभी एक दूसरे के ऋणी हैं और यह उत्सव हमें इसी बात का संदेश देता है। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ मड़या के सभासद अरुणेन्द्र सिंह, सभासद वीरेन्द्र यादव, सभासद राजेश वर्मा, भगवान दास वर्मा, श्रीमन आंनद आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कार्यशाला 25 को

संवाददाता। संतकबीरनगर

**28वीं** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जूम एप पर 25 नवम्बर को किया गया है। इसमे जनपद के माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक ,उच्च प्राथमिक विद्यालय में से प्रत्येक से एक सक्रिय विज्ञान शिक्षक को जुड़ना अनिवार्य है। इस आशय का पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया है। इस कार्यशाला में राज्य अकादमिक समन्वयक डॉ. विजय कुमार बच्चों से कैसे लघुशोध तैयार कराया जाय इस पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इसमे राज्य समन्वयक डॉ एस के सिंह, भाभा एटॉमिक रिसर्च सेन्टर के वैज्ञानिक कृष्ण कुमार सिंह एवं इसरो के वैज्ञानिक विजय कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिती रहेगी तथा मार्गदर्शक शिक्षकों को प्रोजेक्ट व लघु शोध की बारीकियों से अवगत कराएंगे।

# सपाइयों ने मनाया मुलायम का जन्मदिन, बांटी मिठाइयां



संवाददाता। संतकबीरनगर

**समाजवादी** पार्टी के संस्थापक तथा तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके मुलायम सिंह यादव का 82वां जन्मदिन रविवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष गौहर अली खां के नेतृत्व में केक काटकर बहुत ही धूमधाम से मनाया गया तथा संचालन जिला महासचिव राजमन यादव ने किया। प्रमुख वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के जीवन पर विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुरेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, वरिष्ठ नेता रामदरश यादव, कोमल यादव, पप्पू छापड़िया, जिला उपाध्यक्ष केडी यादव, मोहम्मद अहमद, जिला कोषाध्यक्ष रामनाथ चौरसिया, जिला सचिव शैलेन्द्र यादव आदि रहे।

# दस एडीओ पंचायत नवंबर माह का वेतन नहीं पाएंगे

### रामनगर, बनकटी रुधौली, गौर, सांउघाट हर्रैया, कप्तानंगज बहादुरपुर, दुबौलिया, विक्रमजोत शामिल

### कायाकल्प, सामूदायिक शौचालय, एनएलओबी एलओबी शौचालय की धीमी प्रगति पर हुई कार्रवाई

संवाददाता। बस्ती

**प्रशासन** और विकास भवन की कार्रवाई का कोई खास प्रभाव बीडीओ और एडीओ पंचायत पर नहीं पड़ रहा है। जबकि डीएम और सीडीओ की ओर से नियमित कार्रवाई और निरीक्षण हो रही है। बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। प्रशासन और विकास भवन के अफसरों का अधिकतर समय सुधार करने में ही चला जाता है। इसके लिए कार्यो की अधिकता और समय के अभाव के साथ-साथ काम करने की कार्यशैली को अधिक जिम्मेदार माना जा रहा है। जिस तरह कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय, एनएलओबी, एलओबी शौचालय की धीमी प्रगति को लेकर रामनगर, बनकटी, रुधौली, गौर, सांउघाट, हर्रैया, कप्तानंगज, बहादुरपुर, दुबौलिया, विक्रमजोत ब्लॉकों के एडीओ पंचायत का माह नवंबर का वेतन रोकने के साथ नोटिस जारी करने की कार्रवाई हुई है, उससे लगता है कि ब्लॉकों की व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए अभी और सुधार करने की आवष्यकता है।

जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतें अपने मानक पर खरे नहीं उतर रही है। गांव की जनता और अधिकारी इन तीनों पंचायतों की कार्यशैली से असंतुष्ट है। यही कारण है कि 1235 ग्राम पंचायत, 14 क्षेत्र पंचायत और एक जिला पंचायत आदर्श नहीं बन पाया, जबकि इन पंचायतों में हर साल करोड़ों रुपये खर्च हो रहे है।

एक अधिकारी का कहना है कि अब किसी भी सरकारी कर्मचारियों को कार्रवाई से डर नही लगता। कहते हैं कि वर्तमान में जो काम का दबाव है, और जो मैन पावर की कमी है, उससे कर्मचारी परेषान हैं। एक योजना आती नहीं कि दूसरी योजना आ जाती है।

## गौर क्षेत्र के चार स्कूल व कालेजों में होगी कोविड-19 की जांच

गौर ( **बस्ती** )। कोविड-19 की जांच के लिए स्कूल, कालेजों में भी कोरोना की जांच कराई जाएगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौर ,पंडित महादेव शुक्ल कृषक पीजी कॉलेज, कृषक इंटरमीडिएट कॉलेज, चंद्रभान सिंह इंटर कॉलेज गौर के कर्मचारियों की कोरोना जांच 26 नवम्बर को होगी। सीएमओ के निर्देश पर गौर सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डा. अमरजीत बरई ने कोविड-19 जांच सेंपलिंग के लिए जारी रोस्टर की जानकारी दी है। बताया कि विद्यालय के कर्मचारियों की जांच के संबंध में एसडीएम हरैया,डिप्टी सीएमओ सहित अन्य उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। जांच में सहयोग न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल पर आने जाने वाले मरीजों की सघन जांच, सैनिटाइजर के बाद ही अंदर प्रवेश होने दिया जा रहा है।

# प्राइवेट कम्प्यूटर आपरेटरों और प्रधानों ने बिगाड़ा आवास का खेल

### ब्लॉकों के कम्प्यूटर आपरेटर ने प्रधान की मिली भगत से बढ़ा दिया अपात्रों का नाम

### विकास भवन की बढ़ी समस्या, शिकायतों का सिलसिला बढ़ा

संवाददाता। बस्ती

**प्रधानमंत्री** आवास प्लस योजना ग्रामीण में पात्र को अपात्र और अपात्र को पात्र बनाने की शिकायतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहे है। जिस तरह इसे लेकर लोग ब्लॉकों और मुख्यालयों में विरोध जता रहे हैं, उससे विकास भवन की समस्या बढ़ गई है। अधिकतर समय शिकायतों की जांच कराने में ही चला जा रहा है। छानबीन के बाद जो प्रमाणित तथ्य सामने आए, वह काफी चौकाने वाला रहा, और इस ओर किसी का ध्यान नही नहीं गया। कहा जा रहा है, कि ब्लॉकों में स्थापित 10 हजार रुपया मानदेय पाने वाला प्राइवेट कम्प्यूटर आपरेटर और प्रधान के साठंगाठ की है। जिन प्रधानों की सेटिगं सेक्रेटरी से नहीं हो पाई, उन प्रधानों ने सीधे कम्प्यूटर आपरेटर को पकड़ लिया, और प्रति आवास चार से पांच हजार लेकर नाम दर्ज कर लिया। सच्चाई उस समय सामने आई जब सेक्रेटरी आवास देने से पहले सत्यापन करने गए। पता चला कि जिसे उसने अपात्र किया था, वह कम्प्यूटर की सूची में पात्र निकल रहा है। मजबूरी में अपात्रों का नाम काटना पड़ा। इसी को लेकर पूरे जिले में बवाल मचा हुआ है। जिन अपात्रों का नाम कट गया, वे प्रधानों से धन की वापसी की मांग कर रहे है। बताया जा रहा है कि यह खेल सभी ब्लॉकों के कम्प्यूटर आपरेटर और प्रधान ने मिलकर किया। किसी ने कम तो किसी ने अधिक किया, मगर खेल तो सभी ब्लॉकों में हुआ। जब हर ब्लॉक में लूटखसोट मची हुई तो कम मानदेय पाने वाला कम्प्यूटर आपरेटर ने बहती गंगा में हाथ साफ कर तो कौन सा गुनाह कर दिया। इस सच का खुलासा कई एडीओ पंचायत और सेक्रेटरी कर चुके है। कई सेक्रेटरियों ने बताया कि वह भी यह देखकर हैरान रह गए, कि जिसे अपात्र किया गया था, वह कैसे पात्र हो गया? कहना गलत नहीं होगा कि प्रधान और कम्प्यूटर आपरेटर ने मिलकर योजना को बदनाम करने की साजिश की है। इस लिए इसकी जांच कराने आवश्यकता बताई जा रही है। वैसे भी कम्प्यूटर आपरेटर की भूमिका कई मामलों में सही नहीं पाई गई।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान में दिख रही शिथिलता, विलोपन को लेकर शिकायत

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। मतदाता निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण के रविवार को तहसील क्षेत्र में विशेष दिवस को लेकर बीएलओ केन्द्रों पर लापरवाही साफ झलकी दिखी। पुनरीक्षण के लिए बनाए गये स्थलो पर बीएलओ नदारद दिखे। वहीं कटवढ़ गांव मे बीएलओ पर निर्वाचक सूची के विलोपन मे अनियमितता को लेकर ग्रामीणो ने एसडीएम से शिकायत भी दर्ज कराई है। हालांकि मतदाता पुनरीक्षण अभियान निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आगामी 15 जनवरी तक संचालित किया जायेगा। तहसील के लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के कटवढ़ गांव निवासी तौकीर अहमद ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र मे कहा है कि बीएलओ द्वारा उनके गांव मे मतदाता सूची के विलोपन मे अनियमितता बरती जा रही है।

# चकमार्ग पर कब्जे से तनाव

## राजेपुर गांव में दबंगों की हरकत से बड़ी अनहोनी की आशंका

संवाददाता। धर्मापुर

**जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के राजेपुर गांव में कुछ दबंगों द्वारा सरकारी चकमार्कों पर कब्जा कर लेने से राहगीरों का आवागमन बाधित हो रहा है। इसी को लेकर उक्त गांव निवासी भंवर लाल विश्वकर्मा ने अपनी पीड़ा के बाबत बताया कि वर्षों से उक्त जमीन पर गांव के ही प्रवीण सिंह सहित अन्य लोगों द्वारा रास्ते पर कब्जा कर लिया गया है। इससे उक्त रास्ते से आने.जाने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण को लेकर विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहींए रास्ता को खाली करवाया गया लेकिन इसको लेकर 2 माह पूर्व मारपीट हो जाने से विश्वकर्मा परिवार की एक महिला घायल हो गयी।

इसकी शिकायत गौराबादशाहपुर थाने में की गयी लेकिन दबंगई के चलते आज तक पीड़ित परिवार को थाने से कोई न्याय नहीं मिल पाया। पीड़ित के अनुसार उस मार्ग से कई लोगों का आना.जाना रहता है। खेतों की बुवाई आदि के लिये ट्रैक्टर को ले जाने का वही एकमात्र रास्ता है जिसको दबंगों द्वारा कब्जा कर लेने से जहां आवागमन में असुविधा हो रही हैए वहीं किसानों की खेती नहीं हो पा रही है। इसको लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। शिकायतकर्ता सहित इससे पीड़ित लोगों ने विभागीय अधिकारियों से मांग किया कि अगर उक्त सरकारी मार्ग को अवैध कब्जे से मुक्त नहीं कराया गया तो आने वाले समय में किसी बड़ी घटना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है।

# राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनी



संवाददाता। देवरिया

**जायसवाल** समाज द्वारा राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती सलेमपुर स्थित पुराना सिनेमाहाल कैम्पस में मनाया गया । उनकी जयंती प्रतिवर्ष कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर दिप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम के अतिथि सभासद जवाहर जायसवाल ने कहा कि सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्म महाराज हैहय की 10वीं पीढ़ी में माता पद्मिनी के गर्भ से हुआ था। उनका जन्म नाम एकवीर था। अशोक जायसवाल ने कहा कि सहस्त्रबाहु भगवान दत्तात्रेय के भक्त थे और दत्तात्रेय की उपासना करने पर उन्हें सहस्त्र भुजाओं का वरदान मिला था इसीलिए उन्हें सहस्त्रबाहु अर्जुन के नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महेश जायसवाल ने कहा कि पौराणिक ग्रंथों एवं पुराणों के अनुसार कार्तवीर्य अर्जुन के हैहयाधिपति, सहस्त्रार्जुन, दषग्रीविजयी, सुदशेन, चक्रावतार, सप्तद्रवीपाधि, कृतवीर्यनंदन, राजेश्वर आदि कई नाम होने का वर्णन मिलता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक जायसवाल, सतीश जायसवाल,बंटी जायसवाल,दुर्गेश जायसवाल,ठाकुर जायसवाल,अनिल जायसवाल, छेदी जायसवाल, वृद्धि जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# शाहगंज में स्वजातीय बंधुओं ने मनायी सहस्त्रबाहु जयंती



**शाहगंज, जौनपुर।** उत्तर प्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा युवा व महिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में श्री गोपाल मंदिर ;जायसवाल धर्मशालाद्ध पुराना चौक में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर जायसवाल समाज के कुलदेवता सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम प्रभु जी की आरती हुई जिसके बाद माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा युवा इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष ईशान राम ने कुलदेवता के शौर्य व पराक्रम से उपस्थित लोगों को परिचित कराया। साथ ही उनके विषय में विस्तार से बताया। प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा जायसवाल युवा समाज शाहगंज के अध्यक्ष आलोक जायसवाल द्वारा की गयी। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री रूपेश जायसवालए महिला इकाई की जिलाध्यक्ष रीता जायसवालए समाजसेवी डा सौरभ जायसवाल,जायसवाल युवा समाज शाहगंज के संरक्षक उमेश चंद्र जायसवाल, उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, धीरज जायसवाल, कोषाध्यक्ष कालीचरण जायसवाल, सदस्य अमित जायसवाल, महिला इकाई की नवघोषित नगर अध्यक्ष आशा गुप्ता, जायसवाल युवा क्लब, जौनपुर के जिला संगठन मंत्री पवन जायसवाल, महासचिव रविन्द्र जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# किसान प्रशिक्षण व गोष्ठी कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन



संवाददाता। रुद्रपुर, देवरिया

एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन किसान अपनाएं तो उत्पादन बढ़ेगाए मनुष्य व पशुओं का स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। केंद्र व प्रदेश की सरकारें किसानों के आय उत्पादन हेतु निरन्तर सक्रिय हैं। उक्त बातें कृषि विभाग देवरिया द्वारा आयोजित किसान प्रशिक्षण व गोष्ठी कार्यक्रम को श्री दत्तात्रेय धाम बेलुआर घाट पर भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छठ्ठेलाल निगम ने कहा।उन्होंने कहा कि किसान हित मे आधुनिक तरीको पर अमल हेतु सरकार निरन्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही हैए छोटे छोटे टिप्स अपना कर किसान उपज बढ़ानेए रोग व कीट नियंत्रण में कामयाब हो सकता है।श्री दत्तात्रेय धाम बेलुआर घाट के संस्थापक स्वामी परमानन्द गिरी ने अपने उदबोधन में कहा कि उन्नतिशील किसानों का अनुसरण अपने क्षेत्र के किसानों को कर के अपनी आय बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम में वीरेंद्र पांडेयए धर्मेंद्र पांडेयए राजकुमार मौर्या केदार तिवारीए सहित अनेक विशेषज्ञों ने पराली प्रबन्धनए मृदा प्रबन्धनए बीज उत्पादनए आदि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला व अपनाने पर बल दिया।इस गोष्ठी व प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित 80 से अधिक किसानों में डी कमपोजरए मसूरए सरसो का बीज व ट्राइकोडर्मा वितरित किया गया। कार्यक्रममें स्वागत गीत उभरती भजन गायिका शालिनी श्रीनेत ने मङ्गलमय दिन आज हैएएएए प्रस्तुत किया। रामकृष्ण मिश्र, सतीस मौर्यए मुन्ना गुप्ता, विनय कुमार सिंह, अभिषेक, मिथिलेश, अमित, अभय,रूदल, मोनू, शिवेंद्र,सुधांशु आदि उपस्थित रहे। आभार नागेंद्र प्रताप राव ने ब्यक्त किया।

# मुलायम ने हमेशा लड़ी गरीब, मजलूमों और बेरोजगारों की लड़ाई: त्रिपाठी

संवाददाता। जौनपुर

समाजवादी पार्टी के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर वरिष्ठ सपा नेता राहुल त्रिपाठी के नेतृत्व में शक्तिपीठ माँ शीतला चौकियां धाम में साथियों के साथ दर्शन कर हवन कुंड में हवन कर नेताजी के लम्बे आयु की कामना किया गया।

इस मौके पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव जैसे नेता की अभी देश को बहुत जरूर है। वे देश के ऐसे नेता हैं जो सदा गरीबए मजदूरए नौजवान किसानों की लड़ाई लड़ते रहे।

उनके जीवन का एक.एक पल बहुत सुनहरा है। उन्होंने कहा कि आज हम लोगों को अपार खुशी है किक हम लोग नेताजी का 82वां जन्मदिन मना रहे हैं। आज हम संकल्प लेते हैं कि हत्या, लूट, बलात्कारी, किसान, नौजवान, बेरोजगार, व्यापारी विरोधी प्रदेश सरकार चल रही है। उसे हम 2022 में उखाड़ फेकेंगे और अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर भेजने का काम करेंगे।



### समाजवादी कुटिया के बच्चों ने मनाया जन्मदिन

**धर्मापुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र में बनाये गये समाजवादी कुटिया के संचालक ऋषि यादव के नेतृत्व में नेताजी मुलायम सिंह यादव का 82वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर श्री यादव ने कुटिया के बच्चों को स्वेटर पहनाकर उपहार भेंट किया जिसके बाद बच्चों को इमरतीए फ्ल आदि वितरित कर केक काटा गया।

## मुलायम के जन्मदिन पर गरीबों को कराया भोजन

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। रविवार को शाही किला गेट के पास लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार डाण् नासिर खान के नेतृत्व में हजारों लोगों को भोजन का पैकेट वितरित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंत्री व शाहगंज विधायक शैलेंद्र यादवए पूर्व मंत्री व मछलीशहर विधायक जगदीश सोनकर मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज के सबसे निचले स्तर के लोगोंए अल्पसंख्यकोंए गरीबोंए मजदूरए बेसहारों को उनका हक दिलाने के लिए हमेशा मुलायम सिंह यादव संघर्ष करते नजर आये। उनकी समाजवादी पार्टी आज भी संघर्ष कर रही है। हम सब उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं। वहीं लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए डा नासिर खान ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा देश की एकता व अखंडता के लिए कार्य किया।

# सुप्रीम कोर्ट शेल्टर मानिट्री कमेटी के सदस्य बृजेश कुमार का स्वागत



## गृह जनपद आगमन पर अधिवक्ताओं समेत संभ्रांत नागरिकों ने किया स्वागत

संवाददाता। मऊ

सुप्रीम कोर्ट शेल्टर मानिट्री कमेटी के मेम्बर व मुंबई स्थित पहचान संस्था के संस्थापक बृजेश कुमार आर्य का रविवार को गृह जनपद मऊ आगमन पर अधिवक्ताओं समेत जिले के संभ्रांत नागरिकों ने फूल माला व बुके प्रदान करते भव्य स्वागत किया। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट शेल्टर मानिट्री कमेटी के मेम्बर व मुंबई स्थित पहचान संस्था के संस्थापक बृजेश कुमार आर्य ने कहा कि वैसे तो समाज में सभी लोग अपनी.अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। लेकिन अधिवक्ताओं व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों के कंधों पर काफी जिम्मेदारी होता है। इसलिए समाज व राष्ट्र के निर्माण में अधिवक्ताओं व सामाजिक संस्था के सदस्यों की काफी महत्वपूर्ण भूमिका होता है। उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों से गरीबोंए असहायों की अधिक से अधिक मदद करने को लेकर आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज का विकास तब तक पूरा नहीं हो सकता हैए जब तक समाज के अंतिम पायदान तक लोगों को विकास का लाभ न मिले। एडवोकेट उत्तम सिंह ने बताया कि बृजेश कुमार आर्य मऊ जिले के घोसी के मूल निवासी है। साथ ही साथ ये अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के भूतपूर्व सदस्य भी रह चुके हैं। वर्तमान समय में ये पहचान संस्था के संस्थापक के साथ सुप्रीम कोर्ट शेल्टर मानिट्री कमेटी में भी मेम्बर हैं। इस अवसर पर मुख्य रुप से एडवोकेट उत्तम सिंहए डॉण् मधुकर आनंद रायए उत्तम सिंहए संतोष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# महावीर चक्र विजेता शहीद रामउग्रह पाण्डेय की 49वां शहादत दिवस मना

**गाजीपुर।** सेना के दूसरे सर्वोच्च सम्मान महावीर चक्र से सम्मानित व 1971 भारतपाक युद्ध के नायक शहीद रामउग्रह पांडेय की 49 वीं शहादत दिवस कल सोमवार को उनके पैतृक गांव एमावंशी स्थित शहीद पार्क में मनाया जाएगा। इस संबंध में विशेष जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजक श्रीराम जायसवाल ने बताया कि कोरोना कोविड के तहत सामाजिक दूरी का पालन करने के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम संपादित नहीं किए जाएंगे। शहीद के सम्मान में सादगी पूर्वक परिजनोंव क्षेत्र के लोगों द्वारा शहीद पार्क एमाबंसी व जखनिया रेलवे स्टेशन पर लगी शहीद की मूर्ति माल्यार्पण कर शहीद का सम्मान किया जाएगा। जनपद के जखनियां तहसील अंतर्गत एमाबंसी गांव निवासी शहीद रामउग्रह पांडेय ने वर्ष 1971 भारत.पाक युद्ध में अदम्य वीरता और साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ाने का काम किया। वर्तमान के बांग्लादेश बॉर्डर पर तत्कालीन पाकिस्तान के पूर्वी मोर्चे पर युद्ध के दौरान 23 नवंबर को भारतीय सेना दलदली जमीन में फ्सी गई थी। सेना के उच्चाधिकारियों द्वारा अपने जवानों से युद्ध से वापस लौटने की स्वविवेक पर निर्णय लेने का आदेश दिया गया। लेकिन वीर जवानों टुकड़ी के साथ लांस नायक राम उग्रह पांडेय ने दुश्मनों की चौकी पर धावा बोल दिया। इस दौरान अकेले दम पर पहले से तैनात पूर्वी पाकिस्तान के चार बंकरों को ध्वस्त करने के बाद दुश्मनों से अपने को घिरा देख खुद कंधे पर लांचर लेकर पांचवी बंकर में दुश्मन सैनिकों सहित अपने को उड़ा लिया। इस युद्ध में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले शहीद रामउग्रह पांडेय को मरणोपरांत सेना के सर्वोच्च दूसरे सम्मान महावीर चक्र विजेता से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात 26 जनवरी 1972 को तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी द्वारा दिल्ली गणतंत्र दिवस के परेड में शहीद की पत्नी श्यामा देवी को महावीर चक्र प्रदान किया गया। शहीद रामउग्रह पांडेय के सम्मान में उनके पैतृक गांव एमावंशी शहीद पार्क में उनकी मूर्ति स्थापित की गई। व 4 वर्ष पूर्व तत्कालीन रेल राज्य मंत्री संचार मंत्री मनोज सिन्हा द्वारा जखनियां रेलवे स्टेशन पर उनकी मूर्ति स्थापित कर सम्मान देने का कार्य किया गया। प्रत्येक वर्ष शहीद के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया जाता रहा। परंतु इस वर्ष कोरोना कोविड के चलते आयोजन स्थगित कर दिया गया है।

# विद्युत विभाग के मेगा कैम्प में आये एक हजार उपभोक्ता

**गाजीपुर।** पूर्वांचल विद्युत वितरण मंडल के अधीक्षण अभियंता विजय राज सिंह के निर्देशन पर शनिवार को विभिन्न जगह उपभोक्ता सेवा शिविर ;कैम्पद्ध का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के सभी उपकेंद्रों पर उपभोक्ता शिविर में उपस्थित होकर जिले के सम्मानित उपभोक्ता अपने अपने नजदीकी शिविर में जाकर अपनी विद्युत संबंधित समस्याओं का निस्तारण में कुल एक हज़ार उपभोक्ता आये जिसमे 215 लोगो का मौके पर विद्युत संबंधित निस्तारण किया गया वही 100 लोगो को न्यू कनेक्शन दिया गया तथा 67 लोगो का मीटर संबंधित मामले का निस्तारण करने के साथ ही साथ 385 लोगो का केबिल फाल्टएलाइन फ्रेक्युयल संबंधित शिकायतो को विस्तारपूर्वक सुनकर मौके पर निवारण किया गया। एव शहर छेत्र के मिश्रबाजार कोतवाली के सामने विजली चेकिंग की गई जिसमें अवैध रूप से जला रहे विजली 10 उपभोक्ताओं के ऊपर विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज करवाया गया। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जितने लोगो का विद्युत बकाया है उसको तत्काल जमा कर दे एवम मीटर बाईपास कर के बिजली उपभोग ना करे अन्यथा विजली रेड में पकड़े जाने पर विभागीय कार्यवाही के साथ साथ विद्युत चोरी के संगीन धाराओं में चालान किया जाएगा।

# एसपी ने कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क का किया उद्घाटन

**देवरिया।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक देवरिया डॉ श्रीपति मिश्र द्वारा माननीय शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अंतर्गत थाना कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क के कक्ष का उद्घाटन किया गया एवं वहां उपस्थित महिला आरक्षीगणों को संबोधित करते हुए उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति उचित दिशा निर्देश दिए गए। 2.2 महिला आरक्षियों की उक्त महिला हेल्प डेस्क पर तीन शिफ्ट में प्रत्येक दिवस लगाई जाएगी।

# पूविवि के छह स्वयंसेवक परेड शिविर के लिए किए गए चयनित

संवाददाता। सिद्दीकपुर, जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के लिए गौरव का क्षणए भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न जनपदों के स्वयंसेवक सिद्धि सिंह राजकीय महिला पीजी कालेज गाजीपुरए स्नेहा मिश्रा टीडी महिला डिग्री कालेज जौनपुरए आंचल मौर्या डाण् अख्तर हसन रिजवी शिया डिग्री कालेजए विशाल कुमार आरएसकेडी पीजी कालेज जौनपुरए विकास गौरव सत्यदेव डिग्री कालेज गाजीपुरए आशीष यादव आरएल डिग्री कालेज



वैजापुर.जौनपुर का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2020 में हुआ है। वे डाण् भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के ;खंदारी परिसरद्ध में आयोजित 10 दिवसीय शिविर जो 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित होगाए में अपनी सहभागिता निभायेंगे। इस शिविर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों का चयन प्रदेश स्तरीय चयन सूची में होगा जो 26 जनवरी 2021 को राजपथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही पूविवि से संबद्ध राजा श्रीकृष्ण दत्त पीजी कालेज जौनपुर के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डाण् संतोष पांडेय का चयन टीम लीडर के रूप में मंत्रालय द्वारा किया गया है। कुलपति प्रोण् निर्मला एस मौर्य ने खुशी जाहिर करते हुये स्वयंसेवको, टीम लीडर डा संतोष पाण्डेय, राकेश यादव कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्वांचल विश्वविद्यालय को शुभकामनाएं दीं।

# असफलता से न घबराना ही सच्ची सफलता: शिवाजी सिंह

**सिद्दीकुर,जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय के एचआरडी द्वारा विशिष्ट व्याख्यान की कड़ी में एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान ट्रांजिशन फ्राम कैंपस टू कार्पोरेट: रोडमैप टू सक्सेस विषय पर आनलाइन आयोजन किया गया। उक्त आयोजन को कृषि क्षेत्र की विख्यात कंपनी जेयू एग्री साइंसेज के एचआर हेड शिवाजी सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कैंपस से कार्पोरेट में प्रवेश की बाधाओं को इंगित करते हुए तैयारी करने के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने कार्पोरेट जीवन में सफ्ल होने के लिए सेल्फ कांफ्डिेंसए टीम वर्कए कम्युनिकेशनए कंसिस्टेंसीए उत्तम स्वास्थ्यए आध्यामिकता आदि मानवीय गुणों को जीवन में बनाये रखना बहुत जरुरी है। इसी क्रम में संकायाध्यक्ष प्रोण् अविनाश डीण् पाथर्डीकर ने कहा कि एचआरडी विभाग छात्र.छात्राओं के विकास करने में तत्पर है। स्वागत प्रोण् अविनाश डीण् पाथर्डीकर ने किया तो संचालन अनुपम कुमार ने किया। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन अभिनव श्रीवास्तव ने दिया। इस अवसर पर डाण् रसिकेशए डाण् कमलेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# शिविर लगाकर दी गयी सुरक्षा की जानकारी

**जौनपुर।** यातायात माह के 5वें दिन रविवार को परिवहन निगम के अधिकारियों के सहयोग से स्वच्छता का मानक का पालन करते हुए सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में चालकों व



परिचालकों को कोविड.19 से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। उक्त के पश्चात चालकों हेतु रोडवेज बस स्टैंड पर स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यात्रीकर अधिकारी स्मिता वर्माए वरिष्ठ केन्द्र प्रभारी गीता सिंहए टीआई कन्हैया रायए नेत्र शल्यक प्रदीप पाण्डेयए नेत्र परीक्षण अधिकारी योगराजए प्रदीप श्रीवास्तवए राम अचल मौर्यए सनी सिंहए हरीश चंद्र पाठक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा संबंधी पंपलेटए हैंडबिल आदि जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से बांटे गये।

# असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य कर आशीष मिश्रा का स्वागत



संवाददाता। मऊ

**असिस्टेंट** कमिश्नर वाणिज्य कर खंड तीन आशीष मिश्रा का वाणिज्य कर विभाग में दस वर्ष पूर्ण होने पर अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही साथ अधिवक्ताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना किया। स्वागत समारोह के दौरान असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य कर खंड तीन आशीष मिश्रा ने कहा कि वे अपने शुरु के कार्यकाल से ही अपने दायित्वों का काफी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वहन किए हैं। लम्बे कार्यकाल के दौरान कुछ समय कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ाए लेकिन इन कठिनाइयों के दौर में भी अधिवक्ताओं द्वारा उन्हें काफी सहयोग मिला है। अधिवक्ताओं ने भी उनके कार्यकाल की काफी सराहना किया। उल्लेखनीय है कि 12 नवंबर 2010 में वाणिज्य कर विभाग में श्री मिश्रा सीटीओ के रूप में वाराणसी में कार्यभार ग्रहण किए थे। स्वागत करने वालों में मुख्य रुप से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रयाग नारायण वर्मा,अमरेश सिंह, गणेश प्रसाद, अतुल सिंह,विजय शंकर प्रजापति, बृजेश चौधरी, पंकज गुप्त, हेमंत प्रजापति, सुभाष चंद्र यादव, राहुल सिंह, अवधेश कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, राहुल यादव, नीरज मिश्रा, चंद्रशेखर श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# वाराणसी ने भदोही को 22-21 से किया पराजित

## शहीद की स्मृति में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

संवाददाता। गाजीपुर

**जनपद** के ताडीघाट रेलवे स्टेशन के बगल में स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में शहीद मेजर विकास की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय अन्तरप्रांतीय कब्बडी प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ शनिवार की देर शाम को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यदेव ग्रुप आफ कालेजेज के प्रबंधक डाक्टर सानंद सिंह ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित करने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरान्त फीता काटकर किया। पहले दिन खेले गये कांटे के उद्घाटन मुकाबले में वाराणसी ने भदोही को 22-21 से पराजित कर अपना स्थान अगले चक्र के लिए सुरक्षित कर लिया। इसके उपरान्त शक्करपुर ने सेवराईं को 16-11 पचौरी ने मेजबान ताडीघाट ए टीम को 26.18ए बलियां ने मऊ को 27.26 जबकि दिलदारनगर ने मेजबान ताडीघाट बी टीम को 29.18 से पराजित कर अगले चक्र के होने वाले मुकाबले के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि डाक्टर सानंद सिंह ने कहा कि यह देखने की जरूरत नहीं की कौन जीत रहा है कौन पराजित खेल के मैदान में शिखर को प्राप्त करने के लिए बुलंध हौंसले व वेहतर खेल कला कौशल की जरूरत हैए कहा कि जिस तरह कम संसाधनों व सिमित जगह के बावजूद इतने बडे पैमाने पर आयोजन समिति बधाईं की पात्र है।

उन्होंनें शहीदों के प्रति नमन करते हुए कहा कि जब कोई जवान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है तो वह इतिहास बनाता हैए जरूरत है जब तक खेल के मैदान में खिलाडी है साहस रखना जब तक भारत को विजेता न बना ले चैन से नहीं बैठना है। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय युवा महासभा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंहए प्रतियोगिता के संयोजक कमलेश सिंह टून्नाए दिग्विजय उपाध्यायए अरविन्द सिंह गानाए ध्रुव सिंहए प्रधान रिंकू सिंहए आदि मौजूद रहे।प्रतियोगिता में निर्णायक राजेश यादव, कन्हैया यादव, स्कोरर महेन्द्र यादव व रोहित जबकि उद्घोषक की भूमिका बबलू यादव व सुशील तिवारी ने निभाई।

# भट्ठियों पर देवरिया पुलिस की चली लाठी

**देवरिया ।** पुलिस अधीक्षक देवरिया डा0 श्रीपति मिश्र द्वारा कच्ची शराब के निष्कर्षणए बिक्री एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर दबिश आदि की कार्यवाही करने हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीए प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष मय पुलिस फोर्स द्वारा अपने.अपने क्षेत्रान्तर्गत ईंट भठ्ठोंए देवारा क्षेत्रों एवं संभावित स्थानों पर दबिश देकर मौके से कुल लगभग 1100 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुएए 1500 कुन्तल लहन एवं 02 भठ्ठियों को नष्ट करते हुए कुल 50 अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर उनके विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही किया गया।

# उत्पीड़न के चलते छात्र ने दी जान

## आक्रोशित ग्रामीणों ने कालाकांकर-लालगंज हाइवे पर लगाया जाम

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )



**आईटीआई** छात्र के उत्पीड़न के चलते आत्महत्या को लेकर रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने कालाकांकर–लालगंज हाइवे पर जाम लगा दिया। जाम की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कोतवाल के आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन पर दोपहर बाद मृतक छात्र का शव परिजन अंतिम संस्कार के लिए ले गये। कोतवाली के बेलहा गांव के जोखूलाल शर्मा के पुत्र धीरेन्द्र शर्मा उर्फ धीरू ने शनिवार को छत की दूसरी मंजिल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक छात्र ने आत्महत्या को लेकर गांव के तीन आरोपितों को सुसाइड नोट मे उत्पीडन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि पुलिस ने मृतक छात्र के भाई धर्मेन्द्र की तहरीर पर आरोपितो के खिलाफ शनिवार की रात केस भी दर्ज कर लिया है।

घटना मे पुलिस अभी तक एक भी आरोपित को हिरासत मे नहीं ले सकी है। रविवार को मृतक छात्र के शव का पीएम कराया गया। घटना को लेकर गांव मे आक्रोश का माहौल बन गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी ना होने को लेकर ग्रामीणों ने शव को हाइवे पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही कोतवाल संजय यादव भारी फोर्स के साथ पहुंचे तथा परिजनो व ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

पुलिस के आश्वासन पर आधे घंटे के भीतर ही लोगों ने मार्ग जाम समाप्त कर दिया और परिजन छात्र के शव को लेकर अंतिम संस्कार को चले गये। इधर आईटीआई छात्र की आत्महत्या की गुत्थी दूसरे दिन भी अनसुलझी दिखी है। मृतक छात्र ने सुसाइड नोट मे यह तो जाहिर किया है कि उसकी मौत के जिम्मेदार कौन–कौन है, किन्तु उत्पीड़न को लेकर सुसाइड नोट से भी पुलिस को कोई क्लू नही मिल सका है। गांव में छात्र की आत्महत्या को लेकर उसके किसी प्रेम प्रसंग के चलते आरोपितों द्वारा वसूली की बात भी चर्चा में रही है। परिजन भी मृतक छात्र की आत्महत्या के कारणों को लेकर रविवार को भी मुंह खोलते नही दिखे। ऐसे में मृतक छात्र की आत्महत्या की गुत्थी को सुलझाने और आरोपितो पर शिकंजा कसने को लेकर पुलिसिया चुनौती बनी हुई है। कोतवाल संजय यादव का कहना है कि छात्र की आत्महत्या को लेकर कई पहलुओं पर जांच की जा रही है। शीघ्र ही घटना के कारणों का खुलासा कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# फिर हुई एक दलित किशोरी के साथ गैंगरेप की वारदात

**बाराबंकी** । जनपद के थाना सतरिख अंतर्गत सेठ मऊ पिपरी की घटना को बीते अभी कुछ दिन हुए थे कि ऐसी ही एक घटना फिर प्रकाश में आई है। बीती शाम शौच के लिए खेत गई एक दलित किशोरी के साथ दो युवकों ने जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया और गंभीर अवस्था में उसे छोड़ कर फरार हो गए । पुलिस ने पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया है इसी के जनपद मे चलायी जा रही योजना की जिले हवा निकल गयी है। घटना जनपद के सुबेहा थाना क्षेत्र की है बताया जाता है कि क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी आज सुबह दैनिक क्रिया से निवृत्त होने के लिए गांव से बाहर खेत गई थी तभी वहां बोरिंग कर रहे गोंडा जनपद के चौबेपुर थाना नवाबगंज निवासी आरिफ एवं सीतापुर थाना सदरपुर निवासी मुदस्सिर ने किशोरी के साथ जबरन दुराचार किया जब वह गंभीर रूप से घायल हो गई तो उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए । किसी तरह घर पहुंची किशोरी ने जब आपबीती परिजनों को बताई तो पीड़िता के भाई ने इसकी सूचना सुबेहा को दी। जिस पर पुलिस के होश उड़ गए आननफानन पुलिस ने पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए मुख्यालय भेजा। पुलिस ने आरोपी पोकलैण्ड मशीन चालक व उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**अमेठी**। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पूरे सूबेदार मजरे सतगवां में सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले युवक की मौत हो गयी। मृतक की मां ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर सौपीं है। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के पूरे सूबेदार मजरे सतगवां निवासी युवक संजय पुत्र श्यामलाल (उम्र 28 वर्ष) बीते 16 नवंबर को सेमरौता–अकबरपुर फर्शी मार्ग पर गांव के बाहर सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला था, जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था, किंतु हालात में सुधार न आने पर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर था जिसे लेकर परिजन अपने घर आ गए थे जिसकी 21–22नवम्बर की रात लगभग नौ बजे मौत हो गई।

मृतक संजय की मां सुशीला देवी ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि थाना क्षेत्र के ही संतराज, मनोज, सुशील व एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर अपने घर बुलाया और मारपीट कर गांव के किनारे छोड़ गए जब हम लोग इनको लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो इन लोगों ने लालच देकर बुलाया की इनको गांव ले आओ ठीक हो जाएंगे। हम लोग गांव पहुंचे तो इन लोगों झाड़–फूंक करने के बहाने इसकी हत्या कर दी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया मुलायम का जन्मदिन

## वीरांगना झलकारी बाई कोरी की जयंती भी मनी

संवाददाता। बाराबंकी



**समाजवादी** पार्टी कार्यालय में रविवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82वा जन्मदिन और 1857 की महान क्रांतिकारी और देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाली वीरांगना झलकारी बाई कोरी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सपा अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित व सपा कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा के संचालन में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने केक काटकर नेता जी की लंबी उम्र और स्वस्थ रहने के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। इस मौके पर श्री गोप ने कहा कि आदरणीय नेता जी ने हम लोगों को जो सम्मान दिया है उसे जिंदगी भर भुलाया नहीं जा सकता है। किसानों के लिए संघर्ष करने वाले पूरे देश के अकेले नेता हैं जिन्होंने अपनी विद्वत्ता की बदौलत लोहा मनवाया है नेता जी का कहना था कि छोटे मन से कोई तरक्की नहीं कर सकता, बड़े मन रखना चाहिए।

हम नेताजी के पद चिन्हों पर चलते हुए 2022 में राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाएंगे। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद राजेश यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को नेताजी व वीरांगना झलकारी बाई जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा की हमें वीरांगना झलकारी बाई से प्रेरणा लेकर संघर्ष करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहना है। समाज के नौजवानए किसानए मजदूरए छात्रए कर्मचारी सभी लोग वर्तमान सरकार से तंग आ चुके हैं। सभी लोग एकजुट होकर 2022 में समाजवादी सरकार बनाएंगे। बाराबंकी से समाजवाद के पुरोधा स्वर्गीय रामसेवक यादव जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा सदर विधायक धर्मराज यादव जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, राम मगन रावत पूर्व विधायक हैदरगढ़ ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान तमाम उत्साही कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव जिंदाबाद, समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस कार्यक्रम में अजय वर्मा बबलू, रामनाथ मौर्या, मोहम्मद सबाह, कामता प्रसाद यादव, हिमांशु यादव, नसीम कीर्ति, हुमायूं नईम खान, राजेंद्र प्रसाद वर्मा उर्फ पप्पू, संदीप सिंह, संतोष वर्मा, सुल्तान उल्लाह, चौधरी अतीक एताज बाबा सभासद, आसिफ सभासद सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना सपा संस्थापक का 82वां जन्मदिन



गौरीगंज ( **अमेठी** )। रविवार को स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित सपा कार्यालय पर सपा संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82 वां जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर नेताजी के दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा को आत्मसात कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का का काम किया मुलायम सिंह यादव ने तीन बार प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालते ही गरीब किसान नवजवान की समस्याओं को प्राथमिकता दी। देश के रक्षा मंत्री के रूप उनके द्वारा सैनिकों के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए उन्होंने कभी सत्ता की परवाह नहीं की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विमलेश, सरोज, अरुण यादव, विनोद सिंह, धीरेन्द्र सिंह, गुंजन सिंह, मुकेश यादव, वकील खान, ललित यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं जगदीशपुर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने पार्टी संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का 82वां जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया। जन्मदिन के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हनुमान पासी ने केक काटकर उनके स्वस्थ होने व लम्बी आयु की कामना की। इस अवसर पर महासचिव तारिक रिजवान, कोषाध्यक्ष कय्यूम खान, ब्लाक अध्यक्ष राजभवन पाल, संतोष यादव, प्रमोद, साहिल, अजय यादव सहित तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समाधि चेतना स्थल पर मनी रामसेवक की 46 वीं पुण्यतिथि



**बाराबंकी**। दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने वाले और उनके हक एवं अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले बाराबंकी की माटी के लालए सच्चे समाज सेवक एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय रामसेवक यादव की 46 वीं पुण्यतिथि उनकी समाधि चेतना स्थल बाराबंकी में मनायी गयी। स्व. रामसेवक यादव का सादा जीवन, उच्च विचारए सरल स्वभाव और मजबूत इच्छा शक्ति लोगों को बहुत प्रभावित करता था। लोग उनके आकर्षक व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे। सामाजिक उत्थान की अलख जगाने वाले जननायक डॉ राममनोहर लोहिया सरीखे जननायकों के साथ मिलकर बाबू रामसेवक यादव जी ने जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। उन्होंने जिस तरह का कारवां और नेतृत्व कुशलता की छाप समाज पर छोड़ी हैए वैसा कोई और नजीर में नहीं दिखता। स्व रामसेवक यादव बाबू की पुण्यतिथि पर उन्हें शत शत नमन किया। इस अवसर पर बाबू जी के पुत्र अमिताभ यादव, सुपौत्र हिमांशु यादव, पूर्व सांसद राम सागर रावत, राजेश यादव, पूर्व कैविनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप, राकेश वमा, सदर विधायक सुरेश यादव, जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, राम मगन रावत, जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज, अहमद प्रीतम वर्मा पूर्व ब्लॉक प्रमुख दरियाबाद संतोष वर्मा, तुषार यादव, अखिलेश वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, सहित तमाम समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बूथों का डीएम ने किया निरीक्षण

**अमेठी**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर मतदाता सूची ठीक करने के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को समस्त तहसीलों के सभी बूथों पर विशेष दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार ने आज प्राथमिक विद्यालय भटगवां स्थित बूथ संख्या 209, 210, 211 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद बीएलओ से फार्म 6, 7, 8 की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2021 को जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाएए इसके साथ ही जो लोग मृतक हो गए हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए।

# मुलायम ने की समाजवाद की स्थापना: तिलक यादव

**ललितपुर**। पिछड़े, दलितों, किसानों, मजलूमों के मसीहा धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव का 82वां जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नेताजी के जन्म दिवस को खास बनाने के लिए आधा सैकड़ा से अधिक सपाईयों ने नेत्रदान करने का संकल्प लिया, तो वहीं दर्जनों सपाई रक्तदान कर लोगों के प्राण बचाने में सहायक बने। स्टेशन रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् ने कहा कि भारतीय राजनीति में पांच दशक से अनवरत रूप से विभिन्न पदों पर रहते हुये देश सेवा करते हुये नये समाजवाद की स्थापना की।

उन्होंने कहा कि माननीय नेताजी केन्द्र में रक्षा मंत्री रहते हुये भारतीय सैनिकों का हौंसला बढ़ाया और देश की सुरक्षा के लिए नये–नये हथियार व योजनायें दींए जिससे आज भारतीय सेना सुरक्षा के मानकों में अग्रिणी है। इसके अलावा देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुये जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन करते हुये आम.जनमानस को लाभान्वित करने का कार्य किया। कहा कि समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में जब भी प्रदेश में सरकार आयी हैए तब.तब प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की पहल हुयी है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल में सबसे बड़े एक्सप्रेस–वे व मेट्रो रेल परियोजना की सौगात मिली। इसके अलावा समाजवादी पेंशनए कन्या विद्याधन और लैपटॉप वितरण से युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायक बने। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार, जिला महासचिव कृष्ण स्वरूप निरंजन, जिला प्रवक्ता खुशालचंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत सरिता यादव, ज्योति सिंह लोधी, जगदीश कुशवाहा, अजीज कुरैशी, रामजीवन यादव, धनीराम रजक सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# करंट लगने से बच्चे की मौत

**अमेठी**। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पलएं गांव में रविवार की सुबह विद्युत करेंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गई। बिजली विभाग की ओर मौके पर पहुंचे सहायक अभियंता ने विभाग की लापरवाही पर लाइनमैन को कड़ी फटकार लगाई और पीड़ित परिवार आर्थिक सहायता भी प्रदान की। रोहित उपाध्याय का 10 वर्षीय बेटा राजेंद्र रविवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे घर के पास खुले हुए बिजली के तार के स्पर्श से विद्युत करेंट का शिकार हो गया। बच्चे की मौत से पलएं और सोनारीकला में शोक का माहौल है। गांव के लोग बड़ी संख्या में सब स्टेशन घोरहा का घेराव किए हुए हैं।

**विद्युत चोरी का केस दर्ज**

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। विद्युत चोरी को लेकर आरोपितो के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। धारूपुर के अवर अभियंता अजय कुमार ने बीती उन्नींस नवंबर को मोठिन गांव मे औचक छापेमारी कर गांव के राधेश्याम की पत्नी यशोदा को चोरी से विद्युत उपभोग करते पाया।

# राहुल ने असिस्टेंट प्रोफेसर बन बढ़ाया रामपुर का मान



संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

**ग्रामीण** क्षेत्र के मेधावी ने असिस्टेंट प्रोफेसर की सफलता पर ग्रामीणों व परिजनों मे खुशी का माहौल है। भिटारी संग्रामगढ़ के भगवती प्रसाद द्विवेदी के पुत्र राहुल द्विवेदी ने लोक सेवा आयोग प्रयागराज की असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा मे इतिहास विषय मे सफलता ली है। राहुल का राजकीय महाविद्यालय के लिए चयन होने से परिजनों में खुशी का माहौल देखा गया। वहीं क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने राहुल की सफलता को मेधा के क्षेत्र मे कीर्तिमान ठहराया है। प्रमोद व मोना की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने रविवार को भिटारी गांव पहुंचकर मेधावी के परिजनों को सम्मानित किया।

## अपहरण के आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

लालगंज (प्रतापगढ़)। कोतवाली पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के मेढ़ावां निवासी विजय कुमार सिंह ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती 21 नवंबर की रात अज्ञात युवक उसकी 20 वर्षीय पुत्री अंजली को लेकर फरार हो गया। अज्ञात युवक द्वारा एक मोबाइल नंबर से युवती से बात किये जाने की जानकारी परिजनों को हुई है। पुलिस ने रविवार को अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

# मन से आराधना से ही मिलती है प्रभु की कृपा: देवमूर्ति जी महराज

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )



**क्षेत्र** के अझारा गांव में हो रही भागवत कथा मे शनिवार को श्रद्धालुओं का समागम दिखा। कथाव्यास अयोध्या धाम के देवमूर्ति जी महराज ने कहा कि भगवान की कृपा पाने के लिए मनुष्य को निश्छल मन से आराधना मे समर्पित होना चाहिये। उन्होने कहा कि भगवान कृष्ण ने अत्याचार को समाप्त करने के लिए धर्म पक्ष का शंखनाद किया। देवमूर्ति जी महराज ने कहा कि माधव बिहारी गोविंद की कृपा से मिलने वाला फल संसार का सबसे मीठा अमृत फल है। उन्होने श्रद्धालुओं से कहा कि मन और वचन से सदैव सत्य के प्रति समर्पित रहना चाहिये। उन्होने बताया कि सत्य धर्म का निर्वहन कठिन जरूर है किंतु यही आत्मा को परमात्मा से मिलाते हुए मोक्ष का मार्ग प्रशस्त किया करती है। कथा के दौरान मुख्य यजमान हरेकृष्ण मिश्र व इंद्रा मिश्रा ने देवमूर्ति जी का रोलीचंदन से श्रीअभिषेक किया। कथा श्रवण के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी पहुंचे और देवमूर्ति जी महराज का सारस्वत सम्मान किया। श्रद्धालुओं के प्रति न्यायाधीश आनंद मिश्र ने आभार अभिवचन व्यक्त किये। इस मौके जागेश्वर प्रसाद मिश्र, पं. देवानंद मिश्र, श्रीकृष्ण मिश्र, रामकृष्ण मिश्र आदि मौजूद रहे।

# मानसिक विक्षिप्त युवक का नदी के किनारे मिला शव, नही हुई शिनाख्त

संवाददाता। बाराबंकी

**सतरिख** थाना क्षेत्र मे लावारिश शव मिलने का सिलसिला जारी है रविवार की सुबह थानान्तर्गत रेठ नदी के किनारे बक्की बाबा मंदिर के पास एक युवक का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई है। शव की शिनाख्त नही हो सकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण ग्रह में रखवा दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 45 साल के आसपास बताई जा रही है। सतरिख कोतवाल बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नही थी और सतरिख इलाकों में घूमता देखा गया था। उसकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं शव मिलने का यह कोई पहला मामला नही है इससे पहले भी यहा कुछ माह पहले एक गर्भवती युवती लाश रेठ नदी में सुल्तानपुर गांव के पास मिली थी उसकी भी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# बाराबंकी में रही गोपाष्टमी पर्व की धूम

संवाददाता। बाराबंकी

**रविवार** को गोपाष्टमी पर्व जिले भर में मनाया गया। गोरक्षापीठ के सदस्यों ने गाय व बछड़ों को तिलक लगाकर पूजा अर्चना की।साथ ही गोरक्षा का संकल्प लिया। वहीं गोशालाओं में भी पशु.चिकित्सक ने गायों को पुजा अर्चना के साथ गुड़ खिलाया। गौआश्रय केंद्र सेमराय और अमराई गांव में गौमाता का पूजन किया गया एवम आश्रय केंद्रों में संरक्षित पशुओं को लडड्, गुड़, चना, दाना आदि खिलाया गया । इस अवसर पर डॉ आलोक शुक्ल, डॉ. जितेन्द्र सिंह, प्रधान आशीष कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि विजय, सेक्रेटरी रविंद्र कुमार सत्यनाम आदि सभी ने पूजन कार्य किया और गौ माता से आशीर्वाद लिया। निंदूरा प्रतिनिध के अनुसार रविवार को गोपाष्टमी पर्व पर बाबा मस्तराम दास कुटी बहरौली पर गोरक्षापीठ के उमेश यादव के नेतृत्व में युवाओं ने गाय व बछड़ों को तिलक लगाकर पूजा की तथा गुड़ खिलाया। इस मौके पर युवाओं ने गोरक्षा का संकल्प लिया। गोरक्षा पीठ के उमेश यादव ने गोपाष्टमी पर्व पर प्रकाश डाला। उमेश यादव ने कहा कि गाय का लुप्त होना वैदिक संस्कृति के लिये अशुभ संकेत हैं। सभी पालतू पशुओ में गौवंश कलयुग में सबसे ज्यादा संकट में हैं। यदि सरकार ने इसके लिये सकारात्मक प्रयास न किए तो गाय पूरी तरह विलुप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में पशुओं की नस्ल सुधारने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये गए। लेकिन सुधार के नाम पर देशी की जगह विदेशी नस्ल हावी हो गई हैं। श्री रावत ने कहा कि रासायनिक खाद, कीटनाशक जहर व ट्रैक्टर निर्माण करता बड़ी–बड़ी कंपनियों ने गौवंश के स्थान पर कब्जा कर उसे हाशिए पर ढकेल दिया हैं। इस कारण किसान पशुओं को पालन का काम न करके बल्कि ट्रैक्टरों पर आधारित कृषि करने लगा हैं।

# गो आश्रय स्थल पर धूमधाम से मनाया पर्व



तिलोई ( **अमेठी** )। अस्थाई गो आश्रय स्थल जैतपुर में रविवार सुबह गोपाष्टमी के अवसर पर हवन पूजन के साथ गो पूजन किया गया।इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सिंहपुर क्षेत्र के जैतपुर अस्थाई गो आश्रय स्थल पर ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह भदौरिया ने पहले हवन पूजन किया तत्पश्चात गाय के पैर धोकर उसे गेरू से तिलक कर माला पहनाकर भोग लगाया उसके पहले गो आश्रय स्थल को ठीक से साफ सफाई कराई गई।ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र बहादुर सिंह ने भी पूजा अर्चना की। गायों को वहां मौजूद लोगों ने गुड़, दलिया, चूनी खिलाई। इस अवसर पर अमरजीत पाल, राकेश कुमार, शिवशंकर सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।